12.49 hours

GENERAL BUDGET (2016-17)- GENERAL DISCUSSION, DEMANDS FOR GRANTS ON ACCOUNT(GENERAL), 2016-17 AND DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (GENERAL), 2015-16 –Contd.

HON. SPEAKER: Motion moved:

> "That the respective supplementary sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third column of the Order Paper, be granted to the President out of the Consolidated Fund of India, to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2016, in respect of the heads of Demands entered in the second column thereof against Demand Nos. 1 to 6, 9,10,12 to 16, 18 to 20, 23 to 26, 28, 30, 32, 34, 35, 37, 41, 43, 47, 48, 50, 51, 53, 55 to 57, 59 to 64, 66, 68, 69, 72, 73, 75, 80, 82 to 89, 91, 92, 94, 96, 99 to 101, 103 to 105, 107, 108 and 109."

श्री तारिक अनवर जी। अभी तो वे बैठे थे। अभी उपस्थित नहीं।

श्रीमती पूनम महाजन जी।

श्रीमती पूनम महाजन (उत्तर मध्य मुम्बई) : अध्यक्ष महोदया, मुझे इस बार फिर से, तीसरी बार एक नए फर्स्ट टाइम एमपी को बजट पर बोलने के लिए मौका दिया, इसके लिए मैं सरकार को और आपको धन्यवाद देना चाहती हूं।

बजट जब पेश हुआ, तब बहुत रूप से बजट पर डिस्कशंस हुए थे, उस पर चर्चायें हुई थीं। जब हम इस बजट को देखते हैं कि एक रिफार्म करने वाला बजट है, इस पर जब चर्चा होती है, तो मैं हर वक्त सोचती हूं कि this is the era of global village. ...(व्यवधान) कल-परसों आईएमएफ ने फिर से कहा कि "India is the bright spot." यहां जब हम वित्तीय रूप से भारत के पास देखेंगे तो वैश्विक रूप से जिस प्रकार से एक इकॉनामिकल स्लो डाउन हो रहा है, चाइना में जो हो रहा है, यूरोप में जो हो रहा है, जिस वैश्विक रूप से हम एक स्लो डाउन देख रहे हैं, भारत को इस प्रकार से एक ब्राइट स्पॉट देखा जा रहा है कि जब भारत अपनी वित्तीय ताकत दिखाएगा, भारत जब अपने वित्तीय रूप से आगे जाएगा, तो ही भारत इस वैश्विक ग्लोबल विलेज को, वैश्विक वित्तीय स्थिति को अपने आपसे ताकतवर बनाएगा।

आदरणीय वित्त मंत्री जी ने कहा कि एक फिसकल, राजकोषीय डिसिप्लिन, पहले वर्ष से लेकर वह आगे लेकर जा रहे हैं। यह राजकोषीय डिसिप्लिन इसलिए है क्योंकि जिस प्रकार से डेफिसिट होता गया कितने ही वर्षों से, जिस प्रकार से वैश्विक वित्तीय स्थिति होती जा रही है, उस पर ध्यान देते-देते एक राजकोषीय डिसिप्लिन, आदरणीय फाइनेंस मिनिस्टर लाए हैं। मुझे कुछ बिंदओं पर बोलना है कि कुछ ऐसे बिंदु हैं, जो इस बजट में बहुत महत्वपूर्ण हैं। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि जब भी हमें विश्व रूप में भारत को देखना है तो भारत को अपनी ताकत समझना बहुत जरूरी है, भारत की अपनी एक नेशनल पॉलिसी बनाना बहुत जरूरी है और भारत विश्व में अपनी वित्तीय रूप से ताकत दिखा सकता है। उसी वित्तीय ताकत के रूप से कुछ ऐसे बिंदु हैं, जिसे खुद फाइनेंस मिनिस्टर ने आगे लिए हैं, उसमें से पहला बिंदु एग्रीकल्चर है। भारत का प्रथम नागरिक कौन होता है, वह हमारा किसान होता है। उस प्रथम नागरिक को जब हम ताकत देंगे तो ही भारत खुशहाल होगा। मुझे वे शब्द याद हैं, आदरणीय अरविंदो जी ने कहा था, "Every village is cell of this country like how it is in the body. If every cell in your body is healthy, then the body is healthy." वैसे ही भारत का हर एक गांव, हर एक कस्बा एक सेल के रूप से भारत के अपने अभिन्न अंग में है। जब हर एक गांव ठीक रहेगा, हर एक कस्बा ठीक रहेगा, वह आगे बढ़ेगा, तो ही भारत का शरीर सुदृढ़ रहेगा और ताकतवर रहेगा। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने अपनी ओर से किसानों को ताकत देने के लिए, उस कण-कण को ताकत देने के लिए, देश के उस प्रथम नागरिक को ताकत देने के लिए एग्रीकल्चर में सबसे ज्यादा इनवेस्टमेंट की है।

हम देख ही रहे हैं कि गत दो वर्षों से मानसून की स्थिति ठीक नहीं है, आसमानी ताकत ठीक नहीं है, सुल्तानी ताकत ठीक नहीं हो रही है, लेकिन हमारी रूहानी ताकत बहुत ठीक है। हम रूह से चाहते हैं, हम दिल से चाहते हैं कि यह देश आगे बढ़े, देश का किसान आगे बढ़े। सिंचाई योजना, जिसमें सबसे ज्यादा ताकत दी गई है, उस प्रधानमंत्री सिंचाई योजना में लाखों जगहों पर जमीनें, लाखों हेक्टेयर जमीनें आज सिंचाई क्षेत्र में बहुत ज्यादा रूप से शामिल हो रही हैं। जब तक सिंचाई नहीं होगी, ताकत नहीं होगी, पानी नहीं मिलेगा तब तक हम आगे नहीं बढ़ पाएंगे। स्वाइल कार्ड के रूप में हमें एक बहुत अच्छी ताकत मिली है।

तीसरी महत्वपूर्ण जो रूहानी ताकत है, वह है फसल बीमा योजना। यह फसल बीमा योजना पहले भी बनी थी और अभी भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना है, लेकिन इसमें दो अलग अहम मुद्दे देखने बहुत जरूरी हैं। पहले की फसल बीमा योजना में एक प्रीमियम होता था, हर किसान अपनी ओर से प्रीमियम नहीं भर पाता था, पहले की फसल बीमा में यह कहा गया था कि एक फिक्स्ड कॉस्ट प्रीमिमम में भरनी होगी।

लेकिन हमारी सरकार, एनडीए की सरकार, आदरणीय प्रधानमंत्री जी की सरकार ने कहा कि 90 प्रतिशत का प्रीमियम भारत सरकार भरेगी और आप 10 प्रतिशत तक भरने की कोशिश करिए। इस प्रकार की ताकत दी गई है। इसमें टाइम लाइन भी दी गई है, बिफोर ऑर ऑफ्टर। आप किसान का बीमा फसल खराब होने से पहले भी कर सकते हैं या फसल की बर्बादी के बाद भी आप अपना बीमा ले सकते हैं, बीमा भर सकते हैं।

तीसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें टाइम लाइन दिखाई गई है, रबी और खरीफ क्रॉप के लिए, हर एक पर्सेंटेजवाइज उसको वह ताकत दी गई है। इस तरह से किसान जो भारत का प्रथम नागरिक है, उसको फसल बीमा योजना के माध्यम से एक अलग ताकत से आगे बढ़ाना चाहते हैं।

दूसरा महत्वपूर्ण बिंदु इसमें इनफ्रास्ट्रक्चर होता है। मैं एक उदाहरण देना चाहती हूं। वर्ष 1933 से लेकर 1938 तक ग्रेट डिप्रेशन अमेरिका जैसे राष्ट्र में हुआ। उस राष्ट्र के राष्ट्राध्यक्ष तब फ्रेंकलिन रूजवेल्ट थे। उन्होंने सोचा कि जिस प्रकार से ग्रेट डिप्रेशन हो रहा है तो मैं अपने देश की ताकत बढ़ाऊं, तो एक नई डील करके, एक नए रूप से इन्फ्रास्ट्रक्चर, एग्रीकल्चर और ऐसी पॉलिसी बनाई गई, जिसमें ग्रेड डिप्रेशन को आगे आने वाले समय में प्रिवेंट किया जाए, उसे रोक दिया जाए। उसी न्यू डील के रूप में आज हम इन्फ्रास्ट्रक्चर में देखते हैं कि 2 लाख 21 हजार 246 करोड़ रूपए इन्फ्रास्ट्रक्चर में डाले गए हैं। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि क्रिसिल की पिछले साल की रिपोर्ट थी, उसमें यही कहा गया कि जब भारत सबसे ज्यादा इन्फ्रास्ट्रक्चर में पैसे रखेगा, अपना निवेश करेगा तो रोजगार के बहुत अलग प्रमाण आएंगे और लोगों को, युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसी रूप में, 70 हजार करोड़ रुपये, 27 हजार करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से और सागरमाला के रूप में 800 करोड़ रुपये, आज हमें मिले हैं। हमें दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना के रूप में एक नया मंत्र दिया गया है। हम भाजपा के लोग यह मंत्र हर वक्त आगे लेकर जाते हैं, लेकिन उस अंत्योदय योजना में क्या कहा जाता है? दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा है कि हमें समाज के अंतिम आदमी तक पहुंचना है, तभी देश आगे बढ़ेगा। हमें अंतिम मंजील तक पहुंचना है तो रास्ता बनाना पड़ता है। हमारे महाराष्ट्र के आदरणीय नेता नितिन गडकरी जी ने अनेक रास्ते बनाये हैं, जिससे भारत मंजील तक पहुंचे, इस रूप से काम किया गया है।

मैडम, बीते दो वर्ष में, 50 हजार किलोमीटर स्टेट हाइवेज का नेशनल हाइवेज में रूपांतरण किया गया है। एक साल के अंदर 10 हजार किलोमीटर नेशनल हाइवेज अप्रूव किये गये हैं, जो गत 10 वर्षों में नहीं हुआ था। मैं खुद पायलट हूं, मैं जानती हूं कि इंफ्रास्ट्रक्चर कितना जरूरी है। छोटे-छोटे निजी निवेश में भी ज्यादा निवेश किया गया है, उसमें 100 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। जब तक इस देश का

इंफ्रास्ट्रक्चर, मूलभूत सुविधा, मूलभूत पाया नहीं बनेगा तब तक हम आगे नहीं बढ़ पायेंगे। यह बहुत महत्वपूर्ण बात है कि हमने इंफ्रास्ट्रक्चर में दो लाख रुपये से ज्यादा का निवेश किया है।

जब हम देश के स्वास्थ्य के बारे में बात करते हैं तो हम देश के हर एक इंसान के स्वास्थ्य के बारे में बात करते हैं। वह स्वास्थ्य भी उतना ही जरूरी है, मैं उसमें दो बिन्दु कहूंगी कि वह कितना जरूरी है, अंत्योदय योजना के रूप में लास्ट मैन तक कैसे उसका इम्पैक्ट हुआ है? उसमें से एक महत्वपूर्ण योजना थी - 'जन औषधि योजना'। हमें 'जन औषधि योजना' में पूरे देश में छोटे-छोटे ऐसे तीन हजार दुकानें मिलेंगी, जहां हमें सस्ती दवाई मिल सकेगी। हमें महाराष्ट्र में 14 ऐसी दुकानें मिली हैं, जिनमें से आधी चलती नहीं हैं और आधी दुकाने चलती रहती हैं। अब तक देश भर में ऐसी 258 दुकानें खोली गयी हैं, लेकिन यह रेवोल्यूशनरी विचार है कि जब गरीब आदमी अपनी पगार कमाता है, अपनी सैलरी लाता है, तो उनमें से आधा पैसा दवा-दारू में ही खर्च हो जाते हैं। 'जन औषधि योजना' के तहत उन्हें तीन हजार ऐसे छोटे-छोटे उन्हें दुकानें मिलेंगी। देश भर के हर जिले में ऐसे चार से पांच स्टोर बनाये जायेंगे।

दूसरी बात जो मेरे मन को छू गयी, क्योंकि हम सभी लोग लोक सभा में काम करते हैं। हर छोटी-छोटी बात के लिए हमारे संसदीय क्षेत्र के लोग हमारे पास आते हैं, कभी वे किसी मेडिकल हेल्प के लिए आते हैं। हर किसी को डायलिसिस सेन्टर के लिए मदद चाहिए, वह सबसे टॉप मेडिकल हेल्प होती है। हमारे सारे साथी यहां पर मानेंगे कि डायलिसिस सेन्टर के लिए हर गरीब आदमी आपके पास आता है और वह कहता है कि मुझे छूट दिलवाइए, डॉक्टर को कहिए और every year about 2.2 lakh patients are joining end-stage renal diseases. 3.4 करोड़ डायलिसिस सेशन, हर साल हर देश में होते हैं। हमारे पास लगभग ऐसे 5000 डायलिसिस सेन्टर्स हैं। जो मूलरूप से वे शहरों में होते हैं या प्राइवेट हॉस्पिटल्स में होते हैं, उनका शहरों और प्राइवेट हॉस्पिटल्स में होने की वजह से गांवों में रहने वाले आदमी डायलिसिस सेन्टर तक पहुंच नहीं पाते हैं। मुझे लगता है कि प्रति सेशन 2000 रुपये खर्चा होने की वजह से किसी भी गरीब आदमी का सलाना खर्चा उस डायलिसिस सेन्टर में तीन लाख रुपया खर्चा होता है। मैं वित्त मंत्री जी को बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने ऐसे डायलिसिस सेन्टर को एक्सपेन्सिव न बनायें, इसलिए उन्होंने कस्टम, एक्साइज, सीवीडी और एसीडी सारी ड्यूटियों से डयालिसिस सेन्टर्स के जो छोटे-छोटे यांत्रिक उपकरणों का बचाव किया है।

तीसरी महत्वपूर्ण बात और बिन्दु यह है कि हर कोई जिंदगी में उजाला चाहता है। इलेक्ट्रिसिटी के रूप में, दीया तले अंधेरा तो हम सालों से देखते आ रहे हैं। आदरणीय अटल जी ने कहा है कि हर वक्त दीया जलायें। हमें हर घर में वही इलेक्ट्रिसिटी चाहिए, दीया चाहिए, गरीब घर में पैदा हुआ बच्चा भी बिजली

की रौशनी में पढ़ाई कर सके और इस देश को आगे बढ़ा पाये। हमारे महाराष्ट्र से नेतृत्व कर रहे, पीयूष गोयल जी ने बड़ा ही अच्छा काम किया है, कि मई 2018 तक देश के हर गांव में 100 प्रतिशत बिजली पहुंचाने का कदम उठाया है। आने वाले समय में 18, 542 गांवों का विद्युतीकरण करना है। अभी 18,542 गांवों में से 23 फरवरी, 2016 तक 5,542 गांवों में सभी जगह बिजली पहुंच चुकी है।

13.00 hours

8,500 करोड़ रुपये दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना के रूप में लोगों तक पहुंच रहे हैं, यह बहुत अच्छी बात है। मुझे अभी भी वह कहानी याद है कि बहुत लोगों ने अपनी कहानियां बताई थीं कि मैं जब छोटा था तो मेरे घर में बिजली नहीं थी। आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने सांसद आदर्श ग्राम योजना के रूप में हम सबको एक-एक गांव ऐडॉप्ट करने के लिए कहा। मैंने मुम्बई से 120 किलोमीटर पर चारोटी गांव को लिया। उस गांव में काफी आदिवासी, वनवासी पाड़े हैं। वहां साठ साल से बिजली नहीं पहुंची थी। जब मैंने उस गांव को लिया तो सबसे पहले सोचा कि बिजली, पानी, सड़क ये तीन महत्वपूर्ण चीजें वहां करेंगे। उसके बाद शिक्षा और हर रूप से गांव को आगे बढ़ाएंगे। आप इकोनॉमिक टाइम्स की एक कहानी पढ़ सकते हैं। उसमें लिखा गया है। पार्वती नाम की साठ साल की एक महिला चारोटी गांव में आदिवासी पाड़े में रहती थी। जब हमने दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत उसके घर बिजली पहुंचाई तो वह बहुत खुश हुई और उस पर एक स्टोरी, अच्छी न्यूज आइटम लिखी गई कि साठ साल बाद आज मुम्बई जैसे भारत के वित्तीय शहर से 120 किलोमीटर तक भी हम बिजली नहीं पहुंचा पाए। वह आज दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत पहुंची है। आज एक पार्वती खुश है तो देशभर की कितनी महिलाएं इससे खुश होंगी। यह बहुत महत्वपूर्ण बात है। एक और महत्वपूर्ण बात उदय योजना है। We are always burdened by cost of power and that cost of power affects us life-time. उस लिए भी अच्छे इंटरस्ट, बर्डन ऑफ इंटरस्ट, कॉस्ट ऑफ पावर पर अभ्यास के रूप में आज आदरणीय पीयूष गोयल जी उदय जैसी योजना लाए हैं। उस योजना के तहत हमें भी उसका फायदा होगा।

एक और बिन्दु महत्वपूर्ण है जो हर महिला के लिए है। वह एलपीजी कनैक्शन है। हर महिला चाहती है कि मेरे घर बराबर गैस पहुंचे। उसी चूल्हे-चौके की पीड़ा से गांव की हर महिला मुक्त हो। मैं प्रधान मंत्री जी, आदरणीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहती हूं। गिव इट अप - जब मैं चुनाव में छोटी-छोटी गलियों में जाती थी तो लोगों को कहती थी कि यह हमारा पीपीपी है। मुझसे लोग पूछते थे कि पीपीपी का क्या मतलब है। मैं कहती हूं कि जब तक पब्लिक पॉलिटिशियन पार्टनरशिप नहीं होगी तब तक हम काम नहीं कर पाएंगे। मैं इस देश की जनता का धन्यवाद करना चाहती हूं। जब आदरणीय प्रधान मंत्री

जी ने गिव इट अप का नारा पूरे देश में दिया, उससे हमारे देश के 77 लाख, 76 हजार, 293 नागरिकों ने, मुझे मिलाकर, मैंने अपने दो गैस कनैक्शन वापिस कर दिए, अपना गैस कनैक्शन वापिस कर दिया। गिव इट अप के रूप में 186 करोड़ रुपये का इस देश को फायदा हुआ। उसके साथ एडिशनल डेढ़ करोड़ घरों तक एलपीजी गैस कनैक्शन पहुंचे। वहीं हमारे गांव की बूढ़ी काकी उस चूल्हे-चौके की जिंदगी से बाहर आई। इसलिए एडिशनल दो हजार करोड़ रुपये आदरणीय पीयूष गोयल जी और वित्त मंत्री जी ने इस रूप में दिए। इसलिए मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहती हूं। ये बिन्दु महिलाओं, सुरक्षा और किसानों के लिए हैं।

इस देश की ताकत युवा हैं। जब तक इस देश में युवा नहीं बढ़ेगा, खड़ा नहीं रहेगा, यह देश आगे नहीं बढ़ेगा। युवा का स्वाभिमान उसके लिए बहुत जरूरी है। इसके साथ उसे शिक्षा देना बहुत जरूरी है। वित्त मंत्री जी ने अपने रूप से एचआरडी और स्किल डैवलपमैट मिनिस्ट्री में उसकी शिक्षा के अलग-अलग रूप के लिए ताकत देने के लिए युवा वर्ग को आगे बढ़ाया है। आज उस स्वाभिमान के साथ हर युवा पढ़कर आगे आता है लेकिन चाहता है कि मैं कुछ और करूं। लेकिन उसके लिए उसे बेस नहीं मिलता, पैसे नहीं मिलते। आज स्टैंड अप और स्टार्ट अप इंडिया के इस घोष मंत्र से हमारे देश का हर युवा अपने दिल से जो करना चाहता है, वह आगे बढ़ेगा और यह ताकत हमारे प्रधन मंत्री जी ने दी है। स्टार्ट अप इंडिया के रूप में मुझे कुछ भी बनाना हो, अलग चप्पल बनानी है, अलग फैन बनाना है जिससे इलैक्ट्रिसिटी सेव हो सके, एलईडी लाइट का अलग रूप से निर्माण करना है, ऐसे छोटे-छोटे व्यवसाय करने के लिए उन युवाओं के बिजनस के लिए पहले तीन वर्ष सौ प्रतिशत टैक्स डिडक्शन करना बहुत बड़ी बात है। उनके पहले पांच वर्ष के कामों में ताकत मिलना, स्पैशियली इनक्युबेशन सैंटर बनाना कि मैं कुछ करना चाहती हूं, मेरे में वह ताकत है लेकिन मुझे वह जगह नहीं मिलती। वह स्टेज फाइनैंस मिनिस्टर जी ने दिया है। स्टार्ट अप इंडिया के साथ स्टैंड अप, अपने अभिमान, स्वाभिमान के साथ खड़ा रहूं या खड़ी रहूं और आगे बढ़ूं। इस स्टैंड अप इंडिया के दौर से हमारे देश में शैडयूल्ड कास्ट्स, शैडयूल्ड ट्राइब्स के इतने होनहार युवा हैं, जिन्हें कभी भी उतना प्लैटफार्म नहीं मिला, उस रूप में आज आदरणीय वित्त मंत्री जी ने 500 करोड़ रुपये अलग रखे हैं। उससे इस देश के ढाई लाख सैक्टर में युवाओं को बैनिफिट मिल सकता है। इन बैनिफिट्स के साथ मुद्रा योजना है। मुद्रा ने एक लाख 80 हजार करोड़ रुपये अलग इस देश के युवाओं के अपने काम के लिए रखे हैं। आप सोचिए, तीन योजनाओं को मिलाकर इस देश के कोने-कोने, गांव, शहर, गलियों का युवा भी अपने स्वाभिमान से स्टैंड अप और स्टार्ट अप इंडिया कर सकता है।

मैं जिस शहर से आई हूं, वहां बिजनस सब कुछ है। उस बिजनस के लिए मैं हर समय आदरणीय वित्त मंत्री जी, आदरणीय जयंत सिन्हा जो को कहती थी कि आप कुछ ऐसे कीजिए कि मुम्बई में किसी भी कम्पनी को अपना व्यवसाय खोलना हो, तो वह जल्दी हो सके। ईज ऑफ डुइंग बिजनेस के मायने अलग-

अलग हो सकते हैं, अलग-अलग रूप हो सकते हैं, आप इसके लिए ही मदद कीजिए। सबसे महत्वपूर्ण बात अमेंडमेंट ऑफ 2013 कंपनीज एक्ट के तहत यह है कि आज कोई भी देश कंपनी स्थापित कर सकता है। कोई मुंबई में कंपनी नहीं खोल सकता है तो किसी और स्टेट में चला जाता है और दूसरे स्टेटों में भी जब 2013 के अमेंडमेंट नहीं हुए थे तो वह सिंगापुर में कंपनी खोलता है और फिर उसके बैक ऑफिसेज को मुंबई में लाता है। यह कहा जाता है कि कंपनी खोलना लंबा प्रोसेस होता है और उसे बंद करना उससे भी लंबा प्रोसेस होता है। आज हम सरकार को धन्यवाद देना चाहते हैं कोई अगर यहां पर कंपनी खोलता है ईज ऑफ डुइंग बिजनेस तो कंपनीज एक्ट 2013 में जो अमेंडेंट हुए हैं उसके तहत एक दिन के अंदर कंपनी खोल सकते हैं और अपना व्यवसाय कर सकते हैं, यह बहुत बड़ी बात है।

मैं मुंबई शहर से आई हूं, लेकिन मेरी सारी जिन्दगी मराठवाड़ा से जुड़ी हुई है। मेरे पिता जी मराठवाड़ा से आते थे, आप जानते हैं कि सबसे ज्यादा वहां किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं वहां पानी की कमी है, मानसून न हो तो आने वाले समय में तकलीफ और ज्यादा होगी। जिस मराठवाड़ा से मुंबई का सफर मेरे परिवार का हुआ, हम महाराष्ट्र के गरीब किसान को भूल नहीं सकते। उस मराठवाड़ा के किसानों के लिए जरूरी ताकत क्या है? महाराष्ट्र में हमारी सरकार है, जलयुक्त शिवार के रूप में आदरणीय मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस जी ने चाहे वह फसल बीमा योजना हो, जलयुक्त शिवार से लोगों के घरों तक पानी कैसे पहुंचे या मनरेगा से पांच लाख कुएं खोदेंगे तो महाराष्ट्र के मराठवाड़ा में उसका कितना फायदा होगा। मराठवाड़ा के किसान को ताकत देने के लिए, देश के किसान को ताकत देने के लिए आपने जो ताकत दिखाई, उन्होंने सोचा कि प्रथम नागरिक ये हैं, ये देश के बैकबोन हैं, उसने उसको ताकत दी है। मैं उनको बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं। जब मैं मराठवाड़ा से मुंबई का सफर करती हूं तो मैं अपने शहर के बारे में थोड़ा उदासीन रहती हूं कि मेरे शहर के लिए रेल बजट में बहुत अच्छी ताकत मिली, ज्यादा डिब्बे की रेल मिलीं। मुंबई में लोकल ट्रेन से यात्रा करने वाले हमेशा हैरान रहते हैं, लोग वहां लोकल ट्रेनों से आते जाते रहते हैं उसके लिए रेल बजट में कुछ न कुछ प्रावधान हुआ है। मैं जयंत सिन्हा जी से हमेशा बात करती रहती थी कि आप आईएफसी के लिए कुछ कीजिए। मुंबई हमारा वित्तीय केन्द्र है। पूरे विश्व में जिस तरह इंडिया को ब्राइट स्पॉट के रूप में देखते हैं उसी तरह वित्तीय केन्द्र के रूप में मुंबई को ब्राइट स्पॉट देखते हैं। मेरी अपेक्षा है कि इंटरनेशनल फाइनेन्शियल सर्विसेज सेन्टर गिफ्ट रूप में है वैसे ही कम्पलिमेंटरी थोड़ा-बहुत टैक्स बेनिफिट दे पाएं क्योंकि शहर बहुत छोटा है, जगह बहुत छोटी है, एफसीआई के रूप में मुंबई को बड़ा बना सकते हैं, वाइडली नहीं बना सकते। एफआईसी में टैक्स बेनिफिट मिले तो हम मुंबई को एशिया में इंटरनेशनल वित्तीय संस्था बनाएं तो इससे बहुत बड़ा फायदा होगा। हर ग्राम पंचायत में 80 लाख रुपये, बड़े नगरपालिकाओं को 21 करोड़ सीधे बेनिफिट मिलने वाला है लेकिन मुंबई शहर को

कितना भी बेनिफिट मिले, यह हर दिन में इनफल्कस के रूप में बढ़ जाता है, झुग्गियां झोपड़ी बढ़ती जाती है। मुंबई शहर में आने वाले लोगों की संख्या कभी कम नहीं हुई है बल्कि बढ़ती जाती है। मुंबई शहर में स्वास्थ्य की दृष्टि से भी ध्यान देना चाहिए। महाराष्ट्र में कैंसर पीड़ित लोग हो या कोई भी बीमारी से पीड़ित लोग हों वह मुंबई में आना चाहते हैं क्योंकि वहां अच्छे अस्पताल हैं। मैं वित्त मंत्री जी से डिमांड करना चाहती हूं, आप नागपुर में एम्स ला रहे हैं, मुंबई में शासकीय अस्पताल भर जाते हैं क्योंकि वहां मुंबई शहर ही नहीं पूरे महाराष्ट्र से लोग आते हैं नार्थ-ईस्ट के लोग भी कैंसर के इलाज के लिए मुंबई के अस्पताल में ही आते हैं। मेरे चुनाव क्षेत्र चांदीवली में एम्स जैसी सुविधा लाई जाए। जिससे मुम्बई को उसका फायदा हो। वहां महाराष्ट्र के साथ-साथ देश भर के लोग भी उसका फायदा लें।

अध्यक्ष महोदया, मैं एक और महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहती हूं कि महिला और बाल कल्याण इस देश के लिए बहुत जरूरी हैं। हमारे पास युवा हैं, लेकिन नये-नये जीव यहां आते रहते हैं, जिससे देश की लोक संख्या बढ़ती जा रही है। उन जीवों के स्वास्थ्य के लिए कहीं न कहीं हमारा बजट कम पड़ जाता है और हम उनका हाथ पकड़ने के लिए सिकुड़ जाते हैं। शून्य से छः महीने तथा तीन साल तक बढ़ने वाले बच्चों की जब तक शारीरिक और मानसिक ताकत नहीं बढ़ेगी, तब तक आगे नहीं बढ़ पायेंगे और न ही इस देश को आगे बढ़ा पायेंगे। हम क्यों न आईसीडीएस के लिए ज्यादा ताकत दें, उसे ज्यादा प्रोफेशनल करें। उसमें बहुत घोटाले होते रहते हैं, तो क्यों न पैसे देकर, प्रोफेशनलाइज करके आईसीडीएस को एक मेन मुद्दे पर लायें। मैं यह आपसे अपेक्षा करती हूं।

अंत में, मैं इतना ही कहूंगी कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि भारत को जगत गुरू बनना है, तो उसे अपना कल्चर, अपनी ताकत को पहचानना होगा। यह रिफार्म वाला बजट है। आदरणीय जयंत सिन्हा जी ने बड़े अच्छे रूप से परसों कहा कि यह सुपर-डुपर हिट बजट है। यह बिल्कुल सुपर-डुपर हिट बजट है, लेकिन हर बजट पब्लिक-पालिसी में बहुत जरूरी होता है। हर बजट पब्लिक एंटरटेनमेंट के लिए होना चाहिए, लोगों के काम के लिए होना चाहिए। हर बजट सिर्फ वन डे टीआरपी हैडलाइन होना चाहिए या आने वाले एक साल में अगले 20 सालों पर विचार करते हैं या नहीं, यह होना चाहिए। मेरा कहना है कि जो वैश्विक वित्तीय स्थिति है, उस रूप से we are getting walls in front of us. This Budget is so wonderful, so pragmatic, progressive and pro-public that it is not breaking the walls in front of us, but actually it is providing a door through those walls. हर जगह हम दीवारें तोड़ना-फोड़ना नहीं चाहते। हम वहां पर एक दरवाजा बनाना चाहते हैं। लोगों के लिए उस दरवाजे से आगे बढ़कर उस विश्व को देखना चाहते हैं, जहां पर स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि विश्व में यदि कोई जगत गुरू बन सकता है, तो वह सिर्फ भारत देश बन सकता है। इस भारत देश

को जगत गुरू जी करने के लिए आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने बहुत अच्छे रूप से यह बजट रखा है। जो हर तबके तक पहुंचा है, जैसे दीन दयाल उपाध्याय जी ने कहा कि हर तबके तक पहुंचे। महिला, युवा, पुरुष और इस देश की ताकत, हमारा प्रथम नागरिक किसान हो, हर किसी को आगे लेकर उस विजन को एन्वीसाज करता है। इसलिए मैं इस बजट को धन्यवाद देना चाहती हूं और अपने मुद्दों को भी आगे बढ़ाते हुए आदरणीय प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हू।

*__श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा)__: मैं आम बजट 2016-17 पर अपनी बात रखना चाहता हूँ। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एन.डी.ए. सरकार ने तीसरा आम बजट संसद में 29 फरवरी 2016 को प्रस्तुत किया। गांव, गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं को समर्पित बजट है। बजट भारत के चतुर्दिक विकास के संकल्प को साकार करने की दिशा में वर्तमान सरकार के ''सबका साथ-सबका विकास'' के ध्येय को समर्पित है। बजट मोदी सरकार के सुशासन और विकास के एजेंडे को व्यवहारिक और कार्यरूप देने का रोडमैप है। भारत की आत्मा गांवों में बसती है और उसकी व्यक्त-अव्यक्त पीड़ा को माननीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली ने महसूस कर एक स्वर्णिम और सशक्त भारत के निर्माण की संरचना को मूर्त रूप प्रदान किया है। ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण और पुनर्निर्माण वाले केंद्रीय बजट के लिए श्री अरूण जेटली जी को शत-शत सलाम।

बजट सबल भारत की नींव रखने वाला, ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ करने वाला, आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने वाला है। जिससे गरीबों में खुशहाली आयेगी, युवाओं को रोज़गार मिलेगा, किसानों की आमदनी बढ़ेगी, बेघर लोगों को आवास मिलेगा, महिलाओं का सशक्तिकरण होगा और छोटे व्यापारियों को लाभ होगा। सड़क, बिजली, पानी, घर, रसोई गैस, खेती आदि मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने वाला बजट है। डिजिटल साक्षरता के प्रावधानों से ग्रामीण युवाओं को भरपूर फायदा मिलेगा और कम्प्यूटर लैपटॉप, मोबाईल आदि की पहुंच गांव-गांव तक होगी। इस बजट का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय को पांच वर्षों में दोगुना करना है। 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी हो, इसके लिए बजट में कुल 35,984 करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना को सुदृढ़ किया गया है और इसे मिशन मोड में कार्यान्वित किया जाएगा। इस योजना में 28.5 लाख हैक्टेयर भूमि को सिंचाई क्षेत्र में शामिल किया जायेगा। इस योजना का लाभ चतरा, लातेहार और गढ़वा जिले के सिंचाई से वंचित क्षेत्रों को होगा तथा यहां के किसानों को खेती के लिए पानी मिल सकेगा। साथ ही, ए.आई.बी.पी. के तहत 89 सिंचाई परियोजनाओं का कार्यान्वयन लंबे समय से पिछड़ रहा है, उसमें तेजी लाई जाएगी। इससे 80.6 लाख हैक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई करने में सहायता मिलेगी। इन परियोजनाओं के अगले साल 17,000 करोड़ रूपए की आवश्यकता है और अगले पांच वर्षों में 86,500 करोड़ रूपए की आवश्यकता होगी। इनमें से 23 परियोजनाएं 31 मार्च, 2017 से पहले पूरी कर ली जाएंगी। इन परियोजनाओं के पूरा होने से किसानों को बहुत फायदा होगा। 20,000 करोड़ रूपए से नाबार्ड में एक समर्पित दीर्घावधिक सिंचाई निधि बनाई जाएगी। 6,000 करोड़ रूपए की अनुमानित लागत पर संपोषणीय भू-जल संसाधन प्रबंधन के लिए दिए गए हैं। वर्षों

* Speech was laid on the Table.

से सिंचित क्षेत्रों में कम से कम 5 लाख फार्म, तालाबों और कुंओं तथा जैविक खाद के उत्पादन के लिए 10 लाख कम्पोस्ट गढ्डों का निर्माण मनरेगा के अंतर्गत आवंटनों का लाभ उठाकर उपयोग किया जाएगा। मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्कीम के अंतर्गत मार्च 2017 तक सभी 14 करोड़ जोत धारकों को शामिल करने का लक्ष्य है। उर्वरक कंपनियों के 2,000 मॉडल खुदरा बिक्री केंद्रों को अगले तीन वर्षों के दौरान मृदा और बीज परीक्षण सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत तीन वर्ष की अवधि में 5 लाख एकड़ क्षेत्र में जैविक खेती की जाएगी। दालों का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत दालों के लिए 500 करोड़ रूपए का आवंटन निर्धारित किया गया है। इसमें 622 जिलों को शामिल किया गया है। चतरा, लातेहार, पलामू और गढ़वा दाल उत्पादक क्षेत्र रहा है, जिसको इस योजना से लाभ प्राप्त होगा और दाल की पैदावार बढ़ेगी। इस क्षेत्र के किसान खुशहाल होंगे। साझा ई-मार्केट मंच 12 राज्यों में एकीकृत कृषि विपणन ई-मंच इस वर्ष 14 अप्रैल को डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के जन्म दिवस पर राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में विगत वर्षों की तुलना में वर्ष 2016-17 में राज्यों के हिस्से को मिलाकर कुल 27,000 करोड़ रूपए खर्च किये जायेंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बजट 2016-17 में 5,500 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य के लाभ देश भर के किसानों को मिलें। राज्यों को विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से ऑनलाईन अधिप्राप्ति प्रणाली शुरू की जाएगी, इससे वास्तविक अधिप्राप्ति के पूर्व पंजीकरण और मॉनिटरिंग के जरिए पारदर्शिता बढ़ेगी और किसानों को सुविधा होगी तथा दालों की खरीद के लिए कारगर प्रबंध किए गए हैं। किसान की पारिवारिक आय बढ़ाने के लिए चार नई परियोजनाएँ प्रारंभ की जाएंगी। पहला 'पशुधन संजीवनी' जो पशु स्वास्थ्य कार्यक्रम है और जिसमें पशु स्वास्थ्य कार्ड (नकुल स्वास्थ्य पत्र) का प्रावधान है, दूसरा एक उन्नत ब्रीडिंग प्रौद्योगिकी, तीसरा ई-पशुधन हॉट का सृजन जो ब्रीडर और किसानों को परस्पर जोड़ने के लिए एक ई-मार्केट पोर्ट है और चौथा देसी प्रजनन के लिए एक राष्ट्रीय जेनोमिक केंद्र है। इसके लिए 859 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। शहद के उत्पादन को बढ़ाया जा रहा है। देश में शहद का कुल उत्पादन अब 86,500 मीट्रिक टन हो गया है। अब 90 प्रतिशत घरेलू शहद का निर्यात किया जाता है।

ग्रामीण क्षेत्र के लिए बजट में सूखा और ग्रामीण आपदाग्रस्त क्षेत्रों को दीनदयाल अंत्योदय मिशन के तहत एक विशिष्ट ब्लॉक के रूप में लिया जाएगा। 01 मई, 2018 तक शत-प्रतिशत गांवों में बिजली पहुंचाने का काम किया जाएगा, इसके लिए बजट में प्रावधान किये गये हैं। इससे चतरा, लातेहार, पलामू एवं गढ़वा सहित सभी बिजली से वंचित गांवों को बिजली मिलेगी।

महिलाओं के लिए गरीब परिवारों में एल.पी.जी. कनेक्शन उपलब्ध करवाने के लिए बजट में 2,000 करोड़ रूपए की व्यवस्था की गई है। गरीब परिवारों के लिए गंभीर बीमारियों में मदद करने के लिए नई स्वास्थ्य सुरक्षा स्कीम शुरू की जाएगी, जिसके तहत एक लाख रूपए तक स्वास्थ्य कवर प्रदान किया जाएगा।

शिक्षा और कौशल विकास और रोज़गार सृजन के अंतर्गत 62 नए नवोदय विद्यालय, 1500 बहु-कौशल प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना के लिए 1700 करोड़ रूपए तथा ओपन ऑनलाईन पाठ्यक्रमों के जरिए 2200 कॉलेजों, 300 विद्यालयों, 500 सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और 50 व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों में उद्यमिता शिक्षा और प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 1,80,000 करोड़ रूपए का लक्ष्य उधार देने के लिए मंजूर किया गया है।

बजट में छोटे करदाताओं को राहत, विकास तथा रोज़गार सृजन को बढ़ावा देने के उपाय, मेक इन इंडिया में सहायता के लिए घरेलू मूल्यवर्धन को प्रोत्साहन देना, कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा स्वच्छ पर्यावरण हेतु अतिरिक्त संसाधन जुटाना आदि सस्ते आवास निर्माण को बढ़ावा देने के उपाए किये गये हैं।

मैं माननीय प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री जी को समग्र, संपूर्ण और सर्वस्पर्शी बजट प्रस्तुत करने के लिए बधाई देता हूँ।

*SHRI RAYAPATI SAMBASIVA RAO (NARASARAOPET): At the very outset, I would like to express my gratitude for allowing me to express my views on the General Budget for 2016-17.

I would emphasize that this Budget is one of its own kind. If we see the last 50 years Budget, I would say that this Budget has fulfilled the hopes, aspirations and desires of the country. The credit should go to our Prime Minsiter, Shri Narendra Modi.

Before the Budget presentation, Shri Modi expressed his view that he is going to face exam. Fortunately, Shri Modi has passed with distinction. I have no hesitation in saying this. When I say this, one should not think that it is an exaggeration. It has covered all the sectors, more specifically the farm sector. It has also done enough for women and youth. But what stands out is the focus it laid on the farming sector.

Having said that, I would not hesitate to say that the people of Andhra Pradesh have been let down by this Budget. A lot has been promised in the States Reorganization Act but when it comes to reality, nothing has been given out to Andhra Pradesh. Hopes and aspirations of the people of Andhra Pradesh have been belied with the bifurcation of Andhra Pradesh.

There is a need to set right the wrong. And the best way is to assist Andhra Pradesh financially to cope with the emerging issues, particularly creation of a new State capital, Amaravati.

I would like that the Government to go back to the situation that prevailed before the bifurcation of Andhra Pradesh. Everything was promised before bifurcation. We were hoping that we should be taken care by the Centre to tide over the financial crisis. After that, we were left in the lurch, so to say.

We are struggling to build a new State, with a new State Capital. It is anybody's imagination as to how much money is required to build a new Capital. But to our dismay, no help has come from the Centre, in spite of the promise

* Speech was laid on the Table

before the bifurcation, during the 2014 Lok Sabha elections and later on. All our efforts and appeals have fallen on deaf ears. We are made to mend for ourselves. Is this how federalism should work? The Government have neither the cooperation nor federalism?

In spite of several financial crisis, Andhra Pradesh is making all out efforts to fulfill the promises made by the TDP during Assembly elections. We would not lie low in implementing the welfare programmes of the people of Andhra Pradesh.

Under a severe financial crisis, our State under the able administration of Shri Chandrababu Naidu Grau, the Chief Minister of Andhra Pradesh, is inching forward to achieve excellence and greatness in every conceivable field. It may take years or decades but we would not allow the difficult financial situation to stop us from glory and achievement and growth and development.

If you see the data provided in the 14th Finance commission report, Andhra Pradesh is one of the States with deficit in their budget.

There is a long pending demand of the people of Andhra Pradesh. I have been demanding for years now but every effort of mine has gone in vain. Even in this railway budget, a new railway Zone with Guntur as headquarters could not find a place. Hence, I would like request the hon. Finance Minister to consider one of the prominent demands for the creation of a new railway zone with Guntur as Headquarters.

No financial package, even after repeated pleas of Andhra Pradesh, was announced in the Budget. We have been treated badly even in the Railway Budget. Though Guntur Railway Division was announced in 1997, it became fully functional form April, 2003 with a motive to better administer the Railway network in east and central Andhra Pradesh, which is a most backward region. Even in 2016 Railway budget, no major project has been taken up in this region since its inception. A number of projects are pending for clearance and sanction from the Railway Ministry.

If the Government wanted to provide justice to Andhra Pradesh and remove gross injustice meted out to us since bifurcation of Andhra Pradesh, I expect the Finance Minister to announce a financial package to Andhra Pradesh so that the Government of Andhra Pradesh could perform better and fulfill the hopes and aspirations of the people of Andhra Pradesh by implementing welfare and pro-poor friendly schemes and programmes in the current year and the years ahead. I hope the Finance Minister would accede to our request.

In spite of financial issues, Andhra Pradesh could achieve the feat of being the 2nd best State in Ease of Doing Business of the World Bank Report.

Andhra Pradesh was supposed to receive Rs. 16,200 crore after bifurcation but we could receive Rs.2,303 crore only. Is it not injustice? I would request the Central Government to ensure justice to Andhra Pradesh without any further delay.

Coming back to the farmers' friendly budget, hon. Finance Minister has set a huge target of 28.5 lakh hectares of irrigation with earmarking Rs.20,000 crore for NABARD. More funds should be provided for Polavaram. As we are facing finical crunch, I would like to humbly request for ensuring reimbursement of Rs.2,000 crore, which the Andhra Pradesh has already spent.

Another feat of the Andhra Pradesh Government is that for the first time, it has successfully linked Godavari and Krishna rivers, which would pave water to the drought prone region of Rayalaseema. I would suggest to the Central Government to emulate this extraordinary feat of linking of rivers across the country to fight drought and floods successfully and reduce the water scarcity during peak summer.

I would like to lastly plea for according special category status to Andhra Pradesh. In spite of promise in this regard, everything so far has gone to the contrary. I would request the Government not to wait further and accord 'special category' status to Andhra Pradesh so that it would get more funds to cope with

the financial difficulties being faced, more specifically in the creation of new Capital city.

As the Government is aware, Andhra Pradesh has been ravaged almost every year by natural disasters. Vizag too faced the brunt of nature some years back which affected the coastal areas immensely. I would like to strongly urge the Finance Minister to ensure sufficient funds for facing future cyclones like the one Vizag faced, Hudhud cyclone, effectively.

Andhra Pradesh is putting all its efforts and resources to come up with a model Capital. We would not leave any efforts in achieving this feat. We have been demanding the Central Government to release funds very generously for building our new Capital Amravati.

*__श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारदोली)__: माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा सदन में प्रस्तुत किये गये बजट भाषण पर अपनी ओर से धन्यवाद देना चाहता हूँ।

देश के बुनियादी बदलाव के लिए कमर कस चुकी है। सरकार ने उन समस्याओं का समाधान करने का मन बना लिया है, जो देश की अर्थव्यवस्था को पर्याप्त मजबूती देने में बाधक बनी हुई थीं। बजट के माध्यम से वित्त मंत्री जी ने नए भारत की स्पष्ट सोच के साथ सामने आए इस सोच के केन्द्र में नौ स्तम्भ हैं और मुख्य आधार हैं गांव, गरीब और किसान। ये नौ स्तम्भ- किसान, गांव, सामाजिक क्षेत्र, शिक्षा, बुनियादी ढांचा, वित्तीय सुधार, सुशासन, खजान और कर सुधार के रूप में है। ग्लोबल मंदी की काली छाया से मुक्ति के लिए माननीय श्री जेटली जी ने गांव और किसानों पर सबसे ज्यादा ध्यान भी दिया और भरोसा भी दिखाया। इसके अतिरिक्त, युवाओं की भी सुध ली और शिक्षा, सेहत के साथ पर्यावरण की भी चिंता सरकार ने की।

मूल आत्मा आर्थिक और सामाजिक संतुलन के बीच रची-बसी नज़र आती है। आम आदमी के जीवन स्तर को बेहतर बनाना और उम्मीदों का संचार करना है। कई अर्थशास्त्री भी यह मान रहे हैं कि अर्थव्यवस्था के दस्तावेज बजट के जरिए मोदी सरकार ने अपने लिए मजबूत कवच का भी इंतजाम कर लिया है।

सरकार के स्तम्भ इस प्रकार हैः-

1.	कृषि	-	किसानों की आय पांच साल में दोगुनी होगी,
2.	गांव	-	मनरेगा के लिए धन की कमी नहीं होगी,
3.	स्वास्थ्य	-	हर गरीब परिवार को एक लाख का बीमा,
4.	बुनियादी ढांचा	-	तेजी से बढ़ेगा सड़कों का नेटवर्क, हवाई अड्डे भी बनेंगे,

ग्राम पंचायतों और नगर पालिकाओं को अनुदान के रूप में 2.87 लाख करोड़ रूपए आवंटित करने की घोषणा सरकार ने 14वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार की है और यह राशि पिछले पांच वर्ष की तुलना में 228 प्रतिशत अधिक है। दीनदयाल अंत्योदय मिशन को प्रत्येक सूखाग्रस्त विकास खण्ड में और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना को ऐसे ही जिलो में शुरू किया जाएगा। श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूअर्बन मिशन के तहत 300 रूअर्बन क्लस्टरों को विकसित करने की घोषणा की गई है। 1 मई, 2018 तक शत-

* Speech was laid on the Table.

प्रतिशत गांवों में विद्युतीकरण करने की भी घोषणा की गई है। वित्त मंत्री जी ने नेशनल डिजिटल साक्षरता मिशन और डिजिटल साक्षरता अभियान नामक दो नई परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गयी है। पंचायती राज संस्थानों की मदद के लिए उन्होंने नई योजना राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान का भी प्रस्ताव किया है।

*DR. KIRIT SOMAIYA (MUMBAI NORTH EAST): I welcome Government's initiative to have a National Law to control ponzy/illegal collective investment sachems in India. I would request that Economic Affairs Department be asked to act as nodal department for it. Presently SEBI regulate such illegal/unregistered collective investment schemes. The Finance Committee of Parliament has also recommended such a National law. I hope the Government will introduce such law in April 2016 Session of Parliament. I would also request Finance Minister and the RBI that Forensic Audit be made compulsory for all willful defaulters. Forensic audit be ordered for all Vijay Mallya's businesses, Kingfisher Airlines, United Spirits. The CBI and ED should investigate all money transactions by the UB Group including Diageo takeover of United Spirits. The Karmataka HC has sought investigation into transfer of Rs.4,000 crore to British Virgin Islands from United Spirits. The CBI and ED should find out the money trail. The new management of United Spirits has publicly said Mallya has cooked balance sheet between 2010 and 2013 of United Spirits. PWC was United Spirits' auditor at the relevant time. United Spirits should immediately make all investigation reports public and give it CBI and ED. PWC should answer allegations of Diageo of cooking account reports Public and give it CBI and ED. PWC should answer allegations of Diageo of cooking account books of USL. Diageo has given a lot of money to Mallya in offshore accounts. It should make all its money transactions with Mallya public. United Spirits is claiming ownership of few properties currently mortgaged with Indian banks. All property transactions detail should be made public.

*__श्री श्यामा चरण गुप्ता (इलाहाबाद)__: मैं वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत बजट की प्रशंसा करते हुए बजट का समर्थन करता हूॅ। ऐसा बजट पहले कभी नहीं प्रस्तुत हुआ, जिसमें गांव के गरीबों का इतना अधिक ध्यान किया गया। आय एवं व्यय का सामंजस्य ठीक रखा गया।

मैं सभी आयकर दाताओं के संबंध में अपनी बात रखना चाहता हूॅ कि वित्त मंत्री जी जनहित में इस पर विचार करें तो हितकर होगा।

1. Assessing Officer को Discretionary Assessment के अधिकार न दिये जाए, इससे भ्रष्टाचार बढ़ता है।

2. Assessment के बाद Appeal, Tribunal आदि से Assessment को confirm करने के लिए रिटर्न दाखिल करने से 1 वर्ष के अंदर प्रक्रिया पूरी हो।

3. मेरी लोकसभा, इलाहाबाद में गंभीर सूखा पड़ गया है तथा आज सुबह बहुत ही ओलावृष्टि हुई है। इस क्षेत्र के लिए बजट में विशेष प्रावधान के द्वारा किसानों की मदद तथा पेयजल पाइप लाइन योजना से पूरे क्षेत्र के लिए व्यवस्था कराई जाये तथा नई सिंचाई योजनाओं से असिंचित भूमि को सिंचित बनाने के लिए विशेष धन आवंटित किया जाये।

4. Corporate Income Tax 30 प्रतिशत से 25 प्रतिशत करने का provision बजट से घोषणा हुई थी। इस विषय में अब 3 वर्ष रह गये हैं। इसी समय में यह बजट घोषणा पूरी करें।

5. मेरे लोकसभा क्षेत्र, इलाहाबाद के नैनी क्षेत्र की बंद पड़ी हुई औद्योगिक इकाईयों को प्राइवेट या पब्लिक सेक्टर की इकाईयों को पुनर्जीवित करने की भी व्यवस्था बनाई जाये।

6. M.P.LAD से 5 करोड़ वार्षिक की राशि बढ़ाई जाय या समाप्त की जाये। इसमें कड़ी नियमावली बनाई जाये। एस्टीमेट से लेकर क्रियान्वयन तथा कमीशन तथा स्थानीय कर्मचारी, अधिकारी व कार्यदायी संस्थाएं 50-60 प्रतिशत कमीशन व मुनाफा लेते हैं। वास्तविक खर्च 40 प्रतिशत भी नहीं हो पा रहा है, क्वालिटी अलग बहुत खराब रहती है। अतः कोई जांच कमेटी इसकी जांच के लिए अलग से सी.बी.आई. से जांच विभाग बना दे ताकि इस पैसे का सही उपयोग हो सके।

---

* Speech was laid on the Table.

*श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): मैं माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत बजट का समर्थन करता हूँ। आज पूरे विश्व में आर्थिक मंदी का दौर चल रहा है, लेकिन इस मंदी के दौर के बावजूद भी सरकार ने वर्ष 2016-17 के बजट में निम्नलिखित कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की गई है।

आज़ादी के बाद पहली बार इस सरकार ने समस्त देशवासियों के लिए विशेषकर गांव, गरीब, किसान एवं महिलाओं के कल्याण हेतु यह बजट बनाया है। यह बजट आर्थिक विकास की उड़ान का बजट है। हर गरीब का सपना अपना घर होता है, इस बजट में वे सारे प्रावधान किये गये हैं, जिससे एक गरीब का विकास हो, इस बजट में हर गरीब को 1 लाख रूपए के बीमा का प्रावधान किया गया है, विशेषकर बी.पी.एल. बुजुर्गों के लिए 1 लाख 30 हज़ार तक का बीमा का प्रावधान है। महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए महिला के नाम पर एल.पी.जी. कनेक्शन देने का प्रावधान किया गया है। गांव की महिलाएं कोयले, लकड़ी के चूल्हे के माध्यम से खाना पकाने पर 400 सिगरेट प्रदूषण के बराबर प्रदूषण से प्रभावित होती हैं, इसीलिये इस सरकार ने बजट में 1.5 करोड़ एल.पी.जी. कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा है। जिसके पास आज अपना घर नहीं है, जो किराए पर रहता है, उसके लिए इस बजट में कर हेतु 60,000 रूपए तक की छूट का प्रावधान किया गया है और जो पहली बार घर खरीदने वाला है, उनके लिए 50 लाख रूपए तक के घर के लिए ब्याज में 50,000 रूपए तक अतिरिक्त छूट देने का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। 2019 तक हर गांव के सड़कों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, इसके लिए सरकार ने 27 हज़ार करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। 2018 तक हर गांव में बिजली देने का प्रावधान किया गया है, इससे गांवों के विकास में गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ग्राम सिंचाई योजना के तहत 35,984 करोड़ रूपए की अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी की गई है। कर्मचारियों के 7वें वेतन आयोग के लिए 40 हज़ार करोड़ रूपए की सिफारिश की गई है। स्वास्थ्य की दृष्टि से डायलिसिस की सुविधा सेवा पूरे देश में जिला अस्पतालों में फ्री की गइ है। पूरे देश में बेरोज़गारी को कम करने के लिए यह सरकार 1500 स्किल डेवलपमेंट केंद्र खोले जाने का प्रावधान किया है। यह सरकार गरीबों की उन्नति, किसानों की समृद्धि और युवाओं को रोज़गार दिलाने पर केंद्रित है। इस बजट में सरकार ने खाद्य सुरक्षा, सबके लिए आवास एवं ऐसी सब्सिडियों पर अधिक जोर दिया है, जो सबसे अधिक जरूरतमंद को तब जरूर मिले, जब उसे उनकी सर्वाधिक आवश्यकता है। गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत लगभग 21 करोड़ से भी अधिक खाते खोले गये, जिनमें से 15 करोड़ खाते चालू हालत में है, जिनमें कुल मिलाकर 32 हज़ार करोड़ रूपए जमा हैं। यह सरकार सामाजिक सुरक्षा

* Speech was laid on the Table.

उपलब्ध कराने के लिए तीन नई योजनाएं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना शुरू की है, जो समाज के अब तक वंचित वर्गों को बीमा सुरक्षा एवं पेंशन मुहैया कराएगी।

इस बजट में सरकार ने नई यूरिया नीति-2015 अधिसूचित की है, जिसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादन और ऊर्जा के सही उपयोग को बढ़ावा देना है। इससे अगले तीन वर्षों के दौरान प्रतिवर्ष 17 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त यूरिया का उत्पादन होगा, इससे यूरिया के अवैध प्रयोग पर रोक लगेगी। वर्ष 2015 में यूरिया का सर्वाधिक उत्पादन हुआ है।

सबसे बड़ी बात इस बजट में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 28 लाख कृषि हैक्टेयर भूमि को सिंचित करने का लक्ष्य रखा है। इस बजट में सरकार ने कृषि कल्याण के लिए बजट को पहले से दोगुना कर दिया है। 38,984 करोड़ रूपए कृषि कल्याण के लिए बजट में प्रावधान किया गया है, इस बजट में करोड़ों किसानों के लिए एक बहुत बड़ा कदम उठाया गया है, जिसके तहत 14 करोड़ किसानों के लिए सॉयल हैल्थ कार्ड बनेंगे और उसके माध्यम से किसान में यह समझ पैदा होगी कि खेत में क्या बोया जाए और कौन-सी खाद डाली जाये। विगत वर्ष भारत के इतिहास में एक ही वर्ष में मुद्रा योजना के अंतर्गत जितनी राशि आवंटन करने का निर्णय लिया गया है, उससे लगभग 3 करोड़ लोग लाभांवित होंगे, अंत में मैं यह कहना चाहूंगा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व मे यह देश आर्थिक क्षेत्र में उड़ान भरने लगा है।

श्री तारिक अनवर (कटिहार): अध्यक्ष महोदया, जैसा कि हम सब जानते हैं कि बजट केवल खर्च और अनुमानों का लेखा-जोखा नहीं होता है। इसके साथ-साथ बदले हुए हालात में पूरे वित्त वर्ष के दरम्यान अर्थव्यवस्था को दिशा दिखाने वाला एक दस्तावेज होता है।

13.12 hours (Dr. P. Venugopal in the Chair)

सभापति महोदय, भाजपा की अगुवाई में राजग सरकार का यह तीसरा बजट है। सरकारी नजर से देखें, तो बजट में कई ऐसी घोषणाएं की गयी हैं, जिसे सुनकर अच्छे दिनों की कल्पना सामने आती है। परन्तु बजट के गहराई में जाने के बाद इस बात का भ्रम दूर हो जाता है कि अच्छे दिन सही मायनों में आने वाले हैं भी या नहीं? अच्छे दिन तो सिर्फ आरएसएस के मात्र आये हैं कि वे हाफ निकर से फुल पैंट पर आ गये हैं, लेकिन आम आदमी के अच्छे दिन कहीं दूर-दूर तक दिखाई नहीं पड़ रहे। जिस बजट को गरीब और ग्रामीण भारत के उत्थान का बजट कहा जा रहा है, जिस बजट को किसान हितैषी बजट कहकर प्रचारित किया जा रहा है, वह आधा-अधूरा सच है। दरअसल अगर देखा जाये तो पर्दे के पीछे ऐसा लगता है कि यह बड़ी कम्पनियों और निवेशकों का बजट है। बजट में इस असलियत को छुपाने की पूरी कोशिश की गयी है।

वर्ष 2016-17 बजट के आने से एक दिन पहले माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि उनकी परीक्षा की घड़ी है। इस बजट के साथ उनके ऊपर सवा सौ करोड़ लोगों की नजर है। पहले बजट को अपनी परीक्षा बताया और फिर खुद को अच्छे अंकों से पास घोषित कर दिया, खुद ही एग्जामिनिंग और खुद ही एग्जामिनर। क्या सचमुच यह बजट ऐसा है कि माननीय प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी की वाहवाही की जाए या सराहना की जाए? ऐसा कुछ नहीं है। इस बजट के साथ उसी प्रकार की होशियारी दिखाई गई है जैसे पहले दिखाई जाती रही है।

सभापति जी, सच्चाई यह है कि इस बजट से महंगाई बढ़ेगी क्योंकि सरकार ने अप्रत्यक्ष तरीके से करों में काफी इज़ाफा करने का फैसला लिया है। सेवा कर भी बढ़ा दिया गया है जिससे बहुत सी चीजों की कीमतें अपने आप बढ़ जाएंगी। हम सब जानते हैं कि सर्विस टैक्स यानी सेवा कर पर वृद्धि की सबसे ज्यादा मार मध्यम और लो- इनकम ग्रुप के लोगों पर पड़ेगी। सरकार ने इस बार तमाम सेवाओं पर दो उपकर थोप दिए हैं, एक कृषि कल्याण उपकर और दूसरा इन्फ्रास्ट्रक्चर उपकर। हम सब जानते हैं कि कच्चे तेल की कीमतों में अभूतपूर्व गिरावट ने सरकार को राजकोषीय मोर्चे पर बहुत बड़ी राहत दी है। लेकिन तेल की गिरती कीमतों का लाभ उपभोक्ताओं को न के बराबर मिला है, उपभोक्ताओं को मात्र एक-चौथाई लाभ दिया गया है। समय-समय पर पेट्रोलियम पर शुल्क बढ़ाकर सरकार ने उसका पूरा लाभ उठाया है। मैं वित्त मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि फिर भी ऐसे हालात क्यों हैं कि कृषि कल्याण और बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए उपकर लगाना जरूरी हो गया है?

सभापति जी, इस बार के आबंटन बताते हैं कि बुनियादी ढांचे में सरकार का सबसे ज्यादा जोर हाईवे पर है। स्कूल, अस्पताल और दूसरे सोशल सैक्टर में ग्रामीण इलाकों की सड़कों की दुर्दशा सुधारने में शायद इस सरकार की उतनी दिलचस्पी नहीं है। ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं में इतनी कंजूसी क्यों है? कृषि क्षेत्र के लिए 35,984 करोड़ रुपए का आबंटन करके यह ढिंढोरा पीटा जा रहा है कि यह बजट किसान हितैषी बजट है। अगर माननीय प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी किसानों के लिए बहुत चिंतित हैं तो मेरी एक सलाह है कि कृषि उपज की लागत से डेढ़ गुना मूल्य दिलाना की व्यवस्था करें। यह क्यों नहीं करते हैं? इसका वादा बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में भी किया था। माननीय प्रधानमंत्री जी ने स्वामीनाथन की सिफारिशों को लागू करने का वादा किया था, लेकिन यह पूरा नहीं हुआ।

सभापति जी, मैं बताना चाहता हूं कि हम हर चीज में चीन से तुलना करते हैं, चीन में गेहूं का सपोर्ट प्राइस 2500 रुपए प्रति क्विंटल है और भारत में मात्र 1400 रुपए प्रति क्विंटल है। इस अंतर को पाटने के लिए सरकार क्या कर रही है? माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 2022 तक किसानों की आमदनी दुगनी करने का लक्ष्य रखा गया है जबकि इस सरकार की मियाद यानी मेंडेट 2019 तक ही है। दूसरे अर्थ

में 2022 तक किसानों को आत्महत्या करने के लिए भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। लगातार सूखे, ओलावृष्टि तथा बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण परेशान किसानों को यह उम्मीद बंधी थी कि यह सरकार कम से कम इस बार किसानों की दुर्दशा को देखते हुए कर्ज माफी की कोई योजना लेकर आएगी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

दूसरे, मैं मनरेगा के बारे में कहना चाहता हूं, मनरेगा को प्रधान मंत्री जी ने बार बार कांग्रेस की नाकामी का स्मारक करार दिया और देते हैं। आखिर एकाएक क्या हुआ कि मनरेगा की राशि को बढ़ाने का फैसला इस सरकार ने लिया। कहीं इसका यह कारण तो नहीं है कि प्रधान मंत्री जी को इस बात का खौफ तो नहीं है कि मनरेगा के आबंटन में अगर कोई कमी की गई तो कांग्रेस का स्मारक बनेगा या नहीं बनेगा लेकिन बीजेपी का स्मारक जरूर बन जाएगा।

देश के गरीब मजदूर बीजेपी सरकार की ओर देख रहे हैं। मनरेगा के मजदूर देख रहे हैं। इस बजट में इस बात का जिक्र नहीं है कि मनरेगा के मजदूरों की जो डेली वेजेज है, उसमें कितनी बढ़ोतरी होगी? मैं चाहूंगा कि उसके बारे में भी मंत्री जी अपने जवाब में बताएंगे क्योंकि मनरेगा की योजना गरीब मजदूरों के लिए लाई गई है लेकिन उनकी मजदूरी का कोई जिक्र इसमें नहीं किया गया है।

अब मैं काले धन के बारे में यहां पर कहना चाहता हूं। काला धन विदेशों से लाने का वादा करने वाली सरकार अब काले धन को सफेद में परिवर्तन करने का प्रस्ताव लेकर आई है। 45 प्रतिशत देकर जितना भी काला धन है, उसको सफेद धन में बदला जा सकता है। काले धन वालों पर यह सरकार कितनी मेहरबान है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है।

अंत में, मैं चाहूंगा कि जो इकोनॉमिक सर्वे की रिपोर्ट आई है, उसके बारे में भी मैं दो चार बातें सदन के समक्ष रखना चाहता हूं।

The Economic Survey this year attempts to portray the Indian economy as one of growing promise and rosy health. Unfortunately, the true story that emerges is of an underperforming economy mismanaged by the BJP led NDA Government but bailed out by the falling crude oil prices. The Economic Survey points out that the Government is relieved that it has met its fiscal deficit target of 3.9 per cent. But the Economy Survey reveals that the Government has missed its disinvestment target by a mile. Then the question arises, is the fiscal deficit target met because of the constructive action of the Modi Government or is it a result of the oil prices bonanza, at whose cost has this deficit target been realised? The tax

revenue figures in the Economic Survey point out that indirect taxes grew by 34.8 per cent. This is because of the multiple hikes in the excise duties imposed by the Government as oil prices fell. Indirect taxes are fundamentally regressive and hurt the poor more.

This Government has worked to meet its fiscal deficit target by excusing the poor. Instead, it could have cut taxes, reduce inflation and provide a boost to real incomes of the poor. Rural India is paying a heavy price for the Government's mismanagement. The Economic Survey highlights the need to reform agriculture. This is window dressing for this Government's aggressive neglect of the farm sector that shows up in the steep fall in numerous indicators from the Economic Survey. बहुत सारी चीजें हैं, मैं उसके विस्तार में नहीं जाना चाहता हूँ। इकोनोमिक सर्वे की रिपोर्ट देखने से पता चलता है कि सरकार किस दिशा में जा रही है।

आपने मुझे जनरल बजट पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।

*SHRI ARKA KESHARI DEO (KALAHANDI): I express my views on Union Budget 2016-2017. Hon'ble Finance Minister of India has presented a growth oriented Budget in this august house on 29th February, 2016. After going through the Budget, I found that a quantum jump of Government allocation to rural sector of Rs. 87,765 crores and the allocation of fund to MGNREGS of Rs. 38,500 crores with specific objective of digging wells and farm ponds about 5 lakhs and 10 lakhs compost pits in rural areas no doubt generate employment to rural farm labour but also conserve the excess rain water which could be used for farming at the time of water shortage.

The total budgetary allocation to infrastructure during the year 2016-2017 is about Rs. 2,21,246 crores. The total investment in road sector including PMGSY is about Rs. 97,000 crores with an additional Rs. 15,000 crores to be raised by NHAI through floating bonds would necessitate an increasing demand for cement, steel and other materials used for construction of roads. This will create an employment opportunity for skilled as well as unskilled labour engaged in road sector thereby pushing up the demand for goods, commodities and food items in the economy. The cycle of growth continues to move in a much higher speed and have a "multiplier effect" in the economy.

Hon'ble Finance Minister gives emphasis on social sector by allocating Rs. 1,51,581 crores for education and health care. New health protection scheme which will provide health cover upto Rs. 1 lakh per family and an additional top up package upto Rs. 30,000 for senior citizens. National Dialysis Service Programme to be started under National Health Mission is a path breaking approach of the current year's budget.

A dedicated long term irrigation fund will be created in NABARD with an initial corpus fund of about Rs. 20,000 crores with the sole objective of implementing 89 irrigation projects under AIBP and Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana. This will definitely help the irrigation facility in farm sector and

* Speech was laid on the Table.

also boost farm production. I can suggest here that the Government may give more emphasis on minor and lift irrigation projects as these projects need less fund and can be completed in a short time period. Interlinking of rivers will definitely solve our irrigation problem of the country.

The Government has initiated soil and seed testing facilities and promote organic farming as well as setting up organic Value Chain Development in North East Region. Pilot project on Organic Farming may be developed in every district of the country to make people healthy and create consciousness about the adverse impact of use of chemicals, fertilizers, pesticides, insecticides which are rampantly used by farmers to increase agricultural production.

To provide LPG connection to BPL families an amount of Rs. 2000 crores has been allocated in current year's budget is a clear example of inclusive growth. The Government may also focus on generating clean energy through solar power, wind power and nuclear power as these are cheap green energy.

There is an allocation of Rs. 25,000 crores towards recapitalization of public sector banks. The Government may utilize infrastructure of village post offices to open bank counters at village level with minimum expenses. By doing this, the coverage of banking facilities can reach the door step of the remote pockets of our country. This can be truly called "Financial inclusion". The poor villagers need not be worried of going to nearest towns or district head quarters to receive Government subsidies through DBT (Direct Benefit Transfer).

I represent Kalahandi Parliamentary Constituency which is one of the most backward region of the State of Odisha. A true implementation of funds in infrastructure, social sector, Agriculture and irrigation sector may definitely develop the rural economy. New mechanism, speedy transfer and implementation of fund can yield better results in rural economy.

*__श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला):__ देश के वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी ने 2016-17 का बजट 29 फरवरी 2016 का लोकसभा में पेश किया- जिसका मैं स्वागत करता हूँ। यह बजट किसान-गरीब-ग्रामीण के लिए समर्पित लगता है, क्योंकि इसमें कहा गया है कि ''किसान की आय 2022 तक दोगुना करने के प्रयास होंगे'' और कृषि व किसान कल्याण के लिए 35,984 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। किसानों के खेत के लिए पानी मिले तो ''प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना'' को सुदृढ़ किया गया है और उसके लिए आने वाले दिनों में 28.5 लाख हैक्टेयर भूमि सिंचाई के तहत लाई जाएगी। इसमें 2340 करोड़ रूपए सूक्ष्म कृषि का विकास (प्रति बूंद अधिक फसल), 1500 करोड़ रूपए एकीकृत जल संभर विकास कार्यक्रम, 2000 करोड़ रूपए त्वरित सिंचाई लाभ और बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम के लिए प्रावधान है। ए.आई.बी.पी. की 89 सिंचाई योजनाओं का कार्य, जो गत वर्षों से पिछड़ रहा है और जिस कारण 80.6 लाख हैक्टेयर भूमि सिंचित होगी, के लिए अगले वर्ष 17000 करोड़ रूपए की आवश्यकता होगी और अगले 5 वर्षों में 86,500 करोड़ रूपए की जरूरत होगी। इसके पूर्ण करने के लिए भी योजना बनाई जा रही है। इसी तरह नाबार्ड से 20,000 करोड़ की कार्पस निधि बनाई जा रही है और 2016-17 में विभिन्न प्रावधानों से 12,517 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। सिंचाई गांव-गांव में लघु जोत तक भी पहुंचे, उसके लिए 5 लाख फार्म, तालाबों और कुओं के माध्यम से किसानों को लाभ दिया जायेगा। परंपरागत खेती के बढ़ावे के लिए ''परम्परागत कृषि विकास योजना'' जिसके अंतर्गत तीन वर्षों में 5 लाख एकड़ क्षेत्र में जैविक खेती पर ज़ोर दिया गया है।

दालों के उत्पादन में गत कई वर्षों से कमी आई है और उस कारण उसके दाम भी बढ़े हैं। इसके उत्पादन में बढ़ोत्तरी हो, उसके लिए 500 करोड़ रूपए का आवंटन निर्धारित कर 622 जिलों का चयन किया गया है। कृषि कर्ज पर ब्याज में छूट के लिए 15000 करोड़ रूपए किसानों को राहत के तौर पर मिलेंगे। इस कारण किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्याएं कम होंगी। ''कृषि विज्ञान केंद्रों'' को अधिक सुदृढ़ करने के लिए 50 लाख रूपए की राशि पुरस्कार के लिए आवंटित की गई है। किसानों के उत्पाद बाज़ार में ठीक से बिके व उसे अपने उत्पाद का मूल्य ठीक मिले, उसके लिए देश की सभी मण्डी समितियों को एकीकृत करने की योजना बनाई जा रही है तथा सांझा ई-मार्केट मंच के माध्यम से 585 विनियमित थोक मार्केटों को जोड़ा जा रहा है। इसकी शुरूआत 14 अप्रैल, 2016 को भारन रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 125वीं जयंती के अवसर पर होगी।

---

* Speech was laid on the Table.

''प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना'' मोदी सरकार की किसानों के लिए एक ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण योजना है। इसके अंतर्गत किसानों के लिए 9 लाख करोड़ रूपए का महत्वपूर्ण लक्ष्य रखा गया है। इसमें किसानों को वार्षिक प्रीमियम खरीद पर 1.5 प्रतिशत व रबी पर 2 प्रतिशत तथा फल पर 5 प्रतिशत देय होगा और इसमें किसी भी प्रकार का बंधन नहीं रहेगा। इस योजना को कारगर तरीके से कार्यान्वित किया जाये, इसके लिए 5500 करोड़ रूपए का प्रावधान है। पहले की बीमा योजना में जो भी कमियॉ थी,उन्हें दूर करने का प्रयास कर किसानों के हित में उपयोगी बनाया गया है।

यह बजट ग्रामीणों के हित में है। इस वर्ष महात्मा गॉधी नरेगा योजना में सर्वाधिक बजट का प्रावधान करके वहॉ पर अधिक रोज़गार उपलब्ध हो तथा उस योजना में पक्के व टिकने वाले कार्य किये जाये, इस पर ज्यादा बल दिया गया है, इसमें 38,500 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। यह गत वर्ष से 11 प्रतिशत अधिक है, गांवों के विकास के लिए कुल राशि 87,765 करोड़ रूपए है, जिसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 19000 करोड़ रूपए तथा यदि राज्यों का हिस्सा भी मिला दिया जाये तो इसकी कुल राशि 27,000 करोड़ रूपए बनती है, इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों को बेहतर बनाकर सहूलियते मिलेंगी तो किसान का उत्पाद भी बाजार में ठीक से व समय रहते पहुॅच सकेगा। इस वर्ष सड़कों के निर्माण पर कुल 2,21,246 करोड़ रूपए खर्च होंगे। जोकि गत वर्ष से 28 प्रतिशत अधिक है। ''स्वच्छ भारत मिशन'' के लिए 9000 करोड़ रूपए का प्रावधान है, इससे ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र में स्वच्छता के माध्यम से स्वस्थ भारत के लिए प्रेरणा मिलेगी। ''प्रधानमंत्री मुद्रा योजना'' के तहत 1.8 लाख करोड़ रूपए का कर्ज देने का लक्ष्य रखा गया है, फरवरी, 2016 तक 2.5 करोड़ लोगों को एक लाख करोड़ रूपए का कर्ज मंजूर किया जा चुका है। इसके माध्यम से गरीब लोगों को 50,000 रूपए से एक लाख रूपए तक के ऋण बिना गारंटी के दिये जा रहे है। इसी तरह ''स्टैण्ड अप इण्डिया योजना'' में 500 करोड़ रूपए का प्रावधान अनुसूचित जाति/जनजाति व महिलाओं के लिए रखा गया है। इस बार एस.सी.,एस.टी.,टी.एस.पी. योजना के अंतर्गत बजट के प्रावधान किये गये हैं।

- देश के छूटे हुए 18,542 गांवों को विद्युत के साथ जोड़ा जा रहा है।
- पंचायती राज संस्थाओं को अभिशासन क्षमता विकसित करने के लिए ''राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान'' के अंतर्गत 655 करोड़ रूपए का प्रावधान है।
- देश के 16.8 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से 12 करोड़ परिवारों के पास कम्पयूटर नहीं है। डिजीटल साक्षरता बढ़ाने के लिए ''राष्ट्रीय डिजीटल साक्षरता मिशन तथा डिजीटल साक्षरता अभियान (दिशा) के अंतर्गत इसे बढ़ाया जा रहा है।

- गरीब लोगों के लिए गंभीर बीमारी से निज़ात दिलाने के लिए एक लाख रूपए का स्वास्थ्य कवर के साथ-साथ 60 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों को 30,000 रूपए का अतिरिक्त टॉप-अप पैकेज दिया जायेगा।

अनुसूचित जाति उप योजना (एस.सी.एस.पी.) में 2016-17 में 38,832.63 करोड़ रूपए तथा अनुसूचित जनजाति उप योजना (टी.एस.पी.) में 24,005.30 करोड़ रूपए रखे गये हैं, जोकि गत वर्ष से अधिक है।

महिलाओं को खासकर ग्रामीण महिलाओं की सेहत की ओर खास ध्यान रखा गया है, उनको कम दर पर खाना पकाने की गैस उपलब्ध हो, उसके लिए 2000 करोड़ रूपए की योजना से 1.5 करोड़ परिवारों को लाभ पहुंचेगा।

स्वास्थ्य की दृष्टि से देश में डायलिसिस केंद्र अधिक स्थापित किये जा रहे हैं ताकि गरीब लोगों को जो गुर्दे की बीमारी से ग्रस्त है और जिसकी संख्या दिनों-दिन बढ़ रही है, इसके लिए ''राष्ट्रीय डायलिसिस सेवा कार्यक्रम'' की शुरूआत की जा रही है। गरीबों को दवाईयॉ सस्ती और ठीक मिले, उसके लिए ''प्रधानमंत्री जन-औषधि योजना'' के अंतर्गत 2016-17 में 3000 स्टोर खोले जा रहे हैं।

वर्ष 2016-17 के बजट में कुल व्यय 19.78 लाख करोड़ रूपए का अनुमान है, जिसमें 5.50 लाख करोड़ रूपए आयोजना व्यय और 14.28 लाख करोड़ रूपए आयोजना- भिन्न व्यय होगा। वर्तमान वर्ष के बजट अनुमान की तुलना में आयोजना व्यय में 15.3 प्रतिशत वृद्धि की गई है। राजकोषीय घाटा 2016-17 में 3.5 प्रतिशत है जबकि गत वर्ष 2015-16 में यह 3.9 प्रतिशत था, यही नहीं इस वर्ष करो व शुल्कों में राज्य के हिस्से का अंतरण 5,06,193 करोड़ से बढ़कर 5,70,337 करोड़ रूपए हो गया है और यदि अनुदान व ऋण तथा केंद्रीय आयोजना सहायता को मिलाया जाये तो यह कुल (2016-17) में 9,20,358 करोड़ रूपए है। चौदहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार देश को ग्राम पंचायतों व नगर पालिकाओं के लिए 2.87 लाख करोड़ रूपए की राशि का आवंटन किया जा रहा है। जोकि गत पांच वर्षों की वृद्धि से 228 प्रतिशत अधिक है। औसतन हर एक ग्राम पंचायत को 80 लाख तथा हर नगर पालिका को 21 करोड़ रूपए से अधिक की राशि मिलेगी।

अतः यह कहना उचित होगा कि मोदी सरकार का यह बजट वित्त मंत्री ने ''सबका साथ-सबका विकास'' की दृष्टि से बनाया है तथा इस वर्ष किसानों, गरीबों व ग्रामीण क्षेत्र पर अधिक ध्यान दिया गया है। इस वर्ष उम्मीद की जा सकती है कि किसानों, ग्रामीणों व गरीबों की खुशहाली से हम देश में हर वर्ष को

खुशहाल बनाने में सफल होंगे। अतः मैं इसका स्वागत करते हुए वित्त मंत्री व प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को बधाई देता हूँ।

*SHRI B.S.YEDIYURAPPA (SHIMOGA): Last year, while speaking on NDA's first Union Budget, I had emphasized on the need and justification for presenting a separate agriculture budget. But, without presenting a separate Agriculture Budget, Hon'ble Finance Minister has given the top slot for "Agriculture" and "Rural Development " among 9 pillars of his latest Visionary Budget. Therefore, I heartily congratulate Sri Arun Jaitely for his tremendous efforts.

Mahatma Gandhi had rightly said that, "*My idea of an ideal village is that of complete republic independence of its neighbor, for its necessities, and yet dependent for many others in which dependence is necessity. First concern of the village should be to grow its own food. Then only all communities will live together in harmony."*

Many of my friends from the opposition parties may claim that this is not a "Dream Budget" at all. But they can't disagree with me that this budget has put down its "feet firmly on the ground at a crucial juncture where there is a rising distress among farmers, after back-to -back droughts across the country".

I always humbly recollect that I had presented 6 consecutive budgets in Karnataka and all my budgets' first and foremost priority was towards strengthening of the farm sector. Along with the general budget presented during 2011, taking a step forward, for the first time in the economic history of our country, I presented separate agriculture budget volume of around Rs.17800 crore.

I am not an economic expert, but hailing from rural farming family, I am always conscious are aware of the difficulties of the farmers. Based on this strong belief, we all know Agricultural sector has the potential to generate more jobs and high income in the rural areas.

In the interest of food security of the nation as well as to prevent migration of rural people in search of jobs to the urban areas, I strongly feel that this budget has proved historical.

---

* Speech was laid on the Table

During first 1½ years in power, Modiji's Government has focused on infrastructure investment which would yield dividends for the poor and the rural economy in the long run. But current budget's main stay on Agriculture and Rural Development will aid not only doubling farmer's income in next 5 years but also enhance the capability of transforming our villages as promised by our Finance Minister.

Major push to farm and rural sector has been given through the following:-

a) Funding of Rs.5500 crore to the recently launched crop insurance scheme "Pradhan Mantri Fasal Bhima Yojana" compared to Rs. 2589 crore allocation during last year.

b) Enhancing fund allocation to Rs. 38500 crore under MGNREGA Scheme.

c) Increased fund allocation of Rs.9 Lakh crore towards agriculture credit as against last year's allocation of Rs. 8.5 Lakh crore.

d) Overall allocation of Rs. 87765 crore towards rural development.

e) 2.85 million hectares coverage under " Pradhan Mantri Krishi Sinchayi Yojna"

f) Covering 5 lakh acres under organic farming over next 3 years.

g) Rs.8500 crore allotment under "Deen Dayal Upadhyaya Gram Jyoti Yojna" with which promising to achieve 100% village electrification before May 2018.

h) Creation of long term irrigation fund under NABARD with an initial funding of Rs. 20000 crore.

i) Grant in aid of Rs.2.87 lakh crore to Gram Panahcyats and Municipalities.

All such initiatives prove that this is the first time after independence that Union Budget has been presented mainly for the farmers, poor and villagers.

All the vital statistics including current GDP growth has been pointing out the right direction at which NDA government's policies are moving.

Apart from fund allocation towards agriculture and rural sector, other innovative schemes like" Jan Aushadi Yojna", assisting patients with dialysis care, allocation of Rs.1000 crore towards higher education, sanctioning of Rs.1 lakh crore under Mudra Yojna to cover 2.5 crore borrowers, initiatives to boost retail sector, boosting the Housing Sector, proposal to amend Bill under Company Act, provision of LPG connections to the poor, yet focus on reducing fiscal deficit at 3.5% proves that Finance Minister has taken revolutionary and bold steps to bring the poor to the main stream in unexpected ways.

I conclude by stressing on my opinion that his budget displays prudency; it represents the victory of a sensible democracy. Hence, I once again congratulate Hon'ble Finance Minister for presenting a rural economy budget.

*__श्री राहुल कस्वां (चुरू):__ बजट में ग्रामीण भारत की चिंताओं और समस्याओं का विशेष ध्यान रखा गया है, ऐसा पहली बार है, जब किसी वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण में कृषि क्षेत्र और किसानों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। यह बजट गांव की तस्वीर बदलेगा। बजट में ग्रामीण ढांचे के सुधारने पर बल दिया गया है। कृषि एवं सिंचाई के लिए बड़े फंड का ऐलान किया गया है, किसानों की आमदनी 2022 तक दोगुना करने का वादा किया गया है। यह बजट गांव, किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बदलाव के लिए जाना जाएगा। आज़ादी के बाद पहली बार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बजट के माध्यम से मजबूत करने का प्रयास किया गया है। कृषि हमारे देश की नींव है, कोई भी महल बिना मजबूत नींव के खड़ा नहीं किया जा सकता। मौजूदा वक्त में सबसे परेशान और खस्ता हाल हमारे किसान ही है। बिना उसको बेहतर किए देश को सुपरपावर बना पाना संभव नहीं है। आज़ादी के बाद खेती में आत्मनिर्भरता की ललक ने हमे खाद्यान्न पैदा करने में सक्षम किया, पेट भरना शुरू हुआ तो हमारी नीतियों से अन्नदाता गायब हो गया। हमारा सारा ध्यान उद्योग और सेवा क्षेत्र पर केंद्रित हो गया। लम्बे समय से उपेक्षित खेती का बुरा हाल हो चुका है। भारतीय किसानों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि खेती उनके लिए दिनों-दिन घाटे का सौदा बनती जा रही है, उनकी लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि उनकी उपज के वाजिब मूल्य मिलने की कोई व्यवस्था नहीं हो पा रही है। खाद और बीज पहले से महंगे हुए है। खेती का घाटा कम किए बिना किसानों की हालात सुधारने का सपना भला कैसे साकार हो पाएगा। हमारी खेती मानसून पर निर्भर है, दो असफल मानसून के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है, हमे सिंचाई क्षेत्र को बढ़ाना होगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था खराब दौर से गुजर रही है, इसके कारण भारत के निर्यात पर गहरा प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। कृषि क्षेत्र में गिरावट रूकने का नाम नहीं ले रही है, वर्तमान समय में खेती की हालत बेहद निराशाजनक है। इन वर्षों में रोज़गार सृजन में भारी गिरावट आई है। कृषि में रोज़गार सृजन की क्षमता उत्पादन क्षेत्र से कहीं ज्यादा है, इसलिए कोई सरकार अगर रोज़गार की समस्या को हल करना चाहती है तो कृषि पर दांव लगाना सबसे बढ़िया उपाय है, इन परिस्थितियों में माननीय वित्त मंत्री जी ने शानदार बजट पेश किया है। बजट में कृषि एवं किसान पर फोकस रखा गया है। बजट में कृषि, किसान और सिंचाई के लिए 47,912 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। इस क्षेत्र की हालत सुधारने के लिए किया गया, यह आवंटन अब तक का सबसे अधिक है और पिछले वर्ष की तुलना में 84 फीसदी ज्यादा है। ग्रामीण क्षेत्र में डेयरी उत्पादन बढ़ाने के लिए कई योजनाएं लांच की गई हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत न्यूनतम प्रीमियम और फसल खराब होने पर अब तक का सबसे ज्यादा मुआवजा यू.पी.ए. सरकार के

* Speech was laid on the Table.

मुकाबले एक बड़ा सुधार है, जिसके कार्यकाल में ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च प्रीमियम बीमा लादने का काम किया था, बजट में इसके लिए 5500 करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है। किसान को 25 फीसदी मुआवजा तत्काल प्रभाव से जारी होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए 2016 के बजट में 87,765 करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 22 फीसदी अधिक है, 14000 करोड़ रूपए ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल के लिए आवंटित किया है। सरकार के दो शुरूआती बजट जहां शहरी भारत के विकास पर अधिक केंद्रित थे तो वर्तमान बजट ग्रामीण भारत के विकास के लिए है। आर्थिक विकास को और अधिक गति देने के लिए यह जरूरी है कि हम शहरी भारत और ग्रामीण भारत के बीच की दूरियां कम करें, इसके लिए सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों का निर्माण किया गया, काफी स्थान पर इनके मध्य रेल लाइन को पार करना पड़ रहा है, रेल अण्डर ब्रिज अथवा रेल समपार के बिना वह गांव सड़क मार्ग में कैसे जुड़ा हुआ माना जाएगा। मनरेगा के अंतर्गत प्रत्येक काश्तकार के लिए बड़े कुण्ड अथवा तालाबों का निर्माण किया जाए, भूमि व आय की सीमा नहीं होनी चाहिए। इससे किसान को भारी राहत मिलेगी। मनरेगा को प्रत्येक किसान के साथ जोड़ा जाए। वर्ष 1981 में पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के मध्य हुए समझौते में राजस्थान का पानी का हिस्सा 8.6 एम.ए.एफ. तय किया गया था। आज भी पंजाब हमारे हिस्से का 0.6 एम.ए.एफ. पानी नहीं दे रहा है। इसी तरह से नोहर फीडर और सिंधमुख नहर के लिए शेष 0.17 एम.ए.एफ. पानी नहीं दे रहा है। ग्रामीणजन आक्रोशित हैं, वे आंदोलित हैं। नहर का डिज़ाइन 8.6 एम.ए.एफ. पानी के हिसाब से किया गया था, उसी के हिसाब से नहरों व माइनर का निर्माण किया गया है। लोगों को आशाएं बनी थी, लेकिन हमारे हिस्से का पानी नहीं मिलने के कारण क्षेत्र में विकट स्थिति पैदा हो गई है। पंजाब सरकार द्वारा हद से आगे बढ़ते हुए 2004 में जल समझौते को निरस्त कर दिया गया, जो प्रकरण वर्तमान में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के अधीन विचाराधीन है। मेरा सरकार से आग्रह है कि इसका निर्णय शीघ्र करवाने में आवश्यक कार्यवाही करें। सरकार ने गरीबों से संबंधित अधिकांश योजनाएं बैंकों के माध्यम से जोड़ी है, यह एक बहुत ही अच्छा कदम है, इससे भ्रष्टाचार कम होगा, लेकिन मेरे क्षेत्र में बैंक कम होने के कारण ग्रामीण जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 25-30 गांवों के मध्य एक बैंक की शाखा है, जहां जाने के लिए ग्रामीणों को 15 से 20 कि.मी. पैदल जाना पड़ता है। बैंकों में भीड़ होने के कारण सायं को परेशान होकर ग्रामीण घर आ जाते हैं, दोबारा फिर जाना पड़ता है, काफी बार जाने के बाद ही उसे बैंक की सुविधा प्राप्त होती है। मेरा सुझाव है कि प्रत्येक दो ग्राम पंचायतों के मध्य एक बैंक की शाखा खोली जाए, ताकि ग्रामीण जनता को राहत मिल सके।

श्री संतोख सिंह चौधरी (जालंधर) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे जनरल बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

जब भी देश में आम बजट आता है, तो देश के गरीब और मिडिल क्लास के लोगों को इससे बड़ी उम्मीदें होती हैं। मैं समझता हूँ, यूपीए सरकार के वक्त में अनेकों बजट आए तो गरीबों के हक में बहुत सारे प्रोग्राम लाए गये। मनरेगा यूपीए गवर्नमेंट लायी, जो मुल्क की एक बड़ी रोज़गार की स्कीम थी। वैसे खाद्य सुरक्षा स्कीम भी हमारी यूपीए सरकार ने ही प्रदान की। जब श्री जेटली साहब ने एनडीए का बजट रखा है, तो मैं समझता हूँ कि यह एक गरीब विरोधी बजट है। देश में जो मिडिल क्लास के लोग हैं, जिनको उम्मीद थी कि उनके आय कर की सीमा को बढ़ाया जाएगा। उनको इसकी बड़ी उम्मीद थी, वह नहीं की गयी। हमारे प्रधानमंत्री जी ने इलेक्शन के पहले और बाद में भी बहुत बड़े-बड़े वायदे किये कि देश के नौज़वानों को, बेरोज़गारों को एनडीए सरकार इम्प्लायमेंट देगी। दो करोड़ नौज़वानों को हर वर्ष इम्प्लायमेंट दी जाएगी। लेकिन अफसोस है कि इस बजट में उसका भी कोई प्रबंध नहीं है। इस बजट में फाइनैंस मिनिस्टर साहब ने यह तो किया कि देश में जिन लोगों के पास ब्लैक मनी है, उन्होंने जो ब्लैक एंड व्हाइट स्कीम लायी, जिसमें कहा गया कि 45 प्रतिशत कर देकर ब्लैक मनी को व्हाइट कर सकते हैं। यह तो हो गया है, लेकिन जो गरीब लोग थे, उनके लिए कुछ नहीं हुआ है।

मेरे अपने प्रांत में 70 लाख के करीब नौज़वान बेरोज़गार हैं। बेरोज़गारी के डिप्रेशन में वे नशे के दलदल में फंस गये हैं। लेकिन अफसोस है कि इस बजट में नौज़वानों के इम्प्लायमेंट के लिए कुछ नहीं किया गया है। इस बजट में यह कहा गया है कि तीन-बड़े पिलर देश की इकोनोमी में खड़े किये गये हैं, जिनमें सबसे बड़ा पिलर एग्रीकल्चर को कहा गया है। बजट में इसके लिए जो राशि रखी गयी है, मैं समझता हूँ कि ये सब घुमायी गयी बातें हैं। जो पेपर में लाये हैं, वही बात है। पिछले बजट में फाइनैंस डिपार्टमेंट के 13 हज़ार करोड़ रुपये ब्याज सब्सिडी के थे, उनको भी इस कृषि बजट के हेड में जोड़ दिया गया है और कह दिया गया कि इसमें बहुत भारी एमाऊंट रखा गया है। इसमें एक बहुत बड़ा वायदा किया गया है कि पाँच साल में किसानों की आमदनी को दुगुना कर दिया जाएगा।

मैं कृषि प्रधान प्रांत पंजाब से आता हूँ। मैंने ग्रीन रिवोल्यूशन को देखा है। जो डबल प्रोडक्शन उस ग्रीन रिवोल्यूशन में हुई, उसको अपनी आंखों से देखा है क्योंकि मेरे वालिद बहुत लंबे अर्से तक पंजाब के कृषि मंत्री रहे। यह सब कुछ मैंने अपनी आंखों से देखा, लेकिन यह सब कैसे आया। उस वक्त भाखड़ा डैम बनाया गया, उस वक्त पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने उसका उद्घाटन किया। पंजाब में एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी बनाई गयी, उसका उद्घाटन करने के लिए पंडित नेहरू जी गए। फर्टिलाइजर के बड़े-बड़े प्लांट

लगे, उनका उद्घाटन करने गए। इन सब बातों से प्रोडक्शन डबल हो गयी।...(व्यवधान) मैं समझता हूं कि इनके पास कौन सा मैकेनिज्म है। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Hon. Member, five more Members are there from your Party who want to speak.

श्री संतोख सिंह चौधरी : जिसके साथ ये किसानों की आमदनी दोगुनी करेंगे, मैं समझता हूं कि यह सब नारों की बात है। स्वामीनाथन रिपोर्ट के बारे में प्रधानमंत्री जी ने कहा, उसे लागू नहीं किया गया। मैं पंजाब प्रांत से आता हूं, वहां 25 प्रतिशत की सिंचाई नहर के पानी से होती है, बाकी ट्यूबवेल से हम सिंचाई करते हैं और हमारे पास पानी की कमी है। हमने वर्ष 2004 में टर्मिनेशन ऑफ वाटर एग्रीमेंट किया, विधान सभा में मैं भी उस समय विधान सभा सदस्य था। यह केन्द्र सरकार एसवायएल के विरूद्ध स्टैंड ले रही है, इनके सॉलिसिटर जनरल ने यहां सुप्रीम कोर्ट हरियाणा का पक्ष लिया। मैं समझता हूं कि इस तरह से कैसे कृषि आगे बढ़ेगी? मेरे प्रांत के 110 ब्लॉक्स डार्क एरिया में चले गए हैं, पानी नीचे चला गया है, उसके लिए कोई प्रबन्ध नहीं है। इसलिए मैं समझता हूं कि ये सब बातें कहने के लिए हैं।...(व्यवधान) सर, मैं कन्क्लूड कर रहा हूं, बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। देश में 25 प्रतिशत अनुसूचित जाति के लोग हैं, जो एससी सब- प्लान बनाया गया है, पिछली सरकार में तय हुआ था कि पापुलेशन के अनुसार एससी प्लान में पैसा रखा जाए। इस तरह से एससी के लिए 16.6 प्रतिशत प्रतिशत पैसा बनता था, लेकिन आपने सिर्फ 11.42 प्रतिशत रखा है। इस तरह शिड्यूल्ड कास्ट का पूरा पैसा नहीं दिया गया, एग्रीकल्चर का पैसा भी पूरा नहीं दिया गया तो यह कैसा बजट है? मैं अपने संसदीय क्षेत्र की बात कहना चाहता हूं।...(व्यवधान) आप मेक इन इंडिया की बात कहते हैं, मैं कहना चाहता हूं कि हमारे देश की जो स्माल स्केल इंडस्ट्रीज हैं, जब तक उनको प्रमोट नहीं करेंगे, तब तक मेक इन इंडिया कैसे लाएंगे? ...(व्यवधान) मेरा एक सुझाव है। ...(व्यवधान) मैं प्रधानमंत्री जी को कहना चाहता हूं कि देश की इंडस्ट्री को बचाना चाहिए क्योंकि चाइना डॉमिनेट कर रहा है और जब तक हम बाहर से आने वाले रेडी गुड्स पर एंटी डंपिंग ड्यूटी नहीं लगाएंगे, तब तक हमारे देश में तैयार हुआ माल उससे कम्पीट नहीं कर सकेगा। इसी तरह इंडस्ट्री की एक्साइज ड्यूटी लिमिट लम्बे अर्से से 1.50 करोड़ रुपये है, जब तक आप उसे पांच करोड़ नहीं करेंगे, ये कम्पीट नहीं कर सकेंगे। ऐसे ही फ्रेट इक्वलाइजेशन को अगर रिइम्प्लीमेंट नहीं करेंगे तो यह नहीं हो सकेगा।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Nothing would go on record now.

… (*Interruptions*)…*

श्री संतोख सिंह चौधरी : इसी तरह से ज्वेलरी पर Exise Duty लगाई गयी है।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Nothing would go on record now.

… (*Interruptions*)… *

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, five more Members are there from your Party who want to speak.

श्री संतोख सिंह चौधरी: सभापति जी, अंत में मैं कहना चाहता हूं : गज़ल में बंदिशे अल्फाज ही नहीं काफी, जिगर का खून भी चाहिए असर के लिए।...(व्यवधान) बातों-बातों में आपने कह दिया।...(व्यवधान)

* Not recorded.

.

[*] **डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर):** मैं माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत सर्वश्रेष्ठ बजट का समर्थन करती हूँ। यह गांव, गरीब लोगों और गांव के किसानों को खड़ा करने वाला बजट है, इसका मैं स्वागत करती हूँ।

यह बजट किसान और गांव के आम आदमी के लिए आर्थिक उड़ान का बजट प्रस्तुत करने पर प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र भाई जी की सरकार और वित्त मंत्री माननीय अरूण जेटली जी को धन्यवाद करती हूँ।

आज पूरी दुनिया में भारत देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र भाई और हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था की तारीफ हो रही है। प्रधानमंत्री जी माननीय नरेन्द्र भाई और वित्त मंत्री माननीय अरूण जेटली जी ने इस देश के गांव के गरीब किसानों, गरीब मजदूर लोगों और महिलाओं, युवा और युवतियों समेत देश के निम्न वर्गीय समुदायों तक बजट के माध्यम से पहुंचने का प्रयास किया है। सरकार ने बजट के जरिए खासतौर पर दलितों, आदिवासी, बुजुर्गो, महिलाओं, दिव्यांगों व अल्पसंख्यकों सहित समाज के निम्न एवं मध्यम वर्ग तक पहुंचने का प्रमाणिक प्रयास किया है।

गौर से देखा जाए तो प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र भाई के दीर्घ दृष्टा के विकास मंत्र ''सबका साथ-सबका विकास'' को चरितार्थ करते हुए बजट में माननीय नरेन्द्र भाई जी ने एन.डी.ए. सरकार के चलो गांव की ओर, गांव के मध्यम वर्ग, गरीबों, महिलाओं, बुजुर्गों अर्थात् सभी वर्ग के और देश के किसानों के चेहरों पर बेशक नई मुस्कान आयी है। देश के गांवों के गरीब, दलित, आदिवासी, मजदूर, किसान की नज़र में माननीय नरेंद्र भाई की एन.डी.ए. सरकार पास हुई है।

भारत देश में आधी आबादी महिलाओं को, गृह में चूल्हा जलाने से आज़ाद करने का कार्य सरकार ने किया है। भारत देश की गरीब महिलाओं को कुकिंग गैस का तोहफा देने की योजना बनाई है। सरकार ने वर्ष 2016-17 में बी.पी.एल. परिवारों की महिलाओं के नाम पर मुफ्त में एक गैस कनेक्शन देने का प्रावधान किया है। पॉच करोड़ भारत देश की गरीब महिलाओं को गैस कनेक्शन तीन साल में देने के लिए 2000 करोड़ रूपए का प्रावधान करके महिलाओं का सम्मान किया है। 'यत्र पूज्यते नार्यास्तु, रमन्ते तत्र देवता ।' ऋषि मुनियों की कथनी, महिलाओं के लिए बजट में प्रावधान करके चरितार्थ की है।

माननीय नरेंद्र भाई प्रधानमंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री अरूण जेटली जी ने देश के किसानों के लिए बहुत बड़ा कदम उठाकर कृषि कल्याण के लिए बजट में 38.984 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। भारत देश के किसानों के हित में, किसानों की सुरक्षा के लिए, कृषि फसल बीमा योजना घोषित की है।

---

[*] Speech was laid on the Table.

देश के हित में इतिहास में प्रथम सरकार ने गॉव के किसानों और खेत मजदूर के लिए बहुत बड़े कदम उठाए हैं।

भारत देश के किसानों की 28 लाख हैक्टेयर भूमि को सिंचित करने का लक्ष्य पूर्ण करने के तहत माननीय मंत्री जी ने कृषि सिंचाई योजना घोषित की है। देश के 14 करोड़ किसानों का सॉयल हैल्थ कार्ड बनेगा और किसानों को प्रशिक्षित किया जाएगा और किसानों के हित में यूरिया, खाद 17 लाख मीट्रिक टन उत्पादन बढ़ाने के कारण कमी नहीं होगी।

आज देश के आम आदमी, गरीब लोग, गॉव के किसान महसूस कर रहे हैं कि माननीय प्रधानमंत्री, नरेंद्र भाई की एन.डी.ए. सरकार में वित्तमंत्री माननीय अरूण जेटली जी ने बजट प्रस्तुत करके देश के आम आदमी, महिलाओं, युवक-युवतियों, किसानों, बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए कुछ ठोस कदम उठाने का प्रयास किया है।

बजट में बुजुर्गों को रेलवे में 50 प्रतिशत नीचे की बर्थ और महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत बर्थ आरक्षित रखने का कदम उठाया है।

महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार लाना, उनके अधिकारों को सुनिश्चित करना, महिलाओं के दुख को कम करना, महिलाओं के संरक्षण को सुनिश्चित करना और अधिनियम के अनुसार आरक्षण का पालन करवाना सरकार का प्रथम लक्ष्य है। मानव जाति के जेन्डर बजट में हिन्दुस्तान की 586 मिलियन महिलाओं एवं युवतियों को मिलाकर महिलाओं के सम्मान के साथ महिलाओं की हैल्थ, शिक्षण, संरक्षण और सामाजिक-राजनैतिक स्टेट्स के लिए बजट में प्रावधान करने का कार्य सरकार ने किया है।

भारत देश के इतिहास में एक ही वर्ष में विविध योजनाओं के तहत जन-धन योजना, स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के लिए गरीब लोगों के मेडिकल खर्च कम करने के लिए जेनेरिक सस्ती दवाओं के 3000 नए केंद्र खोलने का आयोजन किया, रोज़गार हेतु 1500 बहु कौशल केंद्र स्थापना के लिए 1700 करोड़ रूपए का प्रावधान करना और आधार कार्ड को कानूनी दर्जा दिलाने जैसी अनेकों योजनाओं के लिए बजट में प्रावधान को स्वीकृत करके बजट का पूर्ण रूप से समर्थन करती हूँ।

श्री वीरेन्द्र सिंह (भदोही) : सभापति महोदय, भारत सरकार के प्रधानमंत्री जी के निर्देशन पर वित्त मंत्री जी ने जो बजट प्रस्तुत किया है, वह गांव, गरीब, किसान और झोंपड़ी में रहने वाले इंसान का बजट है, नारियों के सम्मान का बजट है।

महोदय, यह कृषि और ऋषि प्रधान देश है। यह किसानों का देश है। लेकिन मुझे आश्चर्य होता है कि जिस दिन बजट प्रस्तुत हुआ, उसके बाद बहस शुरू हुई और इस तरफ के लोग बजट पर बहस शुरू करते हुए इन लोगों ने पहला इल्जाम बजट पर यह लगाया कि किसान और कृषि का बजट क्यों प्रस्तुत किया? कुछ लोग यह जानते हैं कि यह देश आजादी के बाद से 68 साल पुराना देश है। यह देश केवल 68 साल पुराना नहीं है, यह देश हजारो साल पुराना है। इस देश का इतिहास हजारों साल का है। इसका आदर्श और उज्ज्वल इतिहास है। बजट बहुत प्रस्तुत हुए हैं। वर्ष 1952 से बजट प्रस्तुत हो रहे हैं। नेहरू जी जब प्रधानमंत्री थे तो उनके वित्त मंत्री टी.टी. कृष्णामचारी जी ने बजट प्रस्तुत किया था। मोरारजी भाई ने बजट प्रस्तुत किया था। यशवंत सिन्हा जी, जो जयंत सिन्हा जी के पिताजी हैं, उन्होंने बजट प्रस्तुत किया था। बहुत सारे लोगों ने बजट प्रस्तुत किया। मोरार जी भाई जब प्रधानमंत्री थे तो एच.एम. पटेल ने भी एक बजट प्रस्तुत किया था। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और गुजरात से लेकर असम तक हर चीज का भाव था, ऐसा भी एक बजट प्रस्तुत हुआ था। लेकिन मैं कह सकता हूं कि 68 साल की आजादी के बाद इस सदन में जितनी सरकारें आयी हैं, उनमें से पहला यह बजट प्रस्तुत हुआ है जो किसान का बजट है। इसलिए किसानों का बजट होने के नाते मैं प्रधानमंत्री जी को और वित्त मंत्री जी को सलाम करता हूं।

महोदय, यह देश 68 साल पुराना नहीं है, बल्कि हजारों साल पुराना देश है। किसी ने कहा कि कृषि का और किसान का बजट इसलिए प्रस्तुत हुआ कि बिहार में यह पार्टी हार गयी थी। हारने और जीतने के कारण बजट प्रस्तुत करने की जो लोग बात करते हैं, वह इस देश की बुनियाद को नहीं जानते हैं। इस देश का मालिक किसान है। मैं महाभारत काल का एक प्रसंग यहां बताना चाहता हूं। महाभारत से बड़ा युद्ध अभी तक कोई नहीं हुआ है। महाभारत के युद्ध के बाद धर्मराज युधिष्ठिर भीष्म पितामह से राजधर्म जानने के लिए गए थे। जब धर्मराज युधिष्ठिर अपने पांचों भाइयों को साथ लेकर भीष्म के यहां गए और उनसे पूछा- पितामह, युद्ध तो समाप्त हो गया है, अब राजधर्म का निर्वाह कैसे होगा, इसका मार्गदर्शन कीजिए। पितामह ने उस समय कहा था- धर्मराज देखना, खेतों में हरियाली दिखनी चाहिए। धर्मराज देखना, तालाब सूखने न पाएं, तालाबों में पानी भरा रहे। धर्मराज देखना, देश के हर नागरिक के दरवाजे पर गाय दूध देती रहे। धर्मराज देखना, राजधर्म का निर्वाह करते हुए देखना कि किसी मां के गोद में कोई बच्चा दूध बिना रोता हुआ न रहे। कुपोषण न हो। फिर भीष्म ने कहा था- धर्मराज देखना, न्याय करना और केवल

न्याय करना ही नहीं, न्याय दिखना भी चाहिए, यह राजधर्म का काम है। खेत में हरियाली रहे, तालाबों में पानी रहे, गाय दूध देती रहें, लोग हृष्ट-पुष्ट रहें, न्याय होता रहना चाहिए। यह कृषि प्रधान देश की ही मान्यता है और कृषि प्रधान देश होने की सबसे बड़ी प्रमाणिकता है। यह घटना द्वापर की है। त्रेता की भी घटना है। एक बार सूखा पड़ा था और मैं बार-बार इस बात को दोहराता रहा हूं कि यह ऋषि और कृषि प्रधान देश है। ऋषियों ने उस समय के शासक जनक को कहा था कि जब शासक हल चलाएगा तो वृष्टि होगी और सृष्टि का संरक्षण होगा। आज तक के किसी शासक के हल चलाने की प्रमाणिकता नहीं मिली है। जनक ने हल चलाया था, जिससे वृष्टि हुई थी और सृष्टि का संरक्षण हुआ था। इसलिए यह कृषि प्रधान देश है। इसलिए किसानों के बजट को प्रस्तुत करता हुआ देश का यह शासन राजधर्म का निर्वाह कर रहा है। प्रधानमंत्री इसलिए राजधर्म का निर्वाह कर रहे हैं, वित्त मंत्री इसलिए राजधर्म का निर्वाह कर रहे हैं।

इस देश में दो तरह के लोग होते हैं। जयंत बाबू, इस देश में एक बेटा माई की गोद में पलता है और एक बेटा दाई की गोद में पलता है। माई की गोद में पलने वाला बेटा किसान का बेटा है और दाई की गोद में पलने वाला बेटा बड़े लोगों का बेटा होता है। वह किसान के दर्द को नहीं जानता, मां की ममता को नहीं जानता। हम लोग माई की गोद में पले हुए लोग हैं। इस देश का प्रधान मंत्री माई की गोद में पला हुआ व्यक्ति है, वह इस देश के किसानों के दर्द को जानता है, इस देश की मां की ममता को जानता है। इस देश के गरीबों की कठिनाई को जानता है, इस देश की माताओं, बहनों के सम्मान को जानता है। इसलिए यह जो बजट प्रस्तुत हुआ है, यह किसानों और कृषि के लिए प्रस्तुत हुआ है, इससे बिहार का संबंध नहीं हैं। माई की गोद में पलने वाला कोई भी बेटा जब उस कुर्सी पर बैठेगा तो किसान के बजट को प्रस्तुत करेगा, किसानों और कृषि के हित में बात करेगा। कभी दाई की गोद की पलने वाला बेटा किसानों की बात नहीं करेगा।...(व्यवधान) महोदय, मैं अपनी बात पूरी करूंगा। मैं अपनी पार्टी के समय में बोल रहा हूं, इसलिए मेरी प्रार्थना है कि मेरी पूरी बात सुनी जाए।

HON. CHAIRPERSON: Already six Members have spoken from your Party.

श्री वीरेन्द्र सिंह : महोदय, मैं अपनी पार्टी के समय में बोल रहा हूं। इस बजट में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना प्रस्तुत हुई। मैं किसान होने के नाते कह सकता हूं कि प्रधान मंत्री सड़क योजना में जो सड़कें बनेंगी, वे गांवों से खेतों तक पहुंचने वाली सड़कें बनेंगी तो खेतों का उत्पादन जरूर बढ़ेगा, चूंकि इनसे किसानों की आवाजाही बढ़ जायेगी। इसलिए मैं प्रधान मंत्री सड़क योजना में बनने वाली सड़कों का और उसमें दी गई धनराशि का स्वागत करता हूं।

इसी तरह प्रधान मंत्री सिंचाई योजना है, प्रधान मंत्री सिंचाई योजना से इस देश के 49 फीसदी खेतों की सिंचाई होगी। जिस खेत की सिंचाई नहीं होती है, जो असिंचित खेत होता है, एक किसान होने

के नाते मैं कह सकता हूं कि उसमें मुश्किल से एक फसल होती है। लेकिन सोलर सिचाईं योजना से जो खेतों की सिंचाई होगी, उसमें खेती की तीस फीसदी लागत कम हो जायेगी और किसान को तीस फीसदी का लाभ होगा। इसलिए प्रधान मंत्री सिचाईं योजना के माध्यम से इस देश के 49 फीसदी खेतों की सिंचाई का मैं स्वागत करता हूं और वित्त मंत्री जी को सलाम करता हूं।

सभापति महोदय, यह देश कृषि का देश है, इसलिए यह देश ऋषि का देश है और कृषि इस देश की जीवन धारा है। यहां चार दर्शन की रचना हुई। चार दर्शन की रचना जयप्रकाश बाबू जानते हैं कि किसने चार दर्शन की रचना की है, इस देश में कृषि के बेटे चरवाहों ने की है। वे चार दर्शन कौन है, मैं आपके सामने बताना चाहता हूं, इस संसद में उस बात की कभी चर्चा नहीं होगी। उन चार दर्शनों की रचना इस देश के चरवाहों ने की, जो कृषि के बेटे होते हैं। गीता की रचना किसने की, गीता की रचना योगीराज कृष्ण ने की, जो गायों का चरवाहा होता था। कुरान की रचना किसने की, मौहम्मद साहब ने की, जो ऊंट का चरवाहा था। बाइबिल की रचना किसने की, ईसामसीह ने की, जो भेड़ का चरवाहा था। गुरु ग्रंथ साहब की रचना किसने की, प्रथम गुरु ने की, जो घुड़सवार होते हुए घोड़े का चरवाहा था। चार चरवाहों की रचना का दर्शन मानने वाले लोग इस देश में हैं। जयप्रकाश बाबू आप बताओ कि फिर इस देश में असहिष्णुता कहां है? जिस देश में चार चरवाहों के द्वारा चार दर्शनों की रचना हुई हो, इसलिए यह देश किसान प्रधान देश है और इसलिए यह देश कृषि प्रधान देश है।

महोदय, मर्यादा पुरुषोत्तम राम, योगीराज कृष्ण और शंकर जी के समन्वय भाव से इस देश की रचना चलती है। राम की मर्यादा, योगीराज कृष्ण का विवेक और शंकर का त्याग ये तीनों मिलकर इस देश की रचना करते हैं।

सभापति जी, आप मेरी बात को पूरा हो जाने दीजिए, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त करता हूं।

महोदय, इस देश में किसान आत्महत्या करता है, क्यों किसान आत्महत्या करता है, कब से करता है? वर्ष 1991 में जब वहाँ नरसिंह राव बैठे थे और वहीं बैठने वाले डॉ0 मनमोहन सिंह थे, जब आर्थिक उदारीकरण की नीतियाँ लागू हुई थीं, तब से किसानों ने आत्महत्या शुरू किया। मैं स्वदेशी आन्दोलन का कार्यकर्ता हूँ और इस बात को प्रमाणिकता के साथ कह सकता हूँ। किसान आत्महत्या क्यों करता है, वह कर्जा लेता है, किसान स्वाभिमानी होता है, कर्जा को वह चुकता नहीं कर पाता है तो अपना स्वाभिमान बचाने के लिए वह आत्महत्या कर लेता है।

मैं इस सदन में उपस्थित सारे लोगों से विनम्रता से निवेदन करता हूँ कि सदन एक बार इस बात को तय करे कि किसानों के उत्पादन की लाभकारी कीमत का कानून कैसे बनेगा? मैं बार-बार इस सवाल

को उठाता रहा हूँ कि रेल का बजट अलग से प्रस्तुत हो सकता है तो किसान का बजट क्यों नहीं अलग से प्रस्तुत होना चाहिए, लेकिन मैं कह सकता हूँ कि हमारी सरकार ने जो किसान और कृषि का बजट प्रस्तुत किया है, उसमें एक कदम हमने चलकर देखा है।

जय प्रकाश नारायण यादव जी, एक मिनट रूक जाइए। मैं अपनी बात पूरी कर लेता हूँ। मैं अपनी बात एक मिनट में पूरी करता हूँ। मैं कोई खराब बात तो कह नहीं रहा हूँ। वहाँ बैठे हुए लोग कहते हैं कि यह सरकार काले से गोरा करती है। काले से गोरा करने वाले लोग 60 साल में काले से गोरा करना सीखे हैं। कौन लोग काले से गोरा करते हैं? जो अमेरिका के बोस्टन हवाई अड्डे पर एक लाख 60 हजार डॉलर के साथ पकड़े जाते हैं, वे लोग काले से गोरा करते हैं। यह देश जानना चाहता है, यह संसद जानना चाहती है कि वे कौन लोग हैं जो अमेरिका के बोस्टन हवाई अड्डे पर एक लाख 60 हजार डॉलर के साथ पकड़े जाते हैं और ऐफिडेविट देकर छूटते हैं। वे कौन लोग हैं जो नागर वाले कांड में पकड़े जाते हैं और कभी भी देश को सफाई नहीं देते हैं। यह देश इस बारे में जानना चाहता है।

HON. CHAIRPERSON: Nothing is going on record.

… (*Interruptions*)… *

* Not recorded.

*__श्री रोड़मल नागर (राजगढ़):__ भारत सरकार का 2016-17 का बजट वास्तव में ग्रामीण भारत की आत्मा का बजट है, गरीब और किसान का बजट है, देश में गुणवत्तापूर्ण बदलाव लाने, गरीबी समाप्त करने और देश के किसानों को सक्षम बनाकर गांव के माध्यम से देश की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। किसानों की आय को अगले पांच वर्षों में दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए कृषि क्षेत्र को 35,984 करोड़ रूपए, सिंचाई के लिए 20,000 करोड़ रूपए, कृषि मंडियों के कानून में बदलाव, देश की प्रमुख मंडियों को जोड़कर ई-मार्केट की अवधारणा, कृषि फसल बीमा योजना के लिए 5,500 करोड़ रूपए, 6,000 करोड़ रूपए भू-जल संरक्षण पर व्यय, 1400 करोड़ रूपए दलहन उत्पादन एवं संरक्षण के लिए, स्वच्छ भारत के तहत कचरे की खाद, डेयरी व फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को प्रोत्साहन देने की योजनाएं ग्रामीण रोज़गार का सृजन और आधारभूत व्यवस्थाओं को मजबूती प्रदान करेगी।

अगर दिशा गलत है तो गति कितनी भी तेज क्यों न हो कोई अर्थ नहीं है, लेकिन अगर दिशा ठीक है तो गति जो भी हो, परिणाम निश्चित आयेगा। आज प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में माननीय जेटली जी ने बजट की जो दिशा चुनी है, वही सही है। हमारे देश में आज 90 प्रतिशत बड़े नोट 500-1000 रूपए के चल रहे हैं, जबकि देश के अंदर खाद्य सुरक्षा के माध्यम से हम 70 करोड़ लोगों को लाभ देने की दिशा में काम कर रहे हैं तो 90 प्रतिशत बड़े नोट किन लोगों के लिए है? इन सारे बड़े नोटों की वजह से काला धन, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ देश की सुरक्षा पर भी गंभीर संकट पैदा हो गया है, क्योंकि चाहे आतंकवाद हो या नक्सलवाद, चाहे ड्रग्स की स्मगलिंग हो या बांग्लादेशी घुसपैठ या जाली नोटों का कारोबार सभी जगह गैर-कानूनी भुगतान बड़े नोटों के नगदी माध्यम से ही होता है। हम जितने भी विकसित देश अमेरिका, ब्रिटेन, चीन को देखते हैं तो कहीं भी बड़े नोट नहीं दिखाई देते। इस समस्या का समाधान करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री जी ने व्यवस्था को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने की दिशा में जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, आधार कार्ड, रूपी कार्ड के माध्यम से सभी को बैंक से जोड़कर एक दिशा प्रदान की है, जिसके लिए मैं सरकार को धन्यवाद देते हुए 1000 के नोट को वापस लेने की दिशा में कदम उठाने का आग्रह करता हूँ।

अप्रत्यक्ष करों का आम आदमी पर अत्याधिक भार पड़ता है, यहां तक कि गरीब आदमी के साथ भिखारी भी किसी न किसी रूप में टैक्स दे रहा होता है, मैं माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने टैक्स के सरलीकरण की ओर आगे कदम बढ़ाया है, जो कैश-लेस प्रणाली को विकसित कर रहे हैं।

---

* Speech was laid on the Table.

हर गरीब व्यक्ति को 1 लाख रूपए तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जा रहा है, जिसे गरीबों के इलाज पर खर्च दिया जायेगा, देश की एक तिहाई आबादी को बीमा लाभ दिये जाने का लक्ष्य रखा गया है, हर जिला अस्पताल में राष्ट्रीय डायलिसिस सेवा तथा गरीब व आम आदमी को सस्ती दवायें उपलब्ध कराने के लिए 3000 से अधिक दुकाने खोली जायेंगी। स्वास्थ्य बीमा में 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को 30 हज़ार रूपए का अतिरिक्त लाभ दिया जायेगा। स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में दशकों बाद इतनी अधिक सुविधाएँ प्रदान करने का संकल्प निश्चित ही अकल्पनीय है।

शिक्षा के लिए 1500 स्किल डेवलपमेंट सेंटर, कौशल विकास के लिए 1700 करोड़ रूपए का प्रावधान, 15000 बहु कौशल प्रशिक्षण संस्थान, स्कूल-कॉलेजों का डिजीटल सर्टीफिकेशन, 62 नवीन नवोदय विद्यालय खोले जाना है, जो माननीय प्रधानमंत्री की कथनी और करनी को दर्शाती है।

माननीय वित्त मंत्री जी के सद्प्रयासों से वैश्विक मंदी के दौर में भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थिर रखते हुए सकल घरेलू उत्पाद 7.6 प्रतिशत तक बढ़ाया तथा महंगाई दर में 5.4 प्रतिशत तक की कमी की है, भारत का विदेशी मुद्रा भण्डार 350 बिलियन डॉलर हुआ है, जबकि विरासत में अर्थव्यवस्था की हालत अत्यंत खराब मिली थी।

एडगरफिज ने कहा है- एक तरफ सरकारें टैक्स वसूलने के इतने प्रयास करती हैं, दूसरी ओर बड़े-बड़े नोट भी छापती हैं, जो टैक्स चोरी का सबसे बड़ा साधन बनता है, यही अपने आप में एक समस्या है।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि करों का अत्यधिक सरलीकरण एवं बड़े नोटों पर प्रतिबंध, प्रत्येक व्यक्ति को बैंकिंग से जोड़ना, जल्द से जल्द किया जाए। सरकार इस दिशा में चल रही है, इसके लिए मैं पुनः धन्यवाद देता हूँ।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : महोदय, आपने बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जो संसद में बजट प्रस्तुत किया गया है, मैं उसके वाद-विवाद में हिस्सा लेने के लिए खड़ा हुआ हूँ। मैं मानता हूँ कि इस देश में बजट बनता है, बजट जब बनता है तो बड़ी अपेक्षाएं रहती हैं, बहुत आशा रहती है। स्वाभाविक तौर से आशा रहती है, लेकिन जो बजट पेश किया गया, चाहे आम बजट पेश किया गया हो या रेल बजट पेश किया गया हो, पता नहीं 18 महीने में इस केन्द्र की हुकूमत ने क्या छू लिया है, यह पता नहीं चलता है। इनका जो बजट है, वह परिणामहीन है, वह हवा-हवाई है। इसलिए हवा-हवाई और परिणामहीन है कि आज हर घर में बजट से आँसू बह रहे हैं। महँगाई बढ़ रही है। आपने डंके की चोट पर कहा, मन को आपने धोखा दिया, मूल के सामने आपने कहा था कि मुझे सत्ता दो, मुझे कुर्सी दो, मुझे पावर दो, हम महँगाई को घटाएंगे। आज महँगाई घटी नहीं, आज माँ-बहन, गाँव के गरीब से लेकर सभी लोगों की कमर टूट गई है। आज महँगाई आसमान छू रही है। आप जवाब दीजिए, कौन जवाब देगा? जो सत्ता में बैठे हुए लोग हैं, आज आप लोग शब्दों का जाल फैलाते हैं। आप बड़ा बजट देते हैं। दाल गरीबों की थाली से चली गई है। रोटी के लिए लाले पड़े हैं। आज स्थिति बद से बदतर है।...(व्यवधान) आप बोलिएगा, पहले हम कुछ देर बोल लें, उसके बाद आप बोलिएगा। अभी रूक जाइए। ये अस्पष्ट क्रान्ति कर रहे हैं।

महोदय, चौधरी चरण सिंह जी हुआ करते थे, उन्होंने कहा था कि देश की समृद्धि का रास्ता, देश की खुशहाली का रास्ता, किसान के खेत और खलियान से होकर गुजरता है। जब किसान समृद्ध होगा, गाँव खुशहाल होगा तब देश समृद्ध होगा, यह नहीं कि चन्द उद्योगपतियों को महिमामंडित करने से देश बनेगा। ऐसे देश नहीं बनेगा। उद्योगपति अपना उद्योग लगाएं। किसान और खेती, गांव और पानी की व्यवस्था, सिंचाई का प्रबंधन, खेती हमारी मजबूत हो, किसान हमारा मजबूत हो, इसका हमें ख्याल करना चाहिए। आज तो गमले में खेती की बात होती है, मकान की छत पर खेती की बात होती है। आज 16 हजार एकड़ देश की जमीन बेकार पड़ी हुई है। खेती करो, सिंचाई करो, डैम बनाओ, बिहार जैसे राज्य में सिंचाई का प्रबंधन होना चाहिए।

बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देना चाहिए। बिहार का जो पैसा आज रोका गया है, चाहे मनरेगा का हो या प्रधानमंत्री सड़क योजना का या शिक्षा परियोजना का हो या इंदिरा आवास का हो, उस पैसे की भरपाई कीजिए। आज बैंक का दिवालिया हो गया, किसान कर्ज में है, राष्ट्र आर्थिक संकट में है, उद्योग धंधे बंद हो गए हैं। आज स्मार्ट सिटी की बात करते हैं। नहीं, नहीं, हमें स्मार्ट गांव चाहिए, गरीबों के लिए चाहिए। आज स्थिति बद् से बद्तर है। कौन देश को बर्बाद कर रहा है, कौन देश को अस्थिर कर रहा है?

इसीलिए जो अच्छे दिन की बात करते हैं, अच्छे दिन नहीं, आपका अच्छा दिन भले ही आया है, मना लीजिए, लेकिन वर्ष 2019 में आपका बुरा दिन आने वाला है। जैसे बिहार में आपकी खटिया खड़ी हो गई, वैसे ही देश में भी आपकी खटिया और बटिया खड़ी हो जाएगी। देख लीजिएगा, समय आने वाला है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय, अभी दो मिनट बोले हैं, बोलने तो दीजिए। सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप, जाके हृदय सांच है, तांके हृदय आप, आपका हृदय सच्चा नहीं है। इसीलिए आज स्थिति बद् से बद्तर हुई है। आपके माध्यम से हम कहना चाहेंगे कि ...(व्यवधान) सभापति जी, जो चरवाहा विद्यालय की चर्चा उन्होंने की, मैं खुशी जाहिर करता हूं कि चरवाहा के बेटे ने देश और दुनिया में देश का नाम ऊंचा किया। एक गरीब का बेटा, चरवाहा का बेटा, गरीब मैय्या की कोख से पैदा होने वाला, मां मनुष्य की कोख से पैदा होने वाला, चरवाहा का बेटा लालू यादव जी ने, सामाजिक क्रांति अगर किसी ने देश में किया तो उस बेटे का नाम लालू यादव है। ...(व्यवधान) सभापति महोदय, हमें केवल तीन मिनट समय दिया जाए।

माननीय सभापति: ओनली वन मिनट।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव : सभापति महोदय, चार सदस्य हैं, कृपा करके मौका दिया जाए।

डॉ. लोहिया ने कहा था, समता, समाजवाद, गरीबी, पिछड़ापन और नारी, इसकी ताकत को बढ़ाना है। डॉ. लोहिया नारा लगाते थे, जिस खेती से लाभ नहीं, उस पर लगे लगाम नहीं, छोटी जाति की क्या पहचान, करे काम और सहे अपमान, पेट है खाली मारे भूख, बंद करो दामों की लूट, नौ सौ से कम न हजार से ज्यादा, पिछड़े पावैं सौ में साठ। हमारी बातों को ताईद कर दीजिए, वह समाजवादी रहे हैं। ...(व्यवधान) आरएसएस के मोहन भागवत जी क्या कहते हैं? आरक्षण खत्म करो। मैं सदन में कह रहा हूं ...(व्यवधान) कोई माई का लाल, जो इस ज्वालामुखी पर हाथ रखेगा, वह जल जाएगा। ...(व्यवधान) मैं बस दो मिनट में खत्म कर रहा हूं। ...(व्यवधान) ये मनुवादी शक्तियां हैं।

सभापति महोदय, शिकारी आएगा, जाल बिछाएगा, दाना डालेगा, लोभ से फंसना नहीं। अभी घोषणा की गई, जो हमारा रेल का पुल बना, चाहे दीघा का हो, मुंगेर का हो, अधूरा हो और राज्य सरकार ने ताकत दी, पहले से वह बन रहा है। यहां दिखाते हैं कि हम बनाकर दिखा रहे हैं। अपने कार्यक्रम में नहीं

है यहां, इसलिए सरकार वचनभंगी है और यह गड्ढे में गिरेगा। इसलिए न हिंदू, न मुसलमान, न सिख न ईसाई, तू न हिंदू बनेगा, न मुसलमान बनेगा, हम इन्सान की औलाद हैं, हम इन्सान बनेंगे, देश की रक्षा करेंगे। हम भाईचार बढ़ाएंगे।

माननीय सभापति : नथिंग इज गोइंग ऑन रिकार्ड।

… (*Interruptions*)… *

* Not recorded.

*__श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर (दाहोद):__ आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के निर्देश पर माननीय वित्त मंत्री जी ने देश का जो लेखा-जोखा 2016-17 वित्त वर्ष का प्रस्तुत किया है, मैं उसका समर्थन करता हूँ कि यह बजट वास्तव में किसानों के हित में, गरीबों का जीवन स्तर सुधारने के लिए, गांवों में शहरी सुविधाएँ दिये जाने के बारे में है। इस सरकार के गठन के समय देश में महंगाई का माहौल था, जिस पर इस सरकार ने नियंत्रण किया है और देश की मुद्रास्फीति 9.4 से घटकर 5.4 हो गई है। आज हमारे देश में विदेशी मुद्रा भंडार 350 बिलियन अमेरीकी डॉलर है, जो अब तक सबसे अधिक है।

पहले की कृषि फसल बीमा योजना में किसानों को कोई विशेष फायदा नहीं होता था और किसानों को उनकी फसल का नाममात्र का मूल्य ही मिलता था, वह भी कई दिक्कतों के बाद, जिसके कारण कई किसान खेती-बाड़ी का धंधा छोड़कर अन्य धंधे की ओर जा रहे थे। इस सरकार ने किसानों की पीड़ा को समझा है और इसके लिए नई प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना को लागू किया है, जिसमें किसानों को कम प्रीमियम देना होगा और फसल के खराब होने की स्थिति में उन्हें अधिक से अधिक मुआवजा मिलेगा और फसल बीमा योजना के अंतर्गत राशि प्राप्त करने में जो कठिनाई आती थी, उसको इस सरकार ने दूर किया है। देश के किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने हेतु 9 लाख करोड़ रूपए की व्यवस्था की है, इससे किसानों को रियायती दर पर ऋण दिया जाएगा। सरकार ने ब्याज में छूट देने के लिए 15 हज़ार करोड़ की व्यवस्था की है। कई वर्षों से कई क्षेत्रों में पर्याप्त बरसात नहीं होने से सुखाड़ की स्थिति पैदा हुई है और किसानों को उनके खेतों में काम करने के बाद फसल बीच में ही खराब हो गई, इसके लिए सरकार ने देश में सिंचाई क्षमता को बढ़ाने के लिए कई प्रयास किये हैं। आज भी देश में 14 करोड़ 10 लाख हैक्टेयर कृषि भूमि में से केवल 46 प्रतिशत भूमि पर सिंचाई की व्यवस्था है। सरकार ने सिंचाई की सुविधा को बढ़ाने के लिए 12,517 करोड़ रूपए की व्यवस्था की है, साथ ही साथ सिंचाई की बंद इकाईयों को दोबारा चालू किये जाने का निश्चय किया गया। देश के तालाब और कुओं के निर्माण के लिए मनरेगा के अंतर्गत जारी राशि का दो-तिहाई हिस्सा दिये जाने का प्रावधान किया गया है। देश में 28 लाख कृषि हैक्टेयर भूमि को सिंचित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। देश में किसानों को अपनी जमीन को उपजाऊ बनाने के लिए 14 करोड़ किसानों को सॉयल हैल्थ कार्ड दिये जाने का वायदा किया है, जिससे किसान अपनी भूमि के बारे में जान पाएगा कि उसकी भूमि को किस तरह की खाद की आवश्यकता पड़ेगी और कौन सी फसल उसके खेत में ज्यादा होगी। देश में 17 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन किये जाने का निर्णय लिया गया, इससे किसानों को यूरिया प्राप्त होने में जो दिक्कत हो रही थी, वह दूर होगी।

* Speech was laid on the Table.

इस तरह से यह बजट कृषि के विकास के लिए सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए कृषि मंत्रालय के साथ कृषक कल्याण विभाग का गठन किया है। जो किसानों के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान में अपना योगदान देगा। कृषि कल्याण के लिए 38,984 करोड़ रूपए आवंटित किए गए हैं। देखा जाये तो पिछले साल की अपेक्षा इस बार कृषि का बजट दोगुना किया गया है, इससे किसानों की आय आने वाले पांच साल में दोगुनी होने की संभावना है। इसके लिए देश भर के किसान आरदणीय प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी का आभार व्यक्त कर रहे हैं।

भारत की आत्मा गांव में बसती है और गांव का विकास अगर अधूरा रहेगा तो देश का विकास नहीं होगा। देश के विकास का रास्ता गांव के रास्ते से ही जाता है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए माननीय मंत्री जी ने ग्रामीण विकास पर ज़ोर दिया है। गांवों में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए ग्राम पंचायत के लिए 2.8 लाख करोड़ रूपए आवंटित किये हैं, इससे प्रत्येक ग्राम पंचायत को 80-80 लाख रूपए ग्रामीण विकास के लिए मिलेगा। देश में गांवों को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधूरे काम को पूरा करने का निश्चय किया है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की शुरूआत की है, जो आम आदमी के लिए उपयोगी है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना जो पिछले साल शुरू की गई थी, उसमें देश की 21 करोड़ जनता ने खाता खोला है, जो पूरे वर्ल्ड में एक रिकॉर्ड है।

देश के करीब 70 प्रतिशत जनसंख्या अभी तक गांवों में निवास करती है, जिसमें अधिकतर गरीब लोग रहते हैं, जिनकी आय बहुत ही कम है और बीमारी की अवस्था में वे अपना इलाज ठीक ढंग से नहीं करवा पाते हैं। इस संबंध में सरकार ने अपने बजट में विशेष ध्यान रखा है, इसके लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को एक लाख रूपए की बीमा सुरक्षा प्रदान की है, जिसमें ग्रामीण व्यक्ति अपना इलाज ठीक ढंग से करवा सकते हैं। देश में गुर्दे की बीमारी तेजी से बढ़ रही है, हर साल दो लाख के करीब गुर्दे की बीमारी से ग्रस्त हो जाते हैं, इसके लिए सरकार ने हर जिले में डायलिसिस केंद्र बनाये जाने का प्रस्ताव रखा है, जहां पर गरीब व्यक्ति निःशुल्क डायलिसिस की सेवा ले सकते हैं।

देश के गरीब लोगों को एल.पी.जी. गैस कनेक्शन दिये जाने के लिए नये कदम उठाये हैं, जिसके अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे आने वाले 5 करोड़ लोगों को निःशुल्क गैस कनेकशन दिए जाएंगे और इस साल इस कार्य के लिए 2000 करोड़ रूपए की व्यवस्था की गई है। देश में ग्रामीण महिलाओं के नाम ये कनेक्शन दिए जाएंगे, इससे गांवों में रहने वाली महिलाओं को खाना बनाने के लिए लकड़ी बीनने और उसको जलाने से जो प्रदूषण होता है, उससे निजा़त मिलेगी।

देश में 645 जिले जनजाति बहुल्य क्षेत्र हैं, जहां पर जनजाति वर्ग के लोग अधिकांश रूप से जंगलों में रहते हैं। देश की जनसंख्या 8.2 प्रतिशत जनजाति वर्ग से है। परंतु उनकी सामाजिक एवं आर्थिक दशा काफी दयनीय है। सरकार ने इसके लिए विशेष प्रयास किये हैं, सरकार ने एस.टी. वर्ग की छात्राओं की स्कॉलरशिप के लिए 1200 करोड़ रूपए और वन बंधु योजना के लिए 600 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। वन बंधु योजना मेरे गृह राज्य गुजरात में लागू की थी वहां पर यह पूरी तरह सफल रही है, उसकी तर्ज पर इसे केंद्र स्तर पर लागू किया। सरकार ने एस.सी. एवं एस.टी. के युवा वर्ग के कौशल विकास के लिए 500 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है।

स्वच्छ भारत अभियान जो आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने डेढ़ वर्ष पूर्व शुरू किया था, जिसके अंतर्गत गांवों में शौचालय बनाने का कार्य तेजी से हो रहा है और देश के छात्राओं के प्राथमिक विद्यालय में 4 लाख पक्के शौचालय बनाये गये हैं। सरकार ने वन रैंक-वन पेंशन के माध्यम से देश की रक्षा करने वाले पूर्व जवानों को न्याय दिया है। देश में मुद्रा योजना में एक लाख करोड़ रूपए गरीबों को बांटे गये, जो एक ऐतिहासिक कार्य है और इस साल 3 करोड़ गरीब लोग लाभांवित होंगे।

The expansion of the soil health programme and the soil card scheme is recognition of the efforts launched by Tamil Nadu, which pioneered the soil health card programme. Our Hon'ble Chief Minister has welcomed the Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana but the budget allocation of Rs.5,500 crore appears grossly inadequate as the cost of farming and the loss of crop, if any, has a huge gap. Therefore, it is urged that the allocation under Pradhan Mantri Fascal Bima Yojana be increased, so that the Yojana can really become beneficial for the farming community. Coming to the part of agriculture, I must say that Government will have to raise allocation for the crop insurance schemes, as the gap between farmers' cost on farming and their loss, if any, is huge. Therefore, the

* Speech was laid on the Table

Government should take a note of it and allocate more for the crop insurance scheme, so that we can come to the rescue of several crores of our farmers who are the feeders of our nation when they suffer from any natural calamity.

Tax reforms made by the Government in the budget are indicative of giving a much required fillip to the housing sector. The industry has been expecting initiatives that can directly translate into benefits for the end consumer, thus increasing the velocity of transaction and improving the market sentiment. The additional tax exemption of Rs. 50,000 for the first time home buyers is certainly a welcome move and we can expect a far greater traction of growth in the affordable housing segment which is the need of the hour to ensure house for all.

*SHRI K. ASHOK KUMAR (KRISHNAGIRI):This is an another budget in which I am allowed to express my views. It is needless to mention here that if I am putting forward my view points on the budget for 2016-17 presented by the Hon'ble Finance Minister, it is because of our beloved leader and Hon'ble Chief Minister Idhaya Dheivam Puratchi Thalaivi Amma who sent this ordinary person to this august House to represent Krishnagiri Parliamentary Constituency in Tamil Nadu.

Now all are aware that our Hon'ble Chief Minister has said that this budget lacks flavour as it does not have any specific announcements of schemes which would have enthused different segments including the states. The budget also does not speak of the status of implementation of many schemes announced last year and the year before. The people in Tamil Nadu had higher expectations, which have not been met.

Our Hon'ble Chief Minister, however, has welcomed the scrapping of distinction between plan and non-plan expenditure and also welcomed the budget's emphasis on agriculture and the objective of doubling farm incomes in five years. The decision to do away with the plan and non-plan distinction with effect from 2017-18 onwards and focus instead on the revenue and capital outlays is in line with the suggestion made by our Hon'ble Chief Minister and our Hon'ble Chief Minister has welcomed it.

The fund allocations under the Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana towards uncompleted projects under the Accelerated Irrigation Benefit Programme would repeat the old error of skewing the fund allocations towards states which have a number of major and medium irrigation schemes pending completion, while depriving states like Tamil Nadu of funds, as they have already virtually exhausted the surface water irrigation potential, and accordingly our Hon'ble Chief Minister has expressed serious concern on it while reacting to the budget for 2016-17.

---

* Speech was laid on the Table

The budget provides for 100% foreign direct investment in food products. There is no doubt that the invasion of multinational companies into our food products segment would no doubt affect the domestic and traditional food product markets and, therefore, our Hon'ble Chief Minister has opposed such move.

Now the government after government following a pattern to levy cess on every items adding burden on the common people. Now there are several cess on many items and it now contributes to another way of taxing. Therefore, our Hon'ble Chief Minister has strongly opposed such move and wants such move should be stopped.

The enhanced allocation in road and highways sector by around 22% is definitely a positive for this sector. However, the privatization of road sector is not good move, and our Hon'ble Chief Minister has also opposed the privatization of road transport sector.

The banking sector, especially the public sector undertaking banks have been demanding infusion of capital to remain competitive in the market. However, the allocation for bank capitalization of 25,000 crore rupees is only a patch on the Rs.1,80,000 crores that the Economic Survey has identified as the need of this vital sector. The banking sector has a major role to play in spurring private investment which is lacking and without which the all-round economic revival is not a possibility. Therefore, the Government needs to think on it very seriously.

[*] DR. MAMTAZ SANGHAMITA (BARDHMAN DURGAPUR): The General Budget 2016-2017 placed by Hon. Shri Arun Jaitley apparently showing lots of concern regarding mass people mainly emphasizing on krishi and rural development needs appreciation.

New irrigation scheme, crop insurance, increasing funding for MNREGA and increasing budgetary allotment in MNREGA is appreciable. But, there are many places remained left out or unattended which is hampering general public interest. This is slowing down India's growth well being.

There is increase in number of senior citizen population in Indian scenario but there is very little allocation for welfare of senior citizens. The middle and lower middle class won't get any relief from this Budget. Taxation of PF return will pinch the entire salaried class. Moreover, there is very little provision of tax relief for the individual tax payers. Tax on petrol and service taxes will be extra burden for middle class. 2% excise duty on readymade garments, 1% on petrol, LPG and CNG, 2.5% on diesel cars, 4% on higher capacity vehicles will exercise duty of 1% (without Central Vat credit) or 12.50% (with Central vat credit) on artificial jewelry etc will pinch the pocket of middle class as well as small businessmen, auto and taxi drivers etc.

Health is wealth. Physically and mentally healthy citizen is directly involved in nation building and directly and indirectly responsible of production of the country.

Unfortunately, the health sector, allocation is neglected in the present Budget.

India's per capita spending on health care is lowest among BRICS countries. This Government is not taking health sector judiciously. Being concerned about dialysis Centre is welcome but there is much more needy issues which are almost forgotten in this Budget. We all know India's main non-communicable health issue is cardiovascular disease and diabetes. Budget

[*] Speech was laid on the Table.

allocation regarding taking their problem and low cost health care forcibly is almost absent in this Budget. Another burning issue which is increasing health service burden and cost is cancer specially cancer of genital tract and breast in women and cancer of lung etc. mostly in male. These diseases taking lives of almost crore people of our country. This sector is not mentioned at all in this Budget.

Another pillar of make in India is education. Budgetary allocation of education does not really reflect priority of mass education and top priority. Education budget may come down lower than last year's allocation. It is already less than 6% of GDP which is the minimum demand from education sector.

Sarvasiksha Abhiyan is running out of fund, budget allocation was curtailed in previous budget and yet this budget does not show any improvement.

More Novodaya Vidyalayas are to be introduced but what about policies or allotments for existing Government and Government sponsored institutions?

Ten private and ten public higher institution will be upgraded to World class level. Maybe a good gesture but it will only be beneficial for limited number of students.

Allocation promise of Rs. 1804 crore for skill development is insufficient in respect of demography, work force need.

Announcement regarding Digital Literacy Mission for rural India is a good idea. But we must remember how far it is feasible for rural India public to make use of this technology in recent future.

For healthy living in this world, we must maintain our forest lands and its habitats, clean environment. Unfortunately, in the last budget there was rather budget cut in this sector. There is not much mention in this budget also.

Hope, the Finance Minister's many new projects should come up fruitful but unless vast public is benefited by more allotments for previous ventures and allotment for service and work, health and education all will go in vein.

डॉ. तापस मंडल (रणघाट) : सभापति महोदया, भोला सिंह जी ने कहा है कि प्रधानमंत्री जी और खासकर अर्थमंत्री जी ने बत्ती जलायी है और सभी जगह पर वह बत्ती जलती रहती है। लेकिन यह बत्ती बिहार तक पहुंची है और उसके बाद पश्चिम बंगाल तक यह नहीं पहुंची है। इस बजट से हमारे राज्य के हित में तो कुछ नहीं हुआ है, लेकिन मैं आशा करता हूँ कि अगले वर्ष में जब बजट की घोषणा होगी तो उस समय हमारे राज्य पर केन्द्रीय सरकार ध्यान देगी। आपका मैं बहुत ही आभार व्यक्त करता हूँ कि आपने मुझे इस विषय पर बोलने का अवसर दिया।

What was the expectation from this Budget 2016-17? Expectations in the domain of personal taxation, expectations for home buyers, expectations in the domain of TDS limit, structural reforms expected from this Budget, path of fiscal consolidation which was an important aspect, expectations surrounding the National Pension Scheme—all these expectations are not being fulfilled. Partly, a section of the society can gain something but major share of the society is deprived of getting the benefits from this current Budget, 2016-17.

That is why, our Finance Minister of West Bengal, Shri Amit Mitra told that the Budget was directionless, and this is a Budget without any vision. This Budget is not people-centric, and there is nothing in the Union Budget for West Bengal.

I want to highlight some important aspects in relation to agriculture and farmers' welfare for which the Government has allocated a considerable fund of Rs.35,984 crore. Among these, 28.5 lakh hectares of land will be brought under irrigation; five lakh acres to be brought under organic farming over a three-year period; Rs.60,000 crore for recharging of ground water in India; Dedicated Irrigation Fund in NABARD with Rs.20,000 crore; and nominal premium and highest ever compensation in the case of crop losses under the PM Fasal Bima Yojana.

The Finance Minister, Shri Arun Jaitely in his 'Make in India' Budget speech laid more emphasis on agriculture and farmers' welfare with an aim to double the farmers' income in the next five years. He laid thrust on the rural sector

and social sector, including health care, educational skills and job creation to make India a knowledge based productive economy. He announced various allocations to agriculture and farmers' welfare sector with a total expenditure of Rs.35,984 crore. He also made announcements on infrastructure investment to enhance quality of life and bring financial sector and governance reforms to reduce compliance burden.

He added that nominal premium is also being implemented from this Budget. As key States including West Bengal gear up for assembly elections, it was not surprised that agriculture took the top slot in Finance Minister's Budget for 2016-17. In his speech, Jaitley said that India was a bright spot in the global economy as he outlined his nine focus areas with social programmes and rural development taking at number 2 entry slots.

With agriculture being the main stage of economy in States like West Bengal, Modi's Government thrust on rural development is bound to boost BJP in the poll-bound States and that is why they focus mainly on agriculture. Rising rural distress after back to back drought and having heavy defeat in Bihar have upset the calculus. The Government estimates that four of 10 Indians rely directly on farming for their livelihood.

Jaitley also assured that the Government intended to double the income of the farmers in coming five years. He told a unified agriculture platform will be dedicated to the nation on the Birth Anniversary of Dr. B.R. Ambedkar. The Government all the time is talking about Ambedkar; they take the name of Ambedkar; but they are not doing much for the people of Ambedkar. I request him to allocate proportionate funds for SC/ ST Sub Plans and place them everywhere in social strata – service sector, education sector, etc. The Government should secure their livelihood and respect them in a true way. By doing these things – not by installing monuments and memorials – they can really respect Dr Ambedkar. If you respect the down-trodden people, the depressed classes, SC/ST communities

and improve the budgetary allocation for them, that will be the right way to respect Dr. Ambedkar.

The Government all the time gives emphasis on looking towards Eastern India. But what has the Government given to Eastern India, especially to West Bengal, the gateway of Eastern India? We have a long legitimate demand of setting up of a Central Agricultural University in West Bengal. But this has not been taken up by the Government. West Bengal is the right place for setting of such a university because it has good agricultural productivity. Almost all crops can be grown there and even in some of the horticulture crops West Bengal plays a leading role. Therefore, I urge upon the Union Finance Minister that when he is going to announce the next Budget, he should ensure that West Bengal gets a Central Agriculture University for the benefit of the people of the State.

Similarly, there is a need for Central Horticulture University. Some States of the Indian Union have Central Horticulture Universities. But in spite of West Bengal's position and contribution in the production of vegetables, flowers and fruits, there is no such university in my State.

If we compare the State of West Bengal with other advanced States of the Indian Union, the number of ICAR institutes is much less in West Bengal. So, we urge upon the Union Government to set up more institutes and sub-centres of CRIDA, IIHR, IIVR, Rice Research Institutes, etc. in West Bengal for boosting up agriculture production.

Another important thing, not relating to agriculture, is Nabadwip birthplace of Mahaprabhu Shri Chaitanya and renowned Vaishnav Dham. This should be taken up as a national heritage city. But that is also neglected by the Central Government. So, I once again request the Central Government to look into the matter and accord national heritage town status to Nabadwip Dham.

HON. CHAIRPERSON: Dr. Mandal, please conclude.

DR. TAPAS MANDAL: Madam, please give me two minutes.

A successful Budget is one which can benefit an economy, that too in such a way that all citizens are equally benefited. This Government's Budget is not for all. So, they should try to satisfy the aspirations of all sections of the people and also try to satisfy the aspirations of the people of West Bengal.

HON. CHAIRPERSON: Dr. Mandal, please conclude.

DR. TAPAS MANDAL : Yes.

Lastly, I ask a question to the Union Minister. The Union Government presents the Union Budget every year. Will the Union Budget 2016 be able to stop farmers' suicide in India? The number of suicides committed by the farmers is ever increasing. So, some decisions in regard to certain matters need to be taken by the Government so that the percentage of suicides by farmers can be reduced subsequently and we can enter into a society where there will be no such incidents.

HON. CHAIRPERSON: Shri Gajendra Singh Shekhawat.

Please conclude now.

DR. TAPAS MANDAL: Madam, please give me two minutes.

HON. CHAIRPERSON: You have to complete in half a minute, not two minutes.

DR. TAPAS MANDAL: India has a serious problem. Indian farmers continued to take lives as monsoon failed in certain parts of India for the second straight year in a row. Parts of Andhra Pradesh, Maharashtra, Telangana and Odisha have been severely affected on account of poor monsoon and this has led to a continuous streak of farmers' suicide. Therefore, the Government has to focus on farmers' problems.

HON. CHAIRPERSON: Shri Gajendra Singh Shekhawat.

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) : सभापति महोदया, मैं माननीय वित्त मंत्री जी के बजट का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी को, माननीय वित्त मंत्री जी और वित्त राज्य मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था जो अधोगति की तरफ जा रही थी, उसे गति देकर उसकी दिशा को परिवर्तित करने का काम किया है।

महोदया, जब देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी में विश्वास व्यक्त किया, उसके बाद तीस साल बाद पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनी। पूरे विश्व में जिस तरह का आर्थिक परिदृश्य उस समय था, अमेरिका भारी मंदी के दौर से गुजरने के बाद उबर रहा था। यूरोप में जर्मनी जैसे देश को छोड़ कर बाकी सारे देश गम्भीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे थे या उन देशों में बेलआउट की स्थिति थी। एशिया की तरफ दृष्टि डालें तो चीन जिसने लगातार पिछले दस वर्षों तक डबल डिजिट ग्रोथ दर्ज की थी, वह गम्भीर आर्थिक संकट से गुजर रहा था। हम सब ने देखा था कि चीन ने अपनी मुद्रा का अवमूल्यन पिछलें तीस साल में नहीं किया था, एक सप्ताह में लगातार दो बार उसे अपनी मुद्रा का अवमूल्यन करना पड़ा था। उस स्थिति में जब गम्भीर आर्थिक चुनौती का दृश्य हमारे सामने था तो माननीय प्रधानमंत्री जी की सरकार के सामने दो तरह के अवसर थे। मैं रेगिस्तान का प्रतिनिधित्व करता हूं, जैसलमेर और जोधपुर का प्रतिनिधित्व करता हूं और ऊंट हमारे यहां सामान्यतः पाया जाता है। जब कभी भी ऊंट के सामने गम्भीर चुनौती आती है और वह तब आती है जब बहुत तेज आंधी चलती है। आंधी के साथ मिट्टी उड़ती है और ऊंट के सामने अपने अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाता है, क्योंकि उसने नथुनों से मिट्टी अंदर चली जाती है। उस समय ऊंट के सामने उस चुनौती को स्वीकार करने के लिए एक ही ऑप्शन होता है कि या तो वह उड़ती हुई मिट्टी को अपने नथुनों में ले और मौत का वरण करे या अपने सिर को जमीन में छिपाकर उस आंधी और तूफान के गुजर जाने का इंतजार करे।

ठीक वैसी स्थिति के बारे में हिंदुस्तान के पुराणों में अनेक जगहों पर कहा गया है कि जब कबूतर अपने सामने संकट देखता है तो वह अपनी आंखे बंद कर लेता है। वह यह देखता है कि मैं संकट को नहीं देख सकता हूं तो शायद संकट भी मुझे नहीं देख पा रहा होगा। ऐसी स्थिति इस देश के सामने भी थी और माननीय प्रधान मंत्री जी के सामने उस चुनौती के समय ऐसी स्थिति थी, जब उनके सामने दो विकल्प थे कि या तो वह ऊंट की तरह मुंह को मिट्टी के नीचे दबाकर बैठ जाते और उस गंभीर चुनौती, उस तूफान, उस आर्थिक संकट को जो विश्व के सामने खड़ा है, उसके निकल जाने का इंतजार करते। दूसरा रास्ता बहुत चुनौतियों और कांटों से भरा हुआ था कि वह उन चुनौतियों का सामना करते हुए इस गंभीर अर्थ

संकट को एक अवसर के रूप में स्वीकार करें, एक चुनौती के रूप में स्वीकर करके इसे एक अवसर के रूप में देखे।

सभापति महोदया, मैं सदन के इस पटल से धन्यवाद देना चाहता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस चुनौती के रास्ते को स्वीकार किया। मैं गांव से आता हूं और वहां यह कहा जाता है कि जिस मरीज को बहुत सारे हकीम और वैद्य देखने लग जाएं, उसकी मृत्यु सुनिश्चित है। इस देश की अर्थव्यवस्था के साथ भी यही स्थिति थी। बहुत सारे अर्थशास्त्री, मैं उनका नाम नहीं लेना चाहूंगा, प्रधान मंत्री जी से लेकर वित मंत्री से लेकर उसके अलावा भी कई सारे अर्थशास्त्री पिछले दस सालों से इस देश की अर्थव्यवस्था को लीड कर रहे थे। उन्होंने ऐसी स्थिति खड़ी की थी, जो उस बेचारे मरीज, जिसका बहुत सारे हकीम मिलकर इलाज करते हैं और वह मृत्यु की शय्या तक पहुंच जाता है, उसकी ऐसी स्थिति थी। उस स्थिति से उबारकर इस देश की अर्थव्यवस्था को जहां आज पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है कि अर्थ संकट के जिस दौर से विश्व गुजर रहा है, उस संकट के दौर में केवल और केवल भारत एक ध्रुव तारे की तरह चमकता हुआ सबको दिखाई दे रहा है। यह जो दिशा और दशा का परिवर्तन किया है, यह दिशा और दशा का परिवर्तन ही इस सरकार की सबके बड़ी उपलब्धि है। जो अधोगति की तरफ जाती हुई अर्थव्यवस्था थी, उसे इस गंभीर चुनौती और गंभीर संकट के समय में भी उसका दिशा परिवर्तन करते हुए पूरी दुनिया में एक चमकते हुए सितारे के रूप में भारत को खड़ा किया है। महोदया, मैं उसके लिए इस सरकार, माननीय प्रधान मंत्री, माननीय वित्त मंत्री और माननीय वित्त राज्य मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूं।

इस सदन में लगातार दो दिन बजट पर चर्चा हो रही है और सब लोगों ने इस बारे में बात की कि यह बजट कृषि को समर्पित है। यह बजट केवल कृषि को समर्पित नहीं है, यह बजट गांव को समर्पित बजट है, चूंकि जैसा मैंने कहा कि मैं किसान के परिवार से आता हूं और 25 साल से सार्वजनिक जीवन में काम करता हूं। इंजीनियर अपने बेटे को इंजीनियर बनाना चाहता हूं, डाक्टर अपने बेटे को डाक्टर बनाना चाहता है, इस सदन में अनेक वकील हैं, उन्होंने अपने बेटों को वकील बनाया होगा। इस सदन में अनेक ऐसे व्यक्ति भी हैं, जिन लोगों ने अपने बेटों को राजनीतिक विरासत सौंपने का काम किया होगा। इस सदन में बहुत सारे ऐसे लोग भी हैं, जिन्होंने अयोग्य होते हुए भी अपने बेटे को राजनीतिक विरासत सौंपने का काम किया होगा। लेकिन आज तक मुझे 25 साल में एक भी किसान ऐसा नहीं मिला, जो अपने बेटे को किसान बनाना चाहता हो। क्योंकि किसान और कृषि का दर्द कोई नहीं समझ सकता। किसान के नाम पर इस देश में राजनीति की जाती थी। 65 साल तक इस देश के किसानों का आर्थिक शोषण करके, उनका राजनीतिक शोषण करके इस देश के किसानों को एक राजनीतिक गोटी के रुप में काम लिया गया। जब देश आजाद हुआ तो 75 प्रतिशत लोग कृषि कार्य पर निर्भर थे। अर्थव्यवस्था में 50 प्रतिशत योगदान कृषि

क्षेत्र से जुड़ा हुआ था, लेकिन दुर्भाग्य से 65 साल गुजर जाने के बाद आज वह योगदान केवल 12 प्रतिशत रह गया। इस सदन में कृषि क्षेत्र पर चर्चा हुआ, इस सदन में अनेक बार किसानों की बदहाली पर चर्चा हुई। इस 16वीं लोक सभा में अनेक बार इस विषय पर चर्चा हुई, लेकिन पहली बार किसी सरकार ने इस देश की कृषि व्यवस्था और इस देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और नवजीवन का संचार करने का काम किया है।

महोदया, इस सरकार ने तीन बजट प्रस्तुत किए। पहला बजट जो पूरक बजट के रूप में प्रस्तुत किया और दूसरा बजट पिछले साल प्रस्तुत किया और यह तीसरा बजट है। मैं इन तीनों बजट को यदि एक साथ देखता हूं, एक साथ एक अम्ब्रैला व्यू की तरह देखता हूं तो मुझे स्वामी विवेकानंद की याद आती है। विवेकानंद जी ने मंत्र दिया था - उत्तिष्ठ जाग्रत, आगे बढ़ते रहे, लक्ष्य की प्राप्ति तक आगे बढ़ते रहें।

महोदया, उन्होंने कहा कि उठो, जागो और आगे लक्ष्य की प्राप्ति तक बढ़ते रहो। अतः उठने के लिए, जैसा मैंने कहा, जिस दिन हमारी सरकार बनी थी, उस दिन ऐसी स्थिति थी कि हमारी अर्थव्यवस्था सुसुप्त अवस्था में थी और उस मरीज की तरह थी, जो बहुत सारे हकीमों के इलाज के कारण से सुसुप्त अवस्था में चला गया है। उसको जागृत किया, उस बजट के माध्यम से हमने एक नवचेतना का संचार किया, पूरे विश्व में इस बात का संदेश दिया कि भारत की अर्थव्यवस्था अब किसी दूसरे के भरोसे नहीं चलेगी। भारत की अर्थव्यवस्था को भारत की अर्थव्यवस्था के मूल बिन्दुओं को समझते हुए वापस खड़ा करने का काम यह सरकार करेगी।

जब दूसरा बजट प्रस्तुत किया गया तब हमने स्पष्ट संदेश दिया कि अब भारत की अर्थव्यवस्था चलने को तैयार है। जब तीसरा बजट दिया तब हमने इस बात का केवल भारत ही नहीं, पूरे विश्व को संकेत दिया है कि भारत की अर्थव्यवस्था अब चल पड़ी है और पूरा विश्व इस बात को मानता है कि भारत सम्भावनाओं के द्वार पर खड़ा है। भारत आर्थिक दृष्टिकोण से विश्व का नेतृत्व करने के लिए तैयार खड़ा है।

मैं बहुत सारा धन्यवाद देते हुए, मैं आँकड़ों की बाजीगरी नहीं करूँगा, न मुझे शब्दों की बाजीगरी आती है, मैं केवल दिल की बात करता हूँ। मैं केवल जनरल पब्लिक परस्पेशन की बात करता हूँ। जिस तरह का परसेप्शन समाज में बना है, जिस तरह का परसेप्शन देश में बना है, पूरा देश आज इस बात के लिए वाहा वाही करता है, पूरा देश इस बात के लिए धन्यवाद कर रहा है और इस बात का विश्वास कर रहा है कि भारत आने वाले समय में माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में विश्वगुरू बनकर विश्व की आर्थिक शक्ति बनकर खड़ा होगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

*श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द): मैं सरकार को बधाई एवं आभार व्यक्त करता हूँ कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व एवं आदरणीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी ने भारत को वर्ष 2016-17 का एक दूरदर्शी (विजनरी) एवं प्रगतिशील (प्रोग्रेसिव) बजट प्रदान किया है। इस बजट में भारत की वर्तमान की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ आने वाले समय में आर्थिक दृष्टि से एक मजबूत राष्ट्र बनाकर दुनिया के सामने प्रस्तुत हो, ऐसी व्यवस्था दी है। इस बजट का संक्षेप में अगर परिचय दिया जाये तो कहा जा सकता है कि वर्ष 2015-16 की अर्थव्यवस्था में 7.6 प्रतिशत की तेजी से वृद्धि हुई है। वैश्विक मंद अर्थव्यवस्था में भारत ने नये आयाम स्थापित किये हैं और इसकी सराहना आई.एम.एफ. द्वारा की गई है। गत दो वर्षों में मानसून की 13 प्रतिशत कमी के बावजूद एवं प्रतिकूल वैश्विक परिस्थितियों में भार ने बेहतर वृद्धि प्राप्त की है। विदेशी विनिमय, आरक्षित निधि लगभग 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंची है। वर्ष 2015-16 में 14वें वित्त आयोग के अवार्ड के परिणामस्वरूप राज्यों को 55 प्रतिशत अधिक अंतरण के बावजूद आयोजना व्यय पूर्व के वर्षों की तुलना में संशोधित अनुमान स्तर पर वृद्धि हुई है।

यहां यह उल्लेख करना चाहूंगा कि सरकार ने अपने बजट में निम्न क्षेत्रों में विशेष रूप से संवेदनशीलता दर्शायी हैः- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, अस्पताल व्यय के बचाव के लिए नई स्वास्थ्य बीमा योजना, बी.पी.एल. परिवारों के लिए रसोई गैस कनेक्शन की सुविधा

जिला सुधार कार्यक्रम को जारी रखते हुए सेवा कर विधेयक एवं शोधन अक्षमता तथा दिवालियापन कानून पारित किया जाना सुनिश्चित करना। निम्नलिखित महत्वपूर्ण सुधार कार्यक्रम प्रांरभ करनाः- पात्र लोगों तक लाभों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आधार मंच को सांविधिक समर्थन प्रदान करना, परिवहन क्षेत्र को बाधाओं और प्रतिबंधों से मुक्त करना, गैस अन्वेक्षण और पर्यवेक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए बाजार सुगमता प्रदान करना, वित्तीय संस्थाओं की समस्याओं के समाधान के लिए समग्र कानून का अधिनियमन, ऐसा कानूनी ढांचा प्रदान करना ताकि पी.पी.पी. परियोजनाओं और लोक उपयोगिता संविदाओं में विवाद समाधान और दोबारा बातचीत करके निर्णय लिया जा सके, एफ.डी.आई. निधि में महत्वपूर्ण बदलाव लाना और महत्वपूर्ण बैंकिंग क्षेत्रों में सुधार और साधारण बीमा कंपनियों की पब्लिक लिस्टिंग प्रारंभ करना।

उपरोक्त आर्थिक सुधारों की दृष्टि से उठाये गये कदमों के साथ-साथ सरकार ने राष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में आम जन तक सुविधा पहुंच सके, इस हेतु मजबूत कदम बढ़ाये हैं, जिन क्षेत्रों में ये कदम उठाये

* Speech was laid on the Table.

गये हैं, उनका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार हैः- कृषि एवं किसान कल्याणः- कृषि एवं किसान कल्याण हेतु 35,984 करोड़ रूपए का आवंटन करना, हर खेत को पानी और सिंचाई सुविधा को बेहतर बनाने के लिए ''प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना'' को एक मिशन के रूप में लागू किया जाना और इसके अधीन 28.5 लाख हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना। पूर्व में 89 सिंचाई परियोजनाएं जो काफी समय से अपूर्ण रही है, का ए.आइ.बी.पी. के अंतर्गत त्वरित क्रियान्वयन, नाबार्ड के माध्यम से 20 हज़ार करोड़ रूपए की निधि से समर्पित दीर्घावधिक सिंचाई निधि सृजित किया जाना, भू-जल संसाधनों के सतत प्रबंधन के लिए बहु-पक्षीय निधियन हेतु 6000 करोड़ रूपए का प्रावधान रखना, 5 लाख फार्म, तालाबों और कुओं तथा जैविक खाद उत्पादन के लिए 10 लाख कंपोस्ट गड्ढों का निर्माण मनरेगा के माध्यम से प्रारंभ करना, 14 करोड़ फार्म जोत को मार्च 2017 तक मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्कीम में शामिल करना, उर्वरक कंपनियों के 2000 मॉडल्स की खुदरा केंद्रों को अगले 3 वर्षों में मृदा एवं बीज परीक्षण सुविधा उपलब्ध कराई जाना, जैविक खाद को बढ़ावा देने के लिए परंपरागत कृषि विकास योजना और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में जैविक मूल्य श्रृंखला का विकास करना, ई-प्लेट फार्म के माध्यम से थोक बाज़ारों के लिए ई-बाज़ार व्यवस्था स्थापित करना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आवंटन बढ़ाकर 19 हज़ार करोड़ रूपयों का प्रावधान करना, वर्ष 2019 तक शेष रही 65 हज़ार पात्र बस्तियों को सड़क से जोड़ना, वर्ष 2016-17 में 15 हज़ार करोड़ रूपए का प्रावधान कर किसानों को ऋण अदायगी में ब्याज सहायता हेतु सहयोग करना,

प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी किसानों के लिए समर्पित फसल बीमा योजना के तहत 5500 करोड़ रूपए का आवंटन करना, (ई-पशुधन संजीवनी), (नकुल स्वास्थ्य पत्र), (ई-पशुधन हाट), (राष्ट्रीय देशी नस्ल), (जेनामिक केंद्र) इन डेरी परियोजनाओं हेतु 8850 करोड़ रूपए का प्रावधान करना।

ग्रामीण क्षेत्र के विकास हेतुः- 87700 करोड़ रूपए ग्रामीण विकास हेतु प्रावधान रखना, ग्रामीण एवं नगरपालिकाओं को सहायता अनुदान के रूप में 2.87 लाख करोड़ रूपए (14वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप दिया जाना), दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय मिशन के रूप में सूखाग्रस्त और ग्रामीण आपदा से ग्रस्त प्रत्येक ब्लॉक में काम किया जाना, मनरेगा के लिए 38,500 करोड़ रूपए की राशि आवंटित करना, 300 ग्रामीण शहरी कलस्टर का विकास, श्यामा प्रसाद मुखर्जी को ग्रामीण शहरी मिशन के तहत करना, 01 मई, 2018 तक 100 प्रतिशत ग्रामीण विद्युतीकरण, केंद्रीय प्रायोजित स्कीमों के क्रियान्वयन एवं मोनिटरिंग हेतु लोकसभा सांसद की अध्यक्षता में जिला स्तर की समितियां गठित किया जाना, खुले में शौच से मुक्त योजना वाले गांवों को पुरस्कृत करने के लिए केंद्रीय प्रायोजित स्कीमों का प्राथमिकता के आधार पर आवंटन करना, अगले 3 वर्षों में लगभग 6 करोड़ और परिवारों को ग्रामीण भारत के लिए एक नया

डिजीटल साक्षरता मिशन में शामिल करना, राष्ट्रीय भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण का नवीनीकरण किया जाना, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान (नामक स्कीम के लिए 655 करोड़ रूपए का प्रावधान करना)

स्वास्थ्य देखभाल सहित सामाजिक क्षेत्रों में विकास हेतुः- विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जन-जन तक स्वास्थ्य एवं सामाजिक उत्थान हेतु लाभों को पहुंचाना।

शिक्षा के क्षेत्र में 62 नये नवोदय विद्यालय प्रारंभ करना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु सर्वशिक्षा अभियान, 10 सरकारी एवं 10 निजी संस्थाओं को विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थाओं के रूप में विकसित करना, उच्च शिक्षा, वित्तीय पोषण हेतु 1000 करोड़ रूपए का प्रावधान करना।

कौशल विकास हेतु 10804 करोड़ रूपए का आवंटन करना, 1500 बहुकौशल प्रशिक्षण संस्थाओं को स्थापित करना, उद्योग और अकादमी की भागीदारी से राष्ट्रीय कौशल विकास प्रमाणन बोर्ड की स्थापना करना एवं गहन ऑपन ऑनलाईन पाठ्यक्रम के माध्यम से उद्यमी शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना।

रोज़गार सृजनः- ई.पी.एफ. में अपना नामांकन करने वाले सभी नये कर्मचारियों को रोज़गार के प्रथम 3 वर्षों के लिए 8.33 प्रतिशत के अंशदान का भुगतान करने हेतु 1000 करोड़ रूपए का प्रावधान, 2016-17 के अंत तक राष्ट्रीय कैरियर सेवा के तहत 100 मॉडल केंद्र शुरू करना।

अवसंरचना और मिशनः- मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निवेश में विशेष रूप से विभिन्न योजना के माध्यम से सरकार ने अपने इस वर्ष के बजट में बहुत ही आकर्षक राशि का आवंटन किया है।

आर्थिक दृष्टि से पूरे विश्व में मंदी का दौर चल रहा है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में भी सरकार के इस बजट में वित्तीय क्षेत्रों में सुधार हेतु मजबूत कदम उठाया गया है। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने हेतु अभिशासन और कारोबार में आसानी प्रदान करने के लिए विभिन्न कदम उठाये गये हैं। राजकोषीय घाटा संशोधित अनुमान 2015-16 और बजट अनुमान 2016-17 में क्रमशः 3.9 और 3.5 प्रतिशत रहा है। यह दर्शाता है कि सरकार ने वित्तीय प्रबंधन में बहुत ही सूझबूझ का परिचय दिया है। विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं में खर्च के बावजूद भी राजकोषीय घाटा निश्चित सीमा में रखने में सरकार सफल हुई है।

इन प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा के साथ-साथ सरकार ने और बहुत से महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं, जिनको निम्न प्रकार रेखांकित किया जा सकता हैः-छोटे करदाताओं को राहत प्रदान करना, रोजगार और विकास को बढ़ावा देना, मेक इन इंडिया कार्यक्रम में महत्वपूर्ण कदम उठाना, पेंशन प्राप्त समाज को बढ़ाने की दृष्टि से आकर्षक योजना की स्थापना करना, सस्ते आवास निर्माण को बढ़ावा देना, कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था तक स्वच्छ पर्यावरण हेतु अतिरिक्त संसाधन जुटाना, कराधान में निश्चितता प्रदान करना, करों का सरलीकरण और यौक्तिकीकरण, जवाबदेही निश्चित प्रौद्योगिकी का प्रयोग करना।

इन सभी क्षेत्रों में माननीय वित्तमंत्री जी ने अपनी समझ और दूरदर्शिता प्रदर्शित करते हुए वर्ष 2016-17 का जो बजट प्रस्तुत किया है, वह एक तरफ हमारे राष्ट्र का अंतिम छोर पर निवास करने वाले व्यक्ति से लेकर आर्थिक दृष्टि से, व्यवसायिक दृष्टि से राष्ट्र को मजबूत करने वाले उद्योगपतियों को विकास के विभिन्न अवसर प्रदान करता है और सभी के लिए एक मुक्त वातावरण में अपने आपको आर्थिक दृष्टि से मजबूत करने के नये रास्ते खोले हैं। यहां हम यह कह सकते हैं कि भारत आन वाले समय में अपनी समस्याओं का समाधान पाकर आर्थिक युग के इस वैश्विक दौड़ में नये कीर्तिमान स्थापित करने की ओर अग्रसर हुआ है। मैं इस बजट को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए एक बार पुनः प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री महोदय का आभार व्यक्त करता हूं।

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : सभापति महोदया, माननीय वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया है, मैं उसका समर्थन करने के लिए और उसके पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। मैं समझता हूँ कि जब दुनिया भर में आर्थिक बदहाली चल रही है, ऐसे समय देश की अर्थव्यवस्था को बनाए रखना और जीडीपी को बढ़ाना, यह इस सरकार का बधाई वाला काम है। मैं सरकार को बधाई देता हूँ जिन्होंने जीडीपी को 7.5 प्रतिशत तक रखा है। जब यह सरकार बनी, उस समय मोदी साहब की सरकार ने देश के लोगों के सामने कुछ कमिटमेंट्स कीं, सबका साथ-सबका विकास, मेक इन इन्डिया, स्किल इन्डिया, कॉपरेटिव फेडरलिज्म, जन-धन योजना, प्रधान मंत्री मुद्रा योजना, इन योजनाओं से देश के लोगों को एक नया परिवर्तन दिखाई दिया। पहले जो देश का विकास मॉडल था, उससे कुछ लोगों के पास धन इकट्ठा हो रहा था। इस देश में अमीर और अमीर हो रहा था और गरीब और ज्यादा गरीब हो रहा था। इन योजनाओं से धन आम लोगों के पास गया और मैं समझता हूँ कि देश के लोगों की इस सरकार से जो अपेक्षाएं थीं, वे पूरी हुईं। इस बजट में विशेष तौर से मैं कहना चाहता हूँ कि इसमें गाँव का ध्यान रखा गया है, किसान का ध्यान रखा गया, गरीब का ध्यान रखा गया और खास तौर से किसानी, जो बैकबोन ऑफ इकोनॉमी मानी जाती है, किसान के लिए जो फसल बीमा योजना लेकर आए, वह बहुत अच्छी योजना है। प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के लिए 28 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया है, यह बहुत अच्छा है। अब तक जो 46 परसेंट भूमि की सिंचाई होती है, इससे अब 80 परसेंट भूमि की सिंचाई हो पाएगी और इससे किसान आर्थिक बदहाली से दूर होगा।

मैं ऐसा समझता हूँ कि अभी भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। यह मरहम-पट्टी तो हुई है, मगर किसान डेड बॉडी के रूप में चला गया है, उसको जीवित करने के लिए कुछ उपाय करने होंगे। इसके बारे में मैं कुछ सुझाव माननीय वित्त मंत्री जी को देना चाहता हूँ। सबसे पहले मेरी बात तो यह है कि जब तक किसान को कर्ज से मुक्त नहीं किया जाएगा, तब तक उसे जितनी मर्जी सहूलियतें दी जाएं, वे उसके कुछ काम नहीं आएंगी। सर छोटू राम ने कुछ उपाय बताए थे कि वन टाइम सेटलमेंट कर दो। जो कैपिटल एमाउंट है, उनसे उतना ले लो। उसको बार-बार परेशानी न हो, एक बार उसे कर्जमुक्त कर दिया जाए तो मैं समझता हूं कि जिंदगी भर देश के लोग मोदी साहब की सरकार का एहसान नहीं भूलेंगे।

दूसरी बात, मैं समझता हूं कि कृषि घाटे में जा रही है। कोई समाज सुधारक कहते थे कि उत्तम खेती, मध्यम व्यापार, निखद चाकरी। देश की जीडीपी में कृषि का 52 पर्सेंट शेयर था। अब यह केवल 12 पर्सेंट रह गया है। मैं समझता हूं कि कोई एक्सपर्ट की कमेटी वित्त मंत्री जी बनाएं, जो यह संभावनाएं ढूंढ़े कि खेती कैसे लाभदायक हो सकती है या कृषि को कैसे हम लाभकारी बना सकते हैं, इसके लिए एक्सपर्ट

कमेटी बननी चाहिए। कम से कम स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिश पर, जो दाम उन्होंने तय करने का फार्मूला दिया है, वह माना जाए तो किसान बच पाएगा।

मैं एक सुझाव देना चाहता हूं। जैसे रेलवे बजट अलग बनता है, कृषि का बजट भी उसी तरह अलग होना चाहिए। इससे किसानों को और अच्छा मौका मिलेगा। यह जो डाइवर्सिफिकेशन की बात है, कम पानी की, वन ड्रॉप वन क्रॉप की बात माननीय प्रधानमंत्री जी ने कही है। इसको प्रैक्टिकल करने के लिए जो फसलें कम पानी मांगती हैं, जैसे बासमती है, उसको तुसाद करना चाहिए। बासमती तुसाद होगी अगर उसके लिए कोई मार्केट बनेगी। हमारी बासमती 14-15 सौ रूपए प्रति क्विंटल पर खरीदी गई। व्यापारियों ने इसे 3 हजार रूपए प्रति क्विंटल तक बेचा। अगर बासमती ट्रेड कारपोरेशन बन जाए, तो यह बहुत अच्छा होगा।

ऐसे ही सिंचाई को इन्फ्रास्ट्रक्चर में लेना चाहिए। सिंचाई सबसे महत्वपूर्ण है। अगर सिंचाई को बुनियादी ढांचे में ले लेंगे तो इसके लिए वक्रे फांडे होंगे और बारिश के पानी संभाला जाएगा तो मैं समझता हूं कि आप जो करना चाहते हैं, वह हो पाएगा।

एक्सपोर्ट-इंपोर्ट के लिए हमारे पंजाब में इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट बाघा पर बनी है। उससे बहुत ही लिमिटेड वस्तुएं बाहर जाती हैं। जब समुद्री रास्ते से तीन सौ के करीब वस्तुएं बाहर जा सकती हैं तो सड़क आवाजाही से कम वस्तुएं, केवल 60 या 65 ही क्यों जाती हैं? मैं यह पूछना चाहता हूं। इसका कोई न कोई सोल्यूशन ढूंढ़ना चाहिए।

दूसरा, "मेक इन इंडिया" में बहुत अच्छी बातें कही हैं। मेरी कांसटीट्युएंसी नंगल में एनएफएल का कारखाना है। उसमें गैस की व्यवस्था है, पाईप लगे हुए हैं, जमीन है, बिल्डिंग बनी हुई है। केवल 250 करोड़ रूपए ही चाहिए, गारंटी के तौर पर ही दे दीजिए। 250 करोड़ में 6,000 करोड़ रूपए के कारखाने की एक्सपेंशन हो सकती है। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर का सारा यूरिया जो हम इंपोर्ट करते हैं, वह इस कारखाने में बन सकता है।

दूसरा, गुरूगोविन्द सिंह का जन्मदिन राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने का सरकार ने फैसला किया है, जो 350वां जन्मदिन है। मैं कहना चाहता हूं कि आज देश में जो सबसे अच्छी जगह है, जो सुटेबल जगह है, टूरिस्ट रेंज है सबके लिए, वह आनंदपुर साहिब है। उसके लिए जो सौ करोड़ की व्यवस्था की है, उससे वहां कोई आफिशियल ट्रेड या एकैडमी, सैरगाह के लिए कोई अच्छा टूरिज्म का कांप्लेक्स बनाया जाए, मैं समझता हूं जिससे वहां रिलीजियस लोग जा सकें।

कई बार हाउस में बात हुई है कि जंगली जानवरों से बहुत नुकसान होता है। उसके लिए हम कई बार कह चुके हैं कि आधे पैसे हमारी सरकार पा देगी, आधे पैसे सेंटर पा दे। मैं समझता हूं कि जालीदार

तार जब तक खेतों के लिए किसानों को नहीं मिलते, तब तक किसानों के खेत बच नहीं पाएंगे। जानवर फसल खराब कर देते हैं। इसके लिए मैं जरूर कहना चाहता हूं कि इसकी इसमें व्यवस्था की जाए।

लास्ट में, हम सब लोग देश की सुरक्षा की बात करते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि जब तक बार्डर स्टेट्स को आप मजबूत नहीं करेंगे, देश की सुरक्षा के जितने मर्जी उपाय कर लें, सफल नहीं हो पाएंगे। इसलिए बार्डर स्टेट्स को स्पेशल इंसेंटिव दिया जाए। बार्डर स्टेट्स के लिए इंडस्ट्री लगाने के लिए ध्यान देना होगा। ...(व्यवधान) वहां के जो डाक्टर डर से नहीं जाते हैं, मास्टर स्कूलों में नहीं जाते, उनके लिए स्पेशल इंसेटिंव दिया जाए। आपने बहुत अच्छी बात की है, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जो रूरल अर्बन स्कीम लेकर आए हैं। आप 300 क्लस्टर्स बनाने जा रहे हैं, पंजाब में सबसे पहले फोकल प्वाइंट बने थे, उसके लिए भी मैं कहना चाहता हूं कि कुछ स्पेशल इंसेटिव होने चाहिए। जो गांवों में इन्होंने किया, पीएमजीएसवाई के लिए जो सड़कों की चौड़ाई है, उसके नार्म्स चेंज होने चाहिए, ताकि हम उसका फायदा उठा सकें, सभी प्रदेश उसका फायदा उठा सकें। मैं बजट का समर्थन करता हूं। धन्यवाद

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) : सभापति महोदया, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। सबसे पहले, पूरे देश की चहुंमुखी प्रगति के लिए, एक समग्र रूप लिये हुए सरकार ने बजट पेश किया, विशेष रूप से गांवों की खुशहाली के लिए और किसानों के कल्याण के लिए जो बजट पेश किया गया है, उसके लिए मैं देश के करोड़ देशवासियों की तरफ से अपने आदरणी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, वित्तमंत्री श्री जेटली जी और राज्य मंत्री श्री सिन्हा जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। मुझे यह विश्वास है कि महात्मा गांधी जी की आत्मा प्रधानमंत्री जी और अपने देश की सरकार को बहुत आशीष दे रही है क्योंकि महात्मा गांधी ने वर्ष 1936 में लिखा था कि प्रत्येक देशभक्त का सबसे पहला कर्तव्य गावों के पुनर्निमाण का है, किसानों की खुशहाली का है। जब महात्मा गांधी जी को यह विश्वास हो गया कि यह कांग्रेस उनकी सोच की नहीं है, उनके विचारों की नहीं है, उनका रास्ता बदल गया। बहुत लोगों को यह मालूम होगा कि महात्मा गांधी जी को लगा कि इस कांग्रेस को बर्खास्त कर देना चाहिए और उनकी दूरदर्शिता सही सिद्ध हुई। वर्ष 1950 से वर्ष 2010 तक जब हम कुछ देशों की आपस में तुलना करते हैं - जर्मनी और जापान द्वितीय विश्व युद्ध में लगभग खत्म हो गये थे, वर्ष 1948 में इजरायल एक नया देश बना और वर्ष 1947 में भारत आजाद हुआ।

सभापति महोदया, मैं इस सदन की जानकारी के लिए कुछ बताना चाहता हूं कि वर्ष 1950 में पर कैपिटा इनकम इंडिया, इजरायल, जर्मनी और जापान चारों देशों में सबसे ज्यादा थी। इंडिया की पर कैपिटा इनकम 353 यूएस डालर थी। इजरायल की पर कैपिटा इनकम 318 यूएस डॉलर, जर्मनी की पर कैपिटा इनकम 236 यूएस डॉलर, जपान की पर कैपिटा इनकम 349 यूएस डॉलर थी, लेकिन वर्ष 2010 में इंडिया की पर कैपिटा इनकम 353 यूएस डॉलर से बढ़ कर केवल 470 डॉलर हुयी, इजरायल की पर कैपिटा इनकम 34 गुना बढ़ कर 16070 यूएस डॉलर हो गयी, जर्मनी की पर कैपिटा इनकम 48 गुना बढ़ कर 22,470 यूएस डॉलर हो गयी और जापान की पर कैपिटा इनकम 72 गुना बढ़ कर 34,010 यूएस डॉलर हो गयी। इस देश के नेतृत्व ने गांवों के लिए, किसानों के लिए और मजदूरों के विकास की बात कभी नहीं सोची। उसका यह परिणाम हुआ कि इस देश में कभी दुनिया के लोग पढ़ने आते थे, यहां के लोग बाहर बाहर पढ़ने जाने लगे। मेरे बागपत लोक सभा क्षेत्र के लाखों माननीय मतदाताओं की तरफ से भी मैं सरकार का धन्यवाद करना चाहता हूं कि दशकों की उपेक्षा के बाद बेचारे चातक पक्षी की तरह से आकाश की तरफ देखते रहे, कि शायद स्वाति नक्षत्र की कोई बूंद उनके मुंह में पड़ेगी, लेकिन पिछले 60 वर्षों में कभी इस क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया गया। यह पहली सरकार है, जिसने बागपत क्षेत्र के लिए हमारी रेल लाइन का दोहरीकरण किया, विद्युतीकरण के लिए घोषणा की और एक नयी रेल लाइन दी।

सभापति महोदया, मैं यहां माननीय सदस्यों द्वारा कही गई किसी भी बात को रिपीट नहीं करूंगा ताकि कम समय में अपनी बात को रख सकूं और आंकड़ों के मकड़ जाल में भी नहीं फंसूंगा। लेकिन देश के हित में, इस राष्ट्र के निर्माण के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, वह बात मैं आपके सामने रखना चाहता हूं। जैनियों के तीर्थंकर ऋषभनाथ ने एक बात कही थी कि अगर कोई समाज तरक्की करना चाहता है, आगे बढ़ना चाहता है तो उसके लिए तीन बातें बहुत जरूरी है - असी, मसी और कृषि, शिक्षा, सुरक्षा और कृषि। शिक्षा अच्छी होगी तो स्वास्थ्य अच्छा होगा, शिक्षा अच्छी होगी तो पारदर्शिता आयेगी, शिक्षा अच्छी होगी तो हमारे महाविद्यालयों में विश्वविद्यालयों में देश विरोधी नारे नहीं लगेंगे। अगर शिक्षा अच्छी होगी तो इस देश की संस्कृति के विरुद्ध किताबें नहीं लिखी जायेंगी, आर्टिकल नहीं लिखें जायेंगे। शिक्षा से संबंधित बजट को लगभग छः प्रतिशत बढ़ाया गया है। आदरणीय वित्त मंत्री जी यहां पर बैठे हैं, मैं उनको बहुत धन्यवाद देता हूं, पर देश के अंदर शिक्षा की स्थिति अभी भी बहुत भयावह है। आज हमारे सरकारी आंकड़े कहते हैं कि 60 लाख बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं और हम कहते हैं कि हमारे पास केवल 37 प्रतिशत लोग अनपढ़ हैं।

15.00 hours

ये सरकारी आंकड़े कहते हैं लेकिन वर्ल्ड बैंक का रिकार्ड, यूएनडीपी कहता है कि हिन्दुस्तान में 70 प्रतिशत लोग अनपढ़ हैं। यह देश कहता है कि जिसे नाम लिखना आता है, दस्तखत करने आते हैं, वह पढ़ा-लिखा है लेकिन वर्ल्ड कहता है कि पढ़ना आना चाहिए, लिखना आना चाहिए, थोड़ा-बहुत गणित भी आना चाहिए। उसके हिसाब से देश के 70 प्रतिशत लोग अभी अनपढ़ हैं। 88 प्रतिशत लोग ड्रॉप आउट करते हैं। केवल मात्र 12 प्रतिशत लोग कॉलेज में जाते हैं। इस देश के 38 प्रतिशत ग्रैजुएट साइंस, कॉमर्स, मैनेजमैंट, मेडिकल इंजीनियरिंग और लॉ पढ़ते हैं। वर्ल्ड में तीन हजार वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम्स हैं और इस देश में 400 हैं। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 30 करोड़ लोग बेरोजगार हैं। केवल चार करोड़ लोगों ने ही अपने को रजिस्टर किया है। हमारी इंजीनियरिंग, आईआईटीज, यह गंभीर रूप से सोचने की बात है कि चौदह साल, 2001 से दिसम्बर 2014 तक हमारी आईआईटीज़, इंजीनियरिंग कॉलेज में मिलाकर दुनिया में 127 पेटैंट प्राप्त किए गए जबकि अमरीका की केवल एक एमआईटी ने 2,155 पेटैंट प्राप्त किए। मैं वित्त मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि प्राइमरी एजुकेशन, हायर एजुकेशन में और ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षा इस देश के कल्याण के लिए मूलभूत बात है।...(व्यवधान)

महोदया, मुझे थोड़ा और समय दीजिए। मैं अपनी बात नहीं कह रहा हूं, देश की बात कह रहा हूं। मुझे समय देकर आपको भी पुण्य मिलेगा।...(व्यवधान)

15.02 hours (Shri K.H. Muniyappa *in the Chair*)

हम आज सुबह राइट ऑफ चिन्ड्रन टू फ्री एंड कम्पलसरी एजुकेशन की बात कर रहे थे। लेकिन इस कानून के अंदर ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि अगर मां-बाप अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे तो उन पर कोई दंड लगेगा। स्टेट गवर्नमैंट, सैंट्रल गवर्नमैंट काम नहीं करेगी तो दंड लगेगा। इसमें ऐसा प्रावधान करने की जरूरत है। जब तक इस देश में कम्पलसरी एजुकेशन नहीं होगी कि जो मां-बाप अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे, उन्हें दंड मिलेगा, तब तक कुछ नहीं होगा। ऐसी एजुकेशन लाने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा इन्वैस्टमैंट करना पड़ेगा।

हमारे दोस्त शेखावत जी स्वामी विवेकानंद की बात कर रहे थे। मुझे महर्षि दयानंद याद आते हैं। उन्होंने कहा चाहे राजकुमार हो या राजकुमारी, चाहे दरिद्र की संतान हो, सबको तुल्य वस्त्र, खान-पान, आसन दिए जाने का राज नियम और जाति नियम होना चाहिए। पांचवे और आठवें वर्ष से आगे लड़के-लड़कियों को पाठशाला अवश्य भेजें। जो न भेजे, वह दंडनीय हो। इस प्रकार का विधान करने की जरूरत है। हमें शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ज्यादा बजट देने की जरूरत है।...(व्यवधान)

दुनिया की टॉप टैन ऑनैस्ट कंट्रीज में एक बात कॉमन है। वह यह है कि वहां वैल्यु बेस्ड यूनिफार्म एजुकेशन है। क्या हम कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक जैसा सलेबस, एक जैसा करिकुलम नहीं कर सकते? क्या यह देख नहीं सकते कि आज अलग-अलग तरह के केन्द्रीय विद्यालय चल रहे हैं? क्या इस देश में इस प्रकार की शिक्षा व्यवस्था नहीं हो सकती? शिक्षा और स्किल डैवलपमैंट बढ़ाने के लिए, स्किल डैवलपमैंट के लिए केवल 1900 करोड़ रुपये दिए गए हैं।...(व्यवधान)

मैं कृषि के बारे में बात करना चाहता हूं। मैं वित्त मंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि बजट बहुत बढ़ाया गया। इरीगेशन में 88 प्रतिशत बजट बढ़ाया गया। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि जो फसल बीमा योजना की गई, अगर किसानों की सभी बातों के लिए एक बीमा योजना, जैसे पशुधन का नुकसान होता है, किसान बीमार होता है, उसके घर को नुकसान होता है, जब हम कभी विदेश जाते हैं तो वहां के लिए केवल मात्र एक ही बीमा होता है, क्या किसानों के लिए हम एक बीमे की सोच नहीं रख सकते। मैं इसके लिए आदरणीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करूंगा।

मैं एक और निवेदन करना चाहता हूं। मैं बागपत क्षेत्र से आता हूं। यह बहुत जरूरी बात है।मेरे बागपत्र क्षेत्र में अभी भी 396 करोड़ रुपये चीनी मिलों द्वारा किसानों को देना है क्या 400 करोड़ रुपये हम किसानों को डॉयरेक्ट नहीं दे सकते, जब 19,000 करोड़ रुपये इन्ट्रेस्ट माफ कर सकते हैं, क्या हम किसानों के फायदे के लिए नहीं कर सकते? मैं इसके लिए विशेष रूप से निवेदन करता हूं। सरकार को

अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। काम अभी बाकी है और हुर के नूर का दीदार अभी बाकी है। बहुत धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, there is a long list of many Members who want to speak. If you conclude within five minutes all the Members will get an opportunity to speak; otherwise, more than 50 per cent of the Members cannot get the opportunity. May I request you to kindly take not more than five minutes. If there are substantially very important points, you can take them up and I have no objection. But the time is very short. We should let all the Members get an opportunity.

*डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): देश के माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी एवं वित्त मंत्री आदरणीय श्री अरूण जेटली जी का मैं हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं, क्योंकि एन.डी.ए. सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट लंबे समय के बाद देश का आम बजट लीक से हटकर दिखायी दिया है, जिसमें लोक-लुभावन घोषणाओं के स्थान पर बजट को कृषि एवं किसानों पर केंद्रित किया गया है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री खेत सिंचाई योजना, किसानों के विकास हेतु कृषि ऋण, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़कों का जाल बिछाने एवं मनरेगा पर ज़ोर दिया गया है।

वर्ष 2018 तक सभी गांवों में बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य सरकार की ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कराने की योजना का एहसास कराता है।

बजट में समाज के गरीब तबकों का विशेष ध्यान रखा गया है। सरकार ने गरीब महिलाओं को कुकिंग गैस उपलब्ध कराने की जो योजना बनायी है, उसमें गरीब महिलाओं खासकर ग्रामीण महिलाओं को चूल्हा जलाने में लगभग 1 घंटे में 400 सिगरेट के बराबर धुआं झेलना पड़ता है, महिलाओं को इससे बचाने के लिए सरकार गरीब परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन देगी। इसके लिए वर्ष 2016-17 में बी.पी.एल. परिवारों के डेढ़ करोड़ परिवारों को फायदा होगा। इस योजना से युवाओं को रोज़गार भी उपलब्ध होंगे।

आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लोगों के लिए सरकार ने आवास योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत गरीबी रेखा सूची से नीचे रह रहे परिवारों को मकान देने के लिए 20 हज़ार 75 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है, जिसका गरीब वर्ग के लोगों ने हृदय से स्वागत किया है।

बजट में किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लक्ष्य के लिए कृषि क्षेत्र के लिए लगभग 36 हज़ार करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है तथा इसके साथ किसानों को 9 लाख करोड़ रूपए का ऋण बांटने का लक्ष्य तय हुआ है, जो पिछले वर्ष 8.5 लाख करोड़ रूपए था। किसानों के कर्ज के बढ़ते बोझ को ध्यान में रखते हुए कृषि ऋण पर ब्याज में छूट के लिए 15 हज़ार करोड़ का प्रावधान किया गया है।

माननीय प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री फसल योजना के लिए 5 हज़ार 5 सौ करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है। इसमें बहुत ही कम प्रीमियम दर पर किसानों की फसलों का बीमा होगा और फसल खराब होने पर अधिकतम मुआवजा मिलेगा।

प्रधानमंत्री सिंचाई बीमा योजना के माध्यम से ''पर ड्रॉप पर क्रॉप'' योजना के अंतर्गत सिंचाई योजना के माध्यम से कृषि को लाभकारी बनाने की पहल बजट के द्वारा की गयी है।

---

* Speech was laid on the Table.

प्रधानमंत्री कृषि विकास योजना के अंतर्गत 3 साल में 5 लाख एकड़ जमीन को जैविक खेती के अंतर्गत लाया जाएगा। राष्ट्रीय मृदा परीक्षण के अंर्तत 2017 तक 14 करोड़ किसानों को मिट्टी परीक्षण और स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किए जाएंगे। इन सभी योजनाओं के माध्यम से 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की सरकार की योजना है।

कृषि हमारे देश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार है। जब खेती में उपज अच्छी होती है, तब किसान फसल को लेकर बाज़ार में जाता है और प्राप्त पैसों से ट्रैक्टर खरीदने, मकान खरीदने, बेटे-बेटी को उच्च शिक्षा के लिए भेजने, वाहन खरीदने आदि का कार्य करता है, जिससे बाज़ार में मांग बढ़ जाती है। मांग बढ़ने से उद्योग-धंधों के कल-कारखानों के पहिए तेजी से घूमने लगते हैं एवं देश औद्योगिक विकास की ओर बढ़ने लगता है। लेकिन, फसल अच्छी नहीं आने पर जब किसान मायूस होकर बैठ जाता है तो अर्थव्यवस्था के विकास का पहिया थम जाता है।

सरकार ने इसी भावना को ध्यान में रखकर बजट को कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर केंद्रित किया है, जिसमें किसानों के साथ ही साथ ग्राम पंचायतों को भी विकास की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अब शहर ही नहीं गांव भी स्मार्ट और समृद्ध बने, वहां पर अच्छी सड़के हो, स्वच्छ पानी हो, साफ-सुथरे स्कूल हों, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन हों तथा मनरेगा के माध्यम से रोज़गार के अवसर भी गांव में उपलब्ध हों, इससे गांव का पूरा कायाकल्प तो होगा ही साथ ही गांवों से लोगों का पलायन भी रूकेगा और गांव सर्व सुविधा संपन्न भी होंगे।

देश के गांवों को रोज़गार से लेकर डिजीटल तक विकास की दौड़ में आगे कर गांवों को डिजीटल इण्डिया की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए गए हैं, जिसमें पंचायतों को 80-80 लाख रूपए पंचायत के विकास के लिए मिलेंगे। इसके लिए सरकार ने बजट में 655 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है, जिसका ग्रामीण जनता के द्वारा तहेदिल से स्वागत किया गया है।

बजट में सरकार ने इस बार एम्स जैसे बड़े अस्पताल खोलने की घोषणा तो नहीं की, लेकिन गरीबों के लिए एक लाख रूपए की स्वास्थ्य बीमा योजना तथा हर जिल में डायलिसिस केंद्र की स्थापना करने का निर्णय और तीसरी जेनेरिक दवाओं की देश में लगभग 3 हज़ार दुकानों के माध्यम से सस्ती दवाएं उपलब्ध कराए जाने का निर्णय स्वागतयोग्य है।

बजट में सरकार ने युवाओं को रोज़गार दिलाने के उद्देश्य से देशभर में 1500 बहुकौशल प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करने का निर्णय लिया है। इसके लिए 17 करोड़ रूपए का प्रावधान भी किया गया है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से युवाओं को इससे जोड़ने के लिए स्टार्ट अप कंपनियों को 5

वर्षों में से 3 वर्षों तक अर्जित किए गए लाभ पर 100 प्रतिशत कर कटौती लाभ की घोषणा से योजना को आगे बढ़ने में काफी बल मिलेगा।

स्किल इण्डिया मिशन का उद्देश्य मानव आबादी का लाभ उठाना है। इसके अंतर्गत 76 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। अगले तीन वर्षों में एक करोड़ युवाओं को कुशल बनाने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना को उन्नत बनाने का प्रस्ताव स्वागतयोग्य है।

पहला घर खरीदने वालों के लिए 35 लाख रूपए तक के ऋण पर 50 हज़ार रूपए की अतिरिक्त कटौती का लाभ मिलेगा। किराए के मकानों पर कटौती की सीमा भी 20 हज़ार रूपए से बढ़ाकर 60 हज़ार रूपए की गयी है। इसका भी मध्यमवर्गीय समाज के द्वारा हृदय से स्वागत किया गया है।

शिक्षा के अवसरों को बढ़ाने के लिए देश के सभी राज्यों में समस्त विकास खंडों में केंद्रीय विद्यालय प्रारंभ किए जाने की आवश्यकता है।

[*]**डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार):**माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली द्वारा प्रस्तुत आम बजट वर्ष 2016-17 का मैं हृदय से स्वागत करता हूं। मेरा पूर्ण विश्वास है यशस्वी प्रधानमंत्रीश्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सुशासन, गरीबी उन्मूलन, सामाजिक आर्थिक परिवर्तन, रोजगार सृजन का नया अध्याय लिखने में यह बजट महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। चाहे वह गरीबी उन्मूलन हो, पर्यटन का क्षेत्र हो, नयी सामाजिक पहल हो, मानव संसाधन विकास हो, ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण और प्रबंधन की बात हो, या फिर संसाधन जुटाने का प्रश्न हो, अथवा प्रबंधन प्रणालियों में गुणात्मक सुधार की बात हो। सभी क्षेत्रों में माननीय वित्त मंत्री ने अपनी दूरदर्शिता, नियोजन क्षमता, नेतृत्व और अद्भुत प्रखरता का परिचय दिया है । यह बजट अन्त्योदय के विचार को प्रतिपादित करते हुए एकात्म मानवतावाद के सिद्धांतों पर टिका है। भारत के महान विचारक पं0 दीनदयाल उपाध्याय के शब्दों में - ***हेगेल ने थीसिस, एंटी थीसिस और संश्लेषण के सिद्धांत को आगे रखा, कार्ल मार्क्स ने इस सिद्धान्त को एक आधार के रुप में इस्तेमाल किया और इतिहास और अर्थशास्त्र के अपने विश्लेषण को प्रस्तुत किया, डार्विन ने योग्यतम की उत्तरजीविता के सिद्धांत को जीवन का एकमात्र आधार माना लेकिन हमने इस देश में सभी जीवों की मूलभूत एकात्मकता देखा है ।*** अगर देखा जाये तो इस बजट की प्रत्येक योजना समाज के अंतिम व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक जीवन में परिवर्तन लाने के उद्देश्य से बनायी गयी है । इन महत्वाकांक्षी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कर समृद्ध व श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना की गयी है ।

मेरा मानना है कि किसी भी महत्वाकांक्षी योजना के लिए **एक स्पष्ट दृष्टिकोण और कार्ययोजना के सृजन और क्रियान्वयन** की अत्यन्त आवश्यकता होती है। सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि इन दोनों का बेहतर समावेश कैसे हो। इस बजट में इन दोनों का विशिष्ट समन्वय स्थापित कर मा. वित्त मंत्री जी ने समृद्ध राष्ट्र निर्माण के स्वप्न को साकार करने की अद्वितीय पहल की है। आज जबकि पूरा विश्व अनिश्चितता, निराशा के वातावरण में जीने को मजबूर है, भारत विश्व परिदृश्य में एक नई उम्मीद, आशा, उमंग और नए उत्साह का संचार करता नजर आता है। विश्व के आर्थिक विशेषज्ञ भारत की तुलना एक दैदीप्यमान केन्द्र के रुप में कर रहे हैं । *सबका साथ सबका विकास* के मूलमंत्र को लेकर समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचने की कवायद अब रंग लाने लगी है।

जहां एक ओर हम विश्व की सबसे तेजी से बढती हुई सकल घरेलू उत्पाद दर 7.6 प्रतिशत पर गर्व कर सकते हैं वहीं आर्थिक सुधारों का परिणाम है कि हम चीन को पीछे छोडने में सक्षम हुए हैं। मुद्रास्फीति की दर को 5.6 प्रतिशत तक रोक कर महंगाई नियंत्रित करने में अभूतपूर्व सफलता पाई है। देश

---

[*] Speech was laid on the Table.

में एक नए कीर्तिमान के रुप में 350 बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा रिजर्व में है जो कि हमारी सफल आर्थिक नीति का प्रतिबिम्ब हैं।

माननीय वित्त मंत्री जी ने 9 स्तम्भों के आधार पर इस वर्ष के सफल बजट की आधारशिला रखी है। वे इस प्रकार हैं (1) कृषि (2) सामाजिक कार्यक्रम (3) ग्रामीण विकास (4) शिक्षा एवं कौशल विकास (5) ढांचागत विकास (6) वित्तीय सुधार (7) व्यापार करने में सुविधा (8) वित्तीय अनुशासन (9) टैक्स सुधार। इस बजट के जिन तीन चार क्षेत्रों को सबसे ज्यादा महत्व दिया गया है वे हैं (1) कृषि क्षेत्र, (2) ग्रामीण क्षेत्र, (3) ढांचागत अवस्थापना विकास, और (4) सामाजिक क्षेत्र

मनरेगा योजना के लिए पहली बार 38,500 करोड़ रुपये की रिकार्ड राशि आवंटित की गयी है । जबकि 2015 में यह राशि 34,699 करोड़ थी और इससे पूर्व वर्ष 2014 में यह राशि 33000 करोड़ थी। बीपीएल परिवारों के लिए एल पी जी कनेक्शन हेतु 2000 करोड़ की राशि का आवंटन किया गया है। भारत स्वच्छता अभियान के लिए 9000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। अगले दो वर्षो में 05 करोड़ (गरीबी रेखा से नीचे) लोगों को एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जायेगा। चूल्हे में खाना पकाने के दौरान एक घंटे में इतना प्रदूषण होता है जितना चार सौ सिगरेटों के धुंए से होता है। गरीब लोगों को जैनरिक औषधियां उपलब्ध कराने के लिए तीन हजार जल औषधि केन्द्र खोलने का लक्ष्य रखा गया है ।

एससी/एसटी और महिला उद्यमियों को स्टैंडअप इंडिया योजना के तहत नए उद्यम लगाने के लिए पांच सौ करोड़ की राशि का आवंटन किया गया है । इससे 2.5 लाख उद्यमियों को लाभ मिलेगा। पंचायती राज्य संस्थानों को सुदृढ़ करते हुए सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 655 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को गांव-गांव तक ले जाने के लिए राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता अभियान की शुरुआत की गयी है । जिसके तहत अगले तीन वर्षो में 6 करोड़ ग्रामीण लोगों को आच्छादित करने की योजना है । देश में गरीबों के लिए 3.4 करोड़ डायलसिस सेशनों की आवश्यकता है। सरकार द्वारा राष्ट्रीय डायलसिस सेवा कार्यक्रम के तहत पीपीपी मोड पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सभी जिला अस्पतालों में डायलसिस केन्द्र खोले जाएंगे । लागत में कमी लाने के लिए डायलसिस की मशीनरी को कस्टम ड्यूटी एवं एक्साइज ड्यूटी में छूट देने का प्रावधान किया गया है ।

प्रधानमंत्री जी महत्वाकांक्षी योजना मुद्राबैंक के तहत 2.5 करोड़ लोगों को एक लाख करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया गया। इसे आने वाले वर्षो में इसे 90 प्रतिशत बढाकर एक लाख 80 हजार करोड़ करने का लक्ष्य रखा गया है ।

कौशल विकास के तहत 1500 नए कौशल विकास केन्द्र खोले जाने का प्रावधान है जिसके लिए 1700 करोड़ रुपये की धनराशि का आवंटन किया गया है । उद्यमिता विकास की नयी पहल के अंतर्गत 2200 महाविद्यालयों, 300 विद्यालय, 500 आईटीआई तथा 50 वोकेशनल (रोजगारोन्मुख तकनीकी) केन्द्रों में प्रशिक्षण दिया जायेगा। सर्वशिक्षा अभियान के तहत अगले दो वर्षो में देश में 62 नए नवोदय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव है । उच्च शिक्षा, वित्त पोषण के लिए एक हजार करोड़ रुपये के निवेश से एक एजेंसी का गठन किया गया है जिसके तहत शिक्षण संस्थाओं में ढांचागत विकास को बढावा दिए जाने की योजना है ।

सभी छात्रों, अध्यापकों, उच्च शिक्षण संस्थानों की सुविधा के लिए सभी प्रमाण पत्रों का ऑनलाइन जमा कोष बनाने का प्रावधान है जिससे कि सुगमतापूर्वक सभी प्रमाण पत्रों की प्राप्ति हो सकेगी। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत अगले तीन वर्षो में एक करोड़ युवाओं को रोजगार दिए जाने का प्रस्ताव है। जिसके लिए रोजगार प्रमाणन विकास एजेंसी का राष्ट्रीय बोर्ड स्थापित किया जायेगा। 1700 करोड़ रुपये की लागत से देश में 1500 नए कौशल विकास केन्द्र स्थापित किए जाने की योजना है । देश में मॉडल 100 रोजगार केंद्रों की स्थापना की जायेगी एवं सभी दुकानों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खुले रखने की व्यवस्था पर विचार किया जायेगा।

इतिहास इस बात का गवाह है कि पहली बार भारत में अवस्थापना विकास को इतना महत्व दिया गया है। पिछले कांग्रेस सरकार के 10 वर्षो के कार्यकाल हमारे गत दो वर्षो के कार्यकाल के सामने फीके हैं । रेल और सड़क अवस्थापना के लिए 218000 करोड़ की व्यवस्था की गयी है । संपूर्ण देश का 01 मई, 2018 तक विद्युतीकरण का लक्ष्य रखा गया है जिसके लिए 8500 करोड़ की व्यवस्था की गयी है। वर्ष 2016-17 में 10 हजार कि0मी0 राष्ट्रीय राजमार्गो को स्वीकृति दिए जाने का प्रावधान किया गया है । यह कार्य पिछले दो वर्षो के समूचे काम से कहीं अधिक है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न राज्यों के 50 हजार कि0मी0 राज्यमार्गो को राष्ट्रीय राजमार्गो में उन्नयन किए जाने का प्रस्ताव है । राजमार्ग क्षेत्र में 8300 कि0मी0 के 70 प्रोजेक्ट विभिन्न कारणों से लंबित पड़े थे । सरकार के अथक प्रयासों से 85 प्रतिशत प्रोजेक्टों को पुनः प्रारम्भ कर दिया गया है । राष्ट्रीय जल मार्गो के विकास के लिए 800 सौ करोड़ की धनराशि आवंटित की गयी है । देश में 160 हवाई अड्डे हैं जिन्हें 50 से 100 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित किया जा सकता है । सरकार इनमें से कुछ हवाई अड्डों को सरकारों के साथ मिलकर विकसित करेगी। इसके अतिरिक्त, 10 गैर-परिचालित हवाई अड्डों पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ विकास किया जायेगा।

यह संयोग नहीं बल्कि हमारी दिन-रात के परिश्रम का नतीजा है कि गत दो वर्षो में यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने इस बात को महसूस किया कि समृद्ध किसान समृद्ध भारत का आधार है। देश की प्रगति में किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हमारी सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं । सरकार ने सर्वाधिक कोयला उत्पादन किया, सर्वाधिक बिजली उत्पादित और वितरित की तथा सर्वाधिक एलईडी बल्वों का वितरण किया ।

हमारी सरकार का मानना है कि किसान देश की खाद्य सुरक्षा की रीढ़ है। बजट में कृषि क्षेत्र के विकास के लिए एवं कृषक कल्याण के लिए 35,984 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लिए 28.5 लाख हेक्टेयर भूमि का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 89 सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से अगले वर्ष 17 हजार करोड़ रुपये व्यय करने की योजना है जबकि अगले पांच साल में 86 हजार 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है । अगले पांच वर्षो में देश के कृषकों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा गया है । दीर्घकालिक सिंचाई कोष की स्थापना की जायेगी जिसके लिए नाबार्ड के सहयोग से 20 हजार करोड़ का कारपस बनाए जाने की योजना है । परम्परागत कृषि विकास योजना के तहत 5 लाख एकड़ की भूमि पर आर्गेनिक खेती करने का लक्ष्य रखा गया है जिसके लिए 412 करोड़ की व्यवस्था की गयी है । स्वायल (मृदा) हेल्थ कार्ड देश के 14 करोड़ किसानों की भूमि की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिए जाने के लिए मार्च, 2017 का लक्ष्य रखा गया है। कृषि ऋण के लिए 8.5 लाख करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। स्वच्छ भारत अभियान के दौरान जमा कचड़े को कम्पोज्ड खाद बनाने के लिए विशेष योजना बनायी गयी है । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 5500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। पशु धन संजीवनी सहित देश में पशुधन विकास के लिए 850 करोड़ रुपये का प्रावधान है जिसके तहत देशी नस्लों का संवर्धन, संरक्षण और विकास किए जाने की योजना के अतिरिक्त् पशु स्वास्थ्य एवं ई-पशु धन हाट की व्यवस्था की जायेगी।

देश के करोड़ों लोगों के पास रहने के लिए छत नहीं है। यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री जी ने न केवल इस समस्या की गम्भीरता को महसूस किया बल्कि समस्या के निराकरण हेतु एक रोडमैप तैयार किया गया है । भारत में करोड़ों बेघर लोगों को सिर के ऊपर छत उपलब्ध कराने के लिए एन.डी.ए. सरकार अपनी महत्वाकांक्षी योजना ***"सभी के लिए आवास"*** के क्रियान्वयन के लिए संकल्पबद्ध है। **हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी की अगुवाई में हर व्यक्ति को छत देने का हमारा अभियान संपूर्ण विश्व के लिए नये मानदंड स्थापित करने में सहायक होगा। दो करोड़ नये घर बनाना अपने आप में एक नया कीर्तिमान है।** इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2022 तक यह सुनिश्चित किया जायेगा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के सभी लोगों को आवास उपलब्ध हो सके। समाज के आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग एवं कम आय वर्ग के लिए एक

लाख से 1.8 लाख तक की सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान है। मध्यम वर्ग को लाभ पहुंचाने हेतु हाउसिंग ऋणों का सरलीकरण एवं अधिक टैक्स की रियायतें देने की योजना बनायी गयी है। इसी श्रृंखला में राष्ट्रीय आवास बैंक के कॉरपस को बढाने का निर्णय भी लिया गया है । योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु हाउसिंग बैंक को 8000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

आज जब विश्व आर्थिक मंदी से जूझ रहा है। आतंकवाद दिन-प्रतिदिन अपनी विकरालता के साथ मानवता के लिए चुनौती बनकर खड़ा है, भुखमरी, गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी से राष्ट्र त्रस्त है। ऐसे में देश का सक्षम,सार्थक, दूरदर्शी नेतृत्व का विरोध करना कौन सी बुद्धिमानी है। देश के लोगों को गुमराह करने की साजिश एनडीए सरकार को पीछे नही धकेल रही परन्तु देश को पीछे धकेल रही है। 125 करोड़ भारतीयों को पीछे धकेल रही है। मैं अपने विपक्षी मित्रों से कहना चाहता हूं कि आज आपको गरीबी पर चर्चा करनी चाहिए, जहां देश की प्रगति पर चर्चा होनी चाहिए थी आज जहां आपको जहां मेक इन इंडिया की चर्चा करनी चाहिए, जीएसटी पास करवाने की बात करनी चाहिए, स्वच्छ भारत अभियान के लिए सुझाव देने चाहिए, आपको जहां किसान बीमा योजना पर अपनी प्रतिक्रिया देनी चाहिए वहां आप कश्मीरी अलगाववादियों का राग अलापते हो। **युगदृष्टा और स्वतंत्र भारत के महान विचारक पं0 दीनदयाल उपाध्याय ने कहा और मैं उद्धत करता हूं** - ***एक राष्ट्र लोगों का एक समूह होता है जो एक लक्ष्य, एक आदर्श, एक मिशन के साथ जीते हैं और एक विशेष भूभाग को अपनी मातृभूमि के रुप में देखते हैं। यदि आदर्श या मातृभूमि दोनों में से किसी का भ लोप हो तो एक राष्ट्र संभव नहीं हो सकता।***

मैने सदन के इस बजट सत्र में अपने विपक्षी साथियों के विचारों को सुना। मुझे लगा कहीं न कहीं विपक्ष मुख्य मुद्दे से भटक गया है। हैदराबाद,जे.एन.यू. के मुद्दे उठाकर राष्ट्रहित के मुद्दों को नजरअंदाज किया गया। संसद में जहां सार्थक चर्चा होनी चाहिए तथा यह प्रयास किया जाना चाहिए कि कैसे हम लंबित जीएसटी को पास करवा सकते हैं । हमें इस बात की चिंता करनी चाहिए थी कि किस प्रकार हम विदेशी निवेश को बढावा दे सकते हैं वहीं हम अनावश्यक विवादों में घिरकर देश का, इस संसद का और अपने नागरिकों का अमूल्य समय नष्ट कर रहे हैं । मैं जे0एन0यू0, हैदराबाद एवं अन्य अनावश्यक मुद्दे उठाने वाले साथियों को संस्कृतिनिष्ठ दीनदयाल जी के द्वारा निर्मित राजनैतिक जीवनदर्शन के पहले सूत्र से परिचित कराना चाहता हूं। उनके शब्दों में - ***"भारत में रहने वाला और इसके प्रति ममत्व की भावना रखने वाला मानव समूह एक जन है। उनकी जीवन प्रणाली, कला, साहित्य, दर्शन सब भारतीय संस्कृति है, इसलिए भारतीय राष्ट्रवाद का आधार यह संस्कृति है। संस्कृति में निष्ठा रहे तभी भारत एकात्म रहेगा।*** जब देश के शासकों का दर्शन उनके मूल्य, उनके संस्कार इतने महान हो तो किसी के साथ जाति, वर्ण, धर्म और सामाजिक पहलू पर पक्षपात करने का प्रश्न ही नहीं उठता।

वित्तीय फर्मो के समाधान के संबंध में एक व्यापक संहिता लाये जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, वित्त विधेयक, 2016 के माध्यम से एक मौद्रिक नीति फ्रेमवर्क और मौद्रिक नीति समिति हेतु सांविधिक आधार प्रदान किये जाने से देश में व्यापार सुधारों को एक नयी गति दी जा सकेगी। देश में गैर-कानूनी रुप से जमा स्वीकार करने वाली योजनाओं की कई शिकायतें मिली है इनसे निपटने के लिए व्यापक केन्द्रीय कानून लाया जायेगा। बजट पेश होते ही व्यापार जगत एवं स्टॉक मार्केट पर इसका सकारात्मक असर देखने को मिला। अनेक कारणों में से एक कारण सरकारी क्षेत्र के बैंकों के पुनर्पूजीकरण हेतु 25,000 करोड़ रुपये के आवंटन का निर्णय है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत मंजूर राशि बढ़ाकर 1,80,000 करोड़ रुपये की गयी है जो कि एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कदम है। बीमा के क्षेत्र में व्यापक सुधार लाने के दृष्टिगत सरकार के स्वामित्वाधीन साधारण बीमा कंपनियों को स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध किया जायेगा।

यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में यह सरकार अपने चुनावी घोषणा के प्रति गंभीर रहते हुए देश में कालेधन की रोक के लिए कृतसंकल्प है । हमारी सरकार चाहती है कि एक स्थिर और सुनिश्चित कराधान व्यवस्था बने एवं कालेधन में कमी आये। देश में एक बड़ी समस्या है कि अनेक लोगों ने अपनी आय को छिपाकर रखा है जिससे देश को कर न मिलने के कारण अत्यन्त क्षति हो रही है । हमारी सरकार ने यह प्रावधान किया है कि घरेलू करदाता 30 प्रतिशत की दर पर अदा करके, 7.5 प्रतिशत की दर पर अधिभार अदा करके और 7.5 प्रतिशत की दर पर दंड का भुगतान करके जो कुल अधोषित आय का 45 प्रतिशत है, किसी भी आस्ति के रुप में दिखायी गयी ऐसी आमदनी अथवा अघोषित आय की घोषणा कर सकते है । घोषणा करने पर अदालती कार्रवाई नहीं की जायेगी। अघोषित आय पर 7.5 प्रतिशत की दर पर लगाया गया अधिभार कृषि कल्याण अधिभार कहा जायेगा जिसे कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए इस्तेमाल किया जायेगा।

देश में विवाद समाधान एक बड़ी चुनौती रही है इसी के दृष्टिगत नई विवाद समाधान स्कीम शुरु की जायेगी। दस लाख रुपये तक के विवादित कर के मामलों में कोई दंड नहीं होगा। कम आय सूचित करने की चुनौती से निपटने के लिए कम सूचित करने के मामले में दंड की दरें कर के 50 प्रतिशत तक और तथ्यों की गलत सूचना देने के मामले में कर के 200 प्रतिशत तक लागू की जायेगी। ऐसी उम्मीद की जाती है कि इन कदमों से कर संग्रह में व्यापक सुधार आयेगा। ब्याज और दंड से छूट चाहने वाले करदाताओं की याचिकाओं के निपटान के लिए एक वर्ष की समय-सीमा निश्चित होगी। विवादित मांग का 15 प्रतिशत का भुगतान कर दिए जाने पर निर्धारण अधिकारी द्वारा मांग पर अनिवार्यतः स्थगन आदेश जारी किया जाना होगा, जब तक कि आयकर आयुक्त(अपील) के समक्ष अपील लंबित है। अपीलीय अधिकरण को

सशक्त बनाने के दृष्टिगत सीमाशुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवाकर अपीलीय अधिकरण की 11 नई पीठें स्थापित की जायेंगी जिससे शीघ्र विवादों का निपटारा संभव हो सकेगा।

जैसा कि आपको विदित है कि आपके द्वारा वर्ष 2014-15 के बजट में हिमालय क्षेत्र के लिए अलग से अध्ययन केन्द्र स्थापित करने की घोषणा की गयी थी। हिमालय के विभिन्न पक्षों पर अध्ययन करने हेतु इस विशिष्ट संस्थान का पूरे देश में व्यापक स्वागत किया गया। देश के वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और आम नागरिकों ने इस अभिनव संस्थान की स्थापना का स्वागत किया है। दुर्भाग्य से इस संस्थान की स्थापना में अत्यधिक विलंब हो रहा है । एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर भी इसका स्पष्ट प्रारुप हमारे समक्ष नहीं है। मुझे ज्ञात हुआ है कि इसके लिए धन का आवंटन नहीं किया गया है। इसे हिमालयीय अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित किया जाये। मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि इस केन्द्र को स्थापित कराने की कृपा करें । मेरा आपसे यह भी आग्रह है कि उत्तराखण्ड की भीषण आपदा से प्रभावित सभी लोगों के कर्जे माफ किए जायें। लॉज, होटल मालिक, टैक्सी मालिक एवं पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों के अलावा क्षेत्रीय कृषकों को आर्थिक रुप से गम्भीर संकट का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उनके कर्जे माफी से हजारों लोगों को राहत मिलेगी। हरिद्वार को विश्व आध्यात्म केंद्र के रूप में विकसित किया जाये। उत्तराखण्ड समेत हिमालयी राज्यों के सामाजिक, आर्थिक जीवन में परिवर्तन हेतु कृषि और बागवानी के लिए विशेष रणनीति की आवश्यकता है, इसके लिए इन राज्यों को विशेष मिशन स्थापित करने के लिए वित्तीय पैकेज की आवश्यकता है जिसके तहत जैविक खेती, बागवानी में उत्पादन बढ़ाने, भंडारण, प्रसंस्करण व विपणन पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाये।

मैं सरकार से मांग करना चाहता हूं कि उत्तराखंड में औद्योगिक विकास को दोबारा पटरी पर लाने के लिए राज्य के लिए औद्योगिक पैकेज देने की दिशा में कदम उठाए जायें। श्री अटलबिहारी वाजपेयी जी की सरकार द्वारा वर्ष 2003 में दिये गये औद्योगिक पैकेज से प्रदेश और उसके सकारात्मक परिणाम भी मिले परन्तु समय से पूर्व इस पैकेज को खत्म कर दिए जाने से वहां पर विकास की गति पूर्णतया अवरुद्ध हो गयी है।

एक बार पुनः मैं माननीय वित्त मंत्री जी को विकासोन्मुखी बजट पर हार्दिक बधाई देना चाहता हूं तथा आशा प्रकट करता हूं कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का समृद्ध, सर्वश्रेष्ठ भारत का सपना साकार हो सकेगा ।

*श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): माननीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी द्वारा प्रस्तुत यह बजट विश्वास भरा और प्रगतिशील भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूत करने वाला है। प्रस्तु बजट राजकोषीय घाटा और घरेलू मांग के बीच संतुलन स्थापित कर एक भ्रष्टाचार मुक्त अर्थव्यवस्था बनाने हेतु एक पहल है। विश्व की नजर आज भारतीय अर्थव्यवस्था पर टिकी हुई है क्योंकि वैश्विक मंदी के बावजूद अर्थव्यवस्था हम भारतीयों के लिए ही नहीं वरन् विदेशी निवेशकों के लिए भी आशा की किरण है। विगत वर्षों के दौरान हम अपनी विकास दर 7.6 प्रतिशत रखने में सफल रहे हैं। यह विश्व के अन्य विकसित और विकासशील देशों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण है।

हमारी Macro Economy Vulnerability बड़ी अर्थव्यवस्थाओं जैसे चीन, ब्राजील तथा अन्य विकासशील देशों से कम है। वर्ष 2013 से हमारी Macro Economy Vulnerability में 5.3 प्रतिशत का सुधार आया है, जबकि चीन में 0.7 प्रतिशत और ब्राजील में 1.9 प्रतिशत सुधार हुआ है। यह हमारे विश्वास का प्रतीक है कि हमारा राजकोषीय घाटा 3.5 प्रतिशत है और हमारा विदेशी मुद्रा भंडार 350 बिलियन डॉलर है।

हमारे देश की आत्मा गांवों में बसती है तथा इस बजट के द्वारा कृषिगत और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की अपार संभावना को सृजित करने की कोशिश की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना को मिशन मोड में लागू किया जाना, परंपरागत कृषि विपणन बाजार हेतु प्लेटफॉर्मों की स्थापना तथा दुग्ध परियोजनाओं आदि के द्वारा देश के किसानों की आमदनी अगले पॉच वर्षों में दोगुनी करने का प्रयास सराहनीय कदम है। कृषि और किसान कल्याण के लिए कुल 35,984 करोड़ रूपए तथा ग्रामीण विकास के लिए 87,000 करोड़ रूपए का आवंटन सरकार की गॉवों के विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राष्ट्रीय भूमि रिकॉर्ड का आधुनिकीकरण हमारी भूमि की उपयोगिता को बढ़ायेगा। यह (Utility Audit) की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित होगा। सूखा आपदा से ग्रस्त प्रत्येक ब्लॉक को दीनदयाल अंत्योदय मिशन के तहत विशिष्ट ब्लॉक के रूप में पहचान मिलेगी।

रोज़गार सृजन के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कदम सरकार द्वारा उठाये गये हैं। भारत सरकार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में अपना नामांकन करने वाले नये कर्मचारियों के लिए प्रथम तीन वर्षों के लिए अंशदान का भुगतान करेगी। इसके साथ आयकर अधिनियम की धारा 80 जी के तहत कटौती, उन सभी करदाताओं के लिए उपलब्ध होगी जो इस अधिनियम के तहत रजिस्टर्ड होंगे।

---

* Speech was laid on the Table.

कौशल विकास के द्वारा हर एक भारतीय युवा के लिए रोज़गार के नये आयाम को स्थापित करने की भी बात की गई है। युवाओं को प्रोत्साहित कर देश में रोज़गार सृजन करने वाले एक वर्ग को खड़ा किया जा रहा है। अप्रैल 2016 से मार्च 2019 तक स्थापित स्टार्ट अप के लिए पॉच वर्षों में से तीन वर्ष के लिए 100 प्रतिशत लाभ पर कटौती दी जायेगी और भारत में निवास करने वाले व्यक्ति द्वारा विकसित और पंजीकृत पेटेंटों में विश्व भर में लाभ अर्जित आय पर केवल 10 प्रतिशत ही टैक्स लगेगा।

सरकार द्वारा गॉव एवं शहरी गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराये जाने की घोषणा इस बजट में की गई है, जो एक सराहनीय कदम है। यह कदम सरकार की सभी वर्गों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। चिकित्सा क्षेत्र में देखा जाये तो अब हर जिले में डायलिसिस की सस्ती योजना का लाभ गरीब परिवारों को भी मिलेगा। प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के तहत 3000 दवा वितरण केंद्रों की स्थापना गरीब व्यक्तियों को सस्ता इलाज मुहैया कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

हमारी सरकार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विकास के लिए अपनी मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके लिए इन वर्गों के लिए स्टैंड अप इंडिया योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत ऐसे हब की स्थापना की जायेगी जो ऐसे उद्यमियों को (ग्लोबल बैस्ट प्रैक्टिस) अपनाने की दिशा में प्रेरित करेगी। डॉ. भीमराव अंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के सशक्तिकरण की रूपरेखा तैयार की गई है।

मानव संसाधन के विकास पर सरकार का ध्यान विशेष रूप से गया है। दस सरकारी और निजी संस्थाओं को विश्वस्तरीय शिक्षण और अनुसंधान संस्थाओं के रूप में विकसित करने के लिए (Regulatory Frame Work) तैयार किया जा रहा है। यह हमारे देश की उच्च शिक्षा के स्तर को वैश्विक स्तर पर एक नयी पहचान दिलाने का कार्य करेगा।

मेरा सुझाव है कि इन शिक्षण संस्थानों में भी समाज के सभी वर्गों की भागीदारी होनी चाहिए। स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट, कॉलेज डिग्री, अंकतालिका आदि के लिए डिजिटल-डिपोजटिरी की स्थापना किए जाने का कदम स्वागतयोग्य है। यह हमारे शिक्षा क्षेत्र में एक टैलेंट पूल Create करने की दिशा में सराहनीय प्रयास है।

Infrastructure के क्षेत्र में सरकार के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग, पोर्ट तथा एयरपोर्ट का विकास जैसे निर्णय आम भारतीयों के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इसके लिए क्रमशः 2,21,240 करोड़ रूपए आवंटित किये गये है। Asset रिसाइक्लिंग एक आईडिया है जिसके द्वारा New Infrastrucre को विकसित किया जा सकेगा। सरकार स्थापित Infrastructure प्रोजेक्ट का

विनिवेश कर उससे प्राप्त पूंजी द्वारा नये अवसंरचना का विकास करेगी और इससे रोज़गार का भी सृजन होगा। सरकार ने छोटे करदाताओं के लिए विशेष राहत के प्रावधान इस बजट में किये है। पॉच लाख रूपये की वार्षिक आय वाले व्यक्तियों पर कर का बोझ कम करने के लिए धारा 87 जी के तहत कर छूट की सीमा 2000 रूपए से बढ़ाकर 5000 रूपए करने का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त किराए के मकानों में रहने वाले कर्मचारी के लिए एच.आर.ए. को 24,000 रूपए से बढ़ाकर 60,000 रूपए करने का प्रस्ताव एक सराहनीय कदम है।

सरकार द्वारा विभिन्न कर प्रस्तावों के द्वारा आम जनता को बड़ी राहत दी गई है। यह न केवल रोज़गार सृजन की दिशा में बड़ा कदम है वरन् विकास दर को बढाने में भी सहयोग करेगा। मेक इन इंडिया के तहत आने वाले स्टार्ट अप और उद्योगों को टैक्स में बदलाव कर छूट प्रदान की गई है। विभिन्न मंत्रालयों द्वारा लगाये जा रहे 13 उपकर, जिनमें राजस्व संग्रहण एक वर्ष में 50 करोड़ रूपए से कम है, समाप्त किये जायेंगे।

सबके लिए आवास योजना के तहत पहली बार मकान खरीदने के लिए स्वीकृत 35 लाख रूपए के ऋण में 50,000 रूपए प्रतिवर्ष अतिरिक्त ब्याज के लिए कटौती की गई है। इस प्रकार सरकार ने इस बजट में एक Stable और Predictable कर व्यवस्था को स्थापित करने की कोशिश की है। एक स्थिर और सुनिश्चित कराधान हमारी अर्थव्यवस्था में निवेशकों का विश्वास बढ़ाएगा।

हमारी बैंकिंग व्यवस्था देश की अर्थव्यवस्था के लिए ऑक्सीजन की तरह है। बैंकिंग तथा बीमा क्षेत्रों में पूंजी निवेश को बढ़ावा देने और संगठनात्मक सुधारों की तरफ विशेष ध्यान दिया गया है। बैंकों के Re-captitalization हेतु 25,000 करोड़ रूपए का प्रावधान इस बजट में किया गया है। सरकार के स्वामित्व वाली साधारण बीमा कंपनियों को स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध किया जायेगा, जो एक बहुत महत्वपूर्ण निर्णय है।

समर्थ बनाने वाले विधानों पर केंद्र बिंदु बनाने का ध्यान रखा गया है। सरकार ने मॉडल शॉप बनाने का प्रस्ताव किया है। जिसे राज्य स्वेच्छा से अंगीकार कर सकते हैं तथा छोटे उद्यमियों का कार्यक्षेत्र खुला रखा जा सकता है। बजट में वस्तु तथा सेवा कर (जी.एस.टी.) तथा दिवालिया विधेयकों का होना यह इंगित करता है कि सरकार ने इन विषयों को त्यागा नहीं है।

वित्त मंत्री ने कंपनी अधिनियम 2013 में संशोधन का जिक्र किया है जिससे नवीन स्टार्ट अप का पंजीकरण सुगमता से किया जा सके। एक लोक उपयोगिता (विवाद संकल्प) विधेयक को प्रस्तावित किया

गया है जिससे अवसंरचनात्मक परियोजनाओं तथा लोक निजी परियोजनाओं (पी.पी.पी.) से जुड़े मुद्दों का जल्द से जल्द समाधान किया जा सके।

वित्तीय व्यापारिक कंपनियों के लिए एक संकल्प संहिता को प्रस्तावित किया गया है। यह संहिता वित्तीय व्यापारिक कंपनियों के दिवालियेपन की स्थिति में क्रमबद्ध समापन को सुनिश्चित करेगा। लेकिन सबसे बड़ी घोषणा सरकार की यह है कि आधार को विधिक जामा तथा सीधा लाभ स्थानांतरण (डी.बी.टी.) जैसी व्यवस्था को संस्थागत रूप दिया जायेगा। वित्त मंत्री ने यह स्पष्ट किया है कि आधार को डोमीसाइल या नागरिकता का आधार नहीं बनाया जायेगा। इस कदम से अवैध प्रवासियों को पिछले दरवाजे से लाने की बात निर्मूल साबित हुई है।

हमारी सरकार ने आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए ट्रांस्फोर्मिंग इंडिया का बीड़ा उठाया है। देश में विनिवेश हेतु एक अनुकूल व्यवस्था तथा पारदर्शी एवं त्वरित सरकारी निर्णय क्षमता तंत्र को स्थापित करने की पहल की है। इस प्रकार सरकार ने देश के सभी वर्गों एवं सभी क्षेत्रों के विकास के लिए संपूर्ण ध्यान लगाया है।

मेरा विश्वास है कि बजट के इन प्रावधानों का लाभ उठाकर मेरा लोकसभा क्षेत्र जिसमें पलामू तथा गढवा जैसे गैर विकसित जिले शामिल हैं, उनको देश की मुख्यधारा में लाया जा सकेगा। इन सूखा प्रभावित जिलों में रोज़गार सृजन के साथ-साथ उपलब्ध क्षेत्रीय संसाधनों का दोहन करके यहॉ के निवासियों का जीवन स्तर सुधारने के लिए विशेष प्रयास किया जायेगा।

इस प्रकार यह बजट गांवों के विकास की दिशा में उठाया गया सराहनीय कदम है तथा इस बजट में सभी वर्गों एवं सभी के विकास की बातें कहीं गई है और उन्हीं के अनुसार योजनाओं एवं नीतियों की घोषणा की है। अतः इस बजट का समर्थन करता हूँ।

श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी (बस्ती) : माननीय सभापति जी, मैं सर्वप्रथम माननीय प्रधानमंत्री जी तथा माननीय वित्त मंत्री जी को वर्ष 2016-17 के इस ऐतिहासिक बजट के लिए अपनी तरफ से बधाई तथा धन्यवाद देता हूँ। संयोग बहुत अच्छा है। मुझे पिछले बजट में भी भाषण देने का अवसर मिला था और उस समय माननीय वित्त मंत्री जी बैठे थे और आज भी माननीय वित्त मंत्री यहाँ पर उपस्थित हैं।

मैं पूर्वी उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले से चुनकर आया हूँ। संसद में आने के बाद मैंने देखा है कि पिछले 60-65 वर्षों में किसानों और गरीबों के बारे में इतनी चर्चा नहीं हुई होगी, जितनी चर्चा पिछले डेढ़ वर्षों में हुई है। चर्चा ऐसे लोग कर रहे हैं, जिन्होंने लगभग 55-60 वर्षों तक देश की सरकार चलायी है और अलग-अलग प्रदेशों में सरकार चलायी है। जिनके ऊपर यह जिम्मेदारी थी कि किसानों की चिन्ता की जाए, जिनके ऊपर यह जिम्मेदारी थी कि मजदूरों की चिन्ता की जाए, जिनके ऊपर यह जिम्मेदारी थी कि गरीबों की चिन्ता की जाए, लेकिन अगर आज देखा जाए तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वर्ष 2014 में जब सरकार बनी, मैं सांसद बना और जब मैंने क्षेत्र जाना शुरू किया तो तमाम प्रकार की मांगें हमारे सामने आयीं। जो सबसे बड़ी मांग हमारे सामने आयी, वह यह थी कि लोग कहते थे कि सांसद जी हमने आपको वोट दिया है, आपको मैंने सांसद बनाया है, मेरे गांवों में अभी खम्भा, तार, ट्रांसफारमर आदि नहीं लगा है, विद्युतीकरण नहीं हुआ है, आप हमारे गांव का विद्युतीकरण करवा दीजिए। मैंने अधिकारियों को बुलाया और कहा कि हमारे पास तमाम लोग आते हैं, उनके गांवों में खम्भा, तार, ट्रांसफारमर आदि नहीं लगाया गया है, विद्युतीकरण नहीं हुआ है, उनके गांवों में रोशनी नहीं पहुंच रही है, ये कितने गांवों में लगाये जा सकते हैं, आप मुझे बताइए, मैं अपनी निधि से इसे लगाने की व्यवस्था करता हूँ। हमारे जिले के अधिकारियों ने जो आंकड़े दिये, उसे सुनकर आप भी आश्चर्यचकित हो जाएंगे। पूर्वा-पूर्वी, टोली-टोला मिलाकर लगभग 6500 गांवों में पिछले 68 वर्षों में विद्युतीकरण नहीं हुआ। मैंने जब अधिकारियों से पूछा कि कुल कितने पूर्वा-पूर्वी हैं, तो उन्होंने कहा कि ये लगभग साढ़े दस हजार हैं। मैंने कहा, इसका पर्सेंटेज निकालिए, तो अधिकारियों ने कहा कि लगभग 63-64 प्रतिशत गांवों में खम्भा, तार और ट्रांसफारमर नहीं लगे हैं। हर व्यक्ति यह सोचता है, हर नेता यह सोचता है, विपक्ष के तमाम नेता भाषण कर रहे थे, वे बड़े-बड़े परिवारों से जीत कर आये हैं, वे भी अपने पारिवारिक बैकग्राउंड पर आये हैं। उनके पिता जी सोचे होंगे कि हमारा बेटा सांसद होगा, हमारी बेटी सांसद होगी, मंत्री होगी, प्रधानमंत्री होगी, लेकिन किसी ने यह नहीं सोचा कि जिन्होंने वोट दिया है, जो गरीब गांवों में रहकर हमें यहाँ तक पहुंचाया है, उसका बेटा भी रोशनी में पढ़ाई कर सके, पंखे की हवा के नीचे वह सो सके, उसे भी आराम मिले। हमारे प्रधानमंत्री जी और हमारे वित्त मंत्री जी ने आते ही कहा कि

हमारी सरकार दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत वर्ष 2018 तक सभी गांवों में विद्युतीकरण का काम पूरा करेगी। ऐसा कोई गांव नहीं बचेगा, कोई पूर्वा नहीं बचेगा, कोई घर नहीं बचेगा, जहाँ खम्भा, तार और ट्रांसफारमर नहीं होगा। मैं केवल बजट की बात नहीं कह रहा हूँ। मैं प्रैक्टिकली कह रहा हूँ। मैंने 4200 गांवों में खम्भा, तार और ट्रांसफारमर पहुंचा दिये हैं।

जन-धन योजना की बात हुई। माननीय मोदी जी ने नहीं रोका था, माननीय वित्त मंत्री जी ने नहीं रोका था, हमारी सरकार आएगी तो गरीबों का खाता खुलवाएंगे। हमारी सरकार आने के बाद 22 करोड़ लोगों का खाता बैंकों में खुलवाया गया। जिन्होंने कभी बैंक के दर्शन नहीं किये थे, उनका खाता खोला गया क्योंकि उनके पास पैसे नहीं होते थे। यदि पैसा नहीं होगा तो वे बैंक नहीं जाएंगे और उनका खाता नहीं खुलेगा। हमारी सरकार ने कहा हम ज़ीरो बैलेंस पर खाता खुलवाएंगे और केवल खाता ही नहीं खुलवाएंगे, एक लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा भी देंगे, 30 हजार रुपये का लाइफ इंश्योरेंस देंगे और पाँच हजार रुपये ओवर ड्राफ्ट करने की व्यवस्था भी की गयी। हमारे प्रधानमंत्री जी ने नहीं कहा था, हमारी पार्टी ने नहीं कहा था कि कांग्रेस के माननीय नेतागण! हमारी सरकार आएगी तब हम काम करेंगे, आप काम नहीं कीजिए। अभी आने वाले समय में जिस प्रकार की व्यवस्था हमारे प्रधानमंत्री जी ने की है, माननीय वित्त मंत्री जी ने मुद्रा बैंक लाया। मेरे स्वयं के जिले में, मैं कल ही बस्ती से आंकड़े लेकर आया हूँ, 3400 बेरोज़गार नौज़वान, जिनके पास पैसे नहीं थे, वे बेरोज़गार होकर घूमते थे, उनको कुछ काम करने के लिए पैसा नहीं मिल पा रहा था, उनके लिए हमारी सरकार ने मुद्रा बैंक की व्यवस्था की। मुद्रा बैंक के माध्यम से पूरे देश में लगभग ढ़ाई करोड़ नौज़वानों को रोजगार मिला है, जिसमें बस्ती जिले के 3400 नौज़वानों को रोजगार मिला है। आने वाले समय में मैं भी प्रयास करूँगा कि हमारे जिले के 15-20 हजार नौजवानों को मुद्रा बैंक के माध्यम से स्वरोजगार मिले और अपने परिवार का खर्चा चलाएँ।

महोदय, बीपीएल कार्ड धारकों की बात कर रहा हूं, किसने यह सोचा कि जो गरीब हैं, गरीब के घर में लकड़ी पर भोजन बनता है, उपले-कण्डे पर भोजन बनता है, आग निकलती है। आजकल भारत सरकार का एक विज्ञापन आ रहा है, उसमें कहा जा रहा है कि 100 सिगरेट पीने से एक व्यक्ति पर जितना प्रभाव पड़ता है, एक दिन घर में चूल्हे पर भोजन बनाने वाली महिला पर उसके बराबर असर पड़ता है। किसी ने नहीं सोचा कि हर गरीब के घर में गैस पर भोजन बनेगा तो उसके धुएं से होने वाली बीमारी नहीं होगी, जब बीमारी नहीं होगी तो दवा कराने में उसका जो पैसा लगता है, वह पैसा नहीं लगेगा और वह व्यक्ति खुशहाल होगा। हमारे प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी ने संकल्प लिया कि हिन्दुस्तान का कोई गरीब ऐसा नहीं होगा, चाहे वह बीपीएल कार्डधारक हो, अन्त्योदय कार्डधारक हो या एपीएल कार्डधारक हो, हमारी सरकार बीपीएल कार्डधारकों को मुफ्त में गैस कनेक्शन देगी। मैं यह बात केवल इसलिए नहीं कह

रहा हूं कि ऐसी योजना है, मैंने अपने जिले में 40 हजार बीपीएल कार्डधारकों को कनेक्शन दिलवाया है। अभी पेट्रोलियम मिनिस्ट्री ने एक योजना बनाई है कि जिन लोगों के पास चूल्हा खरीदने के लिए पैसे नहीं है, उनको हम चूल्हा देंगे और आने वाले समय में सरकार उनको गैस पर जो सब्सिडी दे रही है, उससे चूल्हे का पैसा एडजस्ट करेंगे। मेरा कहने का मतलब केवल यह है कि जिस प्रकार की चर्चा लोग करते हैं और गरीबी की बातें करते हैं, आज बजट पर चर्चा हो रही है, जब बजट आता है तो स्वाभाविक रूप से पूरे देश की निगाहें बजट पर होती हैं। मेरे पास तमाम आंकड़े हैं, पूरे देश में बजट आने के समय तमाम प्रकार की आलोचना होती है, तमाम छात्र संगठन, मजदूर संगठन, किसान संगठन आदि लोग आंदोलन, धरना-प्रदर्शन आदि करते हैं। बजट प्रस्तुत होने के बाद जब मैं अपने संसदीय क्षेत्र में गया तो तमाम मजदूर संगठन, किसान संगठन एवं नौजवान लोग ऐसे आए, उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय वित्त मंत्री जी ने इस प्रकार का बजट दिया है कि आज समाज के सभी वर्ग खुशहाल हैं, सभी को लग रहा है कि यह किसानों का बजट है, गरीबों का बजट है। माननीय वित्त मंत्री जी यहां बैठे हैं, मैं अपने क्षेत्र की बात कह कर अपनी बात समाप्त करूंगा।

सभापति जी, माननीय वित्त मंत्री जी से मैंने पहले बजट भाषण में भी कुछ निवेदन किया था, आज भी निवेदन कर रहा हूं। उत्तर प्रदेश में किसानों, खासकर गन्ना किसानों की एक बहुत बड़ी समस्या है। हमारे जिले में भी गन्ने पर आधारित लाखों किसान रहते हैं, वे गन्ना बेचते हैं, लेकिन उनका पेमेंट नहीं मिल पाता है। भारत सरकार ने एक पैकेज दिया था, शुगर मिलों को उनका पेमेंट करने के लिए बगैर ब्याज के पैसा दिया था, लेकिन अभी भी तमाम किसानों के गन्ने का पेमेंट बकाया है। इसके लिए एक विशेष पैकेज दिया, इस प्रकार की मैं मांग करता हूं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक औद्योगिक जोन, जिसमें दस साल तक टैक्स पर छूट हो, इस प्रकार की एक घोषणा करने के लिए मैं वित्त मंत्री जी से निवेदन करता हूं। माननीय वित्त मंत्री जी का आशीर्वाद मुझे मिला, जिससे मैं यहां तक पहुंच सका। पार्टी ने आशीर्वाद दिया। माननीय वित्त मंत्री जी से मैंने एक निवेदन व्यक्तिगत रूप से मिलकर भी किया है, आज सार्वजनिक रूप से भी करता हूं। माननीय वित्त मंत्री जी से मैंने कहा कि आप पूर्वी उत्तर प्रदेश का दौरा कीजिए, खासकर बस्ती जिले का दौरा कीजिए। जब आप बस्ती चलेंगे तो स्वाभाविक रूप से वहां नीचे क्या-क्या समस्याएं हैं, किसानों की क्या समस्याएं हैं, पूर्वी उत्तर प्रदेश की जो समस्याएं हैं, उन पर आपका ध्यान जाएगा।

सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसलिए मैं अपनी पार्टी और आपके प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

*SHRI MULLAPALLY RAMACHANDRAN (VADAKARA): This is the third budget presented by the Hon'ble Finance Minister.

The earlier Budgets of NDA presented by Shri Arun Jaitley ji had generated great hopes and expectations in the minds of all sections of society. It was projected as the first step towards "Achhe Din - Better Days" as promised by the Hon'ble Prime Minister who, from day one of his campaign, had given a promise that better days are a stone's throw away.

If we look at the state of economy, one can, without any doubt, say that our economy is in bad shape. Whatever the Prime Minister and Finance Minister may claim in public, the economists, businessmen and bankers say that the picture is not as rosy as is portrayed.

The Finance Minister and Prime Minister claim that the revenue collection has improved but in reality the fiscal deficit is going to rise. It will not be possible to meet the tax collection targets as claimed by the Finance Minister. According to the Report of the Controller and Auditor General, tabled in Parliament, the country has Rs.7 lakh crore of outstanding direct tax dues which are difficult to recover. The report also strongly reprimanded the service tax collection department for not maintaining accurate and updated records. Has the Hon'ble Finance Minister taken cognizance of this report and what pro-active steps are being taken by him to bring the country back from financial mismanagement?

The external debt of the country is at an all time high of 31.7 lakh crore. The corporate debt has increased to 41% this year from 35% in 2014. What about the export? There is shocking decline in exports.

It was on the issue of rising price of essential commodities and corruption that the NDA Government has been elected to power. What were the promises given by you during the last election? Could you fulfill any of the lofty promises?

* Speech was laid on the Table.

No. You have thoroughly failed to control the price of essential commodities as also to curb corruption.

The international price of crude oil was 104 USD per barrel when the UPA Government left office. Now the crude oil price is 38.5 USD per barrel in international market. Why is the Finance Minister silent about the benefits the exchequer by way of this sharp fall in price of petroleum products in the international market? Has the Finance Minister made any realistic assessment of the benefit of the exchequer? Whether this Government has passed on the benefits to the common man? No. Absolutely not.

Your very talk about revenue collection and financial deficit is quite misleading. Even when the price of petroleum products was very high in the international market, the UPA Government, with its excellent financial management, was able to provide subsidies enjoyed by the people. Has this Government even thought about passing on the benefit tothe Aam Aadmi? That is the question being asked by the people.

In your last budget, you have cleverly concealed the fact the additional revenue initiatives have yielded rich dividends for the Government as you were able to mop up an extra Rs. 36,500 crore in excise collection from April to August with bulk of the amount coming from petroleum sector. There were four hikes in excise duty on petrol and diesel between November 2014 and January 2015. This has generated an additional revenue of Rs. 30,000 crore in the first five months of the current financial year.

You have generated another Rs.300 crore extra revenue due to hike in clean energy cess from coal. And Rs. 3500 crore in April-August 2015 on withdrawal of excise duty concession on automobiles and consumers goods. This is how you have portrayed a rosy picture.

The staple food of the common man is mainly pulses -but it is beyond his reach now. We always talk about *dal-roti*. The poor people of the country get nutrition and protein from pulses. Why the production of pulses has come down?

Because you have neglected farmers and the agriculture sector. There was savage cut in the allocation for agriculture in your first budget. This resulted in gloom and panic in Indian villages. Never ever in the history of Independent India such a large number of farmers have committed suicide during such a short span of twenty two months. It is a tragedy. The average income of over a majority of India's farm households are less than Rs. 5000 and 52% of families who depend only on agriculture are in deep debt. They mainly depend upon private moneylenders who lend at exorbitant rate. Our Public Sector Banks are indifferent towards the farmers. Your economic management is in total shambles and you have no perception whatsoever about agriculture.

Everyone knows that agriculture is the backbone of our economy. Your callous and cavalier attitude towards agriculture is going to doom our Indian villages.

Your wrong import policy has totally ruined the commercial produce like Rubber. More than 10 lakhs rubber cultivators are put to hardship and misery due to fall in price following indiscriminate import of rubber. Who are you going to help? The industrialist and the corporate houses? Not the small and marginal farmers of rubber. Hon'ble Finance Minister, can you please do something about the plight of the rubber farmers? The attitude of the Government is criminal.

You talked so much about corruption and you have put all the blame on the last Government for what has happened in the country. Despite all you charges and counter charges, we are proud to say that we have taken every single step to take the corrupt persons, including Ministers, to task. We had the courage to send some of the Ministers behind the bars even when the fragile UPA Government was about to collapse. That was the strong stand taken by the UPA Chairperson Shrimati Soniaji and then Prime Minister Dr. Manmohan Singh.

We have sought to discuss during last year's Monsoon Session, the issue of unprecedented corruption indulged in by prominent Chief Ministers and leaders of BJP. We thought that this Temple of Democracy is the apt forum to raise such

issues. Yes, we have stalled the proceedings of the House and we have no regret about that. Being responsible representatives of the people, we were trying to use the constitutional means of discussing the matter on the floor of the House. But you did not allow. Who is to be blamed?

Shri Narendra Modi ji spoke on the roof tops during the last general election that huge black money is stashed abroad and the paramount duty of NDA would be to bring the money back to India. He also promised the *Aam Aadmi* that an amount to the tune of minimum Rs.15 lakhs would be deposited in the bank accounts of every Indian. It was a lofty promise that you have given to the teeming millions of our country who undergo abject poverty and want. You have misled them. You lured them to cast their valuable votes in your favor. The *Aam Aadmi* of this country has positively responded to your false promise. Yes you were bribing the people with false promises.

Never ever has any Prime Minister or other political leaders committed such an electoral fraud on the people. What have you got to say about this matter? The Prime Minister and Finance Minister should answer. Can you please enlighten as to what you have done to bring black money stashed abroad except the steps initiated by the previous Government. Hon'ble Finance Minister is playing political gimmick and befooling the people.

Utter neglect in the rural sector is manifested in your decision to cut allocation for rural sector in the last budget. MGNREGA was a step in the right direction to eliminate poverty and unemployment in the village. Millions of people in the village especially women folk have benefited from the scheme. We could see hope shining in the eyes of our villagers. Here also, your attitude towards MGNREGA is with a *mala fide* intention of phasing out the program gradually. The country will not forgive you for this.

This Government talks much about 'Make in India' and promised to generate jobs for the youth. India is a young nation and you are fully seized of the vote bank of the aspiring young Indians. You have promised them one crore

employment during the first year of your assuming power. Which are the sectors generating employment opportunities to the youngsters? They are the manufacturing sector and service sector. If we look at the manufacturing sector alone, it is worse, growing at 2.64 per cent. Core sector industries grow at 2.33 per cent in the first half compared to 5.07 per cent in the first half of the last year. Could you generate employment opportunities in the service sector? No Sir. The younger generation is in the total panic and they are in despair.

Prime Minister and Finance Minister always talk about development and growth. Development is meaningless if it does not generate jobs in India where 70% of population live in the poverty. The Budget does not contain recommendation to boost job creation in agriculture and industry.

There is a savage cut in many areas and food security is down by Rs. 5000 crore; Fertilizer subsidies are cut by Rs.2000 crore; Ministry of Women and Child Development and the Ministry of Minority Affairs suffered because of the savage cut. Nirbhaya Fund has been slashed from Rs.1000 crore to just Rs.500 crore. Plan outlay for environment and Forest Ministry is cut by 66%.

Export is one area from where we earn foreign exchange. India has never achieved high growth without strong exports. But the worst performer is export. At the end of September 2015, merchandise exports have declined by 17.7 per cent over the last year. October 2015 marked eleven consecutive months of negative growth. Except readymade garments (2.26%), every other manufactured goods witnessed a decline in export.

You have forgotten about health and education sector. You talked so much about Millennium Development Goals of UN. How are you are going to develop the human resource of this country through education? You have totally ignored Sarva Siksha Abhiyan.

India is fast becoming capital of lifestyle diseases according to WHO. How do we redeem this situation? Have you ever thought of millions of our villagers who do not have access to healthcare? Your cut in these sectors is dreadful.

You speak so much about Jan Dhan Yojana. You claim that it is your baby. No Sir, it is the financial inclusion program launched by the UPA Government. Again, the Swachh Bharat Abhiyan was nothing other than Nirmal Bharat launched by UPA government.

I am happy that you have now endorsed the Aadhaar Scheme introduced by the UPA Government. What was your response at that time? Did you support the financial inclusion plan of UPA. No. Did you support Aadhar schemes? No!!! you stalled proceedings of both the Houses days together on this issue. Please don't forget recent history.

Our former Prime Minister Dr. Manmohan Singh described Hon'ble Prime Minister Shri Nareandra Modi as a good event manager and an excellent salesman. Yes Sir, you are good at selling old wine in new bottle.

This Government is talking about FDI and Prime Minister is talking so much about 'Make in India'. How is it going to come about? Former Governor of RBI and eminent economists say that investment will come to a place where peace and tranquility is not prevailing. What does it mean? In an intolerant society, please don't expect development and growth.

May I ask the Hon'ble Minister whether the Ministry of Finance and RBI are working in tandem? They are pulling in different directions.

Our banking sector is in deep crisis as the non-performing assets of nationalized banks are galloping. During the last one year, the NPA of nationalized banks has grown by more than Rs.27,000 crores. SBI and 17 other nationalized banks formed a consortium and had given a loan to the tune of more than Rs.7000 crore to one private airline company which has not paid back a single pai and now willful defaulter is absconding from the country. This is only a tip of the iceberg. The Hon'ble Finance Minister owes it to the nation to explain the details about the other willful defaulters who defrauded the country to the tune of the lakhs of crores.

Recently, the Hon'ble Finance Minister had elaborate meeting with the Chairmen and EDs of various nationalized banks. The entire nation is anxious to know about the steps being taken to improve the condition of nationalized banks.

Some of the corporate houses are happy about this Government and your last budget, because you had given an economic bonanza to the tune of Rs.2.50 lakh crores to the corporate houses. Yes Sir, this entire nation knows this Government is being run by the corporate houses and none other can expect anything from this Government.

We totally differ with your economic policy. It will only ruin this country.

*__श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद):__ मैं माननीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी को बधाई देता हूँ कि जो इनके द्वारा सदन में 2016-17 के लिए सामान्य बजट प्रस्तुत किया गया है, वह सराहनीय है। जब वैश्विक अर्थव्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है, वैश्विक स्तर पर विकास 2014 के 3.4 प्रतिशत से कम होता हुआ वर्ष 2015 में 3.1 प्रतिशत के स्तर पर आ गया है। वित्तीय बाज़ारों पर आघात हुए है और वैश्विक व्यापार कम हो गया है। वहीं विश्व स्तर पर इन प्रतिकूल स्थितियों के बावजूद भारत के भावी व कुशल नेतृत्व वाले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था में अपना आधार मजबूत बनाए रखा है। हमारी अंतर्निहित ताकत और श्री अरूण जेटली जी की नीतियों की मेहरबानी से भारत के जन-जन में आपार विश्वास और आशा कायम है। अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की मंद पड़ती वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच एक 'देदीप्यमान प्रकाश स्तंभ' का नाम दिया है। विश्व आर्थिक मंच ने कहा है कि भारत का विकास असाधारण रूप से उच्च रहा है। आपने यह उपलब्धि प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद और इस तथ्य के बावजूद हासिल की है। हमें विरासत में एक ऐसी अर्थव्यवस्था मिली थी, जिसमें विकास कम, महंगाई अधिक और सरकार की शासन करने के सामर्थ्य में निवेशकों का विश्वास शून्य था। आपने इन मुश्किलों और चुनौतियों को अवसरों में बदल कर अपनी व भारतीय जनता पार्टी की देश के प्रति समर्पित भावनाओं का परिचय दिया है। पिछली सरकार के अंतिम तीन वर्षों की तुलना में जब विकास दर घटकर 6.3 प्रतिशत रह गई थी, वर्तमान में प्राप्त की उपलब्धियों की तरफ नज़र डालें तो सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर अब 7.6 प्रतिशत हो गई है। विश्व निर्यातों में हुई 7.7 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में वैश्विक निर्यातों में 4.4 प्रतिशत की कमी होने के बावजूद, पिछली सरकार के अंतिम तीन वर्षों के दौरान, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संबंधी मुद्रास्फीति 9.4 प्रतिशत के स्तर पर थी।

सरकार की कार्यकुशलता व कार्यकाल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संबंधी मुद्रास्फीति कम होकर 5.4 प्रतिशत पर लाने का प्रयास किया है, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली है। हमारी वैदेशिक स्थिति मजबूत है। चालू खाता घाटा पिछले वर्ष के पूर्वार्द्ध के 18.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर से घटकर इस वर्ष 14.4 प्रतिशत बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया है। इस वर्ष अनुमान है कि सकल घरेलू उत्पाद का 1.4 प्रतिशत रह जाएगा। हमारे विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, जो अब तक का अधिकतम स्तर है और एक विश्वस्तरीय उपलब्धि है।

हमारी भा.ज.पा. सरकार का यह परम कर्त्तव्य है कि हमारे देश का नेतृत्व कर रहे श्री नरेंद्र भाई मोदी जी के साथ मिलकर श्री अरूण जेटली जी अपने साधारण लोगों, विशेषकर निर्धन लोगों और दलितों

* Speech was laid on the Table.

के कल्याण के लिए विवेक और समझदारी से वित्तीय सहायता योजनाएँ व कार्यक्रम बनाए। जो देश के हित में और उन्नति की ओर अग्रेसित हों। यही स्वास्थ्य बीमा योजना की भी घोषणा की जा रही है, जिसमें देश की एक-तिहाई आबादी को अस्पताली व्यय के संबंध में सुरक्षा दी जाएगी। सरकारी सब्सिडी की मदद से रसोई गैस कनेक्शन की सुविधा दी जाने की बात कही गई है। जिससे महिलाओं और उन बी.पी.एल. परिवारों के स्वास्थ्य में काफी सुधार होगा जो चूल्हे पर खाना बनाने के दुष्परिणामों से ग्रस्त हैं। जो एक अच्छी पहल सिद्ध होगी। इसी दिशा में 'ट्रांसफॉर्म इंडिया' का एजेंडा एक अच्छी पहल का संदेश देशवासियों के लिए है। जिसमें कृषि और किसान कल्याण, किसानों की आय को अगले पॉच वर्षों में दोगुना करने पर ध्यान दिये जाने की बात कही है, ग्रामीण रोज़गार और अवसंरचना पर बल दिया जायेगा, सामाजिक क्षेत्र, स्वास्थ्य देख-रेख सहितः सभी को कल्याण और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में शामिल करना, शिक्षा, कौशल और रोजगार सृजन, भारत को ज्ञान आधारित और उत्पादनकारी समाज बनाना, वित्तीय क्षेत्र के सुधार, पारदर्शिता और स्थिरता लाना, जैसी बुनियादी मूलभूत आवश्यकताओं पर दृष्टि डाली है जोकि एक बहुत ही अच्छा कदम है। आपने जो वर्षा सिंचित क्षेत्रों में कम से कम 5 लाख फार्म, तालाबों और कुओं तथा जैविक खाद उत्पादन के लिए 10 लाख कंपोस्ट गड्ढों का निर्माण मनरेगा के अंतर्गत आवंटनों का लाभकर उपयोग किये जाने को कहा है, यह वास्तव में उपयोगी सिद्ध होगा। यही आपके द्वारा 674 कृषि विज्ञान केंद्रों के बीच कुल 5 लाख रूपए की पुरस्कार राशि के साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित किए जाने की बात कही है, इस प्रतियोगिता का उद्देश्य इन केंद्रों की दक्षता एवं कार्यनिष्पादन में सुधार तो लाएगा ही वहीं ऐसे कृषि विज्ञान केंद्रों का संचालन कर रहे सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस बजट में व्यापारियों, मध्यम वर्ग के लोगों, महिलाओं और बुजुर्गों की चिंता करने के साथ ही, हमारे देश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों की भी चिंता की गई है।

अतः मैं इसी के साथ अपने प्रस्ताव को समाप्त करते हुए माननीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी से आग्रह करता हूँ कि मैं झारखण्ड राज्य से आता हूँ। यह काफी पिछड़ा राज्य है। यहॉ की कोख में अमीरी है लेकिन यहॉ के लोग काफी गरीब है। देश के अन्य राज्यों की तुलनात्मक दृष्टि से देखा जाये तो यह तस्वीर है कि प्रति व्यक्ति औसत प्रतिवर्ष आय की दृष्टिकोण से यह पिछली पंक्ति में खड़ा है। आर्थिक असंतुलन दूर हो, इसकी चिंता सरकार को करनी चाहिए। धन्यवाद के साथ सामान्य बजट का समर्थन करता हूँ।

श्री राम कुमार शर्मा (सीतामढ़ी) : सभापति महोदय, मैं अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी की ओर से इस आम बजट के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

यह बजट आज तक पेश किए गए सभी बजटों से अलग बजट है। आज इस बजट की कुछ लोग आलोचना करते हैं क्योंकि आज तक उन्होंने किसानों की समस्या के लिए कोई बजट नहीं लाया है। यह सराहनीय बजट है। हमारे नेता आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी का नारा है - सबका साथ और सबका विकास। इस नारे को साकार करने वाला यह बजट है। लोक सभा के चुनाव के समय जो नारा बुलंद किया गया था, उसको साकार करने वाला यह बजट है। आज यह बजट वास्तव में किसानों की दशा और दिशा सुधारने वाला बजट है। मैं आदरणीय वित्त मंत्री जी एवं वित्त राज्य मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने किसानों की दशा बदलने के लिए निर्णय लिया है। किसानों की वर्तमान आय को वर्ष 2022 तक दोगुना करने का निर्णय लिया गया है। जहां एक ओर किसानों द्वारा आत्महत्या के सिलसिले को रोकने वाला यह बजट है, देश को सर्वांगीण विकास के रास्ते पर लाने वाला यह बजट है। सरकार ने कृषि और किसानों के कल्याण के लिए जिन निर्णयों की घोषणा की है, वे प्रशंसनीय हैं। किसानों की आय को दोगुनी करने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और अवसंरचना सृजन को प्राथमिकता देने वाला यह बजट है।

खेती के सुधार के लिए सिंचाई की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। देश में 141 मिलियन हेक्टेयर भूमि जोत की भूमि है, जिसमें 46 प्रतिशत सिंचित भूमि है। यह सर्वविदित है कि सिंचित भूमि की उपज का दर असिंचित भूमि के उपज के दर से सौ प्रतिशत ज्यादा होता है। यदि देश में कृषि के लिए पानी की समुचित व्यवस्था कर दी जाए तो वह स्वतः किसानों की आय दुगुनी हो जाएगी। मैं आदरणीय वित्त मंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लक्ष्य प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाएगी, उसमें यह बजट निश्चित रूप से किसानों की आय को दोगुना करने में अहम भूमिका निभाएगा। अभी योजना के तहत 28.5 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई के क्षेत्र में लेने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना की सफलता के साथ-साथ किसान की खुशहाली देश की खाद्य सुरक्षा को मजबूती प्रदान करेगी। किसानों की आर्थिक सहायता पशुपालन उद्योग से भी संभव है। मुझे खुशी है कि सरकार का ध्यान इस दिशा में भी पशुपालन के प्रोत्साहन करने कें लिए 850 करोड़ रुपये व्यय करना तय किया गया है, जिससे पशु चिकित्सा व्यवस्था, पशु नस्ल सुधार, पशु खरीद के लिए सुविधाएं जुटायी जाएंगी। किसानों के लिए पशुपालन एक सहज पारम्परिक उद्योग है, जिसके लिए न अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता होती है और न अतिरिक्त प्रबंधन की। इसलिए मेरा सुझाव है कि देश में कृषि पर आधारित उद्योग विशेषकर कुटीर

उद्योग ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित करने पर प्रोत्साहित किया जाए ताकि शहरों में बढ़ती हुई वायु प्रदुषण और स्वास्थ्य, जल और आवास जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी साथ ही साथ हर हाथ के काम के लक्ष्य को भी पूरा किया जा सकता है। हथकरघा उद्योग, तिलहन पिराई उद्योग, पापड़-अचार इत्यादि उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित पूंजी से ग्रामीण क्षेत्रों के उत्पाद पर चलाए जा सकते हैं। वर्तमान बजट में 87 हजार 765 करोड़ रुपये व्यय करने का प्रावधान किया गया है, जिसमें स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सृजन और सड़क निर्माण पर बल दिया गया है। वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाषण के पैरा 52 में जो कहा है कि देश की चिकित्सा व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त की है, इसके अनुसार अभी भी प्रतिवर्ष लाखों गरीब परिवार के लोग गरीबी रेखा के नीचे रह रहे हैं। इस गम्भीर स्थिति से निबटने के लिए सरकार ने स्वास्थ्य सेवा योजना लागू करने का निर्णय किया है। यह सरकार का सराहनीय कदम है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी का ध्यान अपने क्षेत्र की ओर दिलाना चाहता हूं। मैं जगतजननी मां जानकी धरती सीतामढ़ी से आता हूं। वित्त मंत्री जी मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि वहां नेपाल की नदियां बहुत तबाही मचाती हैं और काफी पानी बहकर दूसरे जिलों को भी प्रभावित करता है। मैं आग्रह करना चाहता हूं कि वहां सिंचाई की समुचित व्यवस्था की जाए और सुलिस गेट का निर्माण किया जाए ताकि सीतामढ़ी की भूमि सिंचित हो सके और वहां जो पानी का बहाव हो जाता है, उसका भी सही-सही उपयोग हो सके। इन्हीं शब्दों के साथ-साथ अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी की ओर से यह एक क्रांतिकारी और ऐतिहासिक बजट जो किसानों के लिए बजट पेश किया है, मैं उसका समर्थन करता हूं।

डॉ. उदित राज (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) : सभापति महोदय, मैं माननीय वित्त मंत्री जी का धन्यवाद करते हुए अपनी बात की शुरूआत करूंगा कि हमने देश को जो वायदा किया था कि फिस्कल कन्सोलिडेशन को अचीव करने में हमारी सरकार सफल रही है। इसका श्रेय माननीय वित्त मंत्री के दृष्टिकोण को जाता है और जहां ग्लोबल इकोनमी नीचे जा रही है, वहीं हमारा ग्रोथ रेट बढ़ रहा है। तमाम क्षेत्रों में हमने अच्छी ग्रोथ रेट हासिल की है। मुझे यहां पहुंचने में देरी हुई क्योंकि हमारे उत्तर पश्चिम दिल्ली के देहात एरिया में भारी वर्षा हुई है, ओले भी पड़े हैं और आंधी भी आयी है, जिसकी वजह से फसल चौपट हो गयी है। मैं अपने भाषण की शुरूआत इसी से करूंगा कि इस बजट का थ्रस्ट किसानों के उत्थान का है। मैं किसानों के उत्थान से बात की शुरूआत करूंगा कि फसल का जो लॉस होता है, उसके कम्पैनसेशन से शायद काम नहीं चलेगा, मैं वित्त मंत्री जी से इसका रीहैबिलिटेशन पैकेज देने की गुजारिश करूंगा। दूसरी बात यह है कि धन विभिन्न विभागों और विकास के तमाम कार्यो में जाता है, लेकिन क्या वह सही रूप से वहां पहुंच पाता या नहीं पहुंच पाता है, इस पर बहुत ध्यान देने और चर्चा करने की आवश्यकता है।

महोदय, अभी हाल में हैदराबाद यूनिवर्सिटी में एक छात्र रोहित वेमुला ने आत्महत्या की, उससे पूरे देश के अंदर एक उबाल सा आ गया और तमाम प्रगतिशील ताकतें, सेक्युलरिस्ट फोर्सेस और अन्य सभी ने इतना शोर मचाया और सबने सारा दोषारोपण हमारी सरकार पर मढ़ने का प्रयास किया, जैसे उस आत्महत्या की जिम्मेदार हमारी सरकार के कारनामे हों। इसलिए यहां इस बात को रखना जरूरी है कि इसके पहले आठ छात्र उसी युनिवर्सिटी में आत्महत्या कर चुके थे। जिन आठ छात्रों ने हैदराबाद यूनिवर्सिटी में आत्महत्या की थी, क्या उसके लिए भी हमारी सरकार जिम्मेदार है। जब पहले छात्र ने आत्महत्या की थी, उसके बाद दूसरे ने और फिर तीसरे, चौथे ने आत्महत्याएं की थीं, उस समय अगर कुछ कदम उठाये गये होते तो रोहित वेमुला वाली घटना को रोका जा सकता था। जो यूनिवर्सिटीज और यूजीसी में तमाम पैसा भेजा जाता है, अगर उस पैसे का एप्लीकेशन हुआ होता तो आज जो तमाम रोहित वेमुला जिंदा है, हैदराबाद का वेमुला तो जिंदा नहीं रहा, लेकिन आज भी इस तरह के तमाम वेमुला जिंदा है। देश के अंदर आज भी हजारों स्कूल हैं, जहां मिड डे मील दलित बच्चों के साथ में सवर्ण बच्चे नहीं खाते हैं। यह आज की नहीं, पहले की परम्परा चली आई है, यह हमें विरासत में मिली है।

इसके अलावा चाहे एम्स में छात्र के द्वारा आत्महत्या की बात हो, दिल्ली, कानपुर आईआईटी का मामला हो या अन्य कालेजों के मामले हों, इस तरह की तमाम घटनाएं घटती रही हैं, लेकिन उनके पीछे कारण क्या रहे। उसके कारणों को समझना बहुत जरूरी है। मैं माननीय वित्त मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि उसका कारण बजट का दुरुपयोग भी है। अगर इस बजट का एप्लीकेशन हुआ

होता, सदुपयोग हुआ होता तो शायद इस तरह का अत्याचार, भेदभाव युनिवर्सिटीज और कैम्पसेज में नहीं होता। मैं 2011-12 के बजट की बात कह रहा हूं। उस वर्ष में शेड्यूल्ड कास्ट स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के तहत 814 करोड़ रुपये दिये गये थे, जबकि केवल 87 करोड़ पहुंचा। बाकी पैसा कैपिटल एक्सपेंडिचर के रूप में कैपिटल असैट्स में ग्रांट इन एड में लगा दिया गया। कहने का मतलब यह है कि 814 करोड़ रुपये में से केवल 87 करोड़ रुपये ही पहुंच पाये। रोहित वेमुला द्वारा आत्महत्या करने का यह भी एक मुख्य कारण था, क्योंकि उसे स्कालरशिप नहीं मिल पा रही थी और यह पहले से ही चला आ रहा है। अभी पश्चिम उत्तर प्रदेश में लगभग तीन हजार छात्रों को परीक्षा में बैठने से रोका जा रहा था। किसी तरह से हस्तक्षेप करके उन्हें परीक्षा में बैठने की इजाजत दिलवा दी गई। अब उनके एकाउंट्स सील हो गये हैं क्योकि जो स्कालरशिप जो केन्द्र से जाती है, राज्य सरकार को आगे उसे डिसपर्स करने चाहिए, जब तक वह पहुंचे नहीं, तब तक उनके एकाउंट्स डीसील नहीं होंगे, उन्हें सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा।

महोदय, उसी तरीके से 2012-13 में 1047 करोड़ रुपये का आबंटन यूजीसी को स्पेशल कंपोनेन्ट प्लान के तहत हुआ और खर्च 107 करोड़ रुपये हुआ और बाकी कैपिटल असैट्स के रूप में,ग्रांट इन एड के रूप में। इसी तरीके से अभी तक जो पैसा केन्द्र से जाता रहा है, उसका दुरुपयोग होता रहा है। वही मेन कारण रहे हैं।

महोदय, इसके अलावा जवाहर लाल यूनिवर्सिटी और हैदराबाद यूनिवर्सिटी का जो मामला उभरकर इस देश के सामने आया है, उस पर चर्चा करने की आवश्यकता है। 2013 में एक नेशनल मोनेटरिंग कमेटी फॉर एससी, एसटी, ओबीसी की बैठक हो रही थी, जिसमें मैं भी उपस्थित था। उसमें यूजीसी के चेयरमैन और एमएचआरडी के सैक्रेटरी भी थे। तब यह पता लगा कि यूजीसी ने केवल तीन परसैन्ट एससीपी का पैसा खर्च किया था। इत्तेफाक से उस कमेटी में मैं भी था, यह जनवरी 2013 की बात है। यूजीसी के चेयरमैन भी उसमें थे। उस समय सोचा गया कि केवल तीन परसेंट पैसा खर्च किया गया है, जो शेड्यूल कॉस्ट के लिए दिया गया है, इसको मार्च तक किसी तरीके से स्कॉलरशिप के रूप में कन्वर्ट करके पूरा खर्च किया जाना चाहिए, लेकिन वह खर्च नहीं किया गया। यह चीज पहले से ही चली आ रही है कि केवल तीन परसेंट पैसा खर्च होता है। बजट में एस.सी.,एस.टी. के छात्रों के लिए अलोकेशन तो चला जाता है, लेकिन यह खर्च नहीं हो पाता है। यह बड़े दुख की बात है। आज दिल्ली में 5.2 परसेंट शेड्यूल्ड कॉस्ट के लड़के ग्रेजुएट हो पाए हैं, जबकि सामान्य जाति के 31.4 परसेंट लड़के ग्रेजुएट हैं तो ग्रेजुएशन करने का शेड्यूल कॉस्ट में बहुत कम परसेंट है। वहीं अगर लड़कियों का देखा जाए तो 1.3 परसेंट शेड्यूल्ड कॉस्ट की लड़कियों का है और सामान्य कैटेगरी, सोशली एडवांस कॉस्ट का 26.2 परसेंट है। यह कांग्रेस की वजह से हुआ है।

मैं विशेष आपसे आग्रह करना चाहूँगा कि इसी तरीके से जो पैसा यहाँ से हॉस्टल के कंस्ट्रक्शन के लिए दिया जाता है, आज इस देश में नितान्त आवश्यकता इस बात की है कि एस.सी., एस.टी. के छात्रों के लिए हॉस्टल बनाए जाने चाहिए, जो कि बनाए नहीं जा रहे हैं। मैं वित्त मंत्री जी से आग्रह करूँगा कि वे एक प्रोविजन बनाएं।

*SHRI C.R. CHAUDHARY (NAGAUR):This is indeed great pleasure to congratulate Hon'ble Finance Minister, Shri Arun Jaitley and his Deputy, Dr. Jayant Sinha for giving us the forwarding-looking, visionary budget for second successive year. I congratulate my Prime Minister and the Government for giving this country a well-crafted budget, and I am very much hopeful that this General Budget will take Indian economy forward. This year's budget reflects the visions and leadership of our Prime Minister, Shri Narendra Modi ji, who is consistently giving the country's economy a new thrust by bringing back the policy focus on the rural economy and agriculture, and strengthening the backbone of India's progress and economic development.

As Honorable Finance Minister aptly explained that "money with the Government belongs to the people and the Government has sacred responsibility to spend it prudently and wisely for the welfare of the people, especially the poor and downtrodden". Such statement resound the highest level commitments that our Government led by the Prime Minister attaches to welfares and benefits of the *Aam Admi* and *Aam Aurat* of the country. Ever since our Prime Minister formed the Government, he has only one mission at hand, that is, how to transfer the country by getting rid of the status of developing country and aiming for a developed country status. This year budgetary proposals have given enough scope for the country to transform itself based on nine distinct pillars. The nine pillars are (1) Agriculture and Farmers' welfare; (2) Rural Sector; (3) Social sector including Health care; (4) Education skills and job creations; (5) Infrastructure and investment; (6) Financial sector reforms; (7) Government and the Ease of Doing Business; (8) Fiscal Discipline; and finally (9) Tax reforms.

I come from one of the under-developed region in Rajasthan, Nagaur Constituency, hence I am conscious of difficulties that poor farmers face in their daily lives. Therefore, my interventions will be around on those pillars which have hugerelevance for the common man.

---

* Speech was laid on the Table.

The Government is completely clear from the first day in its five years term that the focus would be absolutely on strengthening the country's agriculture and farmer's welfare. Modi Government is firmly standing behind rural poor; it intends to increase doubly the 'food security' and 'income security' of our farmer community by 2022. The total allocations to the Department of Agriculture, Cooperation and Farmer's welfare has been revised upward to Rs. 35,984 crore with additional budgets of approximately Rs. 16,700 crore more than the Budgets of 2014-15. This is the testimony of higher Government priorities for the sector. The Government realizes the importance of irrigation in farmer's lives. As the last 66 years of irrigation history suggests, most Congress led Governments have not attempted to universalize the irrigation in the country. Out of 141 million hectares of net cultivated area in the country, only 46% is covered with irrigation. The flagship IABP scheme, due to lack of funding, have not delivered the results. NDA Government would like to complete most of the projects in time-bound manner.

A dedicated Long-term Irrigation Fund is being conceptualized with initial corpus of about Rs. 20,000 crore to infuse more funds to the irrigation sector. The Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana has received nearly Rs. 790 crore in 2016-17 (BE) to 2015-16(BE). In order to increase agriculture productivity, the focus should be towards enhancing agriculture and farm productivity in arid and semi-arid regions. In the arid and semi-arid regions, groundwater play significant role on farm's productivity. This year has evidently placed importance on ground water by allocating Rs. 6000 crore for its sustainable management. I would like to congratulate the Government for prominent reference to Soil Health Card Scheme in this year's Budget. Prime Minister himself inaugurated the Soil Health Card in my State to provide all information about the nutrient level of soils and judicious use of fertilizers. Besides, under Animal Husbandry, Dairying and Fisheries Department, four new projects have been proposed. These are 'Pashudhan Sanjivani', an animal wellness programme and provision of Animal Health Cards - Nakul Swasthya Patra, Advanced breeding technology, creation of 'EPashudhan

Haat', and National Genomic Centre for indigenous breeds, with an allocation of Rs. 850 crore in 2016-17 BE. Besides, the Government has also looked for new financing mechanism to raise additional funds for agriculture sector. There is a proposal of Cess (Krishi Kalyan Cess) at 0.5 per cent on all taxable services, which would be exclusively used for financing initiatives relating to improvement of agriculture and welfare of farmers. Further, there would be another 7.5 per cent surcharge of the undisclosed income to be called as Krishi Kalyan surcharge and will be used for agriculture and rural economy.

Government's another priority area for the budget is rural sector. Ever since, the 14th Finance Commission has come out with its recommendation, a sum of Rs. 2.87 lakh crore are in the pipeline as Grant-in-Aid to Gram Panchayats and Municipalities for transforming villages and small towns. The Government is very much sensitive of rural distress due to drought resulting of climate change. In this context, the role of NRLM and NREGA play significant role. This year's budget has outlined significant allocations for livelihood mission and MGNREGA having staggering growth of Rs. 1700 crore and Rs. 6000 crore respectively over 2014-15 (BE). Rural electricity, rural road through (PMGSY), rural housing (IAY) have received significant budgetary allocations than previous year's budgets. Union Government has re-affirmed its commitment to electrify 100 per cent villages by May 1, 2018. The Union Budget 2016-17 has allocated Rs. 8,500 crore for Deendayal Upadhayaya Gram Jyoti Yojana and Integrated Power Development Schemes. This year's budget has also attached significant allocation to Swachh Bharat Abhiyan (both Gramin and Urban). The total allocation for the Swachh Bharat Abhiyan - Grammen and Urban (G+U) is Rs. 11,300 crore with SBM (G) at Rs. 9,000 crore and SBM (U) at Rs. 2,300 crore in 2016-17 (BE). This is a significant jump from 2015-16 (RE) wherein the overall allocation for sanitation was Rs. 7,525 crore. This allocation is in sync with PM's vision of making India Swachha from day-one of its governance. Such priority will make the country free from open defecation very soon.

This year's budget has attached huge priority to the social sector including education and health sectors. Finance Minister has rightly invoked the words of Swami Vivekananda - "no amount of politics would be of any avail until the masses in India are well educated, well fed and well cared for", Prime Minister for long has persisted with delivering the massage to the well-off consumers to 'live-it' gas subsidy for the benefits of the rural masses.

LPG connection will now reach to 50 lakhs households below poverty line by 2016-17. It will benefit rural women significantly in their household activities and promoting women health. There has been significance level of increase in the total allocations under the Ministry of Health and Family Welfare. In order to address the development deficits in the health sector and the shortages in Infrastructure and availability of healthcare personnel in the country, there is a need to increase India's public spending on health to significantly higher levels. Government is taking huge initiatives to meet spending shortfall in this sector. This year, there has been Rs.5000 crore increase over 2014-15 (BE). For the poor, increased level of out-of-pocket expenditure is of significant concern. A new health protection scheme is there for poor and economically weak families against unforeseen out-of-pocket expenditure with a health cover up to Rs. 1 Lakh per family. For senior citizens of age 60 years and above belonging to this category, there is an additional top-up package up to Rs. 30,000. Further, this year's budget has also reinvented the Jan Aushadhi Scheme, which was introduced in 2008 and not really taken off since then. The allocations for the scheme have increased in 2016-17 (BE) over 2015-16 (RE). the announcement of 3000 Jan Aushadhi stores is a welcome step but some of the main problems plaguing the scheme, viz. doctors not prescribing generic medicines to the patients and the non-availability of medicines under generic names, still need to be addressed. This year's budget has also focused on the dialysis and reductions of its costs. A National Dialysis Services Programme has been proposed in this budget. Funds will be made

available through PPP mode under the National Health Mission to provide dialysis services in all district hospitals.

Education, Skills and Job creations have been huge priority for the NDA Government. The sector has always been a matter of concern in the context of not imparting quality education, lack of world class infrastructures, and the existing educational infrastructure not living up-to markets demands of employability, etc. This year's Budget has made provisions to establish 62 new Navodaya Vidyalayas in remaining uncovered districts in the next two years. Our Public and private educational institutions are not competitive at the world levels, either teaching or research levels. There is need for creating an enabling regulatory architecture at the higher education level. This year's budget has created a Higher Education Financing Agency (HEFA) with the initial capital base of Rs. 1000 crore to finance world class infrastructures in the country's institutions. Besides, this year's Budget has also given priority to the "Skill India Mission". Towards this, under Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana, the Budget propose to set-up 1500 Multi Skill Training Institutes across the country with annual outlays of Rs.1700 crore for this initiative. This is Modi Sarkar's mantra that if youth of this country get adequate infrastructure and skills, they will create new innovation for this country.

To sum up, I am completely seconding the budgetary proposal as proposed by our Finance Minister to take the Prime Minister's vision forward. This year's budget, I should characterize as forward looking budget in recent history. For this, I must congratulate our Prime Minister.

[*]**श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा):** मैं अरूण जेटली जी द्वारा प्रस्तुत किए गए सामान्य बजट के समर्थन में अपने कुछ विचार प्रकट कर रही हूँ। आज से पहले भी कई बजट लोकसभा में पेश किए गए, उन सभी में केवल ज्यादातर आय-व्यय का ब्यौरा ही देखने को मिला। लेकिन श्री अरूण जेटली जी द्वारा पेश इस बजट में सरकार की अर्थनीति का विज़न सबके सामने आया है। वर्ष 2015-16 में अर्थव्यवस्था की 7.6 प्रतिशत की तेज वृद्धि हुई है। जब दुनिया मंदी की चपेट में है। इस वर्तमान बजट को भारत में बदलाव की रफ्तार तेज करने वाला बजट कहा जा सकता है क्योंकि इसका लक्ष्य देश को विकसित और समृद्ध आर्थिक ताकत के रूप में बदलना है। पहली बार कृषि, ग्रामीण विकास और सिंचाई को नीतियों में प्राथमिकता दी गई है। पिछले बजटों की तुलना में यह तकनीकी आधार के साथ पेशेवर बजट है। यह अर्थव्यवस्था के समावेशी विकास के उद्देश्य से बड़े विचारों का बजट है। बजट का सार सरकार के उन नौ आधारभूत प्राथमिकताओं में निहित है, जो व्यापक अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ है। ये नौ मुख्य आधार हैः पांच साल में किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए कृषि और किसानों का कल्याण। ग्रामीण रोज़गार और बुनियादी संरचना पर ज़ोर के साथ ग्रामीण क्षेत्र की मजबूती। सभी कमज़ोर तबकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के साथ सामाजिक क्षेत्र पर ज़ोर दिया गया है। भारत को ज्ञान आधारित और उत्पादक समाज बनाने के लिए शिक्षा, हुनर और रोज़गार सृजन को प्राथमिकता, जीवन स्तर और क्षमता में वृद्धि के निवेश और बुनियादी संरचना की प्राथमिकता। स्थायित्व और पारदर्शिता लाने के लिए वित्तीय सुधार। लोगों को अपनी क्षमताओं के अनुरूप कामयाबी दिलाने के लिए सुशासन और कारोबार में सहूलियत का माहौल बनाया गया है। यह सराहनीय है। भारत दुनिया में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली अर्थव्यवस्था बना रह सकता है। यह कहने की कोई जरूरत नहीं कि रोजकोषीय घाटे की जी.डी.पी. के 3.5 प्रतिशत पर सीमित रखने का लक्ष्य सरकार के वित्तीय अनुशासन कायम रखने के पुख्ता इरादे को जाहिर करता है। इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में जान फूंकने के लिए बजट में 21 लाख करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है जिसका मकसद आर्थिक सुधारों को आगे ले जाना है। इसलिए मैं वित्त मंत्री अरूण जेटली जी को आम आदमी के चेहरे पर मुस्कान लाने वाला बजट पेश करने के लिए बधाई देना चाहती हूँ। आखिर आम आदमी आज़ादी के बाद से एक के बाद एक नकारा सरकारों को झेलने के लिए मजबूर रहा है।

हमारी पहले की सरकारों में इस राष्ट्र को गौरवशाली ऊँचाईयों पर ले जाने की राजनैतिक इच्छाशक्ति ही नहीं थी। पिछली सरकारों की गलत आर्थिक नीतियों के चलते जब देश कई तरह के संकटों से घिरता रहा तब अर्थव्यवस्था की सेहत सुधारने के लिए, जख्मों पर मरहम लगाने के बदले तब के वित्त

[*] Speech was laid on the Table.

मंत्री बेनामी बजट पेश करने में ही अपनी महारत दिखाते रहे। लेकिन श्री अरूण जेटली जी के इस बजट में मूलभूत सुधारों से निपटने के लिए चुनौतियों का सामना किया है।

2022 तक कृषि आय को दोगुना करने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इसके लिए किसानों को पर्याप्त पानी, बिजली और संसाधन मुहैया कराने के अलावा सरकार को उन्हें कृषि उपकरणों में तकनीकी सुधारों से भी रूबरू कराना चाहिए।

बजट की मुख्य बातो से साफ होता है कि मोदी जी का मेक इन इंडिया अभियान कमोवेश किसी हद तक बजट पर निर्भर है। इसका फोकस किसान और कृषि क्षेत्र पर है। क्योंकि इससे किसानों और गरीब तबकों को जीवन स्तर ऊँचा उठाने में मदद मिलेगी। रसोई गैस सब्सिडी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, वरिष्ठ नागरिकों को बीमा और सिंचाई सुधार जैसे कदमों से ग्रामीण भारत की सेहत सुधरेगी। कुल मिलाकर इस 2016 के बजट में हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सेहत सुधारने का असर दूसरे क्षेत्रों पर भी पड़ेगा और पूरी अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी। इसलिए घाटे को काबू में रखकर प्रगति के पहलुओं पर फोकस करने के लिए वित्तमंत्री बधाई के पात्र हैं।

इसी तरह प्रगति होती रही और हमारी वृद्धि दर 8 प्रतिशत पर पहुंच जाती है तो देश के लोगों की ही विजय होगी, खासकर हमारे युवाओं की, जिन्हें नए उत्पादक रोज़गार अवसरों की बेहद दरकार है।

यह बजट विकासोन्मुखी बजट है। मैं इस बजट का अनुमोदन करती हूँ।

गुजरात के विकास के लिए मेरी कुछ मांगे केंद्र सरकार के पास लंबित है। कृप्या उस पर गौर किया जाए। गुजरात जो आज देश का विकास का इंजन बन गया है। गुजरात में आज 42 प्रतिशत जनता शहरों में बस्ती है। गुजरात में शहरी विकास सत्तामंडल की कार्यक्षमता के कारण सुयोजित शहरी विकास सिद्ध हुआ है1 उन शहरी सत्तामंडलों को कर से मुक्ति दी जाए। अभयघाट- स्वर्गीय श्री मोरारजी देसाई की समाधि के लिए उचित सहायता मुहैया कराई जाए। 2005 से दांडी यात्रा हैरीटेज रूट प्रोजेक्ट का निर्माण पूर्ण करने के तहत बाकी धनराशि मुहैया करायी जाये। कृषि मंत्रालय के तहत प्रोफेसर वैद्यनाथन कमेटी के पुनर्गठन पैकेज की बाकी धनराशि 260.61 करोड़ रूपए गुजरात को दी जाए। एच.आर.डी. के तहत आर.एम.एस. के अभियान के तहत धनराशि आवंटित की जाए।

कॉपरेटिव सैक्टर की शुगर मिलों तथा छोटे कॉपरेटिव सैक्टर की किसान सहकारी मंडलियों को आयकर में छूट दी जाए। ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत स्पिल ओवर आवासों के निर्माण के लिए फंड मंजूर किया जाए। पेयजल स्वच्छता मंत्रालय के तहत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत धन आवंटित किया जाए। शिपिंग मंत्रालय के तहत शिप बिल्डिंग के विकास के लिए सब्सिडी मुहैया कराई जाए। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत नमक उद्योग के विकास एवं

अगरियाओं के कल्याण की योजनाओं में सहातया दी जाए। पिछले सामान्य बजट में गुजरात में एम्स का प्रावधान हुआ था, लेकिन उसे कहां स्थापित किया जाए यह आज तक लंबित है। इस प्रक्रिया में गति लाई जाए।

*__श्रीमती कमला पाटले (जांजगीर-चाम्पा):__ पहली बार किसी सरकार ने देश के गॉव, गरीब और किसान को बजट में अपनी प्राथमिकता दी है, इसके लिए प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी एवं वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी को हृदय से धन्यवाद देती हूॅ।

आज की हालत और कल की जरूरत का देखते हुए ग्रामीण मांग के साथ कृषि उत्पादकता, ग्रामीण और शहरी विकास को संतुलित कर ''चलो गांव की ओर'' नारा धरातल पर लाने का प्रयास किया गया है।

कृषि के क्षेत्र में सिंचाई हेतु निधि की स्थापना, भू-जल संसाधन प्रबंधन, वर्षा सिंचित क्षेत्र में तालाब और कुआँ निर्माण, प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, फसल की उपज बढ़ाने, परंपरागत कृषि विकास योजना, मूल्य श्रृंखला आधारित जैविक खेती स्कीम, कृषि ऋण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डेयरी उद्योग को बढ़ावा देना, दालों के उत्पादन में वृद्धि करने, विपणन हेतु एकीकृत कृषि विपणना ''ई-मंच'' स्थापना के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। खेती को बढ़ावा मिलने से देश आत्मनिर्भर तथा गॉव व गरीब का जीवन स्तर ऊपर उठेगा।

गॉव व शहर के विकास हेतु 2.87 लाख करोड़ रूपए निर्धारित किए गए है, जिससे प्रति ग्राम पंचायत औसतन 80 लाख और प्रति शहरी निकाय को 21 करोड़ रूपए से अधिक की सहायता मिलेगी। मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, डिजीटल इंडिया, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, प्रधानमंत्री सड़क योजना, राजमार्ग योजना, विमान पत्तनों के उन्नयन जैसी योजनाओं से देश में क्रांतिकारी रूप से परिवर्तन परिलक्षित होगा।

सामाजिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक लाख रूपए तक स्वास्थ्य बीमा कवर, तीन हज़ार प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों में जेनेरिक औषधि उपलब्ध कराना, देश के सभी जिला अस्पतालों में डायलिसिस सेवा केंद्र खोलना, डेढ़ करोड़ बी.पी.एल. परिवार की महिलाओं को एल.पी.जी. कनेक्शन मुहैया कराना, युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास, रोज़गार सृजन के प्रयासों के उपायों का उल्लेख है। छोटे उद्यमियों, स्टार्ट अप, एस.सी./एस.टी. हब को प्राथमिता दी गयी है।

देश के कुछ राज्यों को भयंकर सूखे और बाढ़ का सामना करना पड़ा। छत्तीसगढ़ प्रदेश के भी अधिकांश जिले सूखे से प्रभावित रहे। मेरे संसदीय क्षेत्र जांजगीर-चाम्पा की बलौदा तहसील भी सूखा क्षेत्र में है। यहां सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं है। हंसदेव बांयी तट नहर यहां से गुजरती है लेकिन सतह से 50 से 70 फीट नीचे पानी की सतह होने के कारण सिंचाई नहीं हो पाती है। मैं चाहती हूॅ कि इस नहर के जर्वे के

* Speech was laid on the Table.

पास से सांसद आदर्श गांव जावलपुर परसाही उद्रवहन सिंचाई योजना के लिए लगभग 70 लाख बजट में शामिल किये जाए। इसी नहर से इसी प्रकार पानी की सप्लाई सीपत एन.टी.पी.सी. में विगत कई वर्षों से की जा रही है, जो करीब 25 कि.मी. दूर है।

देश के एकमात्र प्राकृतिक क्रोकोडायल पार्क कोटमी सुनार जो मेरे संसदीय क्षेत्र के अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में स्थित है, को राष्ट्रीय पार्क के रूप में विकसित किए जाने की मांग करती हूॅ।

अभी हाल ही में रायपुर-बलौदा बाजार-कसडोल-सरसीवां होते हुए ओडिसा राज्य को जाने वाली राज्य सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा प्रदान किया गया है, जिसे फोर लेने सड़क बनाए जाने एवं इस पर टूटे-फूटे पुल-पुलियों को नए सिरे से निर्माण करने का बजट में प्रावधान किया जाये।

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की ओर से प्रस्तावित राष्ट्रीय आदिवासी विश्वविद्यालय की स्थापना एवं नैक का क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने, नई राजधानी निर्माण हेतु विशेष पैकेज देने, राज्य के इस्पात उद्योगों को जीवित रखने, उच्च द्रवणांक वाले कवाड़ (एच.एम.एस.-I, एच.एम.एस.-II) के आयात की अनुमति प्रदान करने तथा राज्य की औद्योगिक गतिविधियों के लिए अंतर्देशीय परिवहन अनुदान दिये जाने की मांग करती हूॅ।

श्रीमती अनुप्रिया पटेल (मिर्ज़ापुर): महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। माननीय वित्त मंत्री जी को मैं एक सन्तुलित बजट पेश करने के लिए बधाई देना चाहती हूँ, जिसमें कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन, सामाजिक पुनरोत्थान और इंफ्रास्ट्रक्चर आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। साथ ही अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी राजकोषीय सुदृढ़ीकरण का जो लक्ष्य है, उसे प्राप्त करने की भी कोशिश की गई है। विपक्ष ने बार-बार हमारी सरकार की यह कहकर आलोचना की कि यह कारपोरेट जगत की समर्थक है, लेकिन इस बजट के माध्यम से भारत और इन्डिया के बीच की खाई को समझते हुए जिस तरह समाज में हाशिये पर पड़े हुए तबके तक पहुँचने की कोशिश माननीय वित्त मंत्री जी ने की है, वह निश्चित रूप से हमारे विपक्ष के साथियों को निरूत्तर करने का काम करता है। कृषि के क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण घोषणाएं हुई हैं। सरकारे ने पाँच साल में किसानों की आमदनी को दोगुना करने के लिए कृषि क्षेत्र के लिए 36 हजार करोड़ रूपए आवंटित किए हैं। किसानों को 9 लाख करोड़ के ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है और इस ऋण के ब्याज पर छूट के लिए भी 15 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान है, माननीय वित्त मंत्री जी ने किया है। फसल बीमा योजना के तहत 5500 करोड़ रूपए आवंटित किए गए हैं और इस योजना में प्रीमियम की दरों को काफी कम रखा गया है, जिससे अधिक से अधिक किसान फसल बीमा योजना के दायरे में आ सकें। यहाँ तक कि जब फसलों की क्षति होती है तो उस परिस्थिति में भी उन्हें अधिक से अधिक मुआवजा दिया जा सके। दालों की महँगाई और उसके घटते हुए उत्पादन को ध्यान में रखते हुए भी सरकार ने दालों के उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए 500 करोड़ रूपए आवंटित किए हैं। यहाँ तक कि डिजिटल कृषि बाजार लाँच करना भी इस बजट के माध्यम से प्रस्तावित किया है। इसके तहत देश के जो तमाम कृषि बाजार हैं, उनको ऑनलाइन जोड़ने की भी व्यवस्था सरकार ने की है। किसान इस ऑनलाइन बाजार के माध्यम से देश में कहीं भी अपनी फसल को सही दाम पर बेचकर उसका लाभ प्राप्त कर सकेंगे। ऐसा माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा है।

वर्ष 2017 तक सभी 14 करोड़ किसानों को मिट्टी के परीक्षण के लिए स्वाइल हेल्थ कार्ड देने का भी ऐलान किया गया है और इसके लिए दो हजार मिनी स्वाइल लैब्स बनाई जाएंगी। इसकी घोषणा माननीय वित्त मंत्री जी ने की है। पांच लाख एकड़ को जैविक खेती के दायरे में भी लाया जाएगा, ऐसा भी हमने बजट में पढ़ा है। मनरेगा के तहत पांच लाख कुएं और तालाबों का निर्माण करने का भी लक्ष्य रखा गया है। मैं इन सभी घोषणाओं का स्वागत करती हूं, लेकिन मेरी कुछ आशंकायें हैं, जिनका समाधान मैं माननीय वित्त मंत्री जी से चाहूंगी। मेरा उनसे आग्रह है कि अपने वक्तव्य में वे इन आशंकाओं का समाधान जरूर करें, इन पर प्रकाश डालने का काम करें।

मेरा सबसे पहला प्रश्न यह है कि किसानों की आय दोगुनी करने की बात तो की गई है, लेकिन उस आय को दोगुना करने का सरकार का रोड मैप क्या है? क्या हमारे किसानों की आय पांच साल में महंगाई के अनुरूप बढ़ेगी और क्या उनकी आय को बढ़ाने के लिए कृषि विकास दर को ढाई गुना बढ़ाने की सरकार की कोई योजना है, यह काम सरकार कैसे करेगी? हमारी सरकार नौ लाख करोड़ रूपए की व्यवस्था कृषि ऋण के लिए कर रही है, लेकिन आज किसानों की समस्या यह हो चुकी है कि कर्ज के कारण किसान आत्महत्या कर रहे हैं और विशेषकर मैं जिस राज्य से आती हूं उत्तर प्रदेश, उसमें बुंदेलखंड जैसा हिस्सा है, जहां पर किसानों की आत्महत्यायें सबसे ज्यादा कर्ज के कारण हो रही हैं। मैं जानना चाहती हूं मेरी सरकार से कि यदि नौ लाख करोड़ रूपए से आप ऋण देना चाहते हैं तो किसानों के कर्जमाफी की बात क्यों नहीं की जा रही है? क्या उस संबंध में भी हमारी सरकार की कोई नीति है?

रबी और खरीफ की फसलों का बीमा प्रीमियम रेट अलग क्यों रखा गया है? इसका स्पष्टीकरण भी मैं माननीय वित्त मंत्री जी से जानना चाहूंगी। सबसे बड़ी समस्या है कि हमारी फसलों का जो आंकलन होता है, वह बीमा कंपनियां करती हैं। अक्सर जो नुकसान हुआ होता है, उसका उचित आंकलन नहीं हो पाता है। ऐसे में सरकार यह कैसे सुनिश्चित करेगी कि जो फसल बीमा योजना है, उसका लाभ हमारे किसानों को मिले और ऐसा न हो कि उसका लाभ बीमा कंपनियां ले जाएं।

जहां तक कृषि बाजारों को ऑनलाइन करने की बात है, मैं माननीय वित्त मंत्री जी से पूछना चाहूंगी कि अभी तक केवल 12 राज्यों ने सहमति दी है और सभी राज्य इस बात के लिए तैयार नहीं हो पाए हैं तो इस समस्या का समाधान कैसे निकाला जाएगा? जहां तक पांच लाख तालाब और कुएं खोदने की बात है, तो तालाबों और कुओं की जमीनों पर अतिक्रमण एक बहुत ही विकट समस्या बनी हुई है और मैं समझती हूं कि लगभग हर राज्य में यह समस्या है, तो कैसे हम इस चुनौती का सामना करेंगे? मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहूंगी।

दो हजार मिनी स्वाइल लैब बनाने की जो घोषणा की गई है, उसका ब्लू प्रिंट क्या होगा? ये किन राज्यों में सबसे पहले स्थापित किए जाएंगे और कैसे राज्यों का चयन होगा, कैसे इनकी स्थापना होगी? स्वास्थ्य की दृष्टि से केन्द्र सरकार द्वारा निजी क्षेत्र की भागीदारी से हर जिले में डायलेसिस सेंटर्स स्थापित करने की बात की गई है। इस बात का भी मैं स्वागत करती हूं क्योंकि जिस तरीके से आज गुर्दे के मरीजों में बढ़ोत्तरी हो रही है, लोगों को बड़े शहरों में आना पड़ता है और उनका काफी खर्च होता है। ऐसे में यदि हर जिले में डायलेसिस केन्द्र की स्थापना की जाएगी तो निश्चित रूप से हमारे लोगों को, आम जनता को इसका बहुत लाभ मिलेगा। किडनी के साथ-साथ, टयूबरकुलोसिस भी एक बहुत बड़ी समस्या है और भारत

में इसके बहुत अधिक संख्या में मरीज हैं। इसके लिए भी हमारी सरकार कोई प्रावधान करे, ऐसा मैं सरकार से अनुरोध करना चाहती हूं।

गरीबों के लिए एक लाख की बीमा योजना भी एक अच्छी पहल है, क्योंकि एक लाख की धनराशि में 70 से 75 प्रतिशत बीमारियों का समाधान निकाला जा सकता है। 3,000 जन-औषधि केन्द्र खोलकर जो सस्ती जेनरिक दवाइयां उपलब्ध कराने की सोच है, वह भी स्वागत योग्य है। मेरा इस संबंध में माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि ये 3,000 जन-औषधि केन्द्र सबसे पहले देश के जो सबसे पिछड़े इलाके हैं, उनमें खोले जाएं, जिससे गरीब और निर्धन व्यक्ति इन सस्ती दवाइयों का लाभ ले सके।

शिक्षा के क्षेत्र में मैं इतना ही कहना चाहती हूं कि भारत शैक्षिणक रूप से विश्व का सबसे पिछड़ा हुआ देश है। पिछले तीन दशकों में सरकारों ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए धड़ाधड़ स्कूलों की स्थापना की है और यह कोशिश की है कि हर बच्चा स्कूल जाए। हर बच्चा स्कूल जाने भी लगा है लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता आज भी एक बहुत बड़ी चुनौती बनी हुई है। मेरी सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की जो बात इस बजट में की है, उसकी मैं सराहना करती हूं। 62 नवोदय विद्यालय खोलने की बात का मैं स्वागत करती हूं। विश्वस्तरीय उच्च शिक्षा संस्थान खोले जाने का भी मैं स्वागत करती हूं। रोजगार सृजन की दृष्टि से 1,500 कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए बजट में 1,700 करोड़ रूपए का प्रावधान है, यह भी सराहनीय है।

मैं अंतिम बात कहकर अपनी बात समाप्त करना चाहती हूं कि मेरी सरकार सूट-बूट पहनकर भी खेतों और खलिहानों पर पहुंच गई है, जो काम शायद खादी का कुर्ता पहनकर भी यूपीए की सरकार नहीं कर पाई। बहुत-बहुत धन्यवाद।

*DR. KULMANI SAMAL (JAGATSINGHPUR) : This budget, as claimed by the Minister of Finance, is to transform India by focusing upon macro-economic stability and management of country's economy, ensuring fulfillment of domestic demand and to make economic reforms and policy initiatives in right track in order to proceed in the direction of growth and development. In this regard, I would like to focus upon three areas namely, Agriculture, Education and Health, which play a major role in strengthening the society in the direction of inclusive growth of our country.

First of all, I would like to focus upon budgetary allocation on the backbone of our Country's life and economy, i.e. Agriculture. The Finance Minister, Shri Arun Jaitley has allocated Rs. 35,984 crore for agriculture and farmer's welfare. In his statement, Shri Jaitley has categorically mentioned that the farmers are the backbone of country's food security. Hence so many projects have been initiated along with proposed plan to implement Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana. Under this project, 28.5 lakh hectares of land, as projected by Ministry, could be irrigated. Including this Krishi Sinchai Yojana, various other schemes were also initiated for the development of agriculture along with the income security of the farmers all over the country. It is interesting to note that in spite of action taken by the respective Governments and in spite of funds being allocated for the development of agriculture as well as farmers, we are experiencing decline in agricultural productivity along with different types of problems faced by the farmers every day. It is alarming to note that in 2014-15, it was reported that around 6000 farmers all over the country committed suicide. Hon'ble Minister of Agriculture might have the idea that in 2004 alone, over 18 thousand farmers committed suicide in our country. We are residing in a country where around 60% of its people depend directly or indirectly upon agriculture. And it is a matter of concern that suicide committed by farmers holds a sizeable number, i.e. 11.2% of all suicides in India. So my view is, just by allocating funds under Budget is not at

* Speech was laid on the Table.

all enough to augment agriculture sector or to stable farmer's income security, rather we have to focus upon appropriate implementation of such schemes.

It is a matter of concern that most of the illiterate and uneducated people are involved in agricultural activities, who do not have any idea about the advantage of different type of schemes relating to farming and cultivation. Since they do not know the benefits of most of the schemes, they should be assisted as to how they can approach the concerned agencies to fetch maximum amount of advantage out of the funds as well as subsidies meant for them under agricultural schemes. For example, in this budget, the Soil Health Card Scheme, Pramaparagat Krishi Vikas Yojana, Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana, etc. are to be implemented, but I am in doubt about the exposure of farmers in rural areas to the benefits of such schemes. Take the case of Prime Minister Fasal Bima Yojana, on which Rs. 5500 crore have been allocated, the schemes like 'Pashudhan Sanjivani', 'Nakul Swasthya Patra', E-Pashudhan Haat' and National Genomic Centre, etc. for which the Government has allocated Rs.850 crore. But are we really concerned whether the farmers know about these schemes? Until and unless the advantages, the benefits of all these schemes are shared with the farmers, the idea to develop farming sector cannot materialize. Might be our step motherly activities towards agricultural sector have put this sector behind Service Sector and Industrial Sector in economic scenario of this country. So, I would like to emphasize upon the point that it is necessary to make all the farmers to get awareness about the benefits of such schemes.

In this regard, I urge upon the Government to open different agencies to assist directly the farmers to get an idea about the benefits of the schemes. However, I feel good that compared to allocation of around Rs. 23,000 crore in last year in respect of agriculture, allocation of Rs. 35984 crore in this financial year could definitely address the problems of farmers. However, keeping in view the recent loss of crops in different states due to natural calamities like untimely heavy rain, hailstorms, floods, drought, etc. in more than 15 states, the

Government should have initiated for enhancement in the amount of funds under insurance scheme relating to Agricultural Sector to address the rough patch of farmers and stop the increasing incidents of suicide committed by them.

Secondly, the Government has allocated Rs. 1,51,581 crore for the social sector including education and health care. In education sector, the Government has proposed to open 62 more Navodaya Vidyalayas along with strengthening the quality of education under Sarva Shiksha Abhiyan Scheme. It is a matter of fact that India having a population of 1.3 billion holds an important place in the global education industry. The country having more than 36,000 higher education institutes is one of the largest higher education systems in the world. But it has been mentioned in the Economic Survey of India 2015-16 that there is a declining trend in the percentage of enrolment in Government schools in rural areas. In 2007, enrolment was 72.9 percent which got reduced to 63.1 percent in 2014. Keeping this statistics in mind it is necessary to strengthen the Sarva Shiksha Abhiyan by allocating a good amount of funds to have more enrolment in primary schools. But the Department of School Education and Literacy has got an allocation of Rs. 43,554 crore in this Budget as compared to Rs. 42,186 crore as per the revised estimates for 2015-16. And, in respect of Sarva Shiksha Yojana, only 2.27 % increase has taken place. In this budget, only Rs. 2320 crores has been granted on this head. So, how can you manage with this amount to address both the point, i.e. the decline in enrolment in government schools and improvement in quality of primary education? So it is high time we should utilize the potential of our education system to maximum level.

Further, I would like to state that we are lagging behind in Human Development Index as per the report of United Nations in 2015. So, allocation for education is inadequate if we take the report of the United Nations Human Development Report, 2015 into consideration. We have put ourselves at 130th position among 188 nations listed in United Nations Human Development Index. In this budget, allocation for creation of a Higher Education Funding Agency is

only Rs. 1,000 crore. Question comes to my mind that currently the outstanding educational loan is around Rs. 50,000 crore. Then how the purpose of Higher Education Funding Agency could meet the expectation only with the fund of Rs. 1,000 crore. The Government could have thought of allocating more to this Funding Agency just to address the problems faced by the poor students pursuing higher education.

In regard to initiative of Government to improve quality of primary education, I am of the view that we launched Right to Education Act, 2009 with number of hopes and expectations, but I apprehend that we are gradually losing the direction of the same Act because of half-hearted implementation and execution. Further, it is also my query that in respect of how many schools or institutions, the proposals is going to be applied. If at all it is applicable for all the schools and institutions, then it is the time to think over whether the allocation for purpose in the Budget is appropriate or not. So, I would like to urge upon the Government to do the needful with heart only if it is truly thinking to do some improvement in the quality of education. I appreciate the announcement of the Minister regarding the move for digital literacy combined with the promise of 100 per cent electrification in order to provide knowledge dissemination efforts to approximately six crores of people in rural as well as sub-urban areas of the country, which could directly or indirectly help the goal of education. It is absolutely a good idea but again I doubt on mechanism of implementation and appropriate execution.

I would like to state further that as per the Report of Global Competitiveness, 2015 published in Economic Survey 2015-16, our country's capacity for innovation has been lower than that of many countries. Even in the quality of scientific research institutions, we score lower than China and South Africa. And it is also seen that we are scoring poorly on University and Industry collaboration on Research and Development as compared to BRICS countries. Hence, I request the Government to take suitable measures for maximum benefits

out of the schemes they intend to put on the board to develop primary and higher education system. So, I feel, we need to focus upon our education system more, if we want to fulfill the clarion call of Prime Minister, 'Start up India', 'Stand up India', 'Ek Bharat Srestha Bharat', etc.

As a physician, I would like to emphasize upon the Health Sector of our country. In the Health Sector, the Government in this Budget has proposed to implement various projects like three thousand stores under Prime Minister's Jan Aushadhi Yojana which will be opened in 2016-17. The 'National Dialysis Service Programme' is to be started under National Health Mission through Public and Private Partnership mode. I would like to state here that the PPP programme focused specially on dialysis, the Government has recognized the financial burden and inaccessibility related to non-communicable diseases. However, solution to the challenges faced by a large section of the population related to the absence of preventive care and increasing financial burden while accessing healthcare for diseases, such as diabetes and oncology, is not clearly indicated in this Budget. Hence, in this regard, I want to know from the Government whether they are going to implement PPP mode of investment in all the areas of Health Sector or stuck only to areas mentioned in the Budget.

In this respect, I would like to focus upon the budgetary allocation of Rs.19000 crore towards National Health Mission and Rs.2450 crore towards Pradhan Mantri Swasthya Suraksha Yojana and only Rs.470 crore towards Rashtriya Swasthya Suraksha Yojana. I am aggrieved at the inadequate allocation towards the Health Sector because the Health Sector is one of the important sectors in which there should be enough facilities to address the problems of public health, clinical health and health insurance. I want to mention why the recent scenario relating to health in our country is a challenging task. As you know, because of growing population, rise in non-communicable diseases, changing demographics and increasing healthcare awareness, we are lagging far behind to provide health oriented needs to our people. You see the number of

healthcare professionals and infrastructure facilities in Hospitals especially in rural areas is not adequate to address the growing population and a number of diseases of the country. It is a matter of the fact that the country shares about 20 per cent of the burden of global diseases. But, in terms of global infrastructure share, India has only 6 per cent beds and 8 per cent doctors, which is not sufficient to address the prevailing healthcare needs. So, we need right policy framework and appropriate infrastructure development. The BJP Government in its election manifesto had emphasized on modernization of Government hospitals along with upgradation of infrastructure and latest technologies. But, till the date, it has remained as a day dream. So, I urge upon the Government to take care of this sector. One more important thing I want to focus upon is the allocation in respect of scheme for Child Development which is under-resourced in this Budget 2016-17. The Budget does not offer much solace with the allocation for Integrated Child Protection Scheme (ICPS) which is down by 1.3%. The Integrated Child Protection Scheme has been allocated only Rs. 397 crore in 2016-17 compared to the allocation of Rs. 402.23 crore in the 2015-16 Budget. So in the scenario of increase in crimes against children, the lack of attention to child protection is very discouraging.

In respect of my State Odisha, I would like to state that allocation for agriculture, drinking water and sanitation, housing and urban development livelihood improvement programmes and road infrastructure sectors, etc. has been increased. But, it is not adequate to address the problems since Odisha is a poor state and is always affected by natural calamities which directly or indirectly affect every aspect of the State thereby putting adverse impact on its economy. So, I request the Government to think over the issues of my State and take necessary steps in this regard.

The allocation for Tribal Welfare has also been stagnant in respect of my State over a period of time. In Odisha, around 22% of its population are tribals and most of them are yet to be exposed to the outer world and mainstream society.

So, it is necessary to bring them in the path of Development in order to fulfill the call of the Prime Minister, 'Sabka Saath, Sabka Vikas'. So, I request the Government to allocate more funds in this area to my State for Tribal Development.

I also urge upon the Government to expedite implementation of Sagarmala Project and develop the Paradip Port region in my Parliamentary Constituency, Jagatsinghpur in Odisha.

16.00 hours

श्री राघव लखनपाल (सहारनपुर) : सभापति महोदय, मैं आम बजट, 2016-17 के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। इस देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लालबहादूर शास्त्री जी ने 50 वर्ष पूर्व कहा था कि आर्थिक मुद्दे हमारे लिए सबसे जरूरी हैं। यह बेहद महत्वपूर्ण है कि हम अपने सबसे बड़े दुश्मन, गरीबी और बेरोजगारी से लड़ें। आज 50 वर्षों बाद आदरणीय प्रधानमंत्री श्रीमान् नरेन्द्र मोदी और भारत के वित्तमंत्री आदरणीय अरुण जेटली जी के प्रयासों से ये वाक्य सत्य का रूप धारण करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जब से एनडीए की सरकार आयी है, बजट केवल बजट न रह कर, एक रिफॉर्म डाक्यूमेंट के रूप में देश के सामने आया है। एक ऐसा डॉक्यूमेंट जो आर्थिक सुधारों की नींव रखने वाला हो। यदि हम बजट, 2016-2017 की भी बात करें तो जिस प्रकार से यह किसान, गरीब और विकास हितैषी बजट है, जिस प्रकार के साहसी कदम इस बजट में उठाये गये हैं, उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाये, वह कम है। मुझे आश्चर्य होता है कि जब ऐसे विजनरी और पाथ ब्रेकिंग बजट को लेकर कुछ माननीय सदस्य प्रश्न चिन्ह उठाते हैं। जिन लोगों ने 60 वर्षों तक इस देश के बजट को बिगाड़ा, आज वे सवाल पूछ रहे हैं, वे प्रश्न पूछ रहे हैं कि

"दुःख देकर सवाल करते हो
तुम भी ग़ालिब कमाल करते हो
देखकर पूछ लिया हाल मेरा
चलो कुछ तो ख्याल करते हो

शहर-ए दिल में उदासियां कैसी
ये भी मुझसे सवाल करते हो
अब किस-किसकी मिसाल दूं मैं तुमको
हर सितम बेमिसाल करते हो।"

16.01 hours (Shri Pralhad Joshi *in the Chair*)

Mr. Chairman, Sir, as the hon. Finance Minister very rightly said about the previous year's Budget that we have spent more, we have earned more and we have maintained the quality of fiscal deficit. This is the essence of this particular Budget. This is the essence of what our Government is striving to do. The quality of fiscal deficit can be achieved in either of two ways -- either you spend less or you earn more.

The previous Government, in order to maintain the fiscal deficit, used to spend less, used to resort to major cost cutting in very important schemes, and which is why we have this state of affairs in our country today.

गौर करने की बात है कि मोदी जी चुनाव के दौरान डबल डिजिट विकास की बात करते थे, अरूण जेटली जी पिछले वर्ष तक 8.5 प्रतिशत की बात करते थे, और अब अरविंद सुब्रामनियम जी इकोनोमिक सर्वे में 7 प्रतिशत विकास दर की बात करते हैं। 20 मास में अनुमानित विकास दर डबल डिजिट से 7 प्रतिशत तक आ गयी है, यह भी तब जब कच्चा तेल कई दशकों के निचले स्तर पर है।

सभी बड़े मंत्रालयों में से एक ही जिसका आवंटन पिछले साल के मुकाबले घटा है, वह है- जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण।

5.5-6 प्रतिशत महंगाई दर सुनकर लगता है कि ठीक है, इतनी ज्यादा नहीं है, परंतु अगर आप किसी भी अर्थशास्त्री से बात करें तो वही यही चिंता व्यक्त करेगा कि जिस समय दुनिया 0-0.5 प्रतिशत महंगाई दर पर चल रही है, अगर तब आपकी 5.7 प्रतिशत महंगाई दर है और आगे 6 प्रतिशत पार करने के संकेत हैं तो अच्छे दिन कदापि नहीं है।

---

* Speech was laid on the Table.

आज जो आवश्यक वस्तुओं के दाम हैं, उसे देखकर पता चलता है कि यह सरकार इस वादे में पूरी तरह से विफल रही है। जो किसान गॉव में खेती करके फसल उगाता है, उस किसान के लिए इस देश में महंगाई का स्तर सबसे ज्यादा है।

दालों के दाम एक साल में इतना तीव्रता से आगे बढे हैं, जितना पिछले 10 साल में नहीं बढ़े हैं। इस देश के गरीब इंसान के प्रॉटीन पोषण का निरपवाद स्रोत दालें होती हैं। आप बाज़ार में जाकर कोई भी दाल 200-220/कि.ग्रा. में लाकर दिखा दें, तो काफी बड़ी बात होगी। इतनी महंगाई के बावजूद सरकार सो रही है। इसे देखकर ये प्रचण उठता है कि क्या सरकार कुछ बड़े जमावट करने वालों की मदद रही है? आजकल सोशल मीडिया पर ये व्यंग है कि चिकन और फिश दाल से सस्ती है, इस पर रोये या हँसे, समझ नहीं आता।

मोदी जी ने मन की बात में 28 फरवरी को कहा था कि बजट उनका इम्तेहान है, पर लगता है कि मोदी जी और उनकी सरकार को एक्जाम के आखिरी पांच मिनट में बहुत सारे जवाब लिखने की आदत है। पिछले साल की आधी घोषणाओं पर अमल बजट के 2 दिन पहले की कैबिनेट मीटिंग में होता है और कुछ घोषणाएं पिछले साल की ऐसी भी थी, जिनमें इस साल ''वर्क इन प्रोग्रेस'' में ही रह गयी हैं- मोदी जी ने पिछले साल के एक्जाम में कुछ प्रश्नों का उत्तर दिया ही नहीं।

मोदी जी अपने हर भाषण में भारत के डेमोक्रेटिक डिवीडेंड की बात करते हैं। भारत में 65 प्रतिशत आबादी 35 से कम आयु की है, इसकी बात करते है। पर क्या वे उनके लिए रोज़गार उपलब्ध करवा पा रहे हैं? मोदी और भाजपा ने कहा था कि अगर वह सत्ता में आयेंगे तो 5 वर्ष में 1 करोड़ नौकरियां उत्पन्न करेंगे... क्या हुआ उस वादे का? सरकार को सबसे पहले नौकरियों की संख्या वैसे ही पारदर्शी और सार्वजनिक करनी चाहिए जैसे जनगणना या जी.डी.पी. का आंकड़ा सार्वजनिक होता है। 2016 को भारत में नौकरियों के आंकड़े भी विश्वसनीय नहीं है, यह शर्म की बात है।

इस साल सरकार किसानों की स्थिति के बारे में जागी है। यह अच्छी बात है। पर मोदी सरकार को यह भी सोचना चाहिए कि जब कृषि विकास दर यू.पी.ए. के समय 4 प्रतिशत थी, आज 0 प्रतिशत पर आ चुकी है। पिछले वर्ष सिर्फ महाराष्ट्र के अंदर ही 3228 आत्महत्या हो चुकी हैं। इसके लिए कौन जिम्मेदार है?

पिछले 20 महीने में किसानों की समृद्धि के नाम पर मोदी सरकार ने सिर्फ कृषि मंत्रालय का नाम बदल दिया है। हमारे देश में 46 किसान हर दिन आत्महत्या कर रहे हैं। क्या ये ही है किसानों की समृद्धि के काम? क्या दिल्ली में एक मंत्रालय का नाम बदल देना ही किसानों की समृद्धि का कार्य है? इस सरकार के मुताबिक किसान आत्महत्या का कारण प्रेम संबंध और नपुंसकता है। किसानों की समृद्धि के नाम पर

मोदी सरकार किसान विद्रोही भूमि अधिग्रहण बिल लेकर आई। ऐसा बिल जो इनके खुद के सांसद समर्थन करने को तैयार नहीं थे। चन्द उद्योगपतियों के लिए किसानों की जमीन छीनना, यही है किसानों की समद्धि?

मोदी सरकार के इस वर्ष तथा पिछले वर्षों में पिछड़े वर्गों के लिए आवंटन न तो उनकी जनसंख्या के अनुरूप होता है और न ही आवंटित राशि पूर्ण वर्ष में उपयोग की जाती है। अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के लिए 1979-80 में स्पेशल कंपोनेंट प्लान (एस.सी.पी.) और ट्राइबल सब प्लान (टी.एस.पी.) का प्रावधान हुआ। उस प्रावधान हेतु आवंटन के आंकड़े देखकर मैं स्तब्ध रह गया।

2008 में जब पूरा संसार वित्तीय संकट से गुजर रहा था, तब भारत इकलौता जनतंत्र था जो 8 प्रतिशत प्लस की ग्रोथ रेट से विकास के पथ पर बढ़ रहा था। आज भाजपा अपनी पीठ थपथपाती है पर आज की तरह तब वैश्विक संकेतक विकास के अनुकूल नहीं थे। समय की विडंबना देखिए, आज जब पेट्रोल हमें सिर्फ 23 रूपए लीटर का पड़ना चाहिए, उसके लिए सरकार हमसे 60 रूपया वसूलती है।

सरकार जो कहती थी, बहुत हुई महंगाई की मार। वह सरकार 100 डॉलर अंतर्राष्ट्रीय दाम कम होने पर 10 रूपए दाम कम करती है। इससे किसको फायदा पहुॅचाने की कोशिश है? यह गौर करने की बात है कि अगर आज क्रूड ऑयल का अंतर्राष्ट्रीय दाम उतना ही होता, जितना यू.पी.ए. के समय था, तो इस देश में महंगाई का स्तर कहॉ होता, यह तो भगवान ही जानता है।

मोदी जी ने इसी सदन में कहा था (27 फरवरी 2015) ''मेरी राजनैतिक सूझबूझ कहती है, मनरेगा कभी बंद मत करो... मैं ऐसी गलती कभी नहीं कर सकता, क्योंकि मनरेगा आपकी विफलताओं का जीता-जागता स्मारक है... यह आपकी विफलताओं का स्मारक है, और मैं गाजे-बाजे के साथ इस स्मारक का ढोल पीटता रहूंगा...'' आज वही ''विफलता के स्मारक'' को मोदी सरकार ने रूपए 38,500 करोड़ का आवंटन किया है।

सत्ता में आने से एक महीने पहले मोदी जी ने कहा- "on Aadhaar, neither the Team that I met nor PM could answer my Qs on security threat it can pose. There is no vision, only political gimmick" आज उनकी सरकार उस आधार के आधार पर चल रही है। आज वही सरकार आधार को संवैधानिक समर्थन देना चाहती है। यह अलग बात है कि राज्य सभा का उपमार्ग करके ऐसा बिल लाना सरकार की बुलडोज कार्यशैली का नमूना है।

मैं विनम्रता से अपने कुछ सुझाव रखना चाहता हूॅ। सरकार से निवेदन है कि उन पर गौर करें;

1. आज हमारे देश को इंफ्रास्ट्रक्चर की सबसे ज्यादा आवश्यकता है। छोटे नगर तो छोड़िए, मुंबई जैसे महानगर भी कुछ बारिश के बाद बंद हो जाता है। भारत को इंफ्रास्ट्रक्चर में क्वांटम लीप की सख्त जरूरत है और इंफ्रास्ट्रक्चर का चक्र रूका पड़ा है।

2. किसानों को सिर्फ गेहूँ और चावल में ही नहीं बल्कि 10-15 फसलों में एम.एस.पी. प्लस 50 प्रतिशत प्रोफिट की जरूरत है, कार्यान्वयन पर बल देने की जरूरत है।

3. पी.डी.एस. में हमारे देश में सबसे बड़े स्कैम होते हैं.. हर साल 40 प्रतिशत अनाज गायब होता है। पी.डी.एस. में हर साल चोरी बढ़ती जा रही है और गरीबों को बाज़ारों में से जरूरत का सामान खरीदना पड़ता है जबकि बीच के दलाल सब कुछ चट कर जाते हैं।

4. भारत की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनियों को विदेशी विनियम से बचाने की जरूरत है। तभी यह कंपनियॉ भारत की ऊर्जा जरूरतों का ध्यान रख पाएंगी।

5. भारत को शीघ्र ही पुलिस रिफॉर्म की जरूरत है, इस पर राज्य सरकारों के साथ भारत सरकार को पॉलिसी बनाने की जरूरत है।

6. भारत के मजदूर, जो फैक्ट्रीज में काम कर रहे हैं, उनकी सुरक्षा के लिए कानूनों की जरूरत हैं। इस पर राज्य सरकारों के साथ भारत सरकार को पोलिसी बनाने की जरूरत है।

7. भूमि अधिग्रहण नहीं, बल्कि इस देश को एक फंक्शनिंग लैंड मार्केट की आवश्यकता है।

8. केंद्र सरकार को हर कार्य के लिए 'सेस' लगाने की प्रथा को रोकना पड़ेगा। सरकारी खातों में 1 लाख 40 हज़ार करोड़ रूपए बेकार पड़ा है। वह पैसा देश के विकास में क्यों कारगर नहीं है और क्यों सरकार नए सेस लगाती जा रही है? कृषि कलायन एक सेसा नहीं बल्कि राष्ट्र धर्म होना चाहिए।

आज हालत यह है कि हमारा बजट का एक चौथाई हिस्सा सिर्फ ब्याज के भुगतान में ही चला जाता है। हमारे बजट का 1/5 हिस्सा हमारी रक्षा के विभिन्न माध्यमों में लग जाता है। न हम स्वास्थ्य पर और न ही शिक्षा पर वह ध्यान दे पा रहे हैं, जो हमारे देश के नागरिक हमसे उम्मीद करते हैं।

हमारे किसान, मजदूर को बाज़ार में एम.एस.पी. तक नहीं मिल पा रहा। वहीं बाज़ारों में दाम अपने चरम पर हैं। यह सब तब है जब रिकॉर्ड अनाज एफ.सी.आई. के गोदामों में सड़ रहा है।

हमारे नौज़वानों को रोज़गार नहीं मिल पा रहा और हमारे ही देश के नौज़वान विदेशों में कंपनियॉ बना रहे हैं और खरीद रहे हैं। इस देश को 1 करोड़ नौकरियां पैदा करने की जरूरत है, नहीं तो डेमोग्राफिक डिवीडेंड नहीं बल्कि डेमोक्रेटिक डिजास्टर की तरफ हमारे अनुमान से ज्यादा रफ्तार से बढ़ रहे हैं।

मैं मिर्ज़ा गालिब की कुछ पंक्तियों के साथ अपना भाषण समाप्त करूँगा, प्रधानमंत्री के साथ सभी कैबिनेट मंत्री कृप्या गौर करें-

तेरे वादे पर जिए हम,

तो यह झूठ जाना,

कि खुशी से मर ना जाते,

अगर ऐतबार होता।

*__श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी)__: इस बजट द्वारा स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार समृद्ध, श्रेष्ठ, गौरवमयी भारत के निर्माण की प्रक्रिया में देश को सुनिश्चित करने का भरसक प्रयास किया गया है, वर्तमान समय में हमारे प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में हमारी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा अत्यधिक बढ़ी है, बल्कि हर देशवासी के मन में नयी ऊर्जा, नये उत्साह, नई स्फूर्ति का संचार हुआ है। इसके लिए मैं माननीय वित्तमंत्री श्री अरूण जेटली जी व वित्त राज्यमंत्री श्री जयंत सिन्हा जी को हार्दिक बधाई देता हूँ।

मेरा पूरा विश्वास है कि सुशासन, गरीबी उन्मूलन, सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन, रोज़गार सृजन और कृषि क्षेत्र में उन्नत नया अध्याय लिखने में यह बजट महत्वपूर्ण भूमिका निभएगा। सबका साथ-सबका विकास का जो आवाहन हमारे प्रधानमंत्री जी ने किया है, इस बजट से भारत के चहुंमुखी विकास को चार चांद लग जाएंगे। बजट में ग्रामीण भारत की चिंताओं और समस्याओं को विशेष तौर पर ध्यान में रखा गया है। ऐसा इतिहास में पहली बार है जब किसी वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कृषि क्षेत्र और किसानों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया और एक तय समय-सीमा अवधि में किसानों की आय को न सिर्फ बढ़ाने बल्कि उसे दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्तमान बजट ग्रामीण भारत के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है और यह सही भी है क्योंकि आज भी हमारी एक बड़ी आबादी गांवों में निवास करती है। आर्थिक विकास को और अधिक गति देने के लिए यह जरूरी है कि हम शहरी भारत और ग्रामीण भारत के बीच की दूरियों को निरंतर कम करें, इस दिशा में कदम उठाते हुए सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के बुनियादी ढॉचे को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाये गए हैं। गांवों में रोज़गार का एक बड़ा जरिया बनकर उभरे मनरेगा कार्यक्रम के लिए भी सरकार ने अच्छा खासा धन उपलब्ध कराया है और इस योजना के ग्रामीण ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश की गई है। इसके अलावा सिंचाई योजनाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। लगातार गिर रहे भूमिगत जल के स्तर को देखते हुए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है, इससे न सिर्फ असिंचित खेतों को पानी मिल सकेगा, बल्कि जल का बेहतर प्रबंधन भी किया जा सकेगा, जिसके दूरगामी परिणाम अच्छे होंगे।

वित्त मंत्री जी द्वारा पेश किये गये बजट में तमाम छोटी-छोटी बातों का भी ध्यान रखा गया है। जो दीर्घकालिक दृष्टि से बेहद अहम है। ऐसी एक योजना सभी घरो में एल.पी.जी. उपलब्ध कराने की है। इससे पर्यावरण को तो फायदा होगा, ही साथ ही, गरीब महिलाओं को ईंधन के रूप में लकड़ी का इस्तेमाल करने से होने वाले तमाम रोगों से भी निज़ात मिलेगी। इसी तरह देश के 18,500 गांवों में 1 मई 2018 तक बिजली पहुॅचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो स्वागतयोग्य है।

---

* Speech was laid on the Table.

इसी तरह, रोज़गार सृजन की गति तेज करने के लिए स्टार्ट अप इंडिया पर बल दिया गया है जो एक सही कदम है, इस समय सरकार की प्राथमिकता युवाओं के लिए रोज़गार अवसरों का सृजन करना है। रोज़गार के सृजन की बेसब्री से प्रतीक्षा की जा रही है और इस कारण बजट पर युवाओं का बहुत ध्यान भी है। इस दिशा में केंद्र सरकार ने निजी उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नव उद्यमियों को तमाम वित्तीय सुविधाओं के साथ कर में छूट देने का निर्णय लिया गया है। उम्मीद है कि सरकार की इस पहल से देश में रोज़गार सृजन में तेजी आएगी और युवाओं की अपेक्षाएँ पूरी होंगी। एस.सी./एस.टी. तथा महिलाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्टैण्ड अप इंडिया योजना बनाई गई है। इसके लिए जहां एस.सी. वर्ग के कल्याण के लिए तमाम मंत्रालयों के तहत 38,833 करोड़ रूपए रखे गए हैं, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत सरकार ने प्रस्तावित बजट में गत वर्ष 6,580 करोड़ रूपए की तुलना में इस साल 7,350 करोड़ रूपए दिये हैं। इसमें एस.सी. स्कॉलरशिप के लिए 2,791 करोड़ रूपए और एस.टी. बच्चों के लिए 1200 करोड़ व वन बंधुओं के लिए 600 करोड़ रूपए रखे गये हैं। इस बजटीय आवंटन से यह तबका किसी के यहां नौकरी करने के बजाय खुद लोगों को रोज़गार उपलब्ध कराने में सफल हो सकेगा। यह एक बहुत उपयोगी कोशिश इस बजट में नज़र आ रही है।

सरकार ने युवाओं को रोज़गार दिलाने के मकसद से देशभर में 1500 बहुकौशल प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करने के लिए 1700 करोड़ रूपए का प्रावधान कर इस योजना से 2.5 लाख उद्यमियों को लाभ मिलेगा। जिंदगी की बदलती चाल-ढाल को देखते हुए आज हममें लगभग सभी क्षेत्रों में कुछ बदलाव की गुजाइश दिख रही है, जो समस्त दिशाओं की ओर अनुकूलता का परिणाम ही है। यही कारण है कि हम आज शहर सहित तमाम क्षेत्रों में डिजीटलाइजेशन का भी पड़ाव आता है। इस दिशा में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण कदम भी बढ़ाए गए है। आज हम ई-बैंकिंग, ई-टिकटिंग, ई-कॉमर्स जैसी तमाम डिजीटल सेवा का लाभ ले रहे हैं। जहां अब गांव-गांव में इंटरनेट की पहुंच को आसान बनाने के लिए ऑप्टिकल फाईबर केबिल बिछाई जा रही है, जो कही न कही मौजूदा सरकार की डिजीटल सोच और उस ओर बढ़ाए गए आवश्यक कदम के परिणाम है। इस क्रांतिकारी बजट में ई-हॉस्पिटल भी एक क्रांतिकारी कदम है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के परिणाम तथा प्रभाव की गति तेज करने के लिए भारत में स्वास्थ्य संचार प्रयासों को मजबूत करने के लिए डायलिसिस के लिए एक देशव्यापी योजना शुरू की गई है। आज देश में किडनी संबंधी विकारों के बढ़ने से ऐसे लोगों की तादाद बढ़ने लगी है, जिनके लिए डायलिसिस कराना एक मजबूरी बन जाता है। इस बजट में सरकार ने देश के हर परिवार को एक लाख रूपए का हैल्थ कवर देने का फैसला किया है। परिवार में अगर कोई सीनियर सिटीजन है तो यह राशि 1 लाख 30 हज़ार रूपए होगी। वित्त मंत्री जी के इस कदम से बहुत से जरूरतमंदों को अपना इलाज

कराने में मदद मिलेगी। इस मद में सरकार ने 30 हज़ार करोड़ रूपए देने का प्रस्ताव रखा है, जिससे देश में गरीबों के लिए सस्ती जेनेरिक दवाएं मुहैया कराने के लिए 2016-17 में तीन हज़ार जन औषधि केंद्र खोलने व संक्रामक व असंक्रामक रोग, एड्स, टी.बी., अंधता निवारण, परिवार नियोजन और अन्य मदों के लिए भी पैसे का इंतजाम इस बजट में किया गया है। हैल्थ बजट गत वर्षों से कई बेहतर है। मुझे खुशी है कि सरकार ने डायरेक्ट और इनडायरेक्ट दोनों तरीके से मरीज़ों का ख्याल रखा गया है। इस बजट में डायरेक्ट रूप से डायलिसिस फ्री कर दिया है, राष्ट्रीय डायलिसिस सेवा का फायदा देशभर के 2.5 लाख लोगों को मिलेगा।

वित्तमंत्री जी ने अपने इस बजट में हाईवे और इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस करके देश की इकोनोमी को रफ्तार देने की कोशिश की है। रोड ट्रांसपोर्ट सेक्टर के लिए मंत्री जी ने खुले दिल से खज़ाने के दरवाजे खोले हैं। दरअसल रोड हाईवे बढ़ाने से कनेक्टिविटी बेहतर होने के साथ-साथ रोज़गार के मौके पैदा होंगे और साथ-साथ इकोनोमी पर पोजिटिव असर पड़ेगा। सरकार ने बंद पड़े हवाई अड्डों को दोबारा चालू करने के लिए भी रकम का प्रावधान किया है। रोड ट्रांसपोर्ट सैक्टर में अटके पड़ 70 में से 65 फीसदी प्रोजेक्ट ट्रैक पर लौट आए है। इस बजट में सड़क परिवहन मंत्रालय को 45 हज़ार 500 करोड़ रूपए मुकाबले 57 हज़ार 900 करोड़ रूपए मिले हैं। इसका मुख्य कारण हमारे सड़क परिवहन मंत्री माननीय श्री नितिन गड़करी जी की कर्तव्यनिष्ठ कार्यशैली का जीता-जागता उदाहरण है, इसके लिए मैं गडकरी जी को धन्यवाद देता हूँ।

2016-17 के बजट में प्रधानमंत्री जी का आर्थिक दृष्टिकोण अब और ज्यादा स्पष्ट होने लगा है। दरअसल यह भारत की तस्वीर बदलने के लिए युवा भारत को सशक्त करने वाला बजट है। यह बजट इस मान्यता को आगे बढ़ाता है कि युवा व उद्यमी, अर्थव्यवस्था और देश की तकदीर बदलने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इतना ही नहीं, इससे निवेश और नौकरियों के लिए केवल कुछ बड़े कारपोरेट समूहों पर निर्भरता के परंपरागत आर्थिक मॉडल का विकल्प भी तैयार होगा, लिहाजा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत अगले तीन साल में एक करोड़ से अधिक युवाओं की कार्यकुशलता में सुधार के मद में निवेश पर मुख्य ज़ोर है। इसके जरिये यह भी सुनिश्चित किया गया है कि ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमियों की पूंजी तक पहुंच के रास्ते में आने वाली बाधाएँ दूर की जा सकें। कौशल विकास मिशन के तहत 76 लाख युवा पहले ही प्रशिक्षित हो चुके हैं और इस बजट प्रस्तावों के अनुसार 1500 बहुकौशल प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना से इस तादाद में और वृद्धि होगी। जो कंपनियॉ बेरोज़गारों को 25000 रूपए तक के वेतन पर काम देंगी, उन्हें टैक्स में छूट देने के निर्णय से भी देश में रोज़गार के सृजन बढ़ने में मदद मिलेगी।

यह बजट गांव, गरीब, किसान और नौज़वान के लिए है, इससे उनकी आर्थिक, सामाजिक स्थिति में सुधार आएगा। खास बात यह है कि इस बार बजट में 0.5 फीसद कृषि कल्याण सेस और सरकार के खजाने में जमा होने वाले काले धन पर 7.5 फीसदी सेस के प्रावधान से कृषि योजनाओं को अधिक गति मिलेगी।

आज़ादी के बाद पहली बार आम बजट में 36 हज़ार करोड़ रूपए का प्रावधान कर कृषि क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। सिंचाई के लिए 5.717 करोड़ रूपए दिये गये हैं, जिससे पूरे देश में 5 लाख तालाब व कुओं का निर्माण किया जायेगा। मिट्टी की सेहत सुधारने के लिए 362 करोड़ रूपए दिये गये हैं। मार्च 2017 तक सभी 14 करोड़ किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड मुहैया कराए जाने का प्रावधान है तथा जैविक खेती के लिए बजट में 297 करोड़ रूपए का आवंटन कर गत वर्ष की अपेक्षा 19 फीसदी अधिक है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन सफल बनाने के लिए उत्पादकता बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इस मद में 1,700 करोड़ रूपए दिए गए हैं। दलहन उत्पादन के लिए 500 करोड़ रूपए का आवंटन कर इस बजट में सर्वे भवन्तु सुखिना, सर्वे सन्तु निरामया, को सफल बनाया गया है।

इस वर्ष के बजट में किसानों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। यह बजट ग्रामीण भारत के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है और सही भी है, क्योंकि आज भी हमारी एक बड़ी आबादी गांवों में निवास करती है, गांव की सड़के अब हिचकोले नहीं लेंगी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के क्रियान्वयन जिस तरह से अब हो रहा है, वैसा पहले नहीं था। 27 हज़ार करोड़ रूपए इस योजना के तहत खर्च किए जाने हैं व साथ ही 65 हज़ार नई बस्तियों को सड़कों से जोड़ना, गांवों के लिए एक सुनहरा उपहार है।

बजट में किसानों, गरीबों और वंचित लोगों का ध्यान रखा गया है। मैं प्रधानमंत्री जी और अपने दोनों वित्त मंत्री जी को उनकी दूरदर्शिता के लिए बधाई देता हूँ। इस बजट में सामाजिक क्षेत्र, कौशल विकास व रोज़गार सृजन पर ज़ोर दिया गया है। यह बजट आम जनता की अपेक्षाएँ पूरी करेगा।

जय जवान, जय किसान, जय नौजवान...

आओ सब मिलकर बनाये, मेरा भारत महान...

कुँवर भारतेन्द्र सिंह (बिजनौर): सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया।

महोदय, मैं वर्ष 2016-17 के बजट के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। एक सशक्त और पूर्ण बहुमत प्राप्त प्रधानमंत्री के वित्त मंत्री अपना बजट प्रस्तुत करेंगे तो निश्चित ही इन्हीं आधारों और विश्वास से की भारत की जो आर्थिक व्यवस्था है वह किसी तरह से सुदृढ़ हो और गांव में रहने वाले गरीब और किसान हैं, जो बच्चे पढ़ना चाहते हैं, उनके जीवन में सुधार आ सके, इसी को ध्यान में रखकर माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा कुछ मानक तय किए जिन्हें उन्होंने हमारी आर्थिक व्यवस्था का स्तम्भ बताया है, जिसमें ग्रामीण विकास, कृषि, सामाजिक क्षेत्र, शिक्षा, रोजगार, कर सुधार, मुद्रास्फीति पर नियंत्रण और वित्तीय अनुशासन हैं। मेरे से पूर्ववक्ता अभी बता रहे थे कि बहुत सी समानताएं इस बजट में नजर आती हैं। इस तरह की समानताएं होना शुभ संकेत है। विदेशी लोग जो यहां पैसा लगाना चाहते हैं, उन्हें अगर यह लगता है कि हमारी अर्थव्यवस्था स्थायी है और उसमें कोई फेरबदल या उतार-चढ़ाव नहीं होता है, जो अच्छी नीति पुरानी सरकार लेकर आती है, उसको यह सरकार भी चालू रखती है और देवेगौड़ा जी भी अभी यही कह रहे थे कि चिदम्बरम जी ब्लैकमनी के लिए जो स्कीम लाए थे, इस बजट में उसकी निरंतरता बनाए रखी गयी है। यह बहुत शुभ संकेत है। लेकिन इसी बात को हमारे मुख्य विरोधी दल के उपाध्यक्ष जी ने कहा कि जब मैंने वित्त मंत्री जी के भाषण को सुना तो मुझे चिदम्बरम जी की योजनाएं सुनायी दे रही थीं, मैं चौंक गया और हिल गया। यह चौंकने का विषय नहीं है, यह सौभाग्य का विषय है। शशी थरूर जी ने भी अपने भाषण में लगभग यही बातें कही हैं। उन्होंने बहुत सारी शायरी को तोड़ा-मरोड़ा। अगर मैं यह कहूं कि बहुत सारे शेरों का उस दिन शशि थरूर जी के द्वारा कत्ल हुआ, तो गलत नहीं होगा। सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष की नौंक-झोंक, आनाकानी, मान-मुनोव्वल तो चलता रहेगा। एक शेर अपने प्रतिपक्ष के साथियों के प्रस्तुत करना चाहता हूं-

माना कि मोहब्बत को छिपाना है मोहब्बत,
चुपके से किसी रोज जताने के लिए आ।
रंजीश ही सही, दिल ही दुखाने के लिए आ।
आ फिर से मुझे छोड़ के लिए जाने के लिए आ।

जब देश के हित की बात होती है और प्रधानमंत्री पूर्ण बहुमत को पाने के बाद उस जगह बैठते हैं और उनके मन में आर्थिक सुधार लाने के लिए जो भावनाएं होंगी, वह वही होंगी जो आज से 31 साल पहले राजीव गांधी जी के मन में थीं और 31 साल पहले राजीव गांधी जी भी वहीं बैठे थे। अगर इस बजट

में वह निरंतरता है तो यह सौभाग्य की बात है। आर्थिक मंदी पूरी दुनिया में छाई हुई है। केवल भारत की ही 7.6 प्रतिशत विकास दर है, ब्रिक्स नेशन्स की अर्थव्यवस्था में भी कोई सुधार नहीं आ रहा है।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now.

कुँवर भारतेन्द्र सिंह : मान्यवर, मैं दो विषयों पर चर्चा करना चाहूंगा।

माननीय सभापति : आप एक मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए।

कुँवर भारतेन्द्र सिंह: पहला शिक्षा है, क्योंकि शिक्षा पर बहुत कम मेरे सहयोगी साथी बोल पाए हैं। शिक्षा के सर्वसुलभीकरण के बाद हमें उसकी गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करना है, यह बात वित्त मंत्री जी ने अपने भाषण में कही है। वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि स्कूलों में पर्याप्त संख्या में अध्यापक आएं। वाजपेयी जी ने यह कार्यक्रम 2001 में सर्व शिक्षा अभियान के रूप में शुरू किया था। उस समय 57 प्रतिशत बच्चे स्कूल से ड्राप आउट कर जाते थे। ...(व्यवधान) मान्यवर, मैं बीजेपी का सांसद हूं, हम लोग 282 हैं। हमें सचेतक ही नहीं बोलने देते हैं।

माननीय सभापति : अभी बहुत सारे स्पीकर्स हैं।

कुँवर भारतेन्द्र सिंह : हमें बड़ी मुश्किल से बोलने का मौका मिला है, आप हमें थोड़ा समय और दे दें।

HON. CHAIRPERSON: A long list of Members is there. Please conclude.

… (*Interruptions*)

कुँवर भारतेन्द्र सिंह : मैं शिक्षा पर बोलकर अपनी बात को समाप्त करूंगा। 2016 में 97 प्रतिशत स्कूल गोइंग एज के जो बच्चे हैं, वे विद्यालयों में भर्ती हैं और 57 परसैन्ट ड्राप आउट का रेट गिरकर 4.1 परसैन्ट हो गया है। कक्षा एक और कक्षा दो के लिए एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग, कार्यकलाप आधारित अध्ययन को जोड़ा जा रहा है, रीडिंग पीरियड को इनक्लूड किया गया है, समय सारणी में पढ़ने की अवधि निर्दिष्ट की गई है और यह जो मॉडल है, यह सिक्किम से लिया गया है। तमिलनाडु, कर्नाटक और गुजरात में भी बड़ी सफलता से इसका संचालन हुआ।

महोदय, स्कूलों के बच्चों के लिए एक सारांश नाम की नीति लाई गई है, जिसमे माता-पिता स्कूल के अध्यापक और स्वयं विद्यार्थी मिलकर...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now.

KUNWAR BHARATENDRA SINGH: I have just started speaking. I wish to speak only on education which no other Member has spoken about. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: I understand that but there is a long list of Members. What can I do? Please conclude in half a minute.

कुँवर भारतेन्द्र सिंह : बच्चों के कार्यों में सकारात्मक देखरेख हो सके, पढ़े भारत, बढ़े भारत के आधार पर सभी बच्चों की बेसिक एजूकेशन मे सुधार लाया जा रहा है। शिक्षकों और बच्चों के लिए अध्ययन सामग्री तैयार की गई है। शिक्षकों और उनके संबंधित कार्य को प्रशिक्षण जैसे प्रधानाचार्य को अलग प्रशिक्षण और जो बच्चों को, शिशुओं को टीचर कक्षा एक और दो में पढ़ा रहे हैं, उन्हें अलग प्रशिक्षण। डिजिटल शिक्षण संस्था विकसित करना तथा टीचर वीडियों द्वारा अगर कोई नया प्रयोग ला रहे हैं तो उसे अपलोड करें, ताकि अन्य टीचर भी उससे देखकर लाभ उठा पायें।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now.

… (*Interruptions*)

KUNWAR BHARATENDRA SINGH: Allow me to at least finish on basic education. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: There is a system here; there is discipline here.

कुँवर भारतेन्द्र सिंह : जो सेवानिवृत्त लोग हैं और जो हमारे प्रवासी भारतीय हैं, वे भी इसमें मदद करें। इसके लिए मुख्य रूप से यह किया गया है।

I would only like to compliment the Tamil Nadu Government, Sir. … (*Interruptions*)

I am concluding. Allow me to conclude. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: You have to conclude within 30 seconds now.

Kunwar Bharatendra Singh, please conclude now.

KUNWAR BHARATENDRA SINGH: I only wish to conclude by saying that anybody who has India first in their hearts and I hope all of us are very fortunate. It is not only the hon. Prime Minister and the hon. Finance Minister but also all of us who have got elected to this august House are very fortunate. If all of us hold in our hearts that we should really make this august House an instrument of change and if we really support it and support change and rise above our partisan politics,

I am sure, we will be able to change the picture of our great nation and make it lead and become the *dharm guru* of the next century.

*__श्रीमती रीती पाठक (सीधी):__ भारत को बदलने की दिशा में किए गए प्रयास अर्थात् सामान्य बजट 2016-17 में किए गए महत्वपूर्ण सुधार का मैं समर्थन व स्वागत करते हुए कहना चाहती हूँ-

बजट हर एक के सम्मान का।

गांव, गरीब, किसान का।

भारत की उड़ान का।

अर्थात् बजट 2016-17 को कृषि एवं सिंचाई के क्षेत्र में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। जहां कृषि को 84 प्रतिशत अधिक अर्थात् दोगुने आवंटन में किसानों के कल्याण की राशि को 15,309 करोड़ रूपए से बढ़ाकर 35,984 करोड़ रूपए कर दिया गया, तो सिंचाई के लिए 20,000 करोड़ की लंबी अवधि का फंड तैयार किया गया है, जिससे यह उम्मीद लगाई जा सकती है कि अगले 5 साल में किसानों की आय दोगुनी हो जायेगी।

बात यदि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की आती है, तो स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से प्रति परिवार को एक लाख रूपए का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है। इसमें भी वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान देते हुए अतिरिक्त 30,000 रूपए का स्वास्थ्य बीमा मिलता है।

उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में 1000 करोड़ रूपए से हायर एजुकेशन फाइनेंसिंग एजेंसी स्थापित की गई है। इसके अलावा विश्व पटल पर उच्च शिक्षा में भारत को पुनः स्थापित करने की दिशा में अनोखी पहल हमारी सरकार करने जा रही है, जिसके लिए 10 सरकारी व 10 गैर सरकारी क्षेत्र के संस्थानों को पढ़ाई और शोध में विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है।

सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में सरकार ने आधार के जरिए सामाजिक सुरक्षा प्लेटफॉर्म बनाया, जहां जरूरतमंदों को सब्सिडी और अन्य वित्तीय मदद के लिए नया कानून बनाया गया है। ऐसे कई नये प्रयोग, जो सफल होते दिखाई दे रहे हैं, इस बजट में उन्हें बड़ी हिस्सेदारी मिली है।

अब यदि हम इस बजट को क्षेत्रवार वर्गीकृत करके देखें तो इसका लाभ समझ में आता है। जैसेकि मंत्रालयों के द्वारा कमज़ोर वर्गों के लिए अधिक आवंटन किया गया है।

किसानों को निम्न प्रावधानों से लाभ होगाः

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बहुत ही कम प्रीमियम पर पूरा बीमा.
- उत्पाद को बेचने में सहायता के लिए एग्रीकल्चरल मार्केटिंग का ई-प्लेटफॉर्म.

* Speech was laid on the Table.

- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत सिंचाई की बेहतर सुविधाएं, लंबी अवधि का सिंचाई फंड, भूजल के संसाधनों का बेहतर प्रबंधन और ज्यादा कुएं और तालाब.
- कर्ज के ब्याज की वापसी का दबाव कम करने के लिए 15,000 करोड़ रूपए का आवंटन.
- गांवों की सड़कों को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को बढ़ावा.
- क्या बोया जाए, इसकी जानकारी देने के लिए सॉयल हैल्थ कार्ड.
- गांवों में इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी आर-अरबन मिशन की शुरूआत.
- बिचौलियों को हटाते हुए सरकार की ओर से सामाजिक सुरक्षा प्लेटफॉर्म के माध्यम से जरूरतमंदों को सीधे लाभ.

जहां तक गरीबों की बात है, निम्न सुविधाओं से उन्हें फायदा होगाः

- 1 लाख रूपए तक की स्वास्थ्य बीमा योजना.
- हर परिवार को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन.
- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से युवा बनाए जाएंगे कुशल.
- ई.पी.एफ.ओ. सहायता के जरिए सरकार नौकरी पाने में मदद कर रही है.
- श्यामा प्रसाद मुखर्जी आर-अर्बन मिशन से गांवों में इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार.
- सरकारी स्कूलों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान.
- बिचौलियों को हटाते हुए सरकार की ओर से सामाजिक सुरक्षा प्लेटफॉर्म के माध्यम से जरूरतमंदों को सीधे लाभ.
- प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के जरिए सस्ती दवाइयां दी जाएंगी.
- 1 मई 2018 तक सभी गांवों में बिजली पहुंचाई जाएगी.

सरकार ने युवाओं के लिए निम्न व्यवस्था की हैः

- नए नियमों और हायर एजुकेशन फाइनेंसिंग एजेंसी की सहायता से विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों तक पहुंच.
- सामाजिक सुरक्षा प्लेटफॉर्म के जरिए सीधे स्कॉलरशिप का लाभ.
- स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट, डिग्री, अन्य एकेडमिक अवार्ड और मार्कशीट रखने के लिए डिजीटल तिज़ोरी सरकार ने बनाई है.

- उद्यमियों के सपनों को स्टार्ट अप और स्टैण्ड अप इंडिया जैसी स्कीमों से लाभ पहुंचाया गया.
- रोज़गार सृजन के कदमों से नौकरियों की तादाद बढ़ी है.
- मल्टी स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट और नेशनल करियर सर्विस के जरिए कौशल विकास.
- बेहतर सड़क और रेल संपर्क.

  उद्यमियों के लिए निम्न उपायों से अनुकूल माहौल बनेगाः
- स्टार्ट अप्स के लिए शुरूआती तीन साल तक लाभ में 100 फीसदी छूट.
- मुद्रा योजना के जरिए 1 लाख 80 हज़ार करोड़ रूपए का कर्ज देने का लक्ष्य.
- स्टार्ट अप्स के लिए बेहतर माहौल देने के लिए कंपनीज एक्ट में बदलाव.
- नई स्टार्ट अप नीति में ईको सिस्टम और नियम-शर्ते भी आसान.
- प्रिजम्टिव टैक्सेशन स्कीम की धारा 44 एडी के तहत टर्नओवर की सीमा बढ़ाकर 2 करोड़ रूपए की गई.
- प्रस्तावित दीवालिया संबंधी कानून के अंर्गत उद्योग बंद करना आसान होगा.
- जुर्माने और ब्याज की छूट संबंधी आवेदन एक साल के भीतर निपटाए जाएंगे.

  मध्यवर्ग को फायदा पहुंचाने के लिए सरकार ने निम्न उपाए किए हैं-
- दालों की कीमत में स्थिरता के लिए प्राइज स्टैबलाइजेशन फंड.
- होम लोन के 50,000 तक रूपए के अतिरिक्त ब्याज पर छूट, साथ ही हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में टैक्स छूट का लाभ.
- डिजीटल लिट्रेसी मिशन में पंजीकरण कराकर डिजीटली साक्षर होने का मौका.
- आयकर की धारा 87 ए के तहत छूट की सीमा 2000 से बढ़ाकर 5000 की गई.
- मकान किराए संबंधी आयकर की धारा 80 जीजी में छूट की सीमा 24,000 से बढ़ाकर 60,000 की गई.
- सड़क परिवहन के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं.
- नेशनल पेंशन स्कीम से 40 फीसदी धन की निकासी पर कर छूट, साथ ही नियोक्ता भी पेंशन फंड में ज्यादा योगदान दे सकता है.
- आयकर रिटर्न में गड़बड़ी के समाधान के लिए ई-सहयोग योजना लागू.
- जनता की स्वास्थ्य जरूरतों के मद्देनज़र नेशनल डायलिसिस सर्विस प्रोग्राम.

- अवैध धन जमा करने वालों से निपटने के लिए केंद्रीय कानून, ताकि वे अपनी बचत का सुरक्षित तरीके से निवेश कर सकें.
- बिचौलियों को हटाते हुए सरकार की ओर से सामाजिक सुरक्षा प्लेटफॉर्म के माध्यम से जरूरतमंदों को सीधे लाभ.

बाज़ार को लाभ प्रदान करने हेतु निम्न कदम उठाए गए हैं-

- अनलिस्टेड कंपनियों में निवेश 2 साल में लॉंग टर्म कैपिटल गेन टैक्स के लिए एलिजिबल होगा.
- मजबूत एवं पर्याप्त रूप से कैपिटलाइज बैंकिंग सेक्टर के कारण उपयुक्त माहौल.
- लिस्टेड सिक्योरिटीज के लिए लॉंग टर्म कैपिटल गेन टैक्स में बदलाव नहीं.
- स्थायी और सटीक अनुमानित टैक्स रेजीम से भारत पर भरोसा बढ़ा.
- मजबूत कॉरपोरेट बॉण्ड मार्केट और बेहतर इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म.
- सीमा और उत्पाद शुल्क में बदलाव से मेक इन इंडिया को बढ़ावा.
- विवाद निपटान योजना के तहत टैक्स संबंधी मामलों का आसान समाधान.
- जनरल इंश्योरेंस कंपनियॉं स्टॉक एक्सचेंजों में लिस्टेड हो सकेंगी.
- सिक्योरिटाइजेशन ट्रस्ट के जरिए फायदा.
- ऐसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनीज में 100 फीसदी एफ.डी.आई. को पूर्णतया मंजूरी.

*ADV. JOICE GEORGE (IDUKKI) :The budget 2016-17 appears to be more farmer friendly and infrastructure development oriented. According to the Finance Minister, the income would be doubled in 5 years. He also promised to implement programs to achieve this end. Large allocations have been made to the infrastructure development. But a close analysis of the budget declarations reveals that there is nothing to cheer for the growers of cash crops.

To keep the promise of doubling the income of farmers in 5 years, it is required to raise farmer's income by 15% a year. Even if the farmers can increase their output by 3% a year, agriculture price will have to raise by 12% a year which will worsen the inflation. Therefore without introducing specific schemes targeted for increasing the income of the farmers by means of increased productivity, decrease in cost of production and ensuring high market price, the present announcement also will remain as a promise as in the case of earlier declarations and announcements for the agrarian sector.

When we analyze the budget announcements, it would reveal that the agrarian economy especially the cash crops and plantation crops sector will not be benefited. As we are all aware that because of the problems faced by the growers of cash crops like Rubber, Cardamom, Coffee, Tea, etc. due to the fall of price of Rubber, the growers are finding it very difficult to survive. The price of Natural Rubber has been fallen from Rs. 250/kg to Rs. 85/kg during 2011-2016. The Rubber growers are not getting the cost of producing the commodity, so is the case of cardamom and the cash crops. Now cardamom is fetching only Rs. 400/kg against the production cost of Rs. 750/kg. Tea and Coffee Sector is also having the very same issues. As a result of price fall, all these sectors are in distress. The poor labourers and the small scale growers are really in deep crisis. They are not in a position to send their children to schools, repay the loans availed from various financial institutions, avail treatments for ailments and meet all other financial commitments incidental to their survival as human beings. Though the economic

* Speech was laid on the Table.

and social scenario has become so hostile, the Government is not taking up the responsibility to mitigate the hardship of the people. The respective State Governments, representatives of the people including Members of Parliament and all other stake holders have represented the Government to introduce targeted programmes to address the issue faced by the growers of rubber, cardamom and other cash crops. But unfortunately, the budget 2016-17 did not make any efforts to address the issues of this sector, instead the allocation to the Commodity Boards, Rubber Board, Spices Board and Coffee Board have been reduced drastically. The allocation of the Rubber Board has been reduced from Rs. 161.75 crore to Rs. 132.75 crore, for Spice Board that is reduced from Rs. 95.35 crore to 70.35 crore and for Coffee Board its reduced from 136.54 crore to 121.54 crore.

The functioning of the Commodity Boards especially Rubber Board and Spices Board is a matter of frustration. The Rubber Board is functioning without a full time Chairman. Though the Spices Board is having a full time Chairman, the activities of the Spices Board especially that relating to the development of cardamom and its marketing which is the mandate of the Spices Board under the provisions of the Spices Board Act 1986, are not being undertaken as if the same was done during the past. I had occasion to raise this matter earlier before especially the withdrawal of the Spice Board from the development of small Indian cardamom which is being grown in the high ranges of Idukki district of Kerala State. The lesser allocation of funds to the Commodity Boards will affect the very activities of the Rubber Board and Spices Board in the development front including the dispersal of subsidies for re-plantation and other allied activities.

It is the common case of all the Political Parties that an amnesty scheme should be brought in to mitigate the hardship of the Rubber and Cardamom farmers. All the political parties and other stake holders have represented the matter before the Government but the budget proposals have disappointed all of them. In fact, we have requested for a Rs.1500 crore amnesty scheme for the Rubber growers and Rs.500 crore amnesty scheme for the Small Indian

Cardamom Growers to tide over the crisis which they are facing at present due to the wrong policies of the Government which has been followed since the introduction of globalization and neoliberal economic policies. It is not the farmers but the Government which has failed to protect the interests of the agrarian economy while entering International treaties of trade including ASIAN agreement, GATT, WTO agreement, etc. Therefore, it is the responsibility of the Government to protect the interest of the farmers, labourers and others those who are depending on the agrarian economy by introducing targeted schemes and programs for ensuring the sustenance of the sector.

I urge upon the Government to raise the allocation of the Commodity Boards especially that of Spices Board and Rubber Board. I also request the Government to allocate more funds for development of cardamom especially the small Indian Cardamom which is being grown in the high ranges of Idukki district in Kerala. I also hope that the Government will introduce amnesty schemes for the growers of Rubber and Cardamom to avoid farmers suicide in large scale.

*__श्री वीरेन्द्र कुमार चौधरी (झंझारपुर):__ 2016-17 का यह बजट गांव के गरीब गुरबार और किसानों के हित का बजट है। इस बजट में स्वच्छ भारत अभियान के लिए 9000 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। वही मनरेगा योजना के तहत 38,500 करोड़ रूपए दिए जो आज तक किसी सरकार ने नहीं दिए थे और अब तक की सबसे बड़ी राशि है। ग्रामीण विकास के लिए 87,765 करोड़ रूपए दिए हैं। पिछले बजट से करीब आठ हज़ार करोड़ ज्यादा दिए हैं। हमारी सरकार गांव में बसने वाले किसानों और गरीबों की सरकार है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 19,000 करोड़ रूपए तथा राज्यों का हिस्सा मिलाकर 27,000 करोड़ रूपए दिए गए हैं। मनरेगा के लिए 38,500 करोड़ रूपए दिए गए है, जो पिछले वर्ष से 11 प्रतिशत ज्यादा है। इस वर्ष पांच लाख तालाब और पांच लाख कुएँ बनाने का लक्ष्य है। बिजली के क्षेत्र में 8,500 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। मई 2018 तक सभी गॉवों में बिजली पहुंचाने का लक्ष्य है। स्किल डेवलपमेंट करने के लिए 1,700 करोड़ खर्च करके 1,500 मल्टी स्किल ट्रेनिंग सेंटर खोले जायेंगे। गरीबी रेखा से नीचे रह रहे परिवारों की महिला सदस्य के नाम पर सस्ते दर पर एल.पी.जी. कनेक्शन देने का लक्ष्य है। डेढ़ करोड़ परिवारों को जन-धन योजना के तहत लाखों-करोड़ों परिवारों को लाभ मिला है। वहीं बीमा के क्षेत्र में गरीबों के हित में, किसानों के हित में बीमा दिया गया है। जैसे- फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना, एक लाख रूपए का हैल्थ् कवर देने वाली सुरक्षा बीमा योजना, सीनियर सिटीजन के लिए 30 हज़ार का अतिरिक्त टॉप अप पैकेज। पढ़ाई के क्षेत्र में स्कूल-कॉलेज के सर्टिफिकेट, डिग्रियों, और मार्कशीट के डिजीटल डिपोजिटरी बनाई जाएगी। 62 नये नवोदय विद्यालय खोले जायेंगे, इसके अलावा हमारी सरकार ने 10 सरकारी और 10 गैर सरकारी यूनिवर्सिटीज को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने का लक्ष्य तय किया गया है।

इस बजट में किडनी रोगियों और गरीब रोगियों को हमारी सरकार ने बड़ी राहत दी है। देश के प्रत्येक जिले में डायलिसिस सेंटर और देशभर में 300 जन औषधि सेंटर खोलने का लक्ष्य है। दालों की महंगाई कम करने के लिए, दालों का उत्पादन बढ़ाने के लिए 500 करोड़ रूपए का फण्ड दिया गया है और दाल के दामों में स्थिरता बनाए रखने के लिए 900 करोड़ अलग से दिए गए हैं। अंत में आज के हालात और कल की जरूरत को देखकर यह बजट बनाया गया है।

मैं इस बजट का समर्थन करता हूँ।

---

* Speech was laid on the Table.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : सभापति महोदय, आपने सामान्य बजट वर्ष 2016-17 पर मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं बिहार से आता हूं, हमारी पार्टी बहुत छोटी है, हम दो सांसद हैं। आप कम से कम हमें बोलने के लिए छः-सात मिनट दीजिए। बिहार में हमारी सरकार है तो हम अपनी कुछ बातें यहां रखना चाहते हैं।

महोदय, हर साल की भांति इस साल भी बजट पेश हुआ है। मैं वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं, क्योकि किसानों के प्रति जो उनकी सोच और रवैया है, वह बहुत सकारात्मक है। लेकिन जो बजट पेश हुआ है, ऐसा नहीं है कि यूपीए की सरकार में विकासहीन बजट होता था और आपकी सरकार तीसरा बजट पेश कर रही है। गाँव अभी तक देख रहा है कि यह जो तीसरा बजट पेश हो रहा है, इससे विकास होने वाला है या यह विकासहीन है। हम लोग बिहार से आते हैं। बिहार में लगातार माननीय प्रधान मंत्री जी ने चुनाव के वक्त बिहार को विशेष राज्य के दर्जे के सवाल पर पटना के गाँधी मैदान में वादा किया था। उन्होंने कहा था कि अगर हमारी दिल्ली में सरकार बनेगी तो बिहार को मैं विशेष राज्य का दर्जा दूँगा।

महोदय, प्रधान मंत्री जी यहाँ उपस्थित नहीं हैं, वित्त राज्य मंत्री जी यहाँ उपस्थित हैं। हम उनसे अनुरोध करेंगे कि बिहार पिछड़ा राज्य है, लगातार बिहार के साथ भेदभाव हो रहा है। बिहार पिछड़ा राज्य है, जिस तरीके से ओडिशा पिछड़ा राज्य है, जो पिछड़ा अनुदान हमें मिलता था, उसमें भी कटौती कर दी गई है। अगर बिहार को आप विशेष राज्य का दर्जा नहीं देंगे तो बिहार का जो चुनाव हुआ, उसका आपने रिजल्ट देखा, दो बार जो आपका बजट हुआ, आपको आशा थी, लेकिन बिहार की जनता ने आपको नकार दिया। हम माननीय मंत्री जी से अनुरोध करते हैं कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की व्यवस्था करें। अभी भूतपूर्व प्रधान मंत्री देवगौडा जी किसानों की हालत पर बोल रहे थे, आज देश में किसान आत्महत्या कर रहे हैं। बजट में कहा गया है कि किसानों की जो बदहाली है, उसे हम दूर करेंगे। प्रधान मंत्री सिंचाई योजना लाई गई है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहूँगा कि किसानों की जो हालत है, उसमें लगातार व्यवस्था परिवर्तन नहीं हो रहा है, जहाँ किसान था, वह आज भी वहीं है। लगातार किसानों द्वारा आत्महत्याएं हो रही हैं। कृषि मंत्री जी भी अभी यहाँ बैठे थे, वे चले गए हैं। हम लोग बिहार से आते हैं, बिहार में उत्तरी बिहार बाढ़ की चपेट में रहता है और दक्षिणी बिहार सुखाड़ की चपेट में रहता है। उत्तरी बिहार में नेपाल से जो पानी आता है, उसके बारे में आज तक भारत सरकार ने कोई प्रयास नहीं किया।

मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूँगा और माननीय प्रधान मंत्री जी से अनुरोध करूँगा कि नेपाल से बात करके अगर नदी परियोजनाओं को नहीं बनाया गया तो निश्चित रूप से बिहार में जो बाढ़ आती है, उसका निदान नहीं होगा और इसकी सारी जिम्मेदारी माननीय प्रधान मंत्री जी के ऊपर होगी। कई वादे

उन्होंने किए थे, उन्होंने यह भी कहा था कि गरीबों का जो कच्चा मकान है, उसको मैं पक्का मकान बनाऊँगा। जो बजट आया है, उस बजट को देखकर साफ लगता है कि पिछले बजट की तुलना में इस बजट में इन्दिरा आवास में 54 परसेंट की कटौती की गई है। कहीं न कहीं गरीबों के साथ भेदभाव हो रहा है। अभी कुछ साथी बता रहे थे कि दलितों के लिए बजट में कुछ प्रावधान नहीं किया गया है। मैं आपसे विनती और निवेदन करूँगा कि इन्दिरा आवास के लिए जो पैसा मिलता है, पहले इसमें यूपीए की सरकार में लगातार बढ़ोत्तरी रही, लेकिन जब से एनडीए की सरकार बनी है, लगातार इसमें कटौती की जा रही है। हम आपने विनती और निवेदन करेंगे कि 54 परसेंट की जो कटौती हुई है, उसे पूरा किया जाए।

महोदय, बिहार में प्रधान मंत्री जी ने लगातार, मोतिहारी की सभा में उन्होंने कहा था कि बन्द पड़ी हुई चीनी मिलें हैं, जो किसान वहाँ लगातार संघर्ष कर रहे थे, उनके लिए बजट में कोई व्यवस्था नहीं की गई है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहूँगा कि बिहार में सात चीनी मिलें बन्द हैं, उन्हें फिर से चालू कराया जाए। यह व्यवस्था निश्चित रूप से की जाए। महँगाई की चपेट में लगातार गरीब लोग मर रहे हैं, बाजार में अरहर की दाल 250 रूपए प्रति किलोग्राम मिल रही है, टमाटर 90 रूपए प्रति किलोग्राम मिल रहे हैं। मैं सरकार से कहना चाहूँगा कि महँगाई के लिए आप कोई नीति बनाइए। आपने समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

*__श्री हरि मांझी (गया):__ यह आम बजट मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है, जो किसानों और गरीबों से जुड़ा हुआ है। किसानों की आय को दोगुना करने पर ज़ोर दिया गया एवं कृषि के क्षेत्र में सौ प्रतिशत विदेशी निवेश को मंजूरी और इस बजट में 35,984 करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है। जिसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर 5,500 करोड़ रूपए एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर 5,300 करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पर ज़ोर दिया गया है, इस बजट में 97,000 करोड़ रूपए देने का प्रावधान किया गया है। जिसमें 5,500 करोड़ रूपए राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कों पर खर्च किए जाएंगे। जिससे 50 हज़ार किलोमीटर स्टेट हाईवे एवं 10 हज़ार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कों का निर्माण होगा तथा स्टेट हाईवे को राष्ट्रीय राजमार्गों में तबदील किया जाएगा।

ग्रामीण विकास विभाग को इस बजट में 87,765 करोड़ रूपए आवंटित किए गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत गॉवों को स्वच्छ करने पर ज़ोर दिया गया है। महात्मा गांधी रोज़गार गारंटी योजना में इस बजट में 38,500 करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है। जिससे गॉवों में इस योजना से 5 लाख नए तालाब का निर्माण कराया जाएगा। इससे मज़दूरों को रोज़गार प्राप्त होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत जन औषधि योजना के लिए 33,150 करोड़ रूपए दिए गए हैं। जिससे गरीबों को कम कीमत पर जेनेरिक दवा उपलब्ध कराने के लिए 3,000 जन औषधि स्टोर खोले जाएंगे।

पंचायती राज मंत्रालय के तहत ग्राम पंचायतों को सुदृढ़ करने हेतु 14वें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर 2.87 करोड़ रूपए दिए गए हैं।

इसी तरह यह बजट गरीबों के हित में है और गरीब परिवारों की महिलाओं के लिए एल.पी.जी. गैस कनेक्शन देने के लिए इस बजट में 2,000 करोड़ रूपए दिए गए हैं और उच्च शिक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए 1,000 करोड़ रूपए दिए गए हैं तथा देशभर में 62 नये नवोदय विद्यालय खोले जाएंगे। युवाओं के कौशल विकास हेतु स्किल इंडिया मिशन में 1,700 करोड़ रूपए दिए गए हैं और 1 मई, 2018 तक सभी गांवों तक बिजली पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

यह आम बजट रोजगारोन्मुखी एवं विकासोन्मुखी बजट देशहित में है।

---

* Speech was laid on the Table.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): महोदय, आपने मुझे इस चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ। अभी तीन दिन पहले इस चर्चा में इंटरप्ट करते हुए हमारे वित्त राज्य मंत्री जी ने संसाधनों की सीमा का उल्लेख किया था। मैं थोड़ा उसी का जिक्र करना चाहता हूँ। हमारी कुल जो प्राप्तियाँ हैं, वे 14 लाख 44 हजार 156 करोड़ रूपए की हैं। डेफिसिट का, उधारी आदि 5 लाख 33 हजार, 904 करोड़ रूपए की जोड़कर के कुल 19 लाख, 78 हजार, 60 करोड़ रूपए का यह हमारा हिसाब है। इसमें से रेवेन्यू एक्सपेन्डिचर 17 लाख, 31 हजार 37 करोड़ रूपए का है।

17.00 hours

इसमें हम ज्यादा छेड़छाड़ नहीं कर सकते हैं। जो कैपिटल एक्सपेंडिचर है, वह 2 लाख 47 हजार 23 करोड़ का है। मैं एक जिक्र करना चाहता हूं कि इसमें लगभग 4 लाख 92 हजार करोड़ हमें ब्याज के अंदर देना पड़ता है। ये जो चीजें हैं, जो सीमायें हैं, जब भी कहीं हमारे विपक्षी बात करें या कोई बात करे, वास्तव में इन आंकड़ों को ध्यान में रखना बहुत जरूरी है कि ब्याज की देनदारी कैसे घटे, हमारी सरकार ने .2 पर्सेंट इसे कम किया है और हमारी आय कैसे बढ़े? जब तक आय नहीं बढ़ेगी, देनदारियां नहीं घटेंगी, तो एक सामान्य नागरिक के बजट की जो व्यवस्था है, उसके अनुसार मैं कह सकता हूं कि तब तक हम ठीक से सारी चीजों को नहीं चला सकते हैं। बजट के जो सारे प्रावधान हैं, इस बात को लेकर किए गए हैं कि हमारी आय बढ़े, हमारी देनदारियां घटें, विकास के कामों के अंदर सम्यक रूप से धन का निवेश हो और उस दृष्टि से बेहद संतुलित बजट, प्रत्येक क्षेत्र के ऊपर ध्यान रखते हुए प्रस्तुत किया गया है, इसके लिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

एक और चीज जो रूपए को बचाने के लिए होती है, वह भ्रष्टाचार की होती है। भ्रष्टाचार यदि होता है तो रूपया छीजता है। इस सरकार के प्रावधानों ने, इस सरकार की कोशिशों ने उसको कम किया है, इसलिए हम लोगों के पास पहले के मुकाबले रूपए की उपलब्धता ज्यादा है। समय की सीमा जरा डिस्टर्ब कर देती है।

दूसरा, इस बजट के संबंध में कहना चाहता हूं कि इस बजट के अंदर समग्रता की एक दृष्टि मौजूद है। हम लोग बिजली की बात करते हैं। बिजली सबको चाहिए। बिजली की जरूरत बढ़ रही है। यदि फासिल फ्यूल का हम उपयोग करते हैं, तो दुनिया भर के अंदर पॉल्यूशन का निर्माण होता है, हमारे देश के अंदर भी निर्माण होता है। यह हमारी सरकार की विशेषता है कि सौर ऊर्जा के विकल्प का बेहतर उपयोग करते हुए हमने बिजली की आपूर्ति को सुनिश्चित किया है और दुनिया से और देश से प्रदूषण को कम करने का भी उपाय किया है। कुलमिलाकर समग्रता की एक दृष्टि इस बजट के अंदर विद्यमान है।

17.02 hours (Shri Anandrao Adsul *in the Chair*)

पानी की समस्या है, पानी के प्रदूषण की समस्या है। शुद्ध पानी की उपलब्धता कम होती चली जा रही है। हमारी सरकार ने इन सारी बातों को सोचते हुए, वित्त मंत्री जी ने इसका संज्ञान लेते हुए, मनरेगा के अंदर जो हमारी वाटर बॉडीज हैं, उनको ठीक करने का निर्णय लिया है और उनके लिए धन का आबंटन किया है, यानी जो समग्रता की दृष्टि है, कहीं पर कोई योजना बनाते हैं तो उसका क्या इंपैक्ट होने वाला है, उसको कैसे एड्रेस किया जाए, इसकी चिंता पूरी तरीके से सरकार ने की है।

मैं एक छोटा सा निवेदन जरूर करना चाहता हूं कि स्वर्ण से जुड़े हुए व्यवसाइयों की हड़ताल चल रही है। एक प्रतिशत एक्साइज से देखा जाए तो उनको आपत्ति नहीं है। आपत्ति व्यवस्था के द्वारा उनका शोषण किए जाने की है। मेरा वित्त मंत्री से निवेदन है कि आय बढ़ाते हुए भी शोषण उनका न हो, इसको सुनिश्चित करने की कृपा करें।

मैं अंत में एक चीज कहना चाहता हूं कि आजकल अभिव्यक्ति की आजादी के साथ हमारे कांग्रेस के लोग बहुत जुड़े हुए हैं, बड़ी प्रतिबद्धता उनकी दिखाई देती है, इसके लिए वे किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। खासकर जहां उनके युवा नेता जाएंगे, वहा जाना उनकी मजबूरी ही है। अभी युवा नेता जेएनयू तक गए हैं, उसके आगे भी जा सकते हैं। बहरहाल अभिव्यक्ति की आजादी के इन समर्पित पैराकारों ने, इनकी पार्टी ने वर्ष 1975 में इमरजेंसी लगाई थी। मैं भी 21 महीने जेल में रहा था। तब मैंने एक छोटी सी कविता लिखी थी, उसको पढ़कर मैं अपना निवेदन समाप्त करता हूं, क्योंकि रास्ता बहुत लंबा है और समस्यायें बहुत ज्यादा हैं।" हे पथिक, गतिमान रहे तू। तुझे लड़ना निपटना है, आज पथ के घोरतम से। है तुझे इतिहास रचना, अनवरत, अनथक श्रम से। प्राण का दीपक जलाकर स्वयं ही द्युतिमान रहे तू। ले विजय विश्वास मन में, रे पथिक गतिमान रहे तू। हे पथिक गतिमान रहे तू।" मैं बहुत-बहुत बधाई देते हुए शुभकामनाएं देता हूं कि अगले साल का बजट इसी दिशा में बढ़ता हुआ रोजगार के अवसरों को बढ़ाए, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुष्ट करे, उनकी तरह शक्ति बढ़ाए, देश के अंदर संसाधनों की वृद्धि हो और घाटे कम हों। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRIMATI BUTTA RENUKA (KURNOOL): Hon. Chairperson, Sir, I sincerely thank you for giving me an opportunity to speak on the discussion on the General Budget. At the outset I would like to compliment the Government, especially the hon. Prime Minister and the hon. Finance Minister on presenting a balanced Budget meeting the expectations of different sections of society. It is all the more a very Herculean Task given the global economic situation. The reaction of the stock market after the Budget is a testimony to the way the people of this country have received the Budget.

Sir, I would like to further compliment the Government for the spirit with which they have received the criticisms and suggestions and effected the required modifications to the Budget. I specifically refer to the following initiatives announced by the Government, namely, withdrawal of tax on PF withdrawals which will benefit a large number of salaried class consisting mostly of lower and middle level employees; implementation of the *Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana* to approximately cover 50 per cent of agricultural land holding at a nominal premium of 2 per cent for Kharif and 1.5 per cent for Rabi crops; introduction of a new health insurance scheme to protect against hospitalization; increasing the assured amount from Rs. 50,000 to Rs. 1,00,000 and by a further sum of Rs. 30,000 in case of senior citizens; providing cooking gas connections for BPL families. I specifically welcome the allocation made for the rural sector. An amount of Rs. 87,765 crore has been allocated to this segment which I represent in this House. I welcome the Government's proposal to enhance the total investment in the road sector including PMGSY allocation to Rs. 97,000 crore. I also welcome the proposed Plan expenditure by 15.3 per cent. However, in spite of the best efforts of the Government to provide a well balanced Budget, there are certain grey areas which require further consideration of the Government and necessary modifications may be announced.

The enhancement of a clean energy cess on coal by Rs. 200 per tonne will push up the cost of power generation. In fact, we demand that the clean energy

cess be completely withdrawn. The allocation of Rs. 1804 crore for skill development is meager and has to be enhanced. A major chunk of global reduction of petroleum prices has been appropriated by the Union Government by way of additional taxes without passing on the benefit to the consumer. I request the Government to pass on the benefit of reduced global prices of petroleum to actual consumers so that whenever there is any increase in the global prices, consumers will not murmur in paying the increased prices. On ethical grounds, I request the Government to evolve a policy of co-relating domestic prices with global prices.

Sir, I would also like to invite the attention of the Government to the increased Central Excise Duty on petrol and diesel by way of surcharges and cess denying the devolution to the States. A large number of additional taxes, cess and surcharges are being freshly levied in this Budget apparently for giving a push to agriculture. The last two years of this Government witnessed the lowest growth in Minimum Support Prices for Paddy and Cotton. We cannot expect to double the income of farmers in the next five years without correspondingly increasing the MSPs matching the actual cost of production on one hand and increasing the access to bank credit to farmers to 100 per cent from the present 40 per cent.

Sir, it is a matter of concern that despite such a massive campaign on Make in India, our imports of manufactured goods is increasing every month. I would like to request the Government to take serious initiatives to arrest this trend. At the cost of repetition I demand, on behalf of my Party, that the Union Government honour all the commitments made in the AP Re-organization Act, 2014 including the grant of a special category status and speedier implementation of the Polavaram project.

ग्रामीण क्षेत्र का बड़ा शोर है। हालत यह है कि ग्रामीण मांग गिर कर सबसे निचले स्तर पर है। Labour Bureau के ऑकड़े बताते हैं कि पिछले 50 वर्षों में पहली बार, unskilled casual workers की Novermber 2013 से November 2015 के बीच आय (मजदूरी) real terms में 2.14 द्रङ्कद्ध cent per annum गिर गई। 2013 से पिछले 5 सालों में यह 6 per cent per annum की दर से बढ़ी और ऐसा rural demand और सरकार का ग्रामीण क्षेत्र में खर्च बढ़ने के कारण हुआ।

MNREGA इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री ने इस योजना के महत्व को समझा। यह demand and increased wages का एकमात्र स्रोत है। इसके लिए 38,500 करोड़ रूपए का बजट रखने का हम स्वागत करते हैं, लेकिन यह भी बताना जरूरी है कि यू.पी.ए. ने 2010-11 में इस योजना को ङ्क 40,100 crores allocate किये थे। वित्त मंत्री कहते हैं कि खर्च कम हुआ था। मेरा कहना है कि पिछले 5-7 सालों में MNREGA में minimum wages 40% से अधिक बढ़े, यदि आपका budget allocation UPA के level पर है तो financial और physical progess कहॉ से होगी और man-days कैसे बढ़ेंगे? आपके Chief Economi Advisor का ही कहना है कि यू.पी.ए. के समय में 2005 और 2012 के बीच गरीबी कम होने की गति भारत के इतिहास

में सबसे तेज रही है। ये पिछले दशक से दो गुना तेज था। 15 करोड़ से भी ज्यादा लोगों को गरीबी से हटाया गया इन 8 सालों में। गरीबों की हालत सुधारने के ग्एग्क्रख्ए लिए के ज़रिए आपको भी ऐसा ही करना होगा।

Nirmal Bharat Abhiyan की repackaging करके Swacch Bharat Mission बनाकर और 150 प्रतिशत allocation बढ़ाकर चालू करने का स्वागत है। लेकिन यदि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को मिलाकर देखें, तो RE 2015-16 के मुकाबले यह 5 प्रतिशत कम है। आपको मानना होगा कि यह एक राजनीतिक बजट है। सरकार देश में जनता के सामने चुनावी बजट लाकर एक और जनता को खुश करना चाहती है तो दूसरी ओर विदेश में अपनी साख बनाने के लिए 'मूडी जी' को attract करना चाहती है। नाम बड़े और दर्शन छोटे। यू.पी.ए. की योजनाओं का नाम बदल दिया और बड़े-बड़े खोखले वायदे जोड़ दिए। आज जो अच्छे नतीजे दिखाई दे रहे हैं वह यू.पी.ए. सरकार की सही नीतियों के कारण हैं और यह एन.डी.ए. सरकार भी मानती है, लेकिन जनता को बताने से शर्माती है।

शिक्षा व स्किल डेवलपमेंट और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी यह बजट निराशाजनक है। आपके सलाहकार भी हमारा समर्थन कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि सब कुछ Privatization के लिए हो रहा है। जनता के भले के लिए यू.पी.ए. की योजनायें ही अच्छी हैं। बजट में बदलाव जो 5 राज्यों के चुनाव को सामने रखकर बनाया गया है। आम जनता के हित में नहीं है। उच्च शिक्षा के लिए इस बजट में वित्त संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए एक हज़ार करोड़ का प्रबंध है। पिछले वर्ष के बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा कल्याण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक क्षेत्र की राशि में जिस तरह की भारी कटौतियॉ की गई थी, वर्ष 2016-17 के बजट में तकरीबन उसी रूझान को बरकरार रखा गया है। पिछले वर्ष की कटौतियॉ इतनी ज्यादा थीं कि इस वर्ष के Allocations के आंकलन के लिए पिछले बजट को तुलना का आधार बनाना भ्रामक होगा।

वित्त मंत्री ने अपने बजट में 330 राज्य विश्वविद्यालयों और 35,829 कॉलेजों के बारे में भी कुछ नहीं कहा। ये शिक्षण संस्थाऍं 90 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों की आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं और वर्तमान में जर्जर हाल में हैं। आपको Crude Oil (पेट्रोलियम) से जो बचत हुई है, उस पैसे को शिक्षा और स्वास्थ्य (हैल्थ) के लिए इस्तेमाल करना चाहिए। गुलबर्गा जैसे केंद्रीय विश्वविद्यालय में जहां कम से कम 40 विभाग होने चाहिए, अभी केवल 10 हैं। शिक्षा के क्षेत्र में कम बजट होने से ऐसा हो रहा है। हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है। इसमें नागरिकों के सशक्तिकरण और विकास की विषमताओं को दूर करने के लिए उच्च कोटि की प्राथमिक शिक्षा आवश्यक है। इस लिहाज से सरकार का दायित्व बनता है कि वह

सकल घरेलू उत्पाद (ग्.घ्.घ्) का कम से कम 6 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा के क्षेत्र में निवेशित करे; लेकिन वर्तमान में इस निवेश का 1 प्रतिशत से भी कम होना चिंता का विषय है। लगभग यही स्थिति स्वास्थ्य क्षेत्र की है। Health care industry में सरकार ने medical equipment and devices के आयात शुल्क में वृद्धि के मसले की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। इससे healthcare की cost बढ़ जाएगी और इसका असर गरीबों पर सबसे ज्यादा पड़ेगा। देश की जनता के लिए बीमा योजना लागू की गई है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि सरकार healthcare से मुंह मोड़ ले। National health Mission के लिए पिछले 19,135.37 करोड़ रूपए से बढ़ाकर 2016-17 में 19,437 करोड़ रूपए किया गया है, जो केवल 2 प्रतिशत की वृद्धि है। लगभग यही स्थिति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व Mid Day Meal योजना की है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के बजट में पिछले साल लगभग 52 प्रतिशत की कटौती की गई थी। इस वर्ष पिछले बजट के संशोधित संस्करण से 30 फीसदी अधिक अनुदानों की पेशकश की गई जो यह भ्रम पैदा करती है कि इस काम के लिए बजट बढ़ाया गया है जबकि ऐसा नहीं है। इससे जाहिर होता है कि सरकार दिखावे के लिए कहती कुछ है और करती कुछ और है।

इस बजट में मई 2018 तक सभी गॉवों में बिजली पहुॅचाने की प्रतिबद्धता जाहिर की गई है, लेकिन ग्राम ज्योति योजना जैसी व्यवस्थाओं के आवंटन में पिछले साल की तुलना में लगभग 33 प्रतिशत की कटौती की गई है। अन्य महत्वपूर्ण कटौतियों में अनुसूचित जाति उपयोजना व जनजातीय उपयोजना शामिल हैं; जिनमें क्रमशः कुल योजना परिव्यय का सिर्फ 7 फीसदी व 4.4 फीसदी हिस्सा आवंटित है, जो जनसांख्यिक अनुपात के आधार पर निर्धारित उनके हिस्से से लगभग 75,764 करोड़ रूपए कम है, इससे भी यही विदित होता है कि इस सरकार की मनोदशा दलित और पिछड़े वर्गों के लिए कैसी है।

देश के सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में कुल 4.7 लाख करोड़ रूपए का एन.पी.ए. है और इसके लिए सिर्फ तीन वर्षों के लिए मात्र 75 हज़ार करोड़ रूपए आवंटित किये गये हैं, जबकि बैंकों के लिए कम से कम 1.8 लाख करोड़ रूपए का आवंटन जरूरी था। आश्चर्य की बात है कि रक्षा (Defence) बजट के मुद्दे पर सरकार ने चुप्पी साध ली। जनता को कुछ बताया नहीं। (क्ष्ज्) 2015-16, के अंत में capital budget का 40 % (Rs. 37,000 crore out of Rs. 93,675 crore fund) बचा रहा जो किसी भी January-March 2016 quarter, में खर्च नहीं हो सकता। अतः Rs. 15,000 to Rs. 20,000 crore (15 to 20 per cent) वापस करना पड़ेगा। रक्षा के क्षेत्र में क्या यह ठीक है। प्रमुख मुद्दों पर सरकार चुप रहना चाहती है और रक्षा के क्षेत्र पर भी उचित ध्यान नहीं दिया गया। रूपये की कीमत गिरने से purchasing power भी गिर गई। Inflation के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में हथियार,

ammunition, और रक्षा उपकरण 12 से 15 प्रतिशत तक हर साल महंगे हो जाते हैं। बजट को कम दिखाने के लिए रक्षा के क्षेत्र को भी नहीं बख्शा। रक्षा के क्षेत्र में आधुनिकीकरण की गति बहुत धीमी है। पुराने हथियारों और उपकरणों को बदलने के लिए कम से कम जी.डी.पी. का 3.0 प्रतिशत खर्च होना चाहिए जो अभी केवल 2.3 प्रतिशत है। An amount of Rs. 6000 Crore has been projected for sustainable ground water resource management. This however, needs to be supported trhough regulatory legislation to ensure sustainable extraction. आंध्रप्रदेश को स्पेशल Package देने की घोषणा की गई थी, लेकिन अभी तक कुछ नहीं किया। पिछले क्षेत्रों के लिए जो Provision किया जाता था, वह भी निकाल दिया।

The Union Budget 2016-17, addressess the key issues of indoor air pollution in rural households by emphasizing on improved access of subsidized LPG to BPL rural families- an allocation of Rs. 2000 crore has been made. Given the pratical difficulties of putting in place the supply chain quickly, it would have been prudent to also focus on other options also including improved cookstoves using locally available biomass. There are major reductions in some of the key programmes related to children belonging to minorities like 'Pre-Matric Scholarship for Minorities' (reduced by 10.48%), 'Post Matric Scholarship for Minorities' (reduced by 5.19%), 'Scheme for Providing Education to Madrassas/Minorities' (reduced by 68.04%), 'Incentive to Children of Vulnerbale Groups among Schedule Castes' (reduced by 90%). 'Deendayal Disabled Rehabilitation Scheme' also saw a significant 25 percent reduction against the previous year's allocation.

यह सारी बातें जो बजट में आई हैं, जाहिर है यह सरकार अप्रत्यक्ष रूप से अभी भी सूट-बूट की सरकार ही है और किसान, महिलाओं, पिछड़े वर्ग और विद्यार्थियों के सिर्फ आंकड़ों को दिखाकर जनता में यह भ्रम पैदा कर रही है कि बजट में उनके लिए बढ़ावा दिया गया है। असल में सरकार गरीबों की थाली में कुछ नहीं दे रही और अमीरों की जेब से कुछ निकाल नहीं रही।

असलियत यह है कि तीसरा बजट भी निराशाजनक है।

*श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत) : मैं मान्यवर वित्तमंत्री अरूण जेटली जी द्वारा प्रस्तुत किये गये आम बजट 2016-17 का समर्थन करती हूँ।

भारत के हर क्षेत्र के निवासी की आशा अपेक्षाएं इस सरकार के आने से बढ़ी हैं। लोगों को मान्यवर प्रधानमंत्रीजी नरेन्द्रभाई मोदी के नेतृत्व में एक विश्वास और यह सरकार अपेक्षाओं को पूर्ण करने में सक्षम होने का विश्वास दृढ़ हो रहा है। इसीलिए पिछले साल में सरकार द्वारा सामाजिक क्षेत्र में जो-जो योजनाएं घोषित की है उन योजनाओं को जनता का भरपूर साथ एवं प्यार मिला है। फिर चाहे वह जनधन योजना हो, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना हो, अटल पेंशन योजना हो या 75 लाख लोगों का गैस की सब्सिडी त्यागना या अन्य योजनाएं, लोगों ने जिस तरह से सरकार का साथ दिया है वह दिखाता है कि अगर विकास करने की चाह सरकार प्रमाणिकता से रखती है तो जनता भी उसी प्रकार जुड़ती है और उन सरकारी योजनाओं को सफल भी बनाती है। मेरा शहर सूरत हीरे, टेक्सटाईल, जरी, सूरतवसियों का मनमोजीलापन, उनकी रहनसहन और खाने की अलग पहचान, लोगों को मदद करने हेतु सदैव आतुरता वगैरह के कारण पहचाना जाता है। आपत्ति को अवसर में पलटना सूरत की पहचान है। यहां पर हीरे की बात करें तो 7 डीटीसी होल्डर हैं। करीब 4500 छोटे बड़े यूनिट हीरे को तराशने का कार्य करते हैं। जो करीब दो लाख करोड़ का टर्नओवर और एक्सपोर्ट करते हैं। 5 लाख लोगों को प्रत्यक्ष एवं 25 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से हीरा रोजगार देता है। मुझे प्रधानमंत्री जी का आभार प्रकट करना है साथ ही साथ हमारे हीरा उद्यमियों ने बहुत ही उत्साह से करीब करीब अपने सभी कारीगरों को इन योजनाओं का सुरक्षा कवच प्रदान किया है।

सरकार सिर्फ इतने भर से न रुकी पर इस बजट में जो स्वास्थ्य संबंधी बीमा योजना लागू करने जा रही है उसका भी मैं स्वागत करती हूँ। जिस योजना के तहत देश की एक तिहाई आबादी को अस्पता के व्यय के संबंध में सुरक्षा प्रदान करने का आयोजन है। जिनका मैं स्वागत करती हूँ। जिससे आम आदमी को, गरीब परिवारों को अपने स्वास्थ्य के लिए श्रेष्ठ आरोग्य सुविधा लेने में कोई झिझक नहीं रहेगी। मेरा विश्वास है कि जनता इस योजना को भी उत्साह एवं उमंग से स्वीकार करते हुए भारत के विकास को आगे ले जाने में अपना सहयोग देगी। बीपीएल परिवारों को

* Speech was laid on the Table

महिला के नाम पर सिलिन्डर देने की योजना से स्वास्थ्य में तो सुधार आयेगा ही परन्तु आर्थिक स्तर भी बढ़ेगा, महिलाओं का अपने परिवार में सम्मान बढ़ेगा और इस स्वास्थ्य बीमा योजना से लोगों के जीवन के प्रति दृष्टिकोण में भी परिवर्तन आयेगा। सरकार का स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय डाईलिसिस सेवा कार्यक्रम की भी मैं स्वागत करती हूँ इससे किडनी के रोगियों को एवं उनके परिवारों को सहूलियत मिलेगी।

मेरा शहर कपड़े के कारण भी जाना जाता है जहां पर 6 लाख पावर लुम्स है, 400 प्रोसेसिंग हाउस है, 1 लाख से ज्यादा एम्ब्रॉईडरी मशीनस हैं, रोजाना 4 करोड़ मीटर कपड़ा मेरे शहर के करीब 6 लाख सीधे जुड़े हुए एवं 4 लाख परोक्ष रूप में जुड़े हुए कारीगर तैयार करते हैं। स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रम से मेरे शहर के युवा एवं विद्यार्थियों को स्किल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया - स्टेंडअप इंडिया जैसे कार्यक्रम युवाओं में उत्साह, उमंग को बढ़ावा देती हैा इन कार्यक्रमों के कारण से शहर में भी रोजगारी के अवसर बढ़ेगे क्योंकि सूरत ऐसा शहर है जहां शायद ही देश का कोई भी जिले का व्यक्ति काम ना करता हो। रोजगारी प्राप्त करता ना हो, विशेषकर टेक्सटाईल एवं हीरे के क्षेत्र में इन कार्यक्रमों का सकारात्मक असर दिखाई देगा। हर योजना को हमारी योजना बताने वाले पुरानी योजना के कार्यान्वयन में उनकी लापरवाही को स्वीकार करने की हिम्मत नहीं रखते। यह इस बात का उदाहरण है। माननीय अटलजी की सरकार के वक्त सूरत का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रीमान् काशीरामभाई राणा द्वारा टेक्सटाईल अपग्रेडेशन फंड की योजना चलाई गई थी आज इस योजना में लोगों को जो आर्थिक लाभ होता है उससे वे अपने धंधे को आगे ले जाने में काम आता है। लेकिन आप की सरकार ने इस योजना के पैसे ही रिलीज नहीं किये थे। इस सरकार द्वारा करीब 12 हजार करोड़ के पैकेज को रिलीज करना आनंद की बात है। मैं विशेषकर उनका आभार प्रकट करना चाहती हूँ क्योंकि इससे शायद सबसे ज्यादा फायदा मेरे शहर को मिलेगा।

साथ ही साथ मेरा शहर जो एक समय गंदे शहरों में गिना जाता था आज दुनिया के श्रेष्ठ शहरों में अपना पैर जमाकर खड़ा है। तो उस शहर को स्मार्ट सिटी में सम्मिलित करने के लिए मैं मान्यवर प्रधानमंत्री जी एवं सरकार का आभार प्रकट करती हूँ। सूरत जो सोने की मूर्त के नाम से पहचानी जा रही थी, वो अब स्मार्ट सूरत, सुंदर सूरत के नाम से जानी जायेगी। मैं स्मार्ट सिटी में सम्मिलित करने के कारण सूरत शहर में सुविधाएं बढ़ेगी, पर्यटन को बड़ा फायदा होगा। स्मार्ट सिटी

हेतु जो मानदण्ड आपने तय किये हैं मुझे विश्वास है कि मेरे शहर के नागरिक राज्य एवं केन्द्र सरकार की कसौटी पर खरे उतरेंगे।

मैं मान्यवर वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत किये गये बजट का स्वागत एवं समर्थन करती हूँ।

***श्री राम टहल चौधरी (राँची) :** आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुवाई में माननीय वित्त मंत्री जी ने 2016-17 का बजट प्रस्तुत किया है इसका मैं समर्थन करता हूँ। इस प्रस्तुत बजट में सरकार की प्राथमिकता देश की बहुसंख्या किसानों, महिलाओं, युवाओं तथा कमजोर वर्गों पर केन्द्रित है इसमें उनके कल्याण पर अधिक ध्यान केन्द्रित किया गया है। सरकार ने इस बजट के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। देश की ग्रामीण व्यवस्था की बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने का ध्येय स्थापित करने के लिए ग्रामीणों के लिए कई योजनाएं इस बजट में रखी है। भारत गांवों में बसा है और ग्रामीण विकास से देश के विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। आज देश में किसान बहुत हतोत्साहित है, सूखे एवं बाढ़ की मार से किसानों की आय में 50 प्रतिशत का नुकसान हुआ है। माननीय वित्त मंत्री जी ने किसान और खेतीबाड़ी पर मेहरबानी की है। किसानों के अलावा छोटे करदाताओं को भी इस बजट से राहत मिली है। 5 लाख से कम आय वालों को इस बजट से तीन हजार का फायदा हो रहा है, इससे 2 करोड़ लोगों को फायदा मिलेगा।

देश के गांवों के विकास के लिए सरकार ने 87,700 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा है। ग्राम पंचायत और अन्य निकायों के विकास हेतु 2 लाख 87 हजार करोड़ का प्रावधान इस बजट में रखा है। इससे ग्रामीण क्षेत्र विकासोन्मुखी होगा। देश के गांवों से पलायन को रोकने के लिए मनरेगा अच्छा काम कर रहा है इसमें कुछ कमियाँ है, उसमें सुधार किया जाना अति आवश्यक है। इस बजट में मनरेगा पर 38000 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान रखा है। गांवों में तालाब और ग्रामीण सड़कों पर अच्छा काम हो रहा है। जो गांव बिजली न होने से अभी भी अंधेरे में है उन सभी गांवों में विद्युतीकरण किये जाने का ऐलान किया गया है देश के गांवों को सड़कों से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के लिए 27 हजार करोड़ दिए जाएंगे इससे किसानों को अपना माल मंडियों तक पहुँचाने में आसानी होगी इससे किसानों को अपनी फसल को मुनाफाखोर और बिचौलिया को नहीं बेचने पड़ेगा और किसानों को उनकी फसल की लागत से ज्यादा मूल्य मिल पाएगा।

---

* Speech was laid on the Table

माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत बजट में कृषि और किसान कल्याण को प्राथमिकता दी गई है इसके लिए कृषि क्षेत्र को 35,984 करोड़ का आबटन दिया गया है। देश में सूखे की मार झेल रहे किसानों को 28.5 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के माध्यम से सिंचित किया जाएगा। मैं झारखंड क्षेत्र से आता हूँ जहां पर कई सालों से किसान सूखे से प्रभावित हैं किसान अपने खेतों की फसल में बीज बोने और खाद दिये जाने के बाद पानी के न होने से उनकी फसल का लाभकारी मूल्य दिलाने हेतु सिंचाई पर विशेष ध्यान दिया जाना अति आवश्यक है जो इस बजट में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। खेतीबाड़ी में रासायनिक खादों के प्रयोग से भूमि की उर्वरता कम हो रही है। खेती की पैदावार को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा किसानों के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिये जा रहे हैं इससे भूमि की जाँच समय-समय पर करवाने के लिए एवं मृदा कार्ड के लिए 14 करोड़ का दिये हैं।

किसानों को उनकी फसल की लागत से ज्यादा मूल्य मिले इसके लिए एग्रीकल्चर मार्किटिंग के लिए ई प्लेटफार्म स्थापित किये जाने का विचार है इससे डिजिटल के माध्यम से किसानों की फसल मुनाफे में बेचने के अवसर मिलेंगे। प्राकृतिक आपदा और बेमौसम बरसात से राहत प्रदान करने के लिए सरकार ने प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना का श्री गणेश किया है इससे किसानों को कम प्रीमियम देना होगा पर किसानों को हुए नुकसान के लिए अधिकतम मुआवजे के रूप में पैसे मिलेंगे। इसके लिए सरकार ने 5500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। विकास के लिए लोन की अत्यंत आवश्यकता है पूर्व में किसानों को लोन के लिए साहूकारों पर निर्भर रहना पड़ता था और यही साहूकार किसानों का खून चूसने का काम करते हैं इससे सरकार ने राहत पहुँचाने के लिए कृषि ऋण का लक्ष्य बढ़ाकर 9 लाख करोड़ रुपये रखा है और दलहन और तिलहनों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए 500 करोड़ दिये हैं इससे बढ़ती दालों की कीमत को रोका जा सकता है।

देश के विकास को बढ़ाने और लोगों को खुशहाल रखने में शिक्षा और स्वास्थ्य का काफी महत्व है। देश में अभी ऐसे कई स्थान हैं जहां पर साक्षरता का स्तर कम है सरकार ने सर्व शिक्षा अभियान के लिए खर्च की राशि 22500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है उच्च शिक्षा ऋण के लिए इस बजट में एक हजार करोड़ रुपये रखे गये हैं। देश के ग्रामीण इलाकों में आज भी प्रतिभाएं हैं और प्रतिभाओं की खोज के लिए ग्रामीण छात्रों की पहचान कार्य को बढ़ावा दिये जाने के लिए

जहां पर नवोदय विद्यालय नहीं है वहां पर 62 नवोदय विद्यालय स्थापित किये जाने का कार्य किया जाएगा। हैफा यानी शिक्षा वित्त पोषण एजेन्सी का गठन किया जा रहा है जिसके माध्यम से एक हजार करोड़ रुपये से उच्च शिक्षा का ढांचा सुधारने हेतु निवेश किया जाएगा। यह संगठन बिना लाभ बिना हानि के आधार पर क्रियान्वित होगा। बजट में राष्ट्रीय शिक्षा मिशन के लिए 28010 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव है।

आदरणीय प्रधान मंत्री जी के कौशल विकास के कार्य को बढ़ावा दिये जाने हेतु अनेक उपाय इस बजट में किये गये हैं एवं सरकार के प्रयासों से अभी तक 76 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के तहत 1500 संस्थान स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है और इसके लिए 1700 करोड़ रुपये रखे गये हैं। नेशनल बोर्ड द्वारा एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण दिये जाने का आश्वासन दिया गया है। देश के विकास में सहायता मिलेगी। शिक्षा के साथ भोजन यानी मध्याह्न भोजन योजना पर 9700 करोड़ रुपये का खर्च किये जाने का प्रावधान है। देश में मध्याह्न भोजन में कई गड़बड़ियों के समाचार सुनने को मिलते हैं इस संबंध में सख्ताई से जाँच की जानी चाहिए।

देश के लोगों का स्वास्थ्य का बनाये रखने के लिए इस बजट में काफी प्रावधान रखे हैं। देश में प्रति वर्ष 2.2 लाख मरीजों की संख्या हर साल के हिसाब से बढ़ रही है। केन्द्र सरकार द्वारा इस बजट द्वारा देश के जिला अस्पतालों में डायलिसिस सेवाएं शुरू करने का विचार है, गरीब और मध्यम वर्ग डायलिलिस का खर्चा वहन करने में सक्षम नहीं है। इस बजट के माध्यम से नई स्वास्थ्य सुरक्षा योजना शुरू करने का विचार है जिसमें प्रति परिवार को एक लाख रुपये से कवर किये जाने का विचार है।

बजट में वित्त मंत्री जी ने बीपीएल परिवार की महिलाओं को एलपीजी का तोहफा दिया है। अगले दो साल में बीपीएल परिवार के पाँच करोड़ घरों में एलपीजी पहुँचाने का लक्ष्य रखा है इससे लकड़ियों को जलाने के बाद जो प्रदूषण हो रहा है उसको दूर करने में मदद मिलेगी। एक अनुमान है कि एक घंटे लकड़ी का चूल्हा जलाने पर 400 सिगरेट जलाने के बराबर धुंआ निकलता है।

मेरे गृह राज्य झारखंड जो सूखे की चपेट में बार-बार आ रहा है जिसके कारण यहां के किसानों की हालत काफी दयनीय हो गई है इस संबंध में मेरा वित्त मंत्री जी से अनुरोध है कि झारखंड में जो सिंचाई योजनाएं चल रही हैं उनके लिए अलग से अधिक धन उपलब्ध कराने की

कृपा करें जिससे किसानों को खेती के लिए समय पर पानी मिल सके। झारखंड में ग्रामीण सड़कों की हालत अन्य राज्यों से बहुत खराब हैं और बरसात के समय ग्रामीणों को कई कठिनाई का सामना करना पड़ता है झारखंड को सड़कों के विकास एवं निर्माण धन की काफी आवश्यकता है। मेरा संसदीय क्षेत्र झारखंड के बीचोंबीच में है एक छोर से दूसरे झारखंड के जाने वाले वाहन राँची से ही गुजरते हैं जिसके कारण राँची की सड़कों पर घंटों जाम बना रहता है और कई दुघर्टनाएं भी होती हैं। राँची शहर में यातायात को कम करने के लिए राँची रिंग रोड बनाया जा रहा है जो काफी समय से लम्बित है इसके लिए केन्द्र स्तर पर मदद की जाये।

सरकार का पूरा प्रयास है कि वृद्ध एवं वृद्धा, विकलांग लोगों को एवं विधवा महिलाओं इत्यादि सभी को विधवा पेंशन सुविधा मिले परन्तु वास्तव में ऐसा नहीं हो पा रहा है इस संबंध में यह प्रावधान बना रखा है कि जिन वृद्ध एवं वृद्धा, विकलांग लोगों एवं विधवा महिलाओं के पास बीपीएल कार्ड है उन्हें यह पेंशन की सुविधा मिल पाएगी अगर इन वर्गो के पास बीपीएल कार्ड नहीं है तो इन वर्गो को वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन एवं विधवा पेंशन नहीं मिल सकती है। दुख के साथ सरकार को सूचित करना पड़ रहा है इन वर्गो के बीपीएल कार्ड भी नहीं बनाये जा रहे हैं जिसके कारण जरूरतमंद लोगों को वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन एवं विधवा पेंशन की सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। यह बताते हुए खेद महसूस हो रहा है कि जो बीपीएल कार्ड के पात्र नहीं है उन लोगों के पास बीपीएल कार्ड है और जिन लोगों के पास बीपीएल कार्ड होना चाहिए उनके पास बीपीएल कार्ड नहीं है। सरकार से अनुरोध है कि बजट के माध्यम से राशन कार्ड को जारी करने में नवीनतम तकनीकी का उपयोग किया जाये और जाली राशन कार्ड को रद्द किया जाये।

मैं सरकार का ध्यान राष्ट्रीय राजमार्ग 33 की दुर्दशा की तरफ दिलाना चाहता हूँ यह राष्ट्रीय राजमार्ग कई राज्यों को जोड़ने का काम करता है जिसमें पश्चिम बंगाल एवं ओडिशा प्रमुख है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग के खंड राँची से बहेरा गोडा पर बड़े वाहन एवं यातायात भी बहुत चलता है इस बेहरा गौडा से राँची के राष्ट्रीय राजमार्ग खंड पर चार लेन वाला मार्ग बन रहा है परन्तु खेद है कि जिस ठेकेदार को यह कार्य दिया हुआ है वह इसे धीमी गति से बना रहा है जो कार्य एक साल में बनना है ठेकेदार 12 साल लेगा। आवश्यकता इस बात की है कि इस ठेकेदार के कार्यो की जाँच की जाये और जनहित में इसे तुरन्त हटाया जाया। इस राष्ट्रीय राजमार्ग को जल्द बनाने हेतु बजट के माध्यम से अधिक धन दिये जाने का प्रावधान किया जाये।

मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र राँची में स्थित हेवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन के मजदूरों एवं कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान नहीं हो पाता है और रिटायर्ड मजदूरों एवं कर्मचारियों की ओर दिलाना चाहता हूं जिन्हें कई साल तक पेंशन एवं बकाया राशि नहीं मिला है जिनके कारण उनके परिवार भुखमरी के शिकार हो जाते हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि उनको वेतन एवं बकाया राशि और पेंशन समय पर मिले इसके लिए बजट में प्रावधन किया जाये।

मैं बजट का समर्थन करता हूँ।

श्री धर्मवीर (भिवानी-महेन्द्रगढ़) : सभापति जी, माननीय वित्त मंत्री जी ने जो आम बजट रखा है, उसके पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं नया सदस्य होते हुए भी ज्यादा समय नहीं लेना चाहता। यह तीसरा आम बजट है और इस बजट की न केवल सत्ता पक्ष बल्कि विपक्ष का हर व्यक्ति भी तारीफ करता है और खासकर गांव में रहने वाला आदमी भी इसकी तारीफ करता है।

आप किसी भी प्रदेश के किसी भी गांव में जाएं, तो आम आदमी की जुबान पर है कि यह बजट ऐसा बजट है जिसकी वजह से गांव का किसान और मजदूर आवश्यकता के अनुसार उस गाव का विकास भी कर सकता है और उस गांव की स्थिति भी सुधर सकती है।

जिस प्रकार से आर्थिक मंदी के बावजूद इस बजट का बड़ा हिस्सा माननीय वित्त मंत्री जी ने खेतीबाड़ी के लिए दिया है। एक समय के अंदर लाल बहादुर शास्त्री जी ने जय जवान, जय किसान कहा था। चूंकि किसान ही इस देश में अन्न का उत्पादन करता है और उसी किसान के घर से जवान पैदा होता है जो देश की रक्षा करता है जहां वन रैंक, वन पेंशन के माध्यम से हमारे वित्त मंत्री जी ने इसका समाधान किया है। मेरी इसके साथ ही यह सरकार से प्रार्थना है जो जवान शहीद हो जाता है, उसकी शहीदी का सम्मान बढ़ाने के लिए इसमें कुछ न कुछ प्रावधान किया जाए, ऐसी मेरी वित्त मंत्री जी से प्रार्थना है।

जिस प्रकार से कृषि क्षेत्र और गांवों के विकास के लिए आपने इतना बड़ा बजट रखा है। 14वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के बाद हर गांव में जिस प्रकार से 80 लाख रुपया जाएगा, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करूंगा कि राज्य सरकार को भी कहें कि वह भी अपने स्टेट फाइनेंस कमीशन की रिकमेंडेशंस का पैसा इकट्ठा करके योजनाबद्ध तरीके से पूरे पांच साल का अगर वह प्रोजेक्ट बनाएंगे तो कोई गांव ऐसा नहीं बचेगा जहां पूर्ण रूप से शहर की तरह उसका विकास न हो।

गंगा सफाई अभियान के लिए आपने इतने बड़े बजट का प्रावधान किया है, लेकिन मेरा छोटा सा सुझाव है कि जिस प्रकार से रोड और रेल कनैक्टिविटी के लिए इतना भारी बजट आपने पहली बार रखा है जिसकी वजह से सारे देश का विकास सड़क और रेल के माध्यम से होगा। मेरा छोटा सा सुझाव है कि इसी प्रकार से यदि किसानों को बचाना है तो किसानों को सबसे ज्यादा पानी की जरूरत होती है, नदियों को जोड़ने का जो सपना माननीय वाजपेयी जी का था और हमारे माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी का भी है, उसको इम्पलीमेंट करने के लिए, नदी जोड़ने का एक मंत्रालय किसी प्रकार से होना चाहिए।

हालांकि मैं कहना नहीं चाहता था लेकिन यह महकमा रोड, ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री के साथ जोड़ दिया जाए तो जिस प्रकार से सड़कों का काम तेजी से हुआ है, उसी प्रकार से जल मार्ग, रोड्स और इसी

प्रकार से नदी जोड़कर किसानों को अगर आप पानी देंगे तो खासकर पश्चिमी भारत, यू.पी., हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र तक जो शारदा गंगा प्रोजेक्ट है, क्योंकि हमारे इलाके में पीने का पानी भी खत्म होने जा रहा है।

इसके साथ ही मैं एक बात और कहना चाहूंगा कि आज के दिन ही हमारे पड़ौस के पुराने पंजाब ने एक फैसला किया है कि 40 साल पहले हमने जमीन एक्वायर की थी। वहां पर 90 प्रतिशत नदी का और नहर का काम हो चुका है लेकिन उन्होंने डीनोटिफाइ करने का जो काम किया है, यह देश तोड़ने का काम है। किसी प्रकार से पंजाब के ऊपर पाबंदी लगाई जाए वर्ना यह एक ऐसी शुरुआत होगी जिसकी वजह से संवैधानिक ढ़ांचा खराब हो जाएगा। जो स्वर्णकार का आंदोलन चल रहा है, इसमें गरीब आदमी ही नहीं हैं बल्कि आम आदमी भी जब सामान लेने जाता है, उनके पास पैन कार्ड नहीं होता, इसका समाधान जरूर किया जाए। धन्यवाद।

SHRIMATI APARUPA PODDAR (ARAMBAG): Thank you, Chairman, Sir, for allowing me to speak on discussion on the General Budget 2016-17.

The Central Government has presented its 3rd General Budget 2016-17. India is the first democratic country with the highest population in the world. Though there are vast human resources in India, still two out of four are under poverty. In this regard, the Budget that benefits the poor and middle class people are said to be a good Budget.

Though the Government says that our country's economy is growing very fast, yet it is very backward in giving employment and implementing people welfare projects and schemes. The Government is talking about the welfare of farmers as agriculture is the backbone of this country. But there is nothing in this Budget for development of agriculture and farmers. In this Budget, there is nothing good for the farmers, who are already suffering under huge debt. Some of them have committed suicide due to distress. Loans for industrialists have been waived off but there is no loan waiver scheme for farmers, who are living in a pitiable condition. The middle class and the poor people, who voted for this Government, have totally been ignored.

Higher allocation for irrigation is welcomed. We have to see its implementation because only then the real goal will be achieved.

The Government has been raising its irrigation spending every year but they have failed to bring any extra area under the irrigation scheme. How does higher allocation help Agriculture? It is disappointing to see that there is no encouragement for agri-biotech research by public or private institutions for growing the agriculture sector. We further believe that for transforming the Indian agriculture, countering the ill-effects of climate change, improving livelihoods and addressing food requirements of the nation, technological intervention is of utmost importance. There is no mention of any new scheme for industrial growth. Announcements like increase in funds for MNREGA are welcomed. No visionary

schemes have been announced for Defence sector. No schemes have been announced for the growth of economy. Health Insurance announcements are quite welcomed. While the spending on health care has gone up, we will have to wait and see how many of the initiatives announced actually reach the people.

The Integrated Defence Staff have said that their demand of Rs. 31 lakh crore worth of acquisitions are still pending over the last 15 years. The Government has not announced any clear strategy on its disinvestment policy.

An increase in Income Tax Slab was eagerly awaited by the common man. The same has not happened. It could have increased liquidity. Jewellers are to go on strike against the announcement in the Budget of Rs. 1 lakh cap on cash purchase of jewellery.

No other State in the country is as 'debt-stressed' as West Bengal because of the gross misrule of the previous Left Front Government for long 34 years. I once again urge upon the Central Government on behalf of my Chief Minister Mamata Banerjee to stop deducting funds to the State Government and give immediate relief from the debt burden, so that growth and development efforts continue to be unhindered.

Thank you, Sir.

*श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर) : 2016-17 का जो आम बजट माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री जेटली साहब के द्वारा पेश किया गया है, जिसमें हर प्रकार के संभव प्रयास किया गये हैं जो जनहित में है एवं सराहनीय है, जिसमें मंद वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत को दैदीप्यमान प्रकाश स्तम्भ के रूप में आई.एम.एफ द्वारा भी सराहना की गई है। सरकार ने पिछले दो वर्षो से मानसून के प्रतिकूल 13 प्रतिशत कमी के बावजूद भी बेहतर वृद्धि प्राप्त की है। किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा में काफी सुधारात्मक कदम उठाये गये हैं, पिछले कुछ वर्षो में किसान द्वारा घटित घटना को देखते हुए/गरीब जनता के लिए खर्च से बचने के उपाय स्वास्थ्य बीमा योजना को सृजित कर नयी उपलब्धि दी गई है। बी.पी.एल. परिवार को रसोई गैस कनेक्शन दिया जाना, गरीब लोगों के चूल्हे जलाने तक विशेष ध्यान रखकर अनेकों उपलब्धियों को सरकार ने आम जनता तक पहुँचाने का प्रयास किया है।

शिक्षा मंत्री से मेरी गुजारिश है कि जिला मुंगेली (छत्तीसगढ़) में नवोदय विद्यालय खोले जाने की अति आवश्यकता है। सिम्स अस्पताल बिलासपुर में 150 सीटें हैं, जिन्हें 200 सीट किया जाये और साथ ही पी.जी. क्लास खोलने की आवश्यकता पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। बिलासपुर में एयरपोर्ट की स्थापना की जाए। छ.ग. राज्य बनने के बाद भी आज तक यहॉ प्रशासनिक अभिकरण नहीं है। चूंकि बिलासपुर में छ.ग. का हाईकोर्ट है न्यायिक हब के रूप में पृथक छ.ग. के लिए प्रशासनिक न्यायिक अभिकरण बिलासपुर में स्थापित किया जाए।

* Speech was laid on the Table

*__श्री रमेश चन्द्र कौशिक (सोनीपत) :__ मैं बजट 2016 पर अपने विचार रखता हूँ।

मैं माननीय वित्त मंत्री जी का आभार प्रकट करना चाहता हूँ कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी के कुशल नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा एक सशक्त भारत के निर्माण की दिशा और दशा के संबंध में एक बहुत ही अच्छा बजट पेश किया गया है जिसका मैं समर्थन करता हूं। यह बजट किसानों, महिलाओं, गरीबों, युवाओं सहित आम लोगों के लिए उत्साहवर्धक भी है। मैं अपने सभी विपक्षी साथियों से भी अपेक्षा करता हूं कि विकास के इस सिद्धान्त **"सबका साथ सबका विकास"** को सार्थक करने के लिए सरकार का सकारात्मक सहयोग करें।

हमारी सरकार बजट के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति का उत्थान करने हेतु कृतसंकल्प है जो वास्तव में राष्ट्रनिर्माण की कड़ी भी है। हमारा बजट गांव-गरीबों की उन्नति, किसानों की समृद्धि, युवा बेरोजगारों को रोजगार, सबको सामाजिक सुरक्षा तथा झोपड़ी एवं खुले आकाश के नीचे रहने वाले सभी वर्ग के गरीब लोगों को आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी के मद्देनज़र बजट में अनेकों योजनाएं लाई गई हैं जिनसे राष्ट्र निर्माण को तीव्रगति मिलेगी।

इसके अलावा **"मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया"** के द्वारा व्यापक रोजगार सृजन की राह प्रशस्त हो रही है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता एवं अनुसंधानों को प्रोत्साहन, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा कुपोषण को जड़ से खत्म करने हेतु इस बजट के द्वारा कृत-संकल्प है।

मैं वित्त मंत्री जी को एक बहुत ही बढ़िया बजट प्रस्तुत करने के लिए धन्यवाद देता हूं तथा साथ ही अपने अपने सभी संसद सदस्यों से विनम्र आग्रह करना चाहता हूं कि लोकतांत्रिक प्रणाली में वाद-विवाद करना चाहिए जोकि लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। लेकिन बेबुनियादी मुद्दों को लेकर संसद की कार्यवाही में अवरोध पैदा करके संसद की कार्यवाही बाधित करना कदापि उचित नहीं कहा जा सकता। यह जन भावनओं के साथ खिलवाड़ एवं क्रूर मजाक है।

---

* Speech was laid on the Table

हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि हमारी संसद जन आंकाक्षाओं को प्रतिबिम्बित करने वाली सर्वोच्च संस्था है।

मैं माननीय वित्त मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सोनीपत की ओर दिलाना चाहता हूं कि खरखौदा-गोहाना-कटरा मार्ग को तत्काल कार्य शुरू करवाया जाए। इसके साथ ही साथ केएमपी मार्ग का कुण्डली से तत्काल शुरू करवाने की व्यवस्था करवायें जिससे यातायात की सुविधा जनता को उपलब्ध हो सके। गढ़ (सोनीपत) से वजीराबाद तक यमुना नदी के रास्ते जल मार्ग चालू करवाया जाए। इससे सस्ते और जन उपयोगी मार्ग की शुरूआत होगी। जो मेरे संसदीय क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 1 पर मेरे संसदीय क्षेत्र में कुण्डली के आसपास लाखों की तादाद में फैक्टरी में कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रतिदिन राष्ट्रीय राजमार्ग को क्रास करना पड़ता है। जिसके कारण कोई न कोई दुर्घटना घटती रहती है। अतः कुण्डली के आसपास राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो फुट ब्रिज बनवाने की व्यवस्था करें। मेट्रो रेल को सोनीपत तक बढ़ाने हेतु इस बजट में धन का प्रावधान करने का कष्ट करें ताकि मेरे संसदीय क्षेत्र सोनीपत जो एनसीआर में आता है यात्रियों को आने-जाने के लिए सुविधा मिल सकें। अंत में, मैं बहुत ही विनम्रता के साथ आपसे प्रार्थना करना चाहता हूँ कि 11 से 12 मार्च, 2016 को मेरे प्रांत हरियाणा और मेरे संसदीय क्षेत्र सोनीपत में इतनी अधिक ओलावृष्टि हुई है जिसके कारण मेरे अनुमान से किसानों की लगभग 40 प्रतिशत फसल नष्ट हो चुकी है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने अभी भी 19 मार्च तक वर्षा एवं ओलावृष्टि दोबारा होने से इंकार नहीं किया है। मेरे प्रांत का किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। पीछे धान एवं दलहन और सब्जी की फसलों का नुकसान हुआ था लेकिन किसान को उम्मीद थी कि गेहूं, सरसों आदि की फसल से गुजर-बसर हो जाएगा। लेकिन पिछले तीन-चार दिन से किसान की वह आशा भी समाप्त हो गई है। लेकिन वह आज प्राकृतिक आपदा के कारण मायूस होकर सरकार की तरफ सहायता हेतु निहार रहा है।

आखिर में मेरी आपसे पूरे जोर के साथ बहुत ही विनम्रता से आपसे प्रार्थना है कि तत्काल किसानों को प्रति एकड़ कम से कम 20 हजार रु0 प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिलाने का इस बजट में प्रावधान करने का कष्ट करें जिससे वह अपने बच्चों को पढ़ा सके, अपनी बेटियों की शादी कर सके। इसके साथ ही अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके।

***श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर):** मैं वर्ष 2016-2017 के आम बजट पर अपने विचार रखता हूँ। हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने माननीय केंद्रीय मंत्री श्री अरुण जेटली जी के कर कमलों द्वारा सदन के पटल पर पेश किया गया यह बजट देश में आशा की एक नई किरण लेकर आया है। बजट के माध्यम से वित्त मंत्री जी नए भारत की स्पष्ट सोच के साथ सामने आए हैं। इस सोच के केन्द्र में नौ स्तम्भ है और मुख्य आधार है गाँव-गरीब और किसान। ये नौ स्तम्भ है **(1) किसान (2) गाँव (3) सामाजिक क्षेत्र (4) बुनियादी ढांचा (5) सुशासन (6) शिक्षा व सुधार (7) कर सुधार (8) वित्तीय सुधार और (9) खजाना प्रबंधन के रूप में।** माननीय मंत्री ने गाँव एवं किसानों पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया। इसके अतिरिक्त इस बजट में युवाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। **हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी ने कहा कि यह बजट गाँव, गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाएगा।** जैसा कि माननीय वित्त मंत्री जी ने शायराना अंदाज में कहा कि -

''**कश्ती चलाने वालों ने जब हार के दी पतवार हमें...**

... इन हालात में आता है दरिया करना पार हमें।''

वित्त मंत्री अरुण जेटली जी द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट बहुत ही संतुलित एवं सधा हुआ है। बजट में ग्रामीण भारत की चिंताओं और समस्याओं का विशेष तौर पर ध्यान रखा गया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कृषि क्षेत्र एवं किसानों पर इतना ध्यान दिया। किसानों की आय 5 वर्षों में दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया। यह एक अच्छी पहल है क्योंकि सेवा एवं अन्य क्षेत्रों में देश की तमाम आर्थिक तरक्की के बावजूद किसान लगातार बदहाल हो रहे थे।

माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार के शुरुआती दो बजट को इस बजट के साथ जोड़कर देखा जाना चाहिए। शुरुआती दो बजट जहाँ शहरी भारत के विकास पर अधिक केन्द्रित थे तो वर्तमान बजट ग्रामीण भारत के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। यह सचमुच में एक सराहनीय कदम है क्योंकि आज भी हमारी एक बड़ी आबादी गाँवों में निवास करती है। आर्थिक विकास को और

* Speech was laid on the Table

अधिक गति देने के लिए यह जरूरी है कि हम शहरी भारत एवं ग्रामीण भारत के बीच की दूरियों को कम करे।

अब शहर ही नहीं, गाँव भी स्मार्ट और समृद्ध बनेंगे। गाँव वालों को भी शहरों की तरह अच्छी सड़कें, स्वच्छ पानी और वह सारी जरूरी सुविधाएं मिलेगी। गाँवों का कायाकल्प होगा। गाँवों से पलायन रूकेगा। इस बजट में केन्द्र सरकार ने इसका पूरा प्लान पेश किया है। वित्त मंत्री माननीय जेटली जी ने बजट में पंचायत संस्थाओं को मजबूत और विकसित करने के लिए राष्ट्रीय स्वराज अभियान नाम से एक नई स्कीम शुरू करने का प्रस्ताव किया है। यह सचमुच में एक सराहनीय कदम है।

यह बजट इस मान्यता को आगे बढ़ाता है कि युवा देश की तकदीर बदलने में अहम भूमिका निभा सकती है। निजी उद्यमता को बढ़ावा देने की नीति का अनुसरण किया है और इसके लिए नव उद्यमियों को तमाम वित्तीय सुविधाओं के साथ कर में छुट देने का निर्णय लिया गया है। उम्मीद है इस पहल से रोजगार सृजन में तेजी आएगी और युवाओं की अपेक्षाएं पूरी होंगी।

बजट में सरकार ने गरीबी रेखा पर खड़ी लगभग 30 प्रतिशत आबादी का खास ध्यान रखा है। गरीब परिवारों को स्वास्थ्य बीमा देने के साथ-साथ सस्ती दवाओं, हर जिले में डायलेसिस सेवा जैसी सुविधाएं शुरू करने का निर्णय लिया है। लगभग 5 करोड़ बीपीएल परिवारों को एलपीजी कनेक्शन देने का फैसला कर सरकार ने उनके घरों में उपस्थिति सुनिश्चित की है।

ऐसे समय में जबकि भारत में मेडिकल बीमा का फीसदी बहुत कम है, सरकार ने गरीब परिवारों के लिए एक लाख रुपए का स्वास्थ्य योजना लाने का महत्वाकांक्षी फैसला लिया है। वरिष्ठ नागरिकों के मामले में एक लाख रुपए के अलावा 30 हजार रुपए का अतिरिक्त बीमा होगा। प्रधानमंत्री जन ओषधि योजना के तहत अगले वित्त वर्ष में तीन हजार स्टोर खोले जाएंगे जहाँ सस्ते दामों पर दवाइयां मिलेंगी। आंकड़े बताते हैं कि हर साल लगभग सवा दो लाख किडनी के नए रोगियों की संख्या जुड़ जाती है जिन्हें डायलेसिस की जरूरत होती है। सरकार ने इसके लिए पीपीपी मॉडल के तहत नेशनल डायलेसिस सर्विस प्रोग्राम हर जिला स्वास्थ्य सेंटर पर डायलेसिस की सुविधा उपलब्ध कराएगा। जाहिर तौर पर यह उन गरीबों के लिए खास उपयोगी होगा जो इस पर आने वाले सालाना लगभग तीन लाख रुपए का बोझ उठाने में असमर्थ है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के कायाकल्प की कोई कारगर छवि पेश करने के साथ यह भी आवश्यक था कि सरकार बुनियादी ढांचे पर विशेष बल दे। बुनियादी ढांचे की सवा दो लाख करोड़ रुपए में से वित्त मंत्री जी ने सड़कों के लिए 97000 करोड़ का आवंटन किया है। जबकि बाकी राशि रेलवे के अलावा छोटे हवाई अड्डे, बंदरगाहों और जलमार्गों के विकास के लिए रखी गई है।

इस बजट के माध्यम से सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए कई उपायों की घोषणा की है। इससे न सिर्फ बुनियादी ढांचे का विकास होगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। इतना ही नहीं बजट में उद्यमिता और नई खोजों को बढ़ावा देने के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं। काले धन का प्रसार रोकने और गरीब तबके के लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने की दिशा में किया गया प्रयास स्वागत योग्य है।

वित्त मंत्री को राज्यों की आकांक्षाओं का सम्मान करने के साथ-साथ राष्ट्रीय प्राथमिकताओं पर बल देने के लिए मैं बधाई देता हूँ।

सरकार से जनता को ढेर सारी अपेक्षाएं, आकांक्षाएं एवं उम्मीद है। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि हम माननीय प्रधानमंत्री जी के सक्षम, ऊर्जावान एवं कुशल नेतृत्व एवं आपके सहयोग एवं मार्गदर्शन से एक सशक्त, सक्षम, विकसित एवं स्वर्णिम भारत का निर्माण कर पायेंगे।

*__श्री संजय धोत्रे (अकोला):__ मैं सर्वप्रथम माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी व माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने आम बजट के माध्यम से एक नई सोच के साथ देश को प्रगति के मार्ग पर ले जाने के लिए कदम उठाए हैं।

मेरी पारिवारिक पृष्ठ-भूमि कृषि व गाँव से जुड़ी है और मैं किसानों की वास्तविक समस्याओं से सीधे जुड़ा हुआ हूँ। मुझे खुशी है कि इस बजट में जिस प्रकार किसानों और उनकी समस्याओं के प्रति सरकार ने सकारात्मक, संतुलित और दीर्घगामी सोच रखकर बजट में उनके लिए आवश्यक प्रावधान किए हैं।

मैं यहाँ पर कृषि विषय पर ही चर्चा करना अपनी प्राथमिकता समझता हूँ। इसीलिए किसानों की उन समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ, जिन पर कार्रवाई अपेक्षित है।

माननीय प्रधानमंत्री की सोच - 'More crop per drop' किसानों को समर्पित इस बजट में झलकती है, जो आधुनिकतम खेती की उच्च तकनीक को प्रोत्साहित करती है। मैं यहाँ पर किसानों की उन समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ, जो अब तक छूट गए हैं। बैंक जहाँ एक ओर किसानों को फसल कर्ज देते हैं, उसकी ब्याज दर अपेक्षाकृत काफी कम है, लेकिन खेती के काम आने वाले उपकरणों- ट्रैक्टर, ग्रीस हाउस शेड, पंपिंग-सेट, इत्यादि की खरीद पर बैंक कर्ज तो देते हैं, परंतु इन पर 12 प्रतिशत से 14 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर लगायी जाती है। मैं यह बात इसलिए कह रहा हूँ कि अक्सर आर्थिक संकट के कारण किसान यदि इस बाद वाले कर्ज को समय पर नहीं चुका पाता है, तो उसे डिफाल्टर घोषित कर दिया जाता है। उस पर 2 फीसदी की पेनल्टी लगा दी जाती है। इस प्रकार वह चाह कर भी, इस चक्रव्यूह से बाहर नहीं निकल पाता है। अतः मेरा मानना है कि किसान को आवश्यक कृषि उपकरण खरीदने के लिए दिए जाने वाले बैंक कर्ज पर ब्याज दर को कम करके 7 से 8 फीसदी तक लाया जाए।

मैं सरकार की इस बात के लिए भी सराहना करना चाहता हूँ कि उसने कम प्रीमियम पर ज्यादा कम्पन्सेशन दिए जाने को आधार बनाकर किसान फसल बीमा योजना बनायी है। देश में पहली बार किसान को प्राकृतिक क्षतिपूर्ति दिए जाने की योजना में फसल की बुआई से लेकर,

* Speech was laid on the Table

तैयार फसल को बाजार में बेचे जाने तक की अवधि को इस नई बीमा योजना में शामिल किया है। यदि किसान खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा।

यहाँ पर मैं उन छिद्रों (loop holes) की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। प्रायः देखा जाता है कि किसान को उसकी प्राकृतिक आपदा के कारण बर्बाद हो चुकी उसकी फसल की क्षतिपूर्ति के रेवेन्यू सर्किल को एक इकाई माना जाता है। जिसमें 8 से 10 गाँव होते हैं। यदि इन गाँवों में किसी एक या दो गाँवों में ओला-वृष्टि या अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसल चौपट हो गयी और बाकी आसपास के गाँव, इस प्राकृतिक विपदा से अछूते रह जाएं तो प्राकृतिक आपदा से प्रभावित गाँव के किसान मुआवजा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। अतः गणना की इस इकाई के स्थान पर 500 से 1000 हेक्टेयर क्षेत्र को एक इकाई माना जाए, तो यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।

जिस प्रकार सरकार देश में सूक्ष्म, मध्यम और लघु व्यवसायिकों को फूड प्रोसेसिंग यूनिट क्षेत्रों में अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंकों से आसान शर्तों व कम ब्याज दर पर शत-प्रतिशत पूँजी उपलब्ध करवा रही है, मेरा मानना है कि यदि उसी प्रकार ऐसे समान अवसर व योजनाएं किसानों के हितों के लिए भी लागू हो जाएं, तो उनकी आर्थिक दशा सुधारने में यह मददगार हो सकता है।

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : सभापति जी, आपने मुझे वर्ष 2016-2017 के बजट पर बोलने का अवसर दिया है। मैं देश के प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री और वित्त राज्य मंत्री को धन्यवाद देते हुए अच्छे अधिकारियों को भी जिन्होंने इस बजट को बनाने में सहयोग दिया है, उन्हें भी धन्यवाद देना चाहूंगा। महोदय, बजट के बारे में मैं जेटली जी के मन में एक बात लाना चाहता हूं कि बजट के डिस्कशन के बारे में हम लोगों को नया मैकेनिज्म बनाना चाहिए। अगर सत्ता पार्टी ने यह बजट बनाया है तो विपक्ष के लोगों को देखना चाहिए कि इससे अच्छा बजट कैसे हो सकता है, इस बारे में विचार करना चाहिए क्योंकि देश के जवान बच्चे जो पढ़े-लिखे भी हैं वे यह पूछते हैं कि अगर यह बजट सही नहीं है तो विपक्ष का बजट क्या है। पैसा कहां से ज्यादा आ सकता था, खर्चा कहां से कम हो सकता था, इस बारे में भी चर्चा होनी चाहिए। इस प्रकार की मांग लोगों के बीच में है, इसलिए मैं यह बात आपके समक्ष रखना चाहता था। 18 करोड़ लाख रुपए का एक्सपेंडिचर है तो 12.50 लाख करोड़ रुपयों का रेवेन्यु जमा होने वाला है। साढ़े पांच करोड़ का फिसकल डेफिसिट घाटे का बजट है तो आने वाले दिनों में बजट में ज्यादा पैसा आना चाहिए इसलिए हमें क्या करना चाहिए तो मुझे लगता है कि रीयल इस्टेट के बारे में हमें ध्यान देना पड़ेगा। रीयल इस्टेट का बिल पास हुआ है इसलिए मैं नायडू जी को धन्यवाद देना चाहूंगा।

मैं मुम्बई की बात कहना चाहता हूं और आप भी मेरा समर्थन करेंगे। आज मुम्बई में रीयल इस्टेट का काम पूरा का पूरा बंद पड़ा जैसा है क्योंकि संजय गांधी नेशनल पार्क का दस किलोमीटर रेडीयस का कायदा आ गया है। पर्यावरण का कायदा पहले से ही है। जावड़ेकर जी ने बहुत रिलेक्सेशन दिया है लेकिन अभी भी बहुत से मसले हैं। एयरपोर्ट आथोरिटी की वजह से बहुत से काम बंद पड़े हैं और खास करके डिफेंस के बारे में मैं कहूं तो साढ़े तीन साल कांग्रेस के समय से काम बंद पड़ा है। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि मेरी सरकार आने के बाद भी डिफेंस का यह मसला समाप्त नहीं हुआ है। जेटली जी जब डिफेंस मिनिस्टर थे तो कहा था कि इस काम को तुरंत किया जाएगा लेकिन उनकी मिनिस्टरी बदल गई और पर्रिकर जी आ गए। पर्रिकर जी ने बहुत प्रयास किया है और उन्होंने कहा है कि यह सत्र समाप्त होने के पहले किस तरह से इसे विदड्रा करेंगे, ऐसा उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है। लेकिन अगर यह नहीं होता है, तो मैं कहना चाहता हूं कि अगला सत्र शुरू होने के पहले मुम्बई शहर में एक बहुत बड़ा आंदोलन खड़ा करना पड़ेगा क्योंकि एनफ इज़ एनफ। लोग मर रहे हैं, किसान आत्महत्या कर रहे हैं, लेकिन डिफेन्स में रहने वाले लोग परेशान हैं, वे भी आत्महत्या करने के मूड में आ गये क्योंकि उनकी इस प्रकार की परिस्थिति बन गयी है। इसलिए मैं चाहूंगा कि यदि हम हाऊसिंग सेक्टर पर ज्यादा ध्यान दें तो बड़े पैमाने पर सरकार की तिज़ोरी में रिवेन्यू आ सकता है। इसलिए इस बारे में हमें सोचना पड़ेगा।

चार लाख करोड़ रुपये का एनपीए हुआ है। एनपीए के बारे में जो विलफुल डिफाल्टर हैं, उनके ऊपर ऐक्शन होना चाहिए। लेकिन जो नॉन-विलफुल डिफाल्टर हैं, जिनका व्यवसाय सरकार की पॉलिसी की वजह से नहीं शुरू हो पाया है, अधिकारियों के मनमानी की वजह से जो एनपीए हुआ है, ऐसे लोगों के बारे में भी एक व्हाइट पेपर पब्लिश करना चाहिए। इसके साथ ही देश के लोगों को ऐक्शन टेकन रिपोर्ट भी देना पड़ेगा ताकि जो चार लाख करोड़ रुपये के एनपीए में जो दोषी अधिकारी हैं, उनके ऊपर भी हमें कार्रवाई करनी पड़ेगी।

ज्वेलर्स लोगों का भी एक मसला है। सारे लोगों की भावनाओं का समर्थन करते हुए, मैं भी इस बात से सहमत हूँ कि वित्त मंत्री उसका खुलासा करेंगे क्योंकि ज्वेलर्स लोगों के मन में एक बहुत बड़ा भय निर्माण हुआ है कि एक्साइज के ऑफिसर्स उनको परेशान करेंगे और यह बात सही भी है। वे कहते हैं कि यदि एक टका के बदले दो टका सरकार को टैक्स देना पड़ेगा तो हम देना चाहते हैं। 4 तारीख का जो सर्कुलर निकला है, उसमें बहुत सारा खुलासा हुआ है, थोड़ा और खुलासा वित्त मंत्री जी करें, मैं इस बात की मांग करता हूँ। यह उनकी एक बहुत बड़ी समस्या है।

किसानों के बारे में बहुत सारी सुविधाएँ दी गयी हैं। इसलिए मैं महाराष्ट्र के किसानों की ओर से वित्त मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूँ।

जो दिव्यांग हैं, जो अपंग हैं, दृष्टिहीन हैं, उनकी एक समस्या बहुत दिनों से प्रलंबित है। थावर चंद गहलोत जी और वीरेन्द्र सिंह जी के बीच यह मसला फंसा हुआ है। थावर चंद गहलोत जी चाहते हैं कि जो दृष्टिहीन लोग हैं, उनको कुछ न कुछ मंथली कंपेनशेसन दें, लेकिन निर्णय लेने का अधिकार श्री वीरेन्द्र सिंह, रूरल डवलपमेंट मिनिस्टर साहब के पास है। यदि वित्त मंत्री जी इसका खुलासा कर दें तो जो दृष्टिहीन हैं, अपंग हैं, उनको बड़े पैमाने पर मदद कर सकते हैं। चूंकि देश के प्रधानमंत्री ने सारे सेक्टर के लोगों को छुआ है, यही एक सेक्टर रह गया है। इसलिए बहुत जल्दी ही हमें इसके बारे में सोचना पड़ेगा।

आपने मुझे बजट पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।

SHRI ANTO ANTONY (PATHANAMTHITTA): Thank you, hon. Chairperson, Sir. The hon. Finance Minister presented the General Budget for the financial year 2016-17. Being a farmer and a Member representing my constituency in Kerala, I would like to start by saying that this Budget has been a disappointing Budget for Kerala.

Rubber is the backbone of Kerala's economy. Rubber prices have dropped from Rs.240 per kilogram to Rs.80 per kilogram. The Government of India is the sole beneficiary of all taxes coming from the rubber sector. We have corporate tax, income tax, excise duty and above all, the Rubber Board is collecting cess from rubber farmers. In the last financial year itself, a sum of Rs.15,000 crore has been collected as tax from the rubber sector. Moreover about Rs. 100 crore is being collected as cess from the rubber farmers every year. Due to fall in rubber prices, the rubber industries have amassed exorbitant profit in this sector. In their balance-sheet itself they have shown Rs 50,000 crore as profit. The Government got the benefit and the industrialists got the benefit but the only victims of the present condition are the rubber farmers.

Sir, in this regard, we, all the MPs from Kerala, had a meeting with hon. Prime Minister and the hon. Finance Minster and so many meetings with the hon. Commerce Minister. We begged them and we requested them to support the rubber farmers. The hon. Commerce Minister assured us so many times to do the needful. But what happened? In the Budget, they closed their eyes to the rubber farmers. What did the rubber farmers get in return? It is a total negligence!

Sir, we never asked the Government for any amnesty. We asked for only a rational amount of Rs. 1,000 crore for procuring rubber for higher prices… (*Interruptions*)

Sir, we are raising a grave issue, which is badly affecting our State of Kerala. Our request is for getting a small amount of just Rs. 1,000 crore for procuring rubber for higher prices. It is only six per cent of the tax collected from the Government from this sector.

Now, the Government is talking about providing insurance to rubber farmers. Ever since they have come to power, they have been saying about this insurance but there is no budgetary provision for it in this Budget. The rubber farmers have contributed a huge amount to the Government revenue but what did the Government do for them, in return? I am very sorry to say that they were not even given the value of beggars till date. They have not even given a singe penny for the rubber farmers of Kerala.

Sir, another sector, which is hugely affecting Kerala is the NRI population. Thousands of NRI Keralites have returned from Gulf region due to recession caused by fall in prices of crude oil. I am personally very much worried about them. My Constituency consists of the largest number of NRIs in the country. NRIs' contribution turns out to be billions of dollars every year. But it is very sad that the Government has mentioned absolutely nothing in this Budget for their rehabilitation. The first beneficiary due to fall in prices of crude oil in the Gulf countries is India and the sufferers are the ones, who lost their jobs in the Gulf countries due to recession cause by fall in crude prices.

Simultaneously, because crude is the main ingredient for synthetic rubber, the downfall of crude is supposed to trigger a production of synthetic rubber. Sir, is the Government not liable for this pathetic condition of these rubber farmers and the NRIs?

Sir, we beg before the Government and the hon. Finance Minister to please do something for the rubber farmers as the rubber is the backbone of our economy. Thousands of farmers are badly affected. We would also request the Government to take steps to rehabilitate these NRIs who have lost their jobs.

With these words, I conclude. Thank you.

[*] SHRI OM BIRLA (KOTA) **:** The citizens of this country, the media analysts and industry experts have all lauded the efforts of the budget calling it a pro-farmer and pro-agriculture budget. At the back of consecutive years of drought, there was a dire need for attention towards the rural sector. This budget is not only going to help rural India recover, but also lays down platform for a robust future.

There were three important announcements for rural India of which I feel the most important one was the new version of crop insurance scheme-Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana with a budgetary allocation of Rs.5501.15 crore for 2016-17. The Premium payment which was as high as 15% has now reduced to 2% for Kharif crops and 1.5% for Rabi crops. The scheme has been well-thought and practical. While we cannot control natural disasters, we can certainly focus on reducing the impact on the farmers.

While crop insurance takes care of damages, what use is the farmland if it doesn't have adequate irrigation facilities? Improved Irrigation facilities and agriculture growth go hand in hand. Apart from the focus on Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana, I welcome the decision to bring all 89 projects under the Accelerated Irrigation Benefit Programme (AIBP), with an assurance to raise Rs.86,500 crore through budgetary and extra-budgetary resources. Today, we have more than half of our 142 million hectares of sown area depending on rainwater. This is one of the reasons for the high impact of droughts on agricultural productivity in turn having disastrous effect on the lives of farmers. With commitment and adequate funding. I am sure the government will ensure better irrigation facilities for the farmers.

I wish to recall a thought mentioned in the speech given by the hon. Prime Minister about comparing PMGSY vs. MNREGS. The previous government has gone overboard in claiming the benefits of spending excessively just to ensure that the extremely poor stay afloat above the poverty line. In the process, ghost jobs, manipulation in beneficiaries, poor outcome of assets have plagued the MNREGS

[*] Speech was laid on the Table.

scheme. In contrast, the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana has been a catalyst in road connectivity ensuring a much better quality of asset creation. As the hon. Prime Minister said, there needs to be a thorough comparison between the performances of the two most important rural development schemes in India. While my intention is not to demean the MNREGS scheme but emphasize on the possibility of empowering it with better resources, aims and objectives. The government has been accused of diluting the UPA schemes. It is important to point out that these schemes were passed on in diluted form thanks to the poor implementation process. In fact, what they called as their flagship scheme-MNREGS has got Rs.38,500 crore from this government. More than competing with allocation of money, the government has focused on improving the quality of assets created. Similarly, Rs.27,000 crore for PMGSY will transform lives of rural India. It is necessary to mention the efficiency with which the government has focused on rural electrification as well. The 'Give it Up' call to finance LPG in rural areas, Jan Dhan Yojana and the insurance schemes have continued to fuel change in the country.

And finally, the promised 'Aadhar Bill' in the budget was brought to the House and while we pass this budget in Lok Sabha, Aadhar has already received legislative backing. This Act will transform the way subsidies function and will reduce the unwanted leakages.

With all the focus on rural India, it is apt to point out that those who once complained about 'suit boot ki sarkar' are today found naked without any credibility to back their mud-slinging fest. If only they had spent some time co-operating on the landmark GST Bill, this budget would have been etched in history with agricultural reforms and one of the most anticipated tax reform for the people. The country suffered through scams during their regime and today, the deliberate delay in passage of Bills is stuttering India's journey to the top.

The Finance Minister started his budget highlighting the slowdown in global economy to 3.1% in 2015. Despite all the volatility in the global market

and its influence in India, we have been marked as a bright spot with growth rate of 7.6%. Moreover, the hon. Finance Minister has continued to remain disciplined on his promise of Fiscal Deficit, sending out a positive signal to the Indian market.

The decision to recapitalize Public Sector Banks will be key in bailing out the banks from the crisis of increasing Non Performing Assets. However, in the process of bringing in banking reforms, the budget hasn't curtailed on expenditure of other important social schemes.

Apart from rural India, the focus on developing infrastructure with an estimate of Rs.2,18,000 crore (roadways and railways) is game-changer for the sector. At the end of the day, the budget is a roadmap of where the government wants to spend and highlights its priorities. The analysis and discourse that happens is around the numbers and doesn't take into account the positivity and trust that has already developed between the citizens. Couple of years back, this country was crippled with an inefficient decision-making body at the top mixed with corruption and various levels of governance -a dangerous mix for the nation. Two full budgets since then, corruption and inefficiencies seems distant. This government has needs to be applauded for achieving the twin responsibilities of reversing the damage as well as developing efficient governance system. As we move on, the government has already introduced and passed several key legislations. The Real Estate (Regulation and Development) Bill that we are going to pass today will ensure that the buyer gets an equal power in the process of purchase.

Budget in itself is just a document, it's the actions of the government throughout the year what gives colour to the vision of the budget. Ease of doing business, Startup scheme, Swachh Bharat, Digital India and several other schemes have received financial support in the budget and also adequate legislative backing. With two full budgets and focus on real issues, the government has restored credibility which went for a long walk in the previous regime.

I wish to highlight a few important points pertaining to my constituency as per the geographical view. Rajasthan is the largest state in this country but due to the natural disturbances, several drinking water sources are extinguishing. The underground water level in the state is also in a dangerous state, 243 zones of Rajasthan are under Dark Zone and several other districts are facing the problem of high fluoride level in drinking water. Hence, I request the central government to allocate special package for the drinking water in Rajasthan.

Our Prime Minister has dedicated this budget to the farmers; he has focused on providing better coverage of irrigation facilities to maximum farmers so that it can help in increasing the agricultural output and betterment of the farmers. I wish to highlight that Vradh Parwan Sinchai Pariyojna in which thousands of acres of land in Kota, Baran and Jhalawad districts will be irrigated and the State Government has already allotted a sum of Rs.700 crore for this scheme. This scheme is of Rs.5,000 crore (expected) but the success of this scheme is not possible without the help to the Central Government so that maximum area of agricultural land will be irrigated in the said districts.

It is requested that funds should also be allocated for the re-establishment of Alniya, Sawan Badho, Dolya, Choma, Khata Kheda under the ERM and RRR scheme of Kota-Bundi districts and Bhim lath, Abhay pura's minor irrigation projects of Bundi district by the Central Government.

Chambal Pariyojna's right and left canal and residual water of other canals will be lifted and also Kota and Bundi districts' residual water should be lifted for irrigating the land of the farmers and special budget needs to be allocated for the same by the Central Government. Further special budget may be allocated for redevelopment of the right and left canal of Chambal so that the area of the irrigated land should be increased.

It is requested that Chakkan (Indragarh) Laghu Sinchi Pariyojna of Bundi District will be converted into mid-size irrigation projects so that thousand hectares of land should be irrigated.

For amalgamation of rivers in Rajasthan, four proposals have already been submitted by the state to the Central Government. I urge the government to provide funds for promoting the said proposals.

Chambal river flowing form Kota city is getting polluted day by day as 22 sewer lines of the city are being disposed of in this river. Central Government has included Chambal in the NAMAMI GANGE project for Ganga cleanliness. Hence, I request that in order to keep Chambal river clean, special package should be provided by the Central Government.

This government has rightly focused on improving manufacturing and revive job growth. Instrumentation Limited (IL) in Kota is in desperate need for revival and can also be an important aspect for revival of jobs. In furtherance to the discussion with the heavy industries as well as having raised the issue in the august house, I wish to propose the following steps for the revival of Instrumentation limited.

- IL can be restructured/revived and will generate its own funds once bridge loan is sanctioned for clearing pending liabilities. To provide one-time bridge loan/non-plan budgetary support of Rs.350 crore for meeting salary and statutory liabilities, BIFR (Board of Industrial and Finance Reconstruction) in its hearing in June 2013 recommended interim financial assistance of Rs.215 crore for the revival.
- Immediately provide salary support of Rs.73.41 crore for the period April 1, 2014 to March, 2015 pending with the government to mitigate the hardships of the employees. To provide orders on nomination basis from Railways, Defence, telecom and cost plus margin basis.
- To allow the company to sell its land owned by the company either through DIPAM or Asset sale Committee to generate additional funds worth Rs.100 and to appoint a consultant who will look into

Make in India, Digital India approach of the company, suggest further guidelines and directions for its restructuring.

Keeping in mind the development of Kota region, I would urge the hon. Finance Minister to kindly consider the demand for the revival of Instrumentation limited.

Second, Kota has been an important educational hub for several decades now. While many students come to this city for their preparations for IIT, the city itself does not have an Indian Institute of Technology. I urge the hon. Finance Minister as well as the Human Resource Development Minister to consider setting up an IIT and an Indian Institute of Management in Kota for the benefits of thousands of students.

In his speech, the hon. Finance Minister has proposed the development/revival of about 160 airstrips with co-ordination with the state governments at the cost of Rs.50-100 crore each. I urge upon the hon. Civil Aviation as well as the Finance Minister to consider the Kota airstrip among the ones for development. This will go a long way in providing better air connectivity to Kota where there is adequate demand for the same.

Rajasthan is also known for its traditional jewellary and the Central Government has imposed an excise duty of 1% of the Gold items which has been objected by all the jewellers, Jewellers' associations and trade associations. I hereby request that excise duty on gold items be withdrawn in order to consider the demand of the Jewellers and their associations.

***श्री पी.पी.चौधरी (पाली):** सामान्य बजट पर अपने विचार व्यक्त कर रहा हूँ।

मैं बजट में दिए गए आंकड़ों की और बौछार नहीं करना चाहता, मेरे योग्य साथियों द्वारा बड़े विस्तार से उस पर चर्चा हो चुकी है। देश एक ऐसी विकट स्थिति से गुजर रहा है, जहाँ दुनिया में मंदी का दौर है और भारत कठिनाइयों के बावजूद विकास के रास्ते पर दृढ़ता से चल रहा है। बजट पढ़ने के बाद स्पष्ट धारणा बनेगी कि ये एक और विकासपरक और निरंतरता का बजट है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला कल्याण, दलित उत्थान, अल्पसंख्यक कल्याण की मदों में ऐतिहासिक वृद्धि कर सरकार ने अपने दृष्टिकोण को अत्यंत स्पष्ट कर दिया है कि उपेक्षित वर्ग को हर प्रकार से समान अवसर उपलब्ध करवाते हुए देश के विकास में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मैं इस शानदार बजट प्रस्तुत करने के लिए माननीय वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूँ।

मैं माननीय वित्त मंत्री जी को बधाई इसलिए देना चाहता हूँ कि उन्होंने बजट के द्वारा आधारभूत ढांचे में सुधार करने पर पूरा जोर दिया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के बिना कोई विकास नहीं हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में कोई उद्योग नहीं लगाना चाहता क्योंकि वहां अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। एक अनुमान के अनुसार 9 प्रतिशत विकास दर प्राप्त करने के लिए 12 प्रतिशत अवस्थापना सुविधाओं में वृद्धि होना अनिवार्य है।

बजट का मुख्य जोर वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करना है, उत्पादन के साथ उत्पादकता बढ़ाकर, दीर्घकालीन रणनीति अपनाकर इस समस्या का हमेशा के लिए समाधान करना है।

कृषि पर देश की जनसंख्या के 70 प्रतिशत लोग निर्भर रहते हैं और यू.पी.ए. सरकार द्वारा इन 70 प्रतिशत लोगों को इग्नोर किया गया, जिसके कारण कृषि का जी.डी.पी. में योगदान 60 प्रतिशत से घटकर 13 प्रतिशत रह गया। 1998-2000 तक एन.डी.ए. के शासन काल में यह हिस्सा 26 प्रतिशत था जो घटकर वर्ष 2012-13 में 13 प्रतिशत ही रह गया। इससे साफ जाहिर होता है कि यू.पी.ए. सरकार द्वारा कृषि को नजरअंदाज किया जा रहा था। लेकिन एन.डी.ए. ने पुनः कृषि को बहुत अधिक महत्व देते हुए बजट पेश किया है। हमारी सरकार को जानकारी है कि बजट वर्तमान की बजाए भविष्य का होना चाहिए और इन्डस्ट्रियल व एग्रीकल्चर प्रोडक्शन ग्रोथ के माध्यम से आज के इस वातावरण में 7 से 8 प्रतिशत तक जी.डी.पी. की ग्रोथ रेट प्राप्त की जा सकती है.

---

* Speech was laid on the Table

किसानों को लेकर हमारे वित्त मंत्री जी का एक बहुत बड़ा विजन है। जलवायु परिवर्तन के कारण प्रतिवर्ष पूरे देश के किसानों को प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। हमारी सरकार द्वारा कुछ माह पहले किसानों को 30 प्रतिशत फसल खराब होने पर भी मुआवजा दिलाए जाने के मापदण्ड से सभी किसानों में खुशी की लहर दौड़ उठी। लगभग 6 माह पूर्व प्राकृतिक आपदा से फसलों को हुई क्षति के एवज में राजस्थान सरकार द्वारा प्रभावित किसानों को मुआवजे के लिए 11,886 करोड़ रू. की धनराशि की मांग भारत सरकार से की गई थी, जिसके एवज में 1378 करोड़ रू. धनराशि राजस्थान सरकार को वर्ष 2015 में आवंटित की गई थी, जो कि प्रभावित काश्तकारों को भारत सरकार के एसडीएफआर नोर्म्स के अनुसार वितरित की जा चुकी है।

अभी हाल ही में गृह मंत्री जी की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय समिति की बैठक में सूखे प्रभावित क्षेत्रों को आपदा प्रबन्धन मद में धनराशि आवंटित की गई, जिसमें राजस्थान राज्य को 1193.41 करोड़ की धनराशि जारी की गई। राजस्थान सरकार शेष राशि का आवंटन अभी भी बाकी है। यही नहीं इसके अतिरिक्त पिछले सप्ताह से लगातार मौसम की मार झेल रहे राजस्थान के किसानों की फसल चौपट हो गई है, पश्चिमी राजस्थान में तो हुई ओलावृष्टि के कारण पूरी की पूरी फसलें नष्ट हो गई है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि जल्द से जल्द नकुसान का आकलन करने हेतु केन्द्रीय टीम भेजी जाए तथा राजस्थान सरकार को पिछली बकाया धनराशि के साथ वर्तमान में हुए नुकसान की धनराशि आवंटित करने की कृपा करें, ताकि किसानों को आपदा प्रबन्धन मद से पूरी सहायता मिल सके।

केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। एन.डी.ए. सरकार ने जब-जब सत्ता की कमान संभाली तब-तब राजमार्गों के विकास के कार्य में तेजी आई है। हम सभी जनते हैं कि राजमार्ग देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। पिछले एन.डी.ए. सरकार द्वारा 11 कि.मी. प्रतिदिन के हिसाब से राजमार्ग निर्माण का कार्य किया जाता था, जो वर्तमान सरकार द्वारा बढ़ाकर 23.4 कि.मी. प्रतिदिन किया गया है। यू.पी.ए. के कार्यकाल के दौरान तो राजमार्ग निर्माण की गति केवल मात्र 5.2 कि.मी. प्रतिदिन ही रह गई थी। माननीय नितिन गडकरी के नेतृत्व में ही राजमार्ग निर्माण का लक्ष्य प्रतिदिन 30 कि.मी. का प्राप्त हो सकेगा।

मैं सरकार और माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी का ध्यान पुराने राजमर्गों की मरम्मत की और आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि यू.पी.ए. सरकार के कार्यकाल में राजस्थान को राजमार्गों की मरम्मत हेतु आवश्यकता से लगभग आधी धनराशि जारी की जाती रही है। वर्ष 2011-12, 2013-14 तथा 2014-15 के बजट में तो कुल मिलाकर 41.68 करोड़ ही जारी किए गए, जो कि अनुमानित लागत से एक चौथाई से भी कम था। राजमार्गों की खराब स्थिति को गंभीरता से लेते हुए राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2013-14 में 50 करोड़ रू. की धनराशि केन्द्र सरकार द्वारा पुनर्भरित किए जाने के आधार पर जारी की गई थी। केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 में राजमार्गों की मरम्मत हेतु 22.34 करोड़ तथा बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों हेतु 4.08 करोड़ की राशि ही जारी की गई है।

इसके साथ-साथ राजमार्गों की लंबाई तथा उन पर वाहनों की संख्या में निरन्तर बढ़ोतरी के कारण मरम्मत हेतु धनराशि को बढ़ाया जाना आवश्यक हो गया है। राजस्थान सरकार के माध्यम से प्रतिवर्ष 75 करोड़ की धनराशि राजमार्गों की मरम्मत हेतु आवंटित किए जाने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास लंबित है।

अतः मेरा माननीय सड़क परिवहन एवं राजमर्ग मंत्री जी से अनुरोध है कि राजस्थान राज्य में राजमार्गों की मरम्मत हेतु भेजे गए प्रस्ताव पर सहमति जारी करते हुए बजट स्वीकृत करने की कृपा करें।

सेन्ट्रल पब्लिक सेक्टर एन्टरप्राईजेज की सभी कम्पनियों को सी.एस.आर. कमेटी बनाना आवश्यक है, जिसका कार्य कम्पनी के लाभ के कुछ हिस्से को सामाजिक सुधार में खर्च सुनिश्चित करना है। ऐसा पाया गया है कि कुछ कम्पनियों द्वारा सी.एस.आर. के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। मेरी जानकारी में आया है कि कुछ नवरत्न जैसी बड़ी कम्पनियां भी सी.एस.आर. के तहत बजट को अत्याधिक कम मात्रा में आवंटित कर रही है। यह भी प्रकाश में आया है कि कुछ कम्पनियां बजट तो आवंटित कर रही है परन्तु पूर्ण मात्रा में खर्च नहीं कर रही हैं।

इसके साथ-साथ मैं यह भी सुझाव देना चाहूंगा कि महारत्न, मणिरत्न और नवरत्न जैसी पूरे देश में व्यापार करने वाली कम्पनियों के द्वारा सी.एस.आर. के माध्यम से कराए जाने वाला कार्य एक सीमित क्षेत्र के लिए नहीं होना चाहिए। अनेकों प्रस्तावों को कम्पनियां यह कह कर लौटा देती हैं, कि वह स्थान उनके कार्यक्षेत्र से सम्बन्धित नहीं है। ऐसी स्थिति में देश के वे जिले जहां एक भी

पी.एस.यू. नहीं है, उनकी पहचान केवल पिछले जिलों के रूप में ही रह जाती है। वर्तमान में सी.एस.आर. निर्देश में भौगोलिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्रों के विकास की ओर प्राथमिकता से ध्यान देने का प्रावधान नहीं है।

अतः मैं अनुरोध करना चाहूंगा कि लोक उद्यम विभाग द्वारा सी.एस.आर. के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने की कार्यवाही की जाए तथा ऐसे भौगोलिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्रों के लिए सी.एस.आर. का खर्च किया जाना सुनिश्चित करें, जहां कोई भी पी.एस.यू. नहीं होने के कारण रोजगार की समस्या के साथ-साथ अन्य विकास के कार्य भी रुके हुए हैं, ऐसे क्षेत्रों की सूची में राजस्थान का पाली लोक सभा क्षेत्र भी एक है।

भारत एक कृषि प्रधान देश है व अधिकतम आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है ग्रामीण क्षेत्र के विकास तथा उत्थान हेतु ग्रामीण बैंकों की महत्ती भूमिका रही है। विगत 40 वर्षों से ग्रामीण बैंक सफलतापूर्वक कार्य करते हुए ग्रामीण विकास में सहभागी रहे हैं तथा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ग्रामीण बैंक किसी भी क्षेत्र में अन्य सार्वजनिक बैंकों से कम नहीं है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम 1976 के प्रावधानों के तहत पूंजी अंशदान केन्द्र सरकार का 50 प्रतिशत, राज्य सरकार 15 प्रतिशत तथा प्रायोजक बैंक का 35 प्रतिशत है। समय के साथ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थिति आज सुदृढ़ हुई है। 196 ग्रामीण बैंकों की संख्या निरंतर किए जा रहे सम्मेलनों के पश्चात अब 56 रह गई है।

उपरोक्तानुसार ग्रामीण बैंकों द्वारा प्राप्त की गई सफलता व सुदृढ़ता के मद्देनजर व ग्रामीण क्षेत्रों की ओर अधिक आर्थिक विकास की महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं स्टार्टअप प्रोग्राम के सफल क्रियान्वयन हेतु आपसे यह सविनय अनुरोध करते हैं कि ग्रामीण बैंक से संबंधित समस्याओं व मुद्दों को उचित मंच पर रखा जाए, जो निम्नानुसार हैः-

सांसद कोण (एमपीएलएडी) की राशि को हमेशा सार्वजनिक बैंकों में ही रखे जाने का प्रावधान है, जिससे ग्रामीण बैंक इस कोष से हमेशा वंचित रहते हैं।

ग्रामीण विकास के लिए जो राशि आवंटित की जाती है वह करोड़ों में होती है तथा इस राशि का वितरण सीधे संबंधित राज्यों के ग्रामीण बैंकों को प्रेषित किया जाना चाहिए।

यदि उपरोक्त बिन्दुओं पर मंथन किया जाए तो निश्चय ही जमा अभिवृद्धि से ग्रामीण बैंकों का मनोबल ऊंचा रहेगा। कोषों के उपलब्ध होने से ग्रामीण व कृषि क्षेत्र के विकास हेतु अधिक ऋण वितरण संभव हो सकेगा। इससे न केवल ग्रामीण बैंक अधिक सुदृढ़ बनेंगे बल्कि अधिक उत्साह से

कृषि व ग्रामीण विकास में भागीदार बनेंगे। अतः मेरा वित्त मंत्री जी से अनुरोध है कि इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की कृपा करें।

देश में जनसंख्या के साथ-साथ अपराधों की संख्या में भी वृद्धि देखी जा रही है। अपराधों की वृद्धि के साथ-साथ अपराध के तरीकों और इसमें काम में लिए जाने वाले आधुनिक हथियारों और तरीकों में भी वृद्धि देखने को मिल रही है। आए दिन समचार पत्रों के माध्यम से यह देखने को मिलता है कि अपराधी तत्व पुलिस से कहीं ज्यादा होशियार तथा तेज होते जा रहे हैं। पुलिस का उन्हें पकड़ना और मुठभेड़ में मार गिराना अत्यंत मुश्किल होता जा रहा है। मुम्बई में ताज होटल पर हुए हमले के दौरान स्थानीय पुलिस के आधुनिकीकरण पर अनकों सवाल खड़े हो गए थे। केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों को पुलिस आधुनिकीकरण हेतु बजट सहायता प्रदान की जाती रही है। राजस्थान सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को भेजे गए प्रस्ताव में पुलिस आधुनिकीकरण के लिए जारी की गई नॉन-प्लान मद की राशि नाकाफी बताई गई है, क्योंकि राजस्थान प्रदेश का भौगोलिक क्षेत्र काफी बड़ा है। राजस्थान प्रदेश पूरे देश में सबसे बड़ा राज्य है, इसका क्षेत्रफल 3,42,239 स्क्वायर कि.मी. है। पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान प्रमुख राज्य है तथा अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटा हुआ भी है। पाकिस्तान से भारत से लगी सीमा की लम्बाई 2043.63 कि.मी. है, इसका 1056.63 कि.मी. 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा राजस्थान से होकर गुजरता है। सीमा से सटे जिलों में कई बार हाई अलर्ट की संभावना भी बनी रहती है। राजस्थान प्रदेश की पुलिस को और अधिक आधुनिक किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

अतः मेरा माननीय गृह मंत्री जी से अनुरोध है कि राजस्थान सरकार को पुलिस आधुनिकीकरण योजना के अन्तर्गत और अधिक धनराशि जारी करने तथा नॉन प्लान मद में केन्द्रीय अंशदान को बढ़ाने की कृपा करें। केन्द्रीय बजट 2015-16 में सरकार द्वारा दो लाख या इससे अधिक की ज्वैलरी की खरीद पर पेनकार्ड या फार्म-60 अनिवार्य किया गया है, जो कि नोटिफिकेशन द्वारा 1 जनवरी, 2016 को लागू हुआ। इस विषय पर मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि पैन कार्ड अनिवार्य किए हुए 2 माह का समय बीत चुका है, यदि इससे कुछ लाभ सरकार को नहीं हुआ है, तो इस बारे में अध्ययन करवाकर इसकी अनिवार्यता समाप्त करने पर विचार किया जाए क्योंकि पैन कार्ड की अनिवार्यता किसी भी प्रकार से तर्कसंगत नहीं है।

भारत एक कृषि प्रधान देश है और यहाँ पर लगभग 60 करोड़ लोग कृषि से जुड़े हुए हैं। वर्तमान समय में लगभग 25 करोड़ लोगों के पास ही पैन कार्ड है। कृषि आय पूर्णतः कर मुक्त है इस करमुक्त राशि से यदि कोई कृषक अपने परिवार के लिए जेवर या गहने आदि खरीदता है तो उसे पेनकार्ड उपलब्ध कराना होगा। मांगलिक अवसरों पर जेवर आदि देने-लेने का रिवाज है। महिलाएं बच्चों के शादी/विवाह आदि को ध्यान में रखकर छोटी-छोटी बचत करती हैं ताकि अभी से गहने/जेवरों की व्यवस्था कर सकें, जिसका उपयोग भविष्य में कर सकें।

इसके अतिरिक्त स्वर्ण आभूषणों के व्यापार पर थोपे गए विभिन्न कर से पूरे हिन्दुस्तान भर के व्यापारी, कारीगर एवं सभी जुड़े हुए व्यक्ति जिसमें उपभोक्ता भी आते हैं, सभी हतोत्साहित हैं, वे ऐसा महसूस कर रहे हैं, जैसा इंस्पेक्टरराज उन पर थोपा जा रहा है। व्यापारी वर्ग कर के साथ-साथ कई विभागों द्वारा अलग-अलग नियमों से भी पीड़ित है।

आभूषणों पर 1 प्रतिशत (बिना इनपुट टैक्स क्रेडिट) और 12.5 प्रतिशत (इनपुट टैक्स क्रेडिट के साथ) उत्पाद शुल्क लगने से सभी स्वर्णकारो, व्यापारियों का जीना दुर्लभ हो जाएगा। सर्राफा एसोसिएशन का विरोध देखते हुए निवेदन है कि हमें संकट में नहीं डाला जाए और लगाए गए एक्साइज को तुरंत प्रभाव से हटवाया जाए। इसके विरोध में सर्राफा एसोसिएशन द्वारा पिछले कई दिनों से प्रतिष्ठान बंद रखने का एलान किया है यह विरोध देशव्यापी हो गया है।

अतः मेरा अनुरोध है कि पैन कार्ड की अनिवार्यता को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए तथा आभूषणों पर 1 प्रतिशत (बिना इनपुट टैक्स क्रेडिट) और 12.5 प्रतिशत (इनपुट टैक्स क्रेडिट के साथ) उत्पाद शुल्क को तुरंत हटाने के निर्देश प्रदान किए जाए। जलवायु परिवर्तन के कारण प्रतिवर्ष पूरे देश के किसानों को प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। प्राकृतिक आपदाओं में किसान की पूरी फसल नष्ट हो जाती है, ऐसी स्थिति में देखने में आया है कि वे किसान और कास्तकार अपना पेट पालन आसानी से कर पाते हैं जिनके पास पशु है। पशुपालन खेती के अलावा अतिरिक्त आय का प्रमुख साधन है।

केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा पशुपालकों के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है। भारत सरकार की नेशनल लाईव स्टॉक मिशन सब मिशन फोडर एण्ड फीड डवलपमेंट योजनान्तर्गत तीन परियोजनाओं में केन्द्र के अंश के रूप में धनराशि का प्रस्ताव राजस्थान सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को भेजा जा चुका है।

1. फोडर प्रोडक्शन फ्रॉम नान फोरेस्ट लैण्ड - 112.45 लाख
2. फोडर सीड्स प्रोक्योरमेंट एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन्स - 721.50 लाख
3. हस्तचलित, पावर चलित चॉफ कटल वितरण - 1112.93 लाख

उक्त तीनों परियोजना में केन्द्र अंश के रूप में 1214.26 लाख रू. की धनराशि केन्द्र सरकार द्वारा जारी की जानी प्रस्तावित है।

अतः मेरा कृषि एवं पशुपालन मंत्री जी से अनुरोध है कि जल्द से जल्द राजस्थान सरकार के प्रस्ताव पर केन्द्र अंश की राशि जारी करे की कृपा करें, ताकि राजस्थान प्रदेश के पशुपालकों को सुविधाएं और आर्थिक सहायता प्रदान की जा कके।

उपरोक्त से स्पष्ट है कि बजट विकासपरक है, जहां पर धनराशि की आवश्यकता थी, वहां पर धनराशि देने में कोई कंजूसी नहीं की गई है। किसान, ग्रामीण एवं शहरी दलित एवं गरीब अल्पसंख्यक तथा ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए अधिक से अधिक धनराशि देने के लिए अतिरिक्त कर लगाना अनिवार्य था, लेकिन उसे भी इतने सुन्दर ढंग से लगाया गया है, जिससे कोई भी वर्ग विशेष रूप से आहत नहीं है। मैं इस शानदार बजट प्रस्तुत करने के लिए माननीय वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूँ।

***श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण (दिंडोरी) :** मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी द्वारा प्रस्तुत आम बजट 2016-17 ''सबका बजट'' है, गरीबों के विकास, युवाओं को शिक्षा व रोजगार, महिलाओं को सुरक्षा, किसानों के जीवन में खुशहाली,रज्यों की समृद्धि और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला बजट है, वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत इस साल के बजट का मैं मेरे क्षेत्र के लोगों की तरफ से तहे दिल से स्वागत करता हूँ।

मैं, अपने कार्यक्षेत्र दिंडोरी सहित उत्तरी महाराष्ट्र की जमीनी तौर की समस्याओं से बहुत करीब से परिचित हूँ। मेरा क्षेत्र का किसान-बहनदेश में अंगूर, अनार, प्याज और सब्जी का सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। इस क्षेत्र हॉर्टिकल्चर प्रोडक्शन देखते हुए, मेरे क्षेत्र दिंडोरी में 'कृषि अनुसंधान केंद्र' और 'बागबानी युनिवर्सिटी' के अंतर्गत महाविद्यालय की जरूरत है, इस संदर्भ में मैंने माननीय कृषि मंत्री जी से पत्र-व्यवहार भी किया है। मेरे क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज और फूड प्रोसेसिंग के लिए इस बजट में प्रावधान किया जाए।

इस आम बजट में 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' के लिए महत्वपूर्ण आवंटन किया है। इस परियोजना के अंतर्गत मेरे क्षेत्र की पश्चिम वाहिनियां, नार-पार नदियों पर डैम बनाने से पूरे उत्तर महाराष्ट्र का सिंचाई और पीने के पानी की समस्या का हल करने के लिए केंद्र की सहायता की जरूरत है। इसलिए नार-पार योजना के लिए त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए और साथ ही देश की सभी वाटर बॉडीज को रीस्टोर किया जाए, ताकि खेती के लिए पर्याप्त पानी मिल सके।

मेरा कार्यक्षेत्र दिंडोरी आदिवासी बहुल होने के कारण यहां पर आदिवासी मेडिकल कॉलेज और उच्च तकनीकी शिक्षा के लिए आदिवासी अभियांत्रिकी कॉलेज की सख्त जरूरत है। इन दोनों आदिवासी महाविद्यालयों के कारण महाराष्ट्र के आदिवासी विद्यार्थियों की प्रगति होगी।

मेरा जिला नासिक की भूमि, जो प्रभु रामचंद्र के चरणों से पावन हुई है तथा 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक त्र्यंबकेश्वर-ज्योतिर्लिंग नासिक में है, साथ ही दिंडोरी में 'वणी' जो सप्तश्रुंगीदेवी का गढ़ है जैसे कि इस बजट में संस्कृति, योग और पर्यटन के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। मैं चाहता हूँ कि इन सबको 'राष्ट्रीय तीर्थयात्रा स्थल' तथा आध्यात्मिक आवर्धन अभियान में जोड़ दिया जाए तथा पर्यटन सर्किट में भी समावेश करने की जरूरत है।

---

* Speech was laid on the Table

वाराणसी की तरह मेरे क्षेत्र दिंडोरी में येवला तहसील में पैठनी साड़ी का हथकरघा उत्पादन होता है। पैठनी साड़ी का उद्योग और उसके कारीगर आर्थिक समस्याओं से ग्रस्त है उनके लिए केंद्र से बड़ी उम्मीद है।

अंत में मैं चाहूंगा कि 17वीं सदी में छत्रपति शिवाजी महाराज 16 वर्ष की आयु में स्वराज्य स्थापना की शपथ ले सके क्योंकि उनके पास दृढ़ इच्छाशक्ति थी और देश निर्माण की सोच थी। शिवाजी महाराज ने अपने स्वराज्य निर्मिती में बुनियादी ढांचा किसान की समृद्धि और 'राज्य की सेना' को अहम महत्व दिया और साथ ही कमियों को दूर करना और स्वराज्य के शक्ति केंद्रों को मजबूत करने पर ध्यान दिया था, आज फिर से 21वीं सदी के प्रतियोगी युग में देश को 'फॉरवर्ड' ले जाने के किसी फॉरेन ऑक्सफोर्ड या हार्वर्ड शिक्षित व्यक्ति नहीं बल्कि शिवाजी महाराज की 'आर्थिक स्वराज्य नीति' तथा मोदी सरकार का 'हार्डवर्क' जरूरी है और मैं यह भी विनती करता हूँ कि सरकार ने 'मेक इन इंडिया' के साथ साथ 'थिंक इन इंडिया' की भी शुरूआत करनी चाहिए।

हमारी सरकार का यह 'आम बजट' देश को तरक्की की राह पर लाने और सबका साथ, सबका विकास की नीति पर चलकर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के निर्माण के सपने को साकार करने वाला बजट है। इसी के साथ मैं आम बजट का समर्थ करता हूं।

***श्री रामचरण बोहरा (जयपुर शहर):** मैं 2016-17 के आम बजट का हृदय से स्वागत करता हूँ। हमारे वित्त मंत्री जी की जितनी तारीफ की जाए उतनी ही कम है। उन्होंने विषम परिस्थितियों के बावजूद देश की आर्थिक तरक्की की रफ्तार को बरकरार रखा है। आज आलम यह है कि हमारी अर्थव्यवस्था में सुधारों की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खूब वाहवाही हो रही है। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी भारत की अर्थव्यवस्था की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

आज विश्व मंदी के दौर से गुजर रहा है और तो और चीन, जिसकी अर्थव्यवस्था की रफ्तार सभी देशों से ज्यादा रहती थी आज वह भी भारत से पिछड़ गया है। गत वर्ष 2015-16 में हमने अर्थव्यवस्था की चाल को 7.6 प्रतिशत तक पहुंचा दिया। वह भी जब देश में मानसून की स्तिति बहुत खराब रही। हमारा देश तो कृषि प्रधान देश है। हमारी कृषि का उत्पादन मानसून पर आधारित है। अच्छी बारिश होती है तो अच्छा कृषि उत्पादन होता है और कम बारिश में कम कृषि उत्पादन होता है और हमारी अर्तव्यवस्था कृषि पर निर्धारित है। इन सबके बावजूद अर्थव्यवस्था की रफ्तार को ढीली न होने देना, यह अक अच्छे अर्थशास्त्री की योग्यता का प्रमाण है, जो हमारे वित्त मंत्री जेटली जी हैं।

अभी तक मुख्य विरोधी दल हम पर सूट-बूट की सरकार कहकर हमारा मजाक उड़ाया करते थे। इस बजट में माननीय वित्त मंत्री जी ने गांव की ओर मुख करके विरोधी दल के नेताओं का मुंह बन्द कर दिया है। अबकी बार वित्त मंत्री जी का ध्यान कृषि विकास, सिंचाई और गांव के आधारभूत ढांचे के निर्माण की ओर अधिक रहा है। साथ ही साथ, गरीब जनता जो गरीबी रेखा के नीचे रह रही है उनको राहत प्रदान करने का भरपूर प्रयास किया गया है। यह बजट असल में आम जनता का बजट है, न कि पूंजीवादी बजट है।

बीते वर्ष विषम परिस्थितियों के बाबजूद राजकोषीय घाटे का जो लक्ष्य जी.डी.पी. 3.9 प्रतिशत रखा था, हमारे कुशल वित्त मंत्री जी ने इसको पार नहीं होने दिया। इस वर्ष वित्त वर्ष (2016-17) यह राजकोषीय घाटा घटाकर जी.डी.पी. का 3.5 प्रतिशत का लक्ष्य रख दिया गया। मुझे पूरी उम्मीद और विश्वास है कितनी भी कठिन परिस्थितियां आएं हमारे वित्त मंत्री जी 3.5

* Speech was laid on the Table

प्रतिशत के लक्ष्य से ज्यादा राजकोषीय घाटा नहीं होने देंगे। यह केवल संभव है कि एक योग्य अनुभवी और कर्मठ व्यक्ति के द्वारा जो हमारे वित्त मंत्री जी हैं।

आम बजट में सकारात्मक पहलुओं की भरमार है और इसने राजकोषीय पथ पर सरकार की विश्वसनीयता में इजाफा किया है जो ग्रामीण विद्युतीकरण एवं सड़कों में निवेश में वृद्धि, गरीबों को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना, जिले स्तर पर डायलिसिस की व्यवस्था करना, नए कर्मियों के लिए कम्पनियों को प्रोविडेंट फंड में अनुदान देना, हाईवे, रेल, पोर्ट एवं एयरपोर्ट में निवेश बढ़ाना इत्यादि।

माननीय वित्त मंत्री जी ने बुनियादी विकास पर जोर देते हुए सड़क निर्माण के लिए बजट में 82,000 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है और पूंजीगत खर्च का भारी भरकम आवंटन को जी.डी.पी. के फीसदी के स्तर पर रखा है। बजट में ग्रामीण आय सुनिश्चित करने के लिए मनरेगा जैसी योजनाओं का फंड बढ़ाया है साथ ही साथ, सिंचाई और सड़क संपर्क में निवेश बढ़ाने की बात कही गई है। ये दोनों कदम क्रमशः अल्पावधि और मध्यम अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मददगार साबित होंगे। इन निवेश योजनाओं के तहत जो निर्माण कार्य होगा, उसका शीघ्र प्रभाव देखने को मिलेगा।

हमारी सरकार ने वादा किया है कि एक मई 2018 तक देश के सभी गांवों का दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत विद्युतीकरण हो जाएगा। साथ ही गांवों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की बात भी कही गई है। सरकार ने भी आश्वासन दिया है कि भूमि रिकार्ड के डिजिटल आधुनिकरण का काम एक केन्द्रीय योजना के जरिये किया जाएगा। इन बातों से साफ प्रतीत होता है कि हमारी सरकार ने अब कृषि पर नई सोच के साथ ठोस कार्य आधारित योजना पर काम करने का मन बना लिया है।

इस बजट में कोई भी लोकलुभावन बातें नहीं हैं, बल्कि कुछ कर दिखाने का वायदा है। कृषि के बाद शिक्षा के क्षेत्र में हमारी सरकार ने गुणवत्ता बढ़ाने की बात कही है। कुछ शिक्षा संस्थानों को वैश्विक स्तर का बनाने का भी हमारी सरकार का वायदा है।

हमारी सरकार की सूझ-बूझ की वजह से अब गांव की सड़कें हिचकोले नहीं लेंगी, बल्कि इनसे मुक्त होगी। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का क्रियान्वयन जिस तरह से किया जा रहा है वैसा पहले नहीं हुआ। 27 हजार करोड़ इस योजना के तहत खर्च करना और साथ ही 65,000 नई बस्तियों को सड़कों से जोड़ना गांव के लिए एक सुनहरा उपहार है। 2019 तक करीब सवा दो लाख

किलोमीटर तक सड़क निर्माण का लक्ष्य भी एक सराहनीय कदम है और यह सरकार की इस क्षेत्र के प्रति कटिबद्धता की ओर इशारा करता है।

हमारी सरकार के कुछ और कदम ऐसे हैं जिनकी सराहना करते हुए मैं थकता नहीं हूं। जैसे कि खुले में शौच मुक्त होने वाले गांव को इनाम देने के लिए केन्द्र प्रायोजित स्कीम के लिए प्राथमिक आधार पर आवंटन करना उर्वरक सब्सिडी को सीधे किसान तक पहुचाने के लिए डी.बी.टी. नेटवर्क का इस्तेमाल इत्यादि करना।

हमारे वित्त मंत्री जी ने अपने बजट के माध्यम से इस बात को साबित किया है कि गांवों की समृद्धि के बिना बहुत आगे तक चलना मुश्किल है। दूसरे शब्दों में उन्होंने यह सिद्ध किया है कि देश के विकास का रास्ता गांवों से होकर गुजरता है। मई 2019 तक देश के सभी गांवों तक बिजली पहुंचाने का लक्ष्य एक बड़ा साहसिक कदम है। ग्रामीण इलाकों में डिजिटल साक्षरता को शुरू करने की योजना, सामाजिक क्षेत्र के लिए आवंटन को बढ़ाया जाना , एक तिहाई आबादी को स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा प्रदान किया जाना भी सशक्त बजट की विशेषता है।

अंत में मैं यही कहूंगा कि इस बजट में वह सभी बातें कही गई हैं जो इस देश को और देशवासियों को सशक्त बनाती है। वित्त मंत्री जी की सोच बिलकुल नई है और यही सोच देश के दूर-दराज इलाकों में रहने वाले हर भारतीय को उम्मीद की रोशनी प्रदान करती है। राजस्थान को पानी के लिए विशेष पैकेज दिया जाए। जयपुर के रामगढ़ बांध एवं फालख बांध के पुनर्भरण को विशेष पैकेज दिया जाए।

मैं इस बजट का पुरजोर समर्थन करता हूं।

श्रीमती प्रियंका सिंह रावत (बाराबंकी) : सभापति महोदय, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण बजट के विषय में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देती हूं।

महोदय, मैं वर्ष 2016-17 के बजट के समर्थन में बोलने के लिए खड़ी हुई हूं। मैं अपने संसदीय क्षेत्र बाराबंकी, उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से माननीय वित्त मंत्री जी को बधाई देती हूं कि उन्होंने इतना प्रभावशाली बजट पेश किया। बजट में समाज के प्रत्येक वर्ग और हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है, मुख्यतः अनुसूचित जाति, जनजाति, महिलाएं एवं समाज के अन्य वर्गों का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। मैं दो पंक्तियों के साथ अपनी बात की शुरूआत करूंगी और सदन का बहुत कम समय लूंगी।

"सत्य को कहने के लिए किसी शपथ की जरूरत नहीं होती,
नदियों को बहने के लिए किसी पथ की जरूरत नहीं होती,
जो बढ़ते हैं जमाने में अपने मजबूत इरादों पर,
उन्हें अपनी मंजिल पाने के लिए किसी रथ की जरूरत नहीं होती।"

मैं बजट के दो मुख्य बिन्दुओं पर इस सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कुछ सुझाव देना चाहती हूं। पहला, जैसा कि हम सभी जानते हैं कि हमारी सरकार और माननीय प्रधानमंत्री जी का मुख्य झुकाव समाज के कमजोर वर्ग के उत्थान को लेकर है। अभी हाल ही में केन्द्र की कैबिनेट ने अनुसूचित जाति-जनजाति और महिलाओं को उद्यमिताओं में बढ़ावा देने के लिए स्टेंड अप इंडिया स्कीम को मंजूदी दी है और वर्ष 2016-17 के बजट में इस योजना को लागू करने के लिए पांच सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आशा है कि इस योजना से कम से कम सवा दो लाख उद्यमी लाभान्वित होंगे।

महोदय, वास्तव में यह एक अच्छी दिशा में उठाया गया कदम है। देश में लगभग 21 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जाति-जनजाति और पचास प्रतिशत महिलाएं हैं और उनको पैरों पर खड़ा करने की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है। मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए देश की लगभग एक चौथाई आबादी अनुसूचित जाति-जनजाति और पचास प्रतिशत की आबादी वाली महिलाओं को देखते हुए उनके उत्थान के लिए पांच सौ करोड़ रुपये की जो राशि निर्धारित की गयी है, वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। मेरा सदन के माध्यम से सरकार से निवेदन है कि स्टेंडअप इंडिया स्कीम के लिए कम से कम पांच हजार करोड़ रुपये निर्धारित किए जाएं ताकि इस योजना को सफल बनाया जा के।

महोदय, मेरा दूसरा बिंदू है कि बजट में आभूषण निर्दिष्ट कर क्रेडिट के बगैर एक प्रतिशत या निर्दिष्ट कर क्रेडिट के लिए साढ़े बारह प्रतिशत कर लगाने का प्रस्ताव किया गया है। महिला होने के नाते मैं इस बात को भली-भांति जानती हूं कि आभूषणों का भारतीय समाज में कितना महत्व है? इनका

सामाजिक महत्व भी है। मैंने महसूस किया है कि सरकार के इस प्रस्ताव से न केवल इस देश की महिलाओं में बल्कि सर्राफा व्यापारी भी व्यथित हैं। मैं कुछ दिन पहले अपने संसदीय क्षेत्र गयी थी। वहां हजारों की संख्या में सर्राफा व्यापारियों ने मुझ से मिलकर इस प्रस्तावित कर को हटाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी तक अपनी फरियाद पहुंचाने के लिए निवेदन किया था। मैं इस सदन के माध्यम से मंत्री जी से अनुरोध करती हूं कि सर्राफा भाइयों की पीड़ा को देखते हुए प्रस्तावित आभूषण पर कर का वापस लिया जाए।अंत में मैं विपक्ष में बैठे हुए अपने सम्मानित सदस्यों से यह कहना चाहती हूं कि उन्होंने बहुत सारी व्यथा इस बजट के माध्यम से रखी हैं।

मत सोच कि तेरा सपना पूरा क्यों नहीं होता,
हिम्मत करने वालों का इरादा कभी अधूरा नहीं होता।
जिस इंसान के अच्छे होते हैं करम,
उनके जीवन में कभी अंधेरा नहीं होता।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : सभापति महोदय, आपने मुझे वर्ष 2016-17 के बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

महोदय, मैं सरकार को बधाई देना चाहूंगा कि सरकार ने इस बजट को कृषि बजट के रूप में दिखाने का काम किया है। मै सरकार से यह आग्रह भी करूंगा कि कृषि क्षेत्र में जिस तरह से लगभग 5 हजार 7 सौ करोड़ रुपये अलॉट किए हैं। लेकिन पिछले तीन दिनों से मौसम की खराबी के कारण हरियाणा, राजस्थान और उत्तर भारत में अधिकतर किसानों की फसलें फिर से बर्बाद हो गयी हैं। केवल कृषि बीमा की बात करके हम किसान को समृद्ध नहीं बना सकते हैं। सरकार को स्पेशलाइज्ड तरीके से कृषि में बढ़ोतरी के उपाय करने चाहिए। माननीय वित्त मंत्री जी ने अगले साल की सरकार की क्या विचारधारा है, उसे बजट के माध्यम से बताने का काम किया है। मैं मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि तीन महीने बाद ओलम्पिक गेम्स होने वाले हैं।

सरकार ने एशियाड और कॉमनवैल्थ के लिए दो सौ करोड़ रुपये का पैकेज अपने पहले वित्त वर्ष में लाने का काम किया था, मगर इस बार पूरे सवा घंट के भाषण में माननीय वित्त मंत्री जी खेल और हमारे खिलाड़ियों को कहीं न कहीं देश की विचारधारा से जोड़ना भूल गये। महोदय, आज हम ब्रिक्स नेशन की बात करते हैं, क्योंकि अगर आज हमारे डैवलपिंग नेशंस के अंदर कोई कम्पिटीटर्स हैं तो ब्रिक्स देश हैं। वे भी अपने देश का पांच से छः प्रतिशत जीडीपी एजूकेशन में डालने का काम करते हैं। परंतु हमारा देश सबसे युवा देश है, हमारे देश की करीब 80 करोड़ की आबादी 35 साल से नीचे है और हमारे देश का लगभग तीन परसैन्ट जीडीपी सरकार एजूकेशन और हैल्थ सैक्टर में डालती है। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि सरकार विचार करके कम से कम पांच से छः परसैन्ट हमारे देश का जीडीपी एजूकेशन और हैल्थ सैक्टर में डालने का काम करे। जिस तरह से माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने भाषण में बताया कि लगभग 2.87 लाख करोड़ रुपये हमारी सरकार रूरल एरिया के डैवलपमैन्ट के लिए देती है और उसके बाद वित्त मंत्री जी बता रहे थे कि लगभग 80 लाख रुपये प्रत्येक गांव को सरकार देने का काम करेगी। अगर मैं सीधे-सीधे हिसाब-किताब करूं तो लगभग साढ़े चार लाख गांव हमारे देश में हैं और 80 लाख रुपये के हिसाब से हम हिसाब लगायें तो लगभग 3.6 लाख करोड़ रुपये हमें ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए देना पड़ेगा। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि सरकार ने क्या प्रोविजंस किये हैं, जिससे हम ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम पैसा पहुंचाने का काम करें।

महोदय, सरकार पानी की बात कर रही थी। आज नाबार्ड को लगभग बीस हजार करोड रुपये सरकार ने दिये हैं। मैं वित्त मंत्री जी से कहूंगा कि नाबार्ड को आदेश जारी किये जाएं, जिससे नाबार्ड और

पैसा इस सीड फंड के तहत जोड़ पाये, जिसके तहत श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का हमारी नहरों को जोड़ने का जो सपना था, उसे हम जल्द से जल्द पूरा कर पायें। जिस तरह से हमने नेशनल हाईवेज बनाने का काम किया है, उसी तरह से सरकार को नेशनल वाटरवेज बनाने का काम भी करना पड़ेगा और आज जिस तरीके से पंजाब सरकार ने हमारा पानी छीनने का प्रयास किया है, सुप्रीम कोर्ट में जब हमारा एसवाईएल का मामला पैंडिंग पड़ा है तो उन्होंने विधान सभा में एक रिजोल्यूशन पास करके हमारा पानी छीनने का काम किया है।

मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करूंगा कि तुरंत प्रभाव से मजबूत कदम उठाकर उस रिजोल्यूशन को कैंसिल किया जाए या हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान के अधिकार का पानी भी उन तक पहुंचाने का काम किया जाए। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

[*] SHRIMATI POONAMBEN MAADAM (JAMNAGAR) **:** I express my sincere thanks to the Finance Minister, Shri Arun Jaitley for this budget and to our Prime Minister Shri Narendra Modi for his vision. For the first time ever, there has been such a holistic budget, which catered to the needs of people from all sectors. Right from farmers to agriculture, to growth, to investment, the Government has taken active interest in people from all sections of the society. Also, infrastructure boost along with education and youth have been prioritized.

Since the present Government took over, there has been an economic transformation. An increase in GDP growth has made India one of the world's fastest growing economies. Inflation, fiscal deficit and current account deficit have decreased and the country has recorded the highest ever foreign exchange reserves in 2015. While focusing on the growth agenda the Government is also adhering to the fiscal deficit target.

One of the many takeaways from the budget in the farm sector is that a plan has been announced to double the income of farmers in the next 5 years and a committed allocation of nearly Rs.36,000 crore has been budgeted for the sector while raising the agri-credit target to Rs.9 lakh crore for the next fiscal.

The budget has extensively focused on the agricultural sector with the announcement of launching the ambitious 'Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (crop insurance scheme) which will ensure lowest ever premium rates be given for farmers to end the farm distress. Besides, the Government also intends to achieve convergence of investments in irrigation at the field level through the Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana.

Moving from the farmers of India to where they dwell, the Government is prioritizing electricity and roads agenda in rural India. The Government intends to connect all villages by roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana by 2019, while all of them will be electrified by 2018. The Government has a clear roadmap to alleviate poverty and assure growth in India in a time-bound manner.

---

[*] Speech was laid on the Table.

The Government has made record allocations for MNREGA to strengthen rural jobs programme and efforts will be made to assure the economically weak a house of their own under the 'Housing for All' scheme.

As much as the Government is focusing on rural India, on agriculture and farmers, the Government is equally committed to developing infrastructure and to worth mention, 85 percent of stalled road projects are back on track.

The Government is allowing 100 per cent FDI in food processing and FDI rules are likely to be eased in exchanges, insurance and asset reconstruction. Also, Shri Jaitley has proposed a divestment target of 565 billion rupees, including 205 billion as strategic sales, compared with 695 billion rupees in the previous year.

The Government has also announced a slew of initiatives in the Budget for start-ups, including 100% tax exemption for 3 years and allocation of Rs.500 crore for SC/ST and women entrepreneurs, aimed at facilitating growth for these new businesses.

The budget is aimed at taking forward economic reforms. The country's development is not only dependant on the services and sectors, but also on the people. Hence, the budget is people-centric.

Keeping this in mind, a new initiative to provide cooking gas to women of BPL families has been announced. The scheme will have a two tier benefit. This will free the 5 crore women in rural areas from the curse of smoke while cooking and will also generate employment for the youth in rural areas as they join the supply chain.

The Government has also launched 'Nai Manzil', a scheme that will benefit the minority youths who do not have a formal education with a view to enabling them to seek better employment in the organized sector and thus to equip them for better lives.

The Government is giving big push for small trades and offering tax exemptions for small business units. However, this was just not a Budget priority; the Government has been backing MSME all along. I would like to take this

opportunity to specifically mention the support that was provided to the MSME sector in Jamnagar, which is my constituency. After registering a decade long of nominal growth, the Jamnagar based brass parts industry has witnessed a turn around on the back of increased exports recently. This was made possible with the timely help and intervention of our very own Prime Minister, Shri. Narendra Modi and the Finance Minister, Shri Arun Jaitley. The Government of India had reduced the earlier levied 4% SAD on import of Brass scraps to 2%. The Government has reduced SAD on imports of brass scrap even at the cost of huge revenue outgo to benefit the Jamnagar's Brass Industries.

The benefits of duty reduction would go directly towards the efforts of revenue generation through manufacturing activities to the working class people engaged in the sector. There are 4,000 brass-making units in Jamnagar, over 80 per cent of them in the small -scale category. The industry employs over 200,000 people, directly and indirectly.

The Government has also revised and rationalized export duty on bauxite down to 5% which will immensely benefit Bauxite mine owners from Jamnagar and Devbhoomi Dwarka, Gujarat. Small miners are providing employment to about 50,000 people in backward areas of Jamnagar, this will help them retain business and also generate more employment courtesy improved business and exports.

On behalf of the people of Jamnagar, I take this opportunity to wholeheartedly acknowledge the efforts of the present Government in reviving Jamnagar brass manufacturing sector and also help legalize mining export industry to an extent.

The recent announcement of IT/ITeS policy and waiver to stamp duty on share broking transactions in Gujarat by the Government of Gujarat, along with the Union Budget announcement for IFSC will further boost the development of India's first IFSC in Gujarat.

With a view to aspire to first generation entrepreneurs and existing small businesses too, the Government is doing commendable task of granting loans to young people through the MUDRA scheme. This is one of the great steps taken by the hon. Finance Minister to meet the financial needs of the micro-finance institutions and these institutions will greatly benefitted through this step. To mention, my state of Gujarat is also benefitting largely through the MUDRA loans. The Government has disbursed around Rs.3,386 crore to the State of Gujarat for MUDRA loans.

Complimenting schemes like MUDRA; the Government has more to offer like through Start up India and Stand up India. This will provide a favourable ecosystem for start-ups, the budget has provided plans in the taxes. Skills training will also be focused to for the economically weak.

The youth of the country is moving ahead. In order to provide him employment opportunities we are going to come out with two new initiatives, 'formalizing the informal' and 'employing the unemployed.'

Our country should be protected, our citizens should feel safe and our forces should be equipped with modern defence equipment and expenditure prioritized for 'One Rank One Pension' post retirement. This budget has made provisions for boosting defence manufacturing and providing the armed forces with modern and potent equipment.

It's the people who make our nation and this Budget is aimed at improving everyone's life in some form or the other and bring about a qualitative change within a specified time frame.

[*] SHRI B.N. CHANDRAPPA (CHITRADURGA) : People voted for BJP Government in 2014 General elections believing that Shri Narendra Modiji's would fulfill the promise of 'Achche Din". But I am sorry to say that very same people are feeling disgusted and cheated because of the way this NDA Government is functioning. People are realizing that the promises made during General elections were only false promises and nothing is visible on the ground. There is growing discontent in the rural India as there is no significant change taking place since the new Government came to power.

Today, the greatest concern of the people is about the falling rupee. This was one of the major promises made by the NDA Government before coming to power. They had said that they would bring the price of dollar to Rs.40 when they would come to power. Now, going by the trend, it is quite certain that it would hit a century mark. In fact, the common people of this country are not able to understand this. But when he sees in the TV that the cost of dollar has touched around Rs.67 or Rs.68 then he becomes concerned about it. I am sorry to say that this Government has not addressed this issue at all in the last three Budgets.

I would now come to the issue of the One Rank One Pension. The NDA Government had said that as soon as they would come to power, they would immediately implement this OROP scheme. But it has not happened for the last two years. Now this Government has linked it up with the recommendations of the Seventh Pay Commission. I would only say that if it is a question of the honour of our military, if it is about the honour of our countrymen, then we should go an extra mile to sort this issue out. I would urge upon the Government to implement this OROP scheme immediately.

Now, I come to the issue of Non-Performing Assets (NPAs). NPA is a matter of major concern for the financial sector and the health of our nation. To solve this issue, I would suggest that the Government can think of a settlement

[*] Speech was laid on the Table.

mechanism with the borrowers. The Government can bring forward a new policy on NPAs which could decide the criteria for treating a bad loan as NPA. It is also necessary that the repayment period of loan should also be extended and interest rates are renegotiated to enable the genuine borrowers to repay the loan to avoid falling it in the category of NPA.

The General Budget presented by the hon. Finance Minister Shri Arun Jaitely has not mentioned any significant steps to solve the problems in agriculture, infrastructure, employment and other problems. As far as agrarian crisis is concerned, there are multiple problems in this sector due to natural calamities like drought, flood, untimely rain, hailstorm, landslide, increasing cost of farm inputs, wild animals menace, unscientific fixation of minimum support price, etc. As a result, agriculture becomes economically unviable and farmers are running away from this traditional sector. It is a matter of great concern that the country's food requirement is gradually going up due to increase in population. Yet there are several thousands of people who find it difficult to have two square meals of a day. Under these circumstances, it is the need of the hour to evolve a comprehensive mechanism to make the agriculture sector more viable and attractive for our farmers.

With regard to drinking water, I would say that it is a matter of great concern that a large number of people of the country are consuming contaminated water. As per the available data, about 1600 people die every day from water borne diseases. People both in urban and rural areas are not getting safe water for drinking. A recent report of Union Ministry of Health and Family Welfare stated that the fluoride content in the water has gone beyond permissible level in nearly 14,132 habitations in 19 states of the country. Thousands of people in various states including my state Karnataka are suffering from diseases such as skeletal fluorosis. Every other day, there are reports of individuals or students in hostel and so on becoming terribly sick after consuming contaminated water. For example, a water-borne disease like Jaundice is affecting a large number of

people, but it is neglected by the authorities to control and save the health of common people with proper preventive measures. Hence, I would urge the Union Government to take effective measures to provide safe and adequate drinking water to people of the country.

Required amount to tackle the problem of Non-Performing Assets (NPAs) in public banks is Rs.4 lakh crore, but the government has allocated only Rs.25,000 crore. The Budget has also made a meager provision for strategic petroleum reserves for maintaining reserved oil stocks. This year's budgetary allocation of Rs.3 crore is insufficient compared to last year's allocation of Rs.1200 crore. Lower oil prices and the government's announcement on building reserves needed a greater budgetary allocation. There has been a severe slump in exports in the last 15 years but exports were largely ignored in the budget. The government has been constantly adding on to the indirect taxes that consumers have to pay. Last year, the service tax was increased from 12.36% to 14.5% which included a 0.5% cess towards Swachh Bharat. This year a 0.5% of Krishi Kalyan cess has been added, taking it to 15%. This means increase in prices for mobile phone bills, insurance, restaurant bills, air travel, etc. Airfares are likely to go up as the Centre announced an increase in the excise duty on aviation fuel, up from eight percent.

The Budget this year seems inadequate and has missed out on addressing a lot of issues that are currently troubling the country. The NDA government really

needs to start focusing more on delivering on their promises to the farmers instead of merely changing the names of schemes and Ministries. They have been elected to power for action and not rhetoric. The UPA government has provided them with an effective tool in the form of MGNREGA that they should implement diligently and without hesitation. They need to follow the policy of farmer and consumer first.

***डॉ मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर)** : मैं सबसे पहले माननीय वित्त मंत्री को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने बजट में किसानों और गरीबों का ध्यान रखा। साथ ही हमारे राजस्थान का भी ध्यान रखा है। चाहे नवोदय विद्यालय हो, पीएम ग्राम सड़क योजना हो, किसानों के लिए ई-पोर्टल योजना हो या पंचायत को विशेष राशि दिये जाने का प्रावधान हो, अस्पताल में डायलिसिस सुविधा हो, जन औषधि स्कीम हो सभी का फायदा देश को मिलेगा और राजस्थान को भी मिलेगा। मैं माननीय वित्तमंत्री एवं प्रधानमंत्री से आग्रह करता हूं कि राजस्थान, करौली, धौलपुर में पीने एवं सिंचाई के पानी हेतु विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाए।

देखा जाए तो इस बजट में हरेक राज्य का ख्याल रखा गया है और बजट से सिद्ध हो गया है कि सरकार ने सूझ-बूझ वाला बजट दिया है। ग्रामीण विकास की बात करें तो सरकारें गांवों को 87 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा रकम दी हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर में चम्बल लिफ्ट परियोजना के लिए पर्याप्त बजट आवंटन किया जाए जिससे लोगों को सिंचाई एवं पीने का पानी मिल सके।

मैं कुछ विशेष बातों पर जोर देना चाहता हूं कि इसी सरकार ने पहली बार किसान कल्याण को अलग से प्राथमिकता दी है और इस बार 35 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा का आबंटन किया है। मनरेगा के तहत जैविक खाद के लिए 10 लाख कंपोस्ट के गड्ढे, इससे मनरेगा योजना और मिट्टी का स्वास्थ्य दोनों का ध्यान अपने आप आ जाता है। वहीं जैविक खेती को प्राथमिकता देने से जनता का स्वास्थ्य का ध्यान भी अपने आप आ जाता है।

सरकार दलितों के लिए न सिर्फ उत्थान की योजना बना रही है, बल्कि उसे अमली जामा पहना कर उनकी उन्नति की ओर तेजी से अग्रसर है। दलित चैंबर आफ कामर्स के सहयोग से एस सी, एसटी और महिलाओं के लिए स्टार्ट अप के लिए 500 करोड़ रूपए का फंड दिया। प्रोफेशनल सपोर्ट के लिए हब भी बनाया है। इस योजना से दलितों की स्थिति में अभूतपूर्व सुधार होगा। सटार्टअप इंडिया के तहत सभी बैंकों के लोन देने का दायरा बढ़ जाएगा और इसके माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों के लिए आसान लोन की व्यवस्था की जाएगी। वहीं हर बैंक ब्रांच को कम से कम दो सूक्ष्म उद्यमों को लोन देना अनिवार्य होगा। इसके

* Speech was laid on the Table

साथ ही भारत सरकार ने लघु उद्योग विकास बैंक से इसके तहत 10,000 करोड़ रूपए तक के कोष की व्यवस्था करने की बात कही है। इस कोष के माध्यम से दलित और महिला उद्यमियों की मदद की जाएगी।

आज हर किसी की आवश्यकता घर खरीदने की है। सरकार ने 50 लाख के मकान पर 35 लाख का लोन लिया हो तो ब्याज में 50 हजार रूपए की छूट दी। नई नौकरी वालों को सरकार 3 साल अपनी तरफ से ईफीएफ भरेगी, रही बात ईपीएफ निकालने पर टैक्स की बात तो वित्त मंत्रालय ने उस पर अपना रूख साफ कर दिया है। छोटे करदाताओं के लिए 87 क के तहत छूट 2 हजार से बढ़ाकर 5 हजार कर दी गई है। किराये के मकान में रहने वाले लोगों को बहुत बड़ी सुविधा दी गई है। नौकरियों के लिहाज से ये बजट जबर्दस्त संभावनाएं लाया है, कौशल विकास के लिए सरकार ने 1804 करोड़ रूपए दिए हैं। मॉडल करियर केंद्र खुलेंगे। स्टार्ट अप को तीन साल की छूट देने से एक अनुमान है कि 10 हजार रूपए का रोजगार मिलेगा, फूड प्रोसेसिंग में जब 100 परसेंट एफडीआई आएगा तो करीब 1.5 लाख रोजगार मिलेंगे, डेयरी सेक्टर की 850 करोड़ रूपए की चार परियोजनाओं पशुधन संजीवनी, नकुल स्वास्थ्य पत्र, ई पशुधन हाट और राष्ट्रीय देशी नस्ल जेनोमिक केंद्र से करीब 30 हजार नए रोजगार की संभावनाओं का अनुमान है। 2000 मॉडल रिटेल आउटलेट्स फर्टिलाइजर कंपनियों के लिए खुलेंगे, मिट्टी परीक्षण योजना से कई रोजगार आएंगे। इसी तरह सातों दिन दुकान खुलने से कोई फायदा नहीं हुआ, अफोर्डेबल हाउसिंग को सेवा कर से छूट देने से भी नौकरियां बढ़ेंगी।

अब कालाधन की बात करें तो सरकार ने इनकम डिस्क्लोजर स्कीम के तहत 45 प्रतिशत पेनल्टी वाली योजना लाई है। इससे काले धन पर लगाम लग सकेगी। एक बात मैं बताना चाहूंगा कि मेरे एक मित्र ने कहा कि अब उनको घर खरीदने के लिए अंडर द टेबल मनी नहीं देना पड रहा इसलिए घर के दाम में भी कमी आई है। तीन साल पहले जो घर 18 लाख का मिल रहा था उसके आज 15 लाख रूपए दाम लग रहा है। तो ऐसी स्थिति में जो जैनुईन बायर है उसके अकाउंट के तो तीन लाख रूपए तो बच गए। यानि तीन लाख रूपए अपने आप अकाउंट में आ गए। एक सबसे बड़ी योजना पर मैं ध्यान दिलाना चाहूंगा। 3 हजार स्टोर्स जन औषधि के खुलेंगे। इससे सस्ती दवाइयों की जरूरत पूरी हो सकेगी और गरीबों को बहुत बड़ी मदद मिलेगी। मुझे लगता है कि हर व्यक्ति जो भी इस योजना से जुड़ेगा सरकार को दिल से दुआएं देगा।

श्री भगवंत मान (संगरूर): अध्यक्ष महोदया, प्रधानमंत्री जी ने मेक इन इंडिया स्कीम के बारे में बहुत प्रचार किया गया, इसकी बहुत पब्लिसिटी भी हुई। इस बजट में हैरानी यह हुई कि जो स्वर्णकार हैं जो सोने के व्यापारी हैं उन पर एक परसेंट एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी है, पूरे देश में वह प्रदर्शन कर रहे हैं। सोने के गहने 100 परसेंट इंडिया में ही बनते हैं, मेक इन इंडिया को इससे धक्का लगा है और जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। जब माननीय नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब कांग्रेस ने उस समय टैक्स लगाया था तो उन्होंने ट्वीट किया था It is a cruelty and the Government should roll back this tax. अब मुख्यमंत्री होते हुए वह कदम जालिमनामा है और प्रधानमंत्री बनने के बाद वही कदम ठीक कैसे हो जाता है। मैं इस बात का जवाब आपके माध्यम से चाहता हूं।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि न खाने देंगे न खाएंगे। पिछले दिनों हम अखबारों में देख रहे हैं कि नौ हजार करोड़ रुपये लेकर हमारे उद्योपगति जो राज्य सभा के मेंबर है, देश से भाग रहे हैं। इससे पहले भी ललित मोदी गेट हुआ था। हर चीज पर सेस लगा दिया गया है। प्रधानमंत्री जी की स्वच्छ भारत योजना पर सेस लगा दिया गया। यह आलसी सरकार की निशानी है जब आपको प्राथमिकता नहीं पता है कहां पैसा खर्च करना है। आदर्श गांव के तहत हमें बोल दिया गया कि एक गांव गोद लो। हर बात के लिए एमपीलैड से काम करने के लिए कहते हैं। पांच करोड़ रुपये एक गांव के लिए और हर बात के लिए एमपीलैड है, 25 करोड़ रुपये एमपीलैड में कर दो तो हम कुछ न कुछ करने के काबिल हो जाएंगे। देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि डिफेंस के बारे में कुछ भी नहीं कहा गया है। हमारे देश के फौजियों के पास बुलेटप्रुफ जैकेट की कमी है, इसके लिए कुछ नहीं है। जब पठानकोट में हमला हुआ तो फौज ने पैरामिलिट्री भेजने के ऐवज में छह करोड़ पैंतीस लाख पंजाब सरकार से मांगे। क्या पंजाब को देश का हिस्सा नहीं माना जाता। पंजाब भी देश का हिस्सा है और कुर्बानियों के लिए मशहूर है। ऐसे कदमों को वापस लिया जाए।

***श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर)** : सरकार के काम काज पर टीका टिप्पणी और छिद्रान्वेषण जीवन विपक्ष की सहज परंपरा है। इस परंपरा का मूल आधार है जनहित। लेकिन देखा यह जा रहा है कि विपक्ष सरकार के काम काज पर नहीं व्यक्ति विशेष को केंद्र में रख अपने तरकश के तीर जाया कर रहा है। विपक्ष जनहित से विमुख स्वहित और अपनी कुंठा के मचान से ऐसे मुद्दे चर्चा में ला रहा है जो संसद को मूल विषय से भटका रहे हैं। बजट की उपलब्धियों उसकी खूबी और खामियों पर चर्चा न कर मीडिया में आ रहे अधकचरे बयानों, वीडियो और सोशल मीडिया के स्वच्छंद कार्य व्यापार पर अपना कौशल दिखा रहा है। बहस से मुंह चुराना, अपनी सुनाना, बेतुके सवाल उठाना, जवाब न सुनना, बहिष्कार के बहाने तलाशना विपक्ष का यही चाल चरित्र दिख रहा है। देश और समाज से इनका कोई सरोकार नहीं बचा है। जीवन मूल्यों से इनका कोई लेना देना नहीं है, जनहित के कोई मुद्दे इनके पास नहीं है, शुभ्रता-सुचिता इनका विषय नहीं, भारत - भारतीयता और सांस्कृतिक मूल्यों की बात करें तो इनकी सेक्यूलर आत्मा कराह उठती है, ये अभिव्यक्ति के नाम पर स्वच्छंद और मूल्यहीन आजादी के पैरोकार हैं। सरकार का हर संभव प्रतिरोध ही इनका जन्म सिद्ध अधिकार है।

सरकार के बजट और रेल बजट में इन्हें कुछ भी रुचिकर नहीं लगा। बजट 2016 में काफी कुछ ऐसा जिनका लाभ तो हमें जल्द ही देखने को मिलेगा इसी साल के अंदर। कृषि और ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, आधार, मनरेगा मूलाधार हैं। अगले छह साल में ग्रामीण क्षेत्रों की आय दुगनी करने और 2018 तक हरेक गांव का बिजलीकरण करने की योजना है। मनरेगा के लिए 38,500 करोड़ रूपए अब तक की सबसे बड़ी राशि है। प्रधानमंत्री सड़क योजना के लिए 19 हजार करोड़ रूपए। ग्रामीण विकास के लिए 87,765 करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है। ग्रामीण विकास और गरीबी उन्मूलन केंद्रित है यह बजट। सरकार ने सबसे बडा निवेश इसी क्षेत्र में किया है। उम्मीद है कि इससे अर्थव्यवस्था में जान आएगी।

इस साल के रेल बजट पर भी गौर करें तो बजट में रेलवे व सड़क परिवहन पर कुल 2.18 लाख करोड़ रूपए के निवेश की घोषणा की गई है। सड़कों के लिए इस वित्तीय वर्ष में 97 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान है। 10 हजार किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग के विस्तार की योजना है।

---

* Speech was laid on the Table

इसके समांतर करीब 50 हजार किलोमीटर स्टेट हाइवे का विस्तार भी होगा। यह कार्यक्रम भविष्य की व्यापारिक गतिविधियों के लिए रास्ता बनाने के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के जरिये भी खोलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ सरकार डिजिटल साक्षरता के लिए भी धन लगाने की योजना है। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि हमने ग्रामीण भारत के लिए डिजिटल साक्षरता मिशन शुरू करने की योजना बनाई है, ताकि अगल तीन साल में करीब छह करोड़ अतिरिक्त परिवारों को इसमें शामिल किया जा सके।

बजट में इंश्योरेंस, पेंशन और शेयर बाजार में विदेशी निवेश को और ज्यादा उदार बनाया गया है। फूड प्रोसेसिंग उद्योग में सौ फीसदी एफडीआई की घोषणा शहर और गांव दोनों को लाभ देगी। ग्रामीण क्षेत्रों में फल और सब्जियां उगाने वाले किसानों को इसके सहारे एक नया बाजार मिलेगा। चालू वित्त वर्ष में देश में एफडीआई में 40 फीसदी की बढ़त हुई है। इसी तरह बाजारों को सातों दिन खोलने की पहल की गई है। इसके लिए राज्य सरकारों का सहयोग अपेक्षित होगा। राज्य सरकारें इसे ठीक ढंग से लागू करें तो रोजगार बढ़ेंगे और कारोबार भी बढ़ेगा।

सरकार की अगले तीन वर्ष में एक करोड़ युवाओं को कुशल बनाने की योजना है। इसके लिए 15000 बहु कौशल प्रशिक्षण स्स्थान खोले जाएंगे। अगले दो वर्ष में 62 नवोदय विद्यालय खोलने की योजना भी है। सस्ती दवाओं की 3000 दुकानें खुलेंगी। यह शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के गरीब दोनों के लिए राहत की योजना है। इसी तरह गरीबों के रसोई गैस के लिए 2,000 करोड़ की राशि आबंटित की गई है जो शहरी और ग्रामीण दोनों तरह के गरीबों के जीवन को बेहतर बनाएगी। आयकर स्लैब में बेशक कोई बदलाव नहीं किया गया है, पर छोटे करदाताओं को कुछ राहत मिली है। पांच लाख तक की सालाना आय वालों की 3 हजार रूपए की अतिरिक्त छूट मिल गई है। इसके साथ ही आयकर में छूट के लिए मकान भत्ते को 24 हजार से बढ़ाकर 60 हजार कर दिया गया है। सस्ते आवास को बढ़ावा देने के लिए पहली बार 50 लाख तक की कीमत वाले मकान खरीदने पर 50 हजार की छूट मिलेगी। दूसरी ओर एक करोड़ की आय वाले लोगों पर सरचार्ज बढ़ा दिया गया है।

सरकार अपने तमाम प्रयासों से जन जीवन सहज सरल बनाने का प्रयास कर रही है, पर अकेले सरकार ही सर्व समर्थ है, ऐसी बात नहीं। सरकार सभी दलों, राज्य सरकारों, और जन-जन से सहयोग की आकांक्षी है। स्वस्थ आलोचना का स्वागत है। मैं प्रार्थना करना चाहता हूं कि हम सब

बेशक अपने दलों से चुनकर आए हों पर हमें जिस जनता ने चुना है उसने हमें यहां जन कल्याण के लिए बेहतर व्यवस्था का सृजन करने की जिम्मेदारी के साथ भेजा है। दलों की राजनीति करने के लिए नहीं। दलों की राजनीति के और भी मंच हैं। आखिर हम सब को यहां तक का टिकट जनता की अदालत से जारी होता है।

*DR. J. JAYAVARDHAN (CHENNAI SOUTH): The Finance Budget for the year 2016-17 presented to the August House by the Hon'ble Finance Minister is during a time when the global economy is facing a serious crisis. Global growth has slowed down from 3.4% in 2014 to 3.1% in 2015. Financial markets have been battered and global trade has contracted.

The Government in the financial sector needs to focus on key areas, those are (1) fiscal consolidation (2) Job creation (3) Increasing saving of the Government (4) inflation control (5) improving the investor climate for a favourable growth in economy. Here at this juncture, I would like to appreciate the initiate taken to give unliftment to the agriculture and the rural sector. Several schemes which were announced by the Hon'ble Finance Minister were perhaps the replica of the policies and schemes initiated by our Hon'ble Chief Minister of Tamil Nadu Puratchi Thalaivi Amma.

The launch of National Rural Digital Literacy Mission is a recognition of the pioneering role that our Hon'ble Chief Minister had played in implementing the free laptop scheme for school and college students which was a mammoth effort taken to bridge the digital divide which the Government of India has recognized now. The Pradhan Mantri Jan Aushadi Yojana, under which 300 new medical stores are to opened for selling generic medicines at low cost is perhaps the replica of the Amma Marunthagam Scheme launced by our leader Puratchi Thalaivai Amma to provide low cost affordable medicine to the poor. The launch of a new health protection scheme to provide insurance cover for poor families who require hospitalization is a welcome. This scheme is very similar to the Chief Minister's Comprehensive health insurance scheme launched by our Hon'ble Chief Minister. Our leader had requested that the health scheme of the Government of India should act in convergence with the Tamil Nadu health Insurance Scheme, which will enable smoother roll out of the Central Scheme in Tamil Nadu and reduce overlap and administrative burden.

* Speech was laid on the Table.

In a Federal system of Governance, the State Governments are depended on the funds due to the States from the Central Government. The delay in release of funds from Central Government for the expenditure incurred by the States leads to backlogs in the developmental pathway and poses a threat to the financial stability of the States. I would like to point in the Budget discussion, a number of schemes for which the Central Government share of funds is yet to be released and year after year the arrears have piled up. The Central Government needs to take cognizance of this matter and act immediately to dispense the funds immediately for the key infrastructural projects of the State.

There is huge pending amount to be released to the Government of Tamil Nadu under the grants for flood protection works, command area development and water management programme, performance grant under the 13th Finance Commission. With regards to Education, Central assistance from Ministry of Human Resource Development which are pending under the SSA programme, Right to Education compensation, Rashtriya Madhyamik Shiksha Abhiyan. Several major grants in Aid due from Government of India are 13th Finance Commission grants for Roadside Bridges Maintenance, slum improvement, coastal protection, renewable energy, grants for post matric scholarship for SC students, statistical strengthening project, comprehensive handloom development programme, revamped Central Road Fund, family welfare programme Modernisation of police force, Central support for desalination plants. With a huge list of projects for which the State Government has incurred expenditure and the Central Government mindset of not releasing the funds at appropriate and scheduled time period has caused a substantial financial burden on the Tamil Nadu State. The Central Government should take effective steps to release the funds within the stipulated period to the States for faster growth of our economy.

I would also like to bring it to the notice of the House a number of projects for which the Government of Tamil Nadu has been repeatedly asking the Central Government for its investment, which the Central support for desalination plants

namely 150 MCD SWRO desalination plant at Nemmoli (!) 400 MCD SWRO desalination plant at Perur near Chennai (3) Desalination plants at Ramanthapuram and tuticorin. Other major projects include Extension of corridor I of Chennai Metro Rail project upto Thiruvattriyr and Wimconagar, Chennai Metro Rail Project – Implementation of phase –III corridors. Massive investment from Central Government in Tamil Nadu's urban infrastructure to meet the housing requirement of the urban slums.

I would like to mention here that even in the Presidents speech it was mentioned about the unprecedented foods that submerged Chennai in December, 2014 which brought untold sufferings and economic loss. Even after using the words like unprecedented and untold sufferings and loss in the Presidential address, there is not a single word or a sign of action to be taken by the Government of India in the Budget speech by the Finance Minister for releasing matching financial compensation much expected from the Centre. The Centre has released less than Rs. 2000 crores when the Government of Tamil Nadu is asking for Rs. 25,000 crores. That great natural disaster was taken note of even in the Climate Submit held in Paris at that point of time, but the Centre has not taken note of the tragedy and its foremost responsibility of releasing the fund that it should have released to allay the untold suffering by the recent floods. The Central Government should immediately release the requested amount to the Tamil Nadu Government

The Government of India has announced a Blue revolution with the Central outlay of Rs. 3000 crores. It is to be mentioned here that our leader Hon'ble Chief Minister of Tamil Nadu has repeatedly asked the Union Government through memorandum and several letters addressed to the Hon'ble Prime Minister with regard to a comprehensive special package for diversification of fisheries involving a grant of Rs 1520 crores from the Centre under various schemes such as (1) Diversification of bottom travelers into deep seat tuna long lines. (2) Assistance for Mid-Sea fish procession park (3) Reimbursement of Central Excise

Duty on high speed for mechanized boats (4) Motorisation of traditional crafts (5) creation of infrastructural facilities for deep sea fishing (6) dredging of fishing harbours and bar moaths. Thereby the entire comprehensive special package of Rs 1520 crores and a grant of Rs 10 crores per annum for maintainance dredging is sought from the Centre which is pending.

It is necessary that agriculture needs to be utmost importance in our Country where the length and breadth of our country is covered with agricultural land. The long awaited inter-linking of Rivers of India should be commenced at once for effective irrigation of our agricultural lands. It is necessary to mention here the long pending request by the Government of Tamil Nadu for Central assistance with regard to Inter-linking of rivers within the State and for modernization of Cauvery scheme which is pending with the Government of India.

It is to be mentioned here that the Finance Ministry has cut funds for several Ministries such as Ministry of Minority Affairs, Ministry of Women and Child Development, and further for fertilizer subsidies, Nirbhaya fund, National afforestation programme. Certain sectors which are of utmost importance should be compromised by the Centre and hence the centre should rectify the mistakes and allocate additional funds under the various Ministries which has suffered from budgetary cut.

Thank you.

*श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):देश की आजादी के बाद सर्वाधिक बजट 19 लाख 78 हजार 60 करोड़ का परिव्यय निर्धारित किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.8% अधिक धनराशि की व्यवस्था की गयी है । इस बार श्री मोदी की सरकार ने बजट को किसानोन्मुखी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा के लिए सर्वाधिक धनराशि की व्यवस्था की गयी है । एक तरफ दुनिया वैश्विक मंदी से जूझ रही है इसके बावजूद भारत ने जीडीपी में काफी वृद्धि का लक्ष्य प्राप्त किया है । भाजपा एवं एनडीए की सरकार का गठन हुआ था उस समय भारत के विकास दर 5% से नीचे थी और आज इस सरकार को अभी दो वर्ष भी पूरे नहीं हुये फिर भी 7.6% विकास दर का लक्ष्य सरकार ने प्राप्त किया है । सरकार के गठन के समय मंहगाई (सीपीआई) औसत तीन वर्षो में 9.4% की ऊचाई तक पहुंच गयी थी लेकिन आज संतोष की बात है कि मंहगाई दर घटकर सीपीआई 5.4% से नीचे आ चुकी है जिससे देश के सभी वर्गो को मंहगाई से राहत दिलाने का काम हमारी सरकार ने किया है जबकि विगत तीन वषों में औसत वर्षा के सापेक्ष 13% बारिश कम हुयी जिसके कारण किसानों के समक्ष सूखे के कारण गंभीर संकट पैदा हो गया । इसके बावजूद किसानों की हालत सुधारने के लिए देश के 28.5 लाख हैक्टेयर में सिंचाई क्षमता में वृद्धि करने का फैसला किया है क्योंकि प्रधानमंत्री जी स्वयं मानते हैं कि इस बार का बजट सरकार के लिए नहीं बल्कि देश की जनता के समक्ष मोदी सरकार की परीक्षा है ।

इसलिए हमारी सरकार ने सोच विचार करके लोगों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए बजट तैयार किया। आम जनमानस की आर्थिक हालत बेहतर हो इसका उपाय किया गया । परिणामस्वरूप कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बजट में काफी वृद्धि की गयी है । सरकार का संकल्प है कि किसानों की आमदनी दो गुना 2022 तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है इसलिए प्रधानमंत्री ने किसान फसल बीमा योजना के लिए 5,500 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिससे किसानों की मेहनत के उत्पाद को दैवी आपदा से प्रभवित होने पर किसानों की क्षति की भरपाई के लिए फसल बीमा योजना का परिव्यय निर्धारित किया गया है । फसल के नुकसान होने पर किसानों के खाते में सीधे धन जायेगा । गांवों के पलायन को रोकने के लिए गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है । एक तरफ गांव के विकास की प्राथमिकताओं को प्राथमिकता के आधार पर मनरेगा के लिए 38,500 करोड़ का परिव्यय निर्धारित ककिया है । मनरेगा के अन्तर्गत पिछले वर्ष की तुलना में परिव्यय में वृद्धि केवल स्वच्छ भारत अभियान के लिए 9,000 करोड़ की धनराशि निर्धारित किया गया है । हमारी सरकार ने केवल विकास के लिए वोट नहीं लिया है बल्कि विकास को वास्तविकता के धरातल पर उतारने के लिए अलग मदों में परिव्यय निर्धारित

* Speech was laid on the Table.

किया गया है । देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा के लिए 87, 765 करोड़ रूपये का परिव्यय निर्धारित किया है जिससे किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके । देश के सभी ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक गांव एवं घर में विद्युतीकरण पूरा करने के लिए वर्ष 2018 तक का लक्ष्य रखा गया है ।

देश के किसानों की सिंचाई के लिए नाबार्ड से "सिंचाई फंड" के लिए 20,000 करोड़ की व्यवस्था की है । किसानों को पहली बार ओरगेनिंक फार्मिंग के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 412 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है । देश की ग्रामीण क्षेत्रों के आवागमन के लिए प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 19000 करोड़ रूपये की व्यवस्था की है । राज्यों का सहयोग मिलाकर 27,000 करोड़ का परिव्यय होगा । किसानों को फसल उत्पादन में वृद्धि के लिए 9 लाख करोड़ का फसल ऋण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । प्रधानमंत्री का निश्चय है कि देश के प्रत्येक गांव को धुंआ रहित शत प्रातशत पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है । अप्रैल, 2016 से तेल मंत्रालय ने गरीबी रेखा से नीचे रहने वालों के लिए एक उज्जवला नाम की स्कीम शुरू करने का निर्णय लिया है जिसमें गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों को निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया जायेगा । प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने देश की महिलायें जो एक वक्त में खाना बनाने में 400 सिगरेट के धुंए के बराबर धुंआ इनहेल करती हैं ।

इस बार रेलवे एवं सड़कों के विकास के लिए 2 लाख 18000 करोड़ रूपयों का परिव्यय निर्धारित किया गया है । पहली बार 1500 मल्टी टास्क स्कील ट्रेनिंग सेंटर खोलने का निर्णय लिया गया है जससे ग्रामीण युवा पढ़ने के लिए तथा स्वास्थ्य अधिकाय स्थापित करने का कार्य किया है । भाजपा की सरकार ने फिसकल डिफासेट पिछले वर्ष की तुलना 3.9% से नियंत्रित करके 3.5% तक पहुंचाने का कार्य किया । पहली बार बजट का सर्वाधिक ध्यान कृषि एवं किसानों के लिए केन्द्रित करके भारत के किसानों के कल्याणकारी योजनाओं के लिए सरकार ने इस वर्ष बजट में 35,984 करोड़ की व्यवस्था की है । 14वे वित्त आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत सरकार ने 2.87 लाख करोड़ ग्राम पंचायत एपं नगर पालिकाओं को परिव्यय देने का निश्चय किया गया है । पहली बार देश के किसानों के लिए ई-प्लेटफार्म के माध्यम से कृषि मार्किट मुहैया कराने का निर्णय लिया है । अभी 1 अप्रैल, 2015 को 18,542 गांवों का विद्युतीकरण किया गया है । भविष्य में प्रत्येक घर की महिलाओं का नाम देश में 1.5 करोड़ परिवारों को अगले एक वर्ष में कनेक्शन दिया जायेगा जिसके लिए भारत सरकार ने 2000 करोड़ रूपये की व्यवस्था की है । भारत में शिक्षा का अधिकार लागू किये जाने के बाद इस बार के बजट में 62 नये नवोदय विद्यालय खोले जायेंगे जो जिले बाकी रह जायेंगे वहां अगले दो वर्षो में खोल दिएं जायेंगे । इसी तरह दस-दस शिक्षण संस्थाओं को विश्व स्तरीय बनाने का निर्णय लिया गया है । हीफा के अन्तर्गत 1000 करोड़ रू. के फंड का गठन किया गया है । देश के दो करोड़ लोगों को टैक्स रीलीफ दिया गया है । सेक्शन 87ए के अन्तर्गत 2000 से

3000 रूपये का रीलीफ दिया गया है । पहली बार केन्द्र सरकार ने हैल्थ प्रोटेक्शन स्कीम लागू किया है जिसके अन्तर्गत प्रत्येक परिवार को 1 लाख रूपये की सहायता स्वास्थ्य के लिए दिये जायेंगे ।

इसी के साथ वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2016-17 के लिए बजट का समर्थन करता हूं । यह बजट देश के लिए कल्याणकारी होगा ।

SHRI PREM DAS RAI (SIKKIM): Madam Speaker, I thank you for allowing me to participate in the General Budget. I rise to support the Budget. The Prime Minister has indeed staked his own standing on the Budget by calling it his personal test. So far, I think, he has done rather well.

The world is going through some very difficult times. Under the circumstances, because of the NPAs, there has been a huge problem in trying to balance this particular Budget. Therefore, under the circumstances, I think, the Budget has come through as both pro-poor and progressive.

But, what is affecting the States and especially the small States like Sikkim is that in the new financial architecture, we are in a transition period. I want to bring it to the notice of the hon. Finance Minister because the hon. Chief Minister Shri Pawan Chamling has already brought it to his notice that during this transition, we have gone into a deep deficit. To come out of that deficit in this new architecture, is the greatest challenge for all the North-Eastern States.

Since the Commerce Minister is here, I would also like to bring to her notice that the North-Eastern Industrial and Investment Promotion Policy 2007 which has been kept on hold. Because of this, there has been a growing deficit in the way in which industrialisation takes place in the North-East. Since the Prime Minister has already said that North-East will be given a fillip in this direction and in the area of organic value chain development in the North-East, I think it is time for a re-look at this particular policy. I would be very very grateful and I would like to place it on record that this particular policy needs to be re-looked and rejuvenated.

With these words, Madam, I would thank you again for giving me this time.

HON. SPEAKER: Thank you very much for concluding in time.

*कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): मैं आम बजट 2016-17 के लिए सरकार द्वारा प्रस्तुत किसान हितैशी, गरीब समर्थक एवं ग्रामीण क्षेत्र के विकास वाले बजट का सर्मथन करता हूं। मैं मात्र तीन महत्वपूर्ण विषय माननीय प्रधानमंत्री जी एवं वित्त मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं ।

देश के कोने-कोने में कृषि करने वाले किसानों एवं मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार करने का भारत सरकार का सराहनीय कदम प्रशंसनीय है । मैं बुन्देलखण्ड के पूरे क्षेत्र में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से 2016-17 में ही पूर्ण रूप से सिंचित करने हेतु बजट उपलब्ध कराये जाने का निवेदन करता हूं । पिछले 10 वर्षों से लगातार सूखा पड़ने वाले बुन्देलखण्ड में शीघ्रातिशीघ्र, देश में सबसे पहले सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराना ही होगा अन्यथा बुन्देलखण्ड के किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्याएं शर्मसार करती रहेंगी और अकारण भारत सरकार पर छींटे पड़ते रहेंगे ।

कितनी भी कठिनाई क्यों न हो हमारे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर, हिन्दवारी, महोबा जो पिछड़े, परेशान गरीव व लाचार बुन्देलखण्ड क्षेत्र का भाग है । हमको हमारे क्षेत्र में निम्नलिखित प्रावधान भारत सरकार के 2016-17 के बजट पर हर हालत में चाहिए जो निम्न हैं -

सबसे पहले देश में सर्वाधिक सूखे व अकाल की मार झेल रहे बुन्देलखण्ड क्षेत्र में सम्पूर्ण सिंचाई के प्रबंध बांधों, नहरों, तालाबों, पाइपलाइनों, ट्यूबवैल एवं सोलर पम्पों के माध्यम से 2016-17 के बजट से ही पूरा धन आवंटित करके प्रधानमंत्री सिंचाई योजना की सार्थकता को सिद्ध किया जाये । सर्वाधिक पानी बुन्देलखण्ड को सर्वप्रथम पानी पिलाया जावे, क्योंकि बुन्देलखण्ड में खेत तो सूखे हैं ही नागरिकों को पीने का पानी भी उपलब्ध नहीं है । मवेशी प्यास से मरने को मजबूर है । बुन्देलखण्ड के किसान कर्ज में डूबे हैं । बीमारी का इलाज करवाने में भी मजबूर हैं । मेरा वित्त मंत्री जी से निवेदन है कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र बुन्देलखण्ड का एकमात्र संसदीय क्षेत्र है जहां एक भी, कोई भी मेडिकल कालेज नहीं है । अतः हमीरपुर, महोबा हिन्दवारी में कहीं भी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (ए.आई.आई.एम.एस) खोला जाये, एम्स की नितान्त आवश्यकता है । अतः मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुये अंधेरे में दीया (रोशनी) जलाने वाली अपनी सरकार के दावे का स्मरण करते हुए एम्स की अविलम्ब स्थापना करने की व्यवस्था इसी बजट में करने का कार्य करे । बुन्देलखण्ड का अन्नदाता किसान सदैव भारत सरकार का आभारी रहेगा। बुन्देलखण्ड में बेरोजगारी की समस्या का समाधान करने के लिए मुझे एक महत्वपूर्ण सुझाव देना है कि भारत सरकार बुन्देलखण्ड में उद्योग धन्धों को बढ़ावा देने के लिए समूचे बुन्देलखण्ड में प्रत्येक जिले में 10 वर्षो के लिए टैक्स रहित औद्योगिक क्षेत्र बनाने के लिए इस बजट में

* Speech was laid on the Table.

स्पेशल बजट का प्रावधान करें। शीघ्रातिशीघ्र उद्योग लग सके एवं बुन्देलखण्ड से हो रहा पलायन रोका जा सके ।

अनेकों माननीय सदस्य आम बजट में अपना विषय रखना चाहते हैं। समय कम है । माननीय वित्त मंत्री को बजट पर अपना वक्तव्य देना है । शेष मांगों को पत्र के माध्यम से माननीय वित्त मंत्री, कृषि मंत्री एवं जला संसाधन व स्वास्थ्य मंत्री को उपलब्ध करा चुका हूं ।

अंत में, माननीय रेल मंत्री जी एवं वित्त मंत्री जी को मेरे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में आजादी के बाद से आज तक सर्वाधिक बजट रेलवे ने देकर 411 कि.मी. डबल लाइन एवं महोबा से चरवारी राठ उरई-भिण्ड नई रेलवे लाईन देकर मेरे संसदीय क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों की बहुत पुरानी मांग को पूरा किया है । मैं हमीरपुर-महोबा हिन्दवारी क्षेत्र के नागरिकों की तरफ से भारत सरकार का आभार प्रकट करते हुए आम बजट 2016-17 का प्रबल समर्थन करते हुए अपना विषय पूर्ण करता हूं ।

DR. HEENA VIJAYKUMAR GAVIT (NANDURBAR): Madam, I rise to support the Budget 2016-17. During the last two consecutive years there was a shortfall in monsoon by 13 per cent. Despite these very unfavourable conditions, a robust growth is achieved. The growth of economy has accelerated to 7.6 per cent in the year 2015-16 and I congratulate the Government for the collective efforts taken for achieving this position. Today India is recognized as world's fastest growing economy.

A very good decision taken in the Budget is the changing the structure of schemes which was recommended by the Subgroup of Chief Ministers on the rationalisation of Centrally-sponsored schemes. The Committee has recommended a set of core Centrally-sponsored schemes and optional Centrally-sponsored schemes to give States more flexibility in selection of the priority areas.

The existing funding pattern of the schemes is defined as core of the core and a total of six schemes have been retained by a ratio of 90:10. Eighteen schemes have been defined as the core schemes. The core of core scheme is mainly focusing on the needy, the most vulnerable and most neglected groups. It includes the MNREGA, National Social Assistance Programme, umbrella scheme for development of the Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Backward and Minorities.

The agenda of the Budget is to transform India and this transformation will be built on nine pillars which include agriculture and farmers' welfare, rural sector, social sector, educational skills and job creation. India is an agriculture based country with more than 60 per cent of its population being farmers. Keeping this in mind, Government has stated its goal to reorient its intervention in the farm and non-farm sectors to double the income of farmers by 2022.

The total allocation of agriculture, farmers' welfare and animal husbandry is estimated to be Rs.44,485 crore as compared to Rs.20,909 crore in the last Budget which is almost the double. Previously the crop insurance schemes implemented in the country were including only selective crops and because of

this many farmers could not avail the benefit of the insurance. Not just this but also the crops which were included in the insurance schemes were given the benefit only till the time they were in the farm and not harvested.

I come from the State of Maharashtra where in the last two years we have faced lots of weather problems causing hailstorms, unseasonal rains and drought like situations. And the farmers of Maharashtra have suffered very badly because of the previous insurance policies for the farmers. Now this new scheme which has been implemented by the Central Government which is the Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana is inclusive of all the crops and it is also including those crops which are post harvested and still kept in the farm. Even those will now be included in this insurance scheme. So, it is in a true sense giving justice to the farmers who have suffered this kind of destruction of the crops.

Also, a big push for irrigation is the Pradhan Mantri Krishi Sinchayi Yojana which will now be implemented in mission mode and 28.5 lakh hectares will be brought under irrigation under this scheme. This will not only assist in increasing the crop production but it will also help in job creation and also will increase the agriculture allied businesses. I would like to state the example of Gujarat where the backwater of the Ukai dam has been lifted and provided in the form of lift irrigation to the farmers which has really benefited those farmers.

My constituency also has a similar kind of situation. I request the hon. Minister to implement this scheme in my constituency also.

HON. SPEAKER: Please conclude now. You have put it very nicely.

DR. HEENA VIJAYKUMAR GAVIT: In a big push in the rural road sector, Rs. 19,000 crore has been allocated for the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana. The goal of the programme has been revised to connect the remaining 65,000 eligible habitations through 2.23 lakh kilometres by an advanced deadline of 2019. When we are talking of eligible habitations, it means villages which have more than 250 habitations. I come from a tribal and hilly area where we also have small villages which have a population of less than 250 people living in one area or small

hamlets. It is very essential to connect all these hamlets through road connectivity and it is only after the road connectivity is reached to these areas that these areas will develop in a true sense and will not be deprived of basic amenities which are required. So, I request the Government to relax the norms for such hilly and tribal areas which have a population of less than 250 and small villages where people live in very larger areas in small *paadas*. This is one request I have for the hon. Minister.

Five crore BPL families will be given LPG connections which is again a very good step. Many of the women who work on the *chulhas* will now be protected from the respiratory diseases that they get because of the use of *chulhas*. Since I am a doctor, I must mention this as well that the *Rashtriya Swasthya Suraksha Yojana* which will provide a health cover of upto Rs one lakh per family is also a very good step. These days, we have many patients coming with chronic renal failure and kidney diseases and we don't have enough of dialysis facilities available in the Government hospitals. So, establishment of National Dialysis Service Programme in all the district hospitals is also a very good step taken by the Government. Opening of 62 new Navodaya Vidyalayas is again a very welcome step. About skill development, I would specifically like to mention that Rs 600 crore has been allotted for human resource for health and medical education and this will provide with large number of medical and paramedical staff and will also help in improving the healthcare.

With these words, I strongly support the Budget.

श्री राजू शेट्टी (हातकणंगले) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। हमने खास तौर से कृषि बजट के बारे में प्री बजट डिसकशन में जो सुझाव दिए थे, उन्होंने उनमें से कई सुझाव स्वीकार किए हैं, इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं। मैं आपके माध्यम से पूरे सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि पिछले 20 सालों में लगभग तीन लाख किसानों ने आत्महत्या की है। यह देश के सामने बहुत बड़ी चुनौती है। हमें इस चुनौती का सामना करना पड़ेगा क्योंकि किसान कर्ज की वजह से ही आत्महत्या करते हैं। आपने कर्ज का दायरा तो बढ़ाया लेकिन किसान किस तरह से कर्ज वापिस करेगा इसके बारे में जो प्रावधान करना चाहिए था वह ठीक तरह से नहीं किया।

माननीय अध्यक्ष जी, अगर अगले पांच साल में किसानों की आमदनी दोगुनी करनी है तो या तो उनका लागत मूल्य कम करना पड़ेगा या समर्थन मूल्य बढ़ाना पड़ेगा। हम समर्थन मूल्य ज्यादा तो नहीं बढ़ा सकते हैं, अगर लागत मूल्य कम करना है तो उन्हें बुनियादी सुविधाएं देनी चाहिए। साथ ही साथ कोल्ड स्टोरेज, सड़क, बिजली, वेयर हाउस और सिंचाई परियोजनाओं पर भी ध्यान देना होगा। प्री हार्वेस्टिंग लॉसिस और पोस्ट हार्वेस्टिंग लॉसिस बढ़ रहे हैं, मुझे दुख इस बात का है कि उन्हें कंट्रोल करने के लिए जो बुनियादी प्रावधान होने चाहिए वे नहीं हो पा रहे हैं।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय वित्त मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आप एग्रीकल्चर सैक्टर में 100 प्रतिशत एफडीआई ला रहे हैं। नाबार्ड के प्रोत्साहन से प्रोड्यूसर कंपनियां किसानों के लिए बहुत अच्छा काम कर रही हैंकिसानों के बेटे उसमें काम कर रहे हैं और कोआपरेटिव सैक्टर में बहुत अच्छा काम हो रहा है। अगर एफडीआई और कोआपरेटिव सैक्टर या प्रोड्यूसिंग कंपनीज के साथ मिल-जुलकर काम किया जाए तो इस देश का नौजवान जो किसान के घर में पैदा हुआ है, उसे भी कुछ अच्छा काम करने का मौका मिलेगा। उनके पास पैसा नहीं है लेकिन उनके पास दिमाग है। वे हार्ड वर्क करने के लिए तैयार हैं लेकिन उनको जो अवसर मिलना चाहिए वह उनको नहीं मिल रहा है। इसलिए सौ प्रतिशत एफडीआई की बजाए हमारे नौजवान किसानों को अवसर दे दीजिए, यह मेरा सुझाव है।...(व्यवधान)

मैं वित्त मंत्री जी से एक और मांग करना चाहता हूं कि इस देश के कई गिने-चुने उद्योगपतियों ने 1,14000 करोड़ रुपये का कर्जा डुबाया है और हमारे किसानों का कर्जा कितना है? प्राकृतिक आपदाओं के कारण या लागत मूल्य कम मिलने के कारण वे कर्जा वापस नहीं कर पाए हैं। किसान कभी देश छोड़कर नहीं भागता है। वह आत्महत्या करता है लेकिन कभी भागता नहीं है। इसलिए अगर सरकार किसानों की मदद करना चाहती है तो सरकार एक बार और उसका कर्जा माफ कर दे। इस देश का किसान आपका यह एहसान कभी नहीं भूलेगा।

माननीय अध्यक्ष जी, बैंकों को 25000 करोड़ रुपये इस देश के वित्त मंत्री जी दे रहे हैं तो इस देश का किसान ऋणमाफी के लिए हकदार क्यों नहीं है? यह सवाल मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से जरूर पूछना चाहूंगा। अध्यक्ष महोदया, आपके माध्यम से मैं वित्त मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि हमारे गांव में भैंस की कीमत एक लाख रूपये है और आपने गॉव के गरीब मज़दूर को एक लाख रूपये की बीमा सुरक्षा प्रदान की है। यह बात ठीक नहीं है, कृपया यह बीमा राशि पांच लाख रूपये तक बढ़ाने की कृपा करें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : आपने किसानों की बात रख दी है। अब आपकी बात पूरी हो गयी है। बैठिए।

*श्री ए.टी.नाना पाटील (जलगाँव) : हमारे देश के बजट इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि गांव, गरीब एवं किसान को समर्पित एक बजट संसद में पेश किया गया है। सबसे पहले मैं सरकार के इस किसानों और गरीबों को समर्पित प्रयास के लिए माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय वित्त मंत्री जी श्री अरूण जेटली को बधाई देता हूं और देश के सभी गरीबों और किसानों की ओर से उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूं। इस बजट से कृषि और सिंचाई के बजट में भारी वृद्धि हुई है। ऐसा पहले कभी नहीं देखने को मिला। इसलिए इस बार का बजट देश के गांव, गरीब और किसान के विकास की तस्वीर को बदलने वाला साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्रीय वित्तमंत्री अरूण जेटली द्वारा वर्ष 2016-17 के लिए पेश बजट ने यह साबित कर दिया है कि हमारी मोदी सरकार गांव, गरीब और किसान की सरकार है। जिस तरह से देश के कुछ भागों में विशेषकर महाराष्ट्र में कई सालों से लगातार सूखा पड़ा है। उसे देखते हुए बजट का कृषि और गांव पर फोकस होना समय की मांग था और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए जरूरी था। इस बजट से न केवल ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि अगले पांच साल में किसानों की आमदानी को दोगुना करने का भी लक्ष्य रखा गया है। देश में पहली बार मोदी सरकार ने देश के किसान को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में ठोस कदम आगे बढ़ाया है। निश्चय ही इस बजट के माध्यम से हमारी सरकार, जो गांव, गरीब, किसान के लिए समर्पित है। ने जो कहा वह कर दिखाया है। इसके लिए मैं देश के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय वित्तमंत्री अरूण जेटली जी का अभिनन्दन करता हूं। गांव, किसान और कृषि विकास की दृष्टि से इस बार के बजट आवंटन में रिकार्ड बढ़ोत्तरी की गई है। बजट में कृषि और किसान कल्याण के लिए 35,984 करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है। किसानों की आय को आगामी 5 वर्षों में दोगुना करना हमारा लक्ष्य है, प्रति इकाई उपज बढ़ाना, किसानों के लिए उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाना, पशुधन-डेयरी एवं मात्सियकी के अलावा कृषि शिक्षा अनुसंधान एवं कृषि विस्तार को बढ़ावा देना हमारी प्रतिबद्धता है। मेरा मानना है कि किसानों के हित में सरकार की निम्नलिखित योजनाएं किसानों की वर्तमान आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होंगी।

'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' के अधीन 28.5 लाख हैक्टेयर क्षेत्र लाया जाएगा जिसके लिए इस 2016-17 के लिए 5717 करोड़ का आवंटन किया गया है। इसके अतिरिक्त सरकार ने इस वर्ष नाबार्ड के माध्यम से लगभग 20000 करोड़ का सिंचाई फंड सृजित करने का फैसला किया गया है तथा वृहत एवं मध्यम सिंचाई योजना (एआईबीपी) के 89 सिंचाई परियोजनाओं, जो काफी समय से अपूर्ण रही

* Speech was laid on the Table.

हैं, का त्वरित कार्यान्वयन किया जायेगा। इसमें 80.6 लाख हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई करने में सहायता मिलेगी। साथ ही मनरेगा के तहत वर्षापोषित क्षेत्रों में 5 लाख फार्म तालाबों और कुओं की व्यवस्था होगी।

कृषि उन्नति योजना की निम्नलिखित मुख्य बातों का विशेष रूप से उल्लेख करना चाहूंगा। मृदा स्वास्थ्य कार्ड और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के तहत सरकार किसानों के खेतों की मिट्टी की उर्वरकता पर विशेष ध्यान दे रही है तथा इस स्कीम के तहत चालू वर्ष में कुल 362 करोड़ रूपये आवंटित किया गया है, यह 155 प्रतिशत की वृद्धि है। मंत्रालय मार्च 2017 तक देश के सभी 14 करोड़ किसानों को मृदा स्वाथ्य कार्ड वितरण करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए समर्थ हो जाएगा। साथ ही उर्वरक कम्पनियों के 2 हजार मॉडल खुदरा केन्द्रों को अगले 3 वर्ष में मृदा और बीज परीक्षण सुविधाएं मुहैया करायी जायेंगी। उत्तर पूर्वी राज्यों के लिए जैविक मूल्य श्रंखला के तहत जैविक कृषि स्कीम को आगे बढ़ाया जाएगा। साथ ही मनरेगा के तहत जैविक खाद के उत्पादन के लिए 10 लाख कम्पोस्ट गड्ढों का निर्माण किया जाएगा। जैविक खेती के विकास के लिए पारंपरिक कृषि विकास योजना पिछले साल से लागू की गई है जिसके परिणामस्वरूप जैविक कृषि में 19 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई है तथा यह योजना आगे भी चालू रहेगी। समेकित कृषि विपणन स्कीम के द्वारा ग्रामीण भण्डारण को बढ़ावा देने हेतु सरकार ने आबंटन बढ़ाकर चालू वर्ष में 788 करोड़ रूपये कर दिया गया है। राष्ट्रीय कृषि एवं प्रौद्योगिकी मिशन (एनएमएईटी) के द्वारा सरकार राज्य सरकारों को उनकी कृषि विस्तार मशीनरी के सुदृढ़ीकरण करने में सहायता कर रही है तथा इस साल इस योजना के तहत 635 करोड़ रूपये का आबंटन किया गया है जो कृषि सूचना प्रणाली के सुदृढ़ीकरण में सहायक होगा। यही नहीं, बजट में घोषित सरकार निम्नलिखित प्रयास भी सराहनीय हैं जिससे किसानों की वर्तमान स्थिति में पर्याप्त सुधार होगा।

राष्ट्रीय कृषि मंडी (एनएएम) के माध्यम से मंडी सुधार के संबंध में सरकार कृषि क्षेत्र में विपणन को अत्यंत महत्वपूर्ण समझती है और इसलिए सरकार राष्ट्रीय कृषि मंडी की स्थापना के लिए वचनबद्ध है। सरकार दिनांक 14 अप्रैल 2016 को स्कीम की शुरूआत करेगी तथा सितम्बर 2016 तक 200 मंडियों तथा मार्च 2017 तक कुल 400 मंडियों को कवर किया जाएगा, मार्च 2018 तक देश में 585 एपीएमसी को कवर करने का लक्ष्य है। इससे किसानों को अपना उत्पाद मंडियों में लाभकारी मूल्यों पर बेचने में काफी हद तक मदद मिलेगी। ऋण प्रवाह को बढ़ाकर 9 लाख करोड़ किया गया है जो 2015-16 में 8.50 लाख करोड़ था व किसानों पर ऋण अदायगी के बोझ को कम करने के लिए, ब्याज सहायता हेतु बजट अनुमान 2016-17 में 15,000 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आबंटन 5,500 करोड़ रूपये किया गया है जो पिछले बजट में 3185 करोड़ रूपया था। इस प्रकार इस मद में लगभग 73 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत बजट में 5400 करोड़

का प्रावधान किया गया है। राष्ट्रीय कृषि वानिकी कार्यक्रम हेतु पहली बार बजट में 75 करोड़ केन्द्रांश का प्रावधान किया गया है इससे मेड पर पेड अभियान को गति मिलेगी। पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्यपालन के लिए 1600 करोड़ आवंटित किए गए हैं। अलग से चार नई परियोजनाओं- 'पशुधन संजीवनी' 'नकुल स्वास्थ्य पत्र' ई-पशुधन हाट और राष्ट्रीय देशी नस्ल जेनोमिक केन्द्र बनाई गई हैं जिनके लिए 850 करोड़ रूपये दए गए हैं। सरकार ने गांव एवं किसान हित की निम्नलिखित ग्रामीण विकास योजनाओं को और सुदृढ़ किया है ताकि देश के ग्रामीण इलाकों को शहरी इलाकों के बराबर विकसित किया जाए तथा गांवों से रोजगार हेतु युवकों का शहरों को पलायन रोका जा सके। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आबंटन बढ़ाकर 19,000 करोड़ रूपये कर दिया गया है जिसके तहत वर्ष 2019 तक शेष 65,000 पात्र बस्तियों को सड़कों से जोड़ा जाएगा।

सूखाग्रस्त और ग्रामीण आपदा से ग्रस्त प्रत्येक ब्लॉक जो दीनदयाल अन्त्योदय मिशन के तहत विशिष्ट ब्लॉक के रूप में काम किए जाएंगे जिसके तहत सघन रूप से स्वयं सहायता समूह का गठन किया जाएगा जिन्हें विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दी जाएगी। साथ ही मनरेगा के तहत कलस्टर सुविधा टीमों का भी गठन किया जाएगा जो जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंध को सुनिश्चित करेगी। इन जिलों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत भी प्राथमिकता दी जाएगी। गांवों में आधारभूत संरचना के विकास के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी (ररबन) मिशन की शुरुआत की गई है जिसके तहत 300 ग्रामीण शहरी कलस्टरों का विकास किया जाएगा जिसमें किसानों के लिए आधारभूत संरचना जैसे कृषि प्रसंस्करण, कृषि बाजार को सुलभ कराना, गोदाम एवं वेयरहाउसों का निर्माण सम्मिलित है। 1 मई, 2018 तक 100 प्रतिशत ग्राम विद्युतीकरण का भी प्रावधान किया गया है।

यह महत्वपूर्ण है कि सरकार ने समाज के सभी वर्गों का इस बजट में पूरा पूरा ध्यान रखा है। सरकार की निम्नलिखित योजनाएं आगे आने वाले वर्षों में समाज मे खुशहाली बहाल करने में काफी हद तक कामयाब होगी। अस्पताल व्यय से बचाव के लिए स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत नई स्वास्थ्य सुरक्षा स्कीम प्रत्येक परिवार को एक लाख रूपये तक स्वास्थ्य बीमा प्रदान की जाएगी। इसके तहत वरिष्ठ नागिरकों को 30,000 रूपये तक अतिरिक्त टॉप-अप पैकेज का प्रावधान होगा। बीपीएल परिवारों के लिए रसोई गैस कनेक्शन सुविधा के लिए इस बजट में 2000 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है। इससे 2016-17 में लगभग 1 करोड़ 50 लाख बीपीएल परिवारों को लाभ मिलेगा। वर्ष 2016-17 मनरेगा के लिए 38,500 करोड़ रूपये की राशि का आवंटन किया गया है। अनुसूचित जाति, जनजाति तथा महिलाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने एक स्टैंड अप इंडिया स्कीम को मंजूरी दे दी है तथा इस प्रयोजन के लिए 500 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के जरिए

उद्यमिता को युवाओं के दरवाजे पर लाना चाहते हैं। सरकार ने देश में 15,000 बहु-कौशल प्रशिक्षण संस्थाओं, की स्थापना करने का निर्णय लिया है। इन कार्यक्रमों के लिए 17000 करोड़ रूपये की राशि अलग रखी जा रही है। वर्ष 2016-17 में सड़कों और रेलवे संबंधी कुल खर्च 2,18,000 करोड़ रूपये होगा।

प्रधानमंत्री की जन औषधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2016-17 में जेनरिक दवाओं की आपूर्ति करने के लिए 3,000 स्टोर खोले जाएंगे। अल्पसंख्यकों के कल्याण तथा कौशल विकास के लिए 'उस्ताद' स्कीम का कारगर कार्यान्वयन किया गया है। शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 62 नए नवोदय विद्यालय खोले जाने के की योजना है। डॉ0 बी.आर. अम्बेडकर की 125वीं जयंती के इस वर्ष में उद्योग संघों के साथ भागीदारी करके सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग मंत्रालय में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति केन्द्र बनाने का प्रस्ताव है। छोटे कामगारों के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से 1 लाख 80 हजार करोड़ रूपये के ऋण देने का लक्ष्य है। पिछले वर्ष के बजट में इस योजना में 1 लाख करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया था।

यहां मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र जलगाँव के एक ज्वलंत विषय की ओर नागर विमानन मंत्री का ध्यान दिलाना चाहूंगा। भारत सरकार ने 2012 में लगभग 100 करोड़ रूपयों की लागत से जलगाँव एयरपोर्ट का नवीकरण किया तथा वहां सभी अल्ट्रामार्डन सुविधा उपलब्ध करवाई। भारत सरकार इस समय इस एयरपोर्ट के रखरखाव तथा वेतन आदि पर हर महीने 12 करोड़ रूपया खर्च कर रही है तथा यह सब व्यर्थ हो रहा है क्योंकि अब तक यहां से न तो घरेलू उड़ाने चालू की गई हैं और न ही कार्गो सेवाएं।

जलगाँव औरंगाबाद की अपेक्षा विश्व धरोहर अजंता अलोरा गुफाओं के बहुत पास है तथा इस एयरपोर्ट से घरेलू उड़ानें चालू होने से अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए अत्यधिक सुविधा हो जाएगी। दूसरे जलगांव में केले, प्लास्टिक की वस्तुओं व सोने के जेवरातों का सर्वाधिक उत्पादन होता है। इसके अलावा यह दाल मिलों का हब है। इस कारण यहां से एयरकार्गो के माध्यम से निर्यात की अनंत संभावनाएं हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर पार्किंग की समस्या के कारण इसके निकटवर्ती जलगांव को पार्किंग के लिए भी उपयोग किया जा सकता है। इन सबके होने तथा बार-बार अनुरोध किए जाने के बावजूद यहां से घरेलू उड़ानें तथा कार्गो सेवाएं आरंभ नहीं की जा रही हैं। हालांकि कतिपय निजी एयरलाइंस यहां से घरेलू उड़ाने चालू करने के लिए तैयार हैं परन्तु एयरपोर्ट उन्हें नाइट लैंडिंग सुविधा प्रदान करने के लिए तैयार नहीं है।

मैं माननीय नागर विमानन मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि सरकार जलगांव एयरपोर्ट पर हो रहे भारी खर्च के मद्देनजर तथा यहां के निवासियों की लम्बे समय से लंबित मांग को पूरा करने के लिए जलगांव एयरपोर्ट से इंदौर, पुणे होते हुए दिल्ली और मुंबई के लिए घरेलू उड़ानें और कार्गो सेवाएं शीघातिशीघ्र चालू करवाई जाएं तथा निजी एयरलाइंस को नाईट लैंडिंग सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए

कार्यवाही की जाए ताकि सरकार के खर्च की अनावश्यक बर्बादी रोकी जा सके तथा उससे आम जनता लाभ उठा सके।

मैं अपने जलगांव संसदीय क्षेत्र की निम्नलिखित कतिपय अन्य समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहूंगा तथा अनुरोध करूंगा कि इन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर इनके समाधान हेतु यथोचित एवं शीघ्र कार्यवाही की जाए तथा आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाई जाए। केन्द्रीय जल आयोग के पास महाराष्ट्र के जलगांव जिले की तीन सिंचाई परियोजनाएं 1) पाडळसरे - तहसील अमळनेर 2) वरखेड लेंढे - तहसील अमळनेर 3) नार - पार योजना काफी समय से लंबित हैं। इन पर शीघ्र अनुमोदन दिए जाने तथा उनके कार्यान्वयन हेतु आवश्यक धनराशि जारी करने की आवश्यकता है। महाराष्ट्र के धुलेगांव और चालीसगांव के बीच पड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 211 का हिस्सा बुरी तरह जर्जर हो गया है तथा आम जनता को परेशानी हो रही है। इसलिए इस हिस्से की शीघ्रातिशीघ्र मरम्मत किए जाने तथा उसे चौड़ा किए जाने की आवश्यकता है।

इसी प्रकार महाराष्ट्र के जलगांव शहर में पड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 6 का हिस्सा बुरी तरह जर्जर हो गया है तथा आम जनता को परेशानी हो रही है। इसलिए इस हिस्से की शीघ्रातिशीघ्र मरम्मत किए जाने तथा उसे चौड़ा किए जाने की आवश्यकता है। आम जनता की आकांक्षाओं के मद्देनजर महाराष्ट्र के जलगांव जले में 100 बिस्तरों वाला एक नेचुरोपैथी अस्पताल स्थापित किया जाना चाहिए। महाराष्ट्र के जलगांव जिले के लगभग 50 वर्ष पुराने गिरणा बांध और सिंचाई प्रणाली के जमदा और दहीगांव जल संचय क्षेत्रों में जमा भारी मात्रा में गाद को निकालने, जलसंचय की क्षमता बढ़ाने और तटबंधों के निर्माण हेतु केन्द्रीय जल आयोग के पास गिरणा नदी पर सात रब्बर डॉम का प्रस्ताव काफी समय से लम्बित है जिस पर शीघ्र अनुमोदन दिए जाने तथा उसके कार्यान्वयन हेतु आवश्यक धनराशि निर्गत किए जाने की आवश्यकता है। महाराष्ट्र के जलगांव जिले में गिरना नदी को चेनलों के माध्यम से बोरी, अंजानि, तितूर और तापी और मन्याड नदियों से जोड़ने हेतु केन्द्रीय जल आयोग के पास एक रीवर लिंकिंग परियोजना प्रस्ताव काफी समय से लम्बित है जिस पर शीघ्र अनुमोदन दिए जाने तथा उसके कार्यान्वयन हेतु आवश्यक धनराशि निर्गत किए जाने की आवश्यकता है।

महाराष्ट्र के जलगांव जिले में स्थानीय लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास संस्थान स्थापित किए जाने की आवश्यकता है। देश में जलगांव जिला प्लास्टिक उत्पादनों में काफी अग्रसर है। इसलिए मेरी मांग है कि आने वाले समय मे सरकार देश में 3 प्लास्टिक पार्क बनाने की घोषणा करने वाली है और इस विषय में, मैं सरकार से जलगांव के प्लास्टिक उत्पादकों को प्रोत्साहन देने के बारे में मांग करते आया हूं। इसी तहत मैंने जलगांव में एक प्लास्टिक पार्क बनाने की मांग

की थी अब मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि इन तीन प्लास्टिक पार्क में से एक पार्क मेरे जलगांव शहर में दिया जाये।

मेरे संसदीय क्षेत्र चालीसगांव तहसील में एक एनटीसी मिल है। बहुत सालों से बंद पड़ी हुई है। हमारी सरकारी की ओर से काफी पैसा वेतन में खर्च हो रहा है। जब हमारी कौशल विकास योजना के तहत हम रोजगार उपलब्ध कराने का हमारा लक्ष्य रखा है। तो मैं सरकार से मांग करता हूं कि सरकार की बंद पड़ी निजी मिलों मे से एक चालीसगांव एनटीसी मिल है उसे तुरंत चालू करने का प्रावधान करें। महाराष्ट्र के जलगांव जिले में केला, आम और संतरा प्रजाति के फलों का काफी बड़ी संख्या में उत्पादन होता है। इनके प्रसंस्करण हेतु लघु उद्यमियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किए जाने की आवश्यकता है। महाराष्ट्र के जलगांव जिले में खादी और ग्रामोद्योग संस्थान का एक स्थानीय कार्यालय स्थापित किए जाने की आवश्यकता है। महाराष्ट्र के जलगांव जिले में लगभग 200 कताई मिलें हैं। इन मिलों को सभी आवश्यक सुविधाओं की एक स्थान पर उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु एक कताई मिल क्लस्टर स्थापित किए जाने की आवश्यकता है।

महोदय, इन शब्दों के साथ मैं अपनी सरकार द्वारा पेश किए गए इस संतुलित बजट के लिए माननीय वित्त मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं तथा उन्हें बधाई देता हूं। मैं बजट में दिए गए सभी प्रस्तावों का तहेदिल से समर्थन करता हूं।

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपको बहुत बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं और आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि इस देश के सबसे विद्वान अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह जी जो ईमानदार थे, उन्होंने 1991 में जिस तरीके से अर्थव्यवस्था को रास्ते पर लाने का प्रयास किया और उसके बाद जब वह प्रधान मंत्री बने तो इस देश के 80 प्रतिशत आम लोगों के लिए फूड बिल भी उसी प्रधान मंत्री को लाना पड़ा। यह दुर्भाग्य है कि एक अर्थशास्त्री वित्त मंत्री ने अर्थशास्त्र को रास्ते पर लाने का प्रयास किया और दूसरी तरफ जब वह प्रधान मंत्री बनते हैं तो 80 प्रतिशत आम लोगों के लिए फूड बिल लाते हैं।

माननीय अध्यक्ष जी, इससे पहले कि मैं बोलूं, मैं आपसे आग्रह करूंगा कि मैं इसको ले कर दूं क्योंकि जिस तरीके के हालात हैं, मैं राजनीति, जुमले, आंकड़े और मुहावरे के बीच राजनीति में फंसना नहीं चाहता। मैं प्रो. अमृत्य़ सेन और प्रो. बात्रा के अर्थव्यवस्था संबंधी विचार ले करना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष : नहीं अब नहीं। या तो बोलना होता है या ले करना होता है। दोनों बातें नहीं हो सकतीं।

…(व्यवधान)

श्री राजेश रंजन : अध्यक्ष महोदया, मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि मैं ले करना चाहता हूं। मैं नहीं बोलूंगा। मैं ले करना चाहता हूं। मैंने अपनी बात रखी नहीं है।

माननीय अध्यक्ष : दोनों बातें एक साथ नहीं हो सकतीं। आपकी बात हो गयी। अब आप बैठिए। I am sorry.. यही बात आप उठते ही बोलते तो बात अलग थी। अब आप बैठिए।

…(व्यवधान)

श्री राजेश रंजन: मैडम, मैं रिक्वेस्ट करता हूँ, इसे ले करवा दीजिए।

माननीय अध्यक्ष : प्लीज शांत रहें। मैंने आपको पप्पू नाम से तो नहीं पुकारा। इसलिए आप राजेश जैसा व्यवहार करें। इसलिए प्लीज बैठ जाइए।

*श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): माननीय वित्त मंत्री ने वर्ष 2016-17 का जो बजट प्रस्तुत किया है वह अत्यंत सराहनीय, देश की अर्थ व्यवस्था को सुदृढ़ करने वाला तथा गांव, गरीब और खेती किसानी को नई संजीवनी देने वाला है जिसके लिए मैं मा0 वित्त मंत्री को बधाई देता हूं। ऐसे समय जब पूरी दुनिया आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रही है यह बजट आम लीक से हटकर एक नई दिशा और नई रोशनी देने वाला है। प्रस्तुत बजट से यह स्पष्ट होता है कि केन्द्र की मौजूदा सरकार सभी को कुछ न कुछ देकर संतुष्ट करने और आंकड़ो के जरिये गुलाबी तस्वीर पेश करने के बजाय देश के बुनियादी बदलाव के लिये कमर कस ली है। इससे यह तस्वीर भी सामने आती है कि सरकार ने उन समस्याओं का समाधान करने का मन बना लिया है जो देश की अर्थ व्यवस्था को पर्याप्त मजबूती देने में बाधक बनी हुयी थी। बजट के माध्यम से मा0 वित्त मंत्री नये भारत की स्पष्ट सोच के साथ सामने आये हैं इस सोच की केन्द्र में नौ स्तंभ हैं और मुख्य आधार है गांव, गरीब, किसान और नौजवान से नौ स्तंभ किसान, गांव, सामाजिक क्षेत्र, शिक्षा, बुनियादी ढांचा, वित्तीय सुधार, सुशासन, खजाना प्रबंधन और कर सुधार के रूप में हैं। ग्लोबल मंदी की काली छाया से मुक्ति के लिये वित्त मंत्री ने गांव और किसानों पर सर्वाधिक ध्यान दिया है और भरोसा भी जताया है। इसके साथ ही युवाओं की भी सुध ली गयी है और शिक्षा, सेहत के साथ पर्यावरण की भी चिंता की गयी है।

मौजूदा बजट पूरी तरह से गांव, किसान पर कुर्बान है। वित्त मंत्री ने यदि किसानों को अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया है तो उसे मजबूती देने के लिये ठोस कदम भी उठाये हैं। कृषि क्षेत्र का आवंटन 25000 से बढ़ा कर 44000 करोड़ किया गया है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र के लिये आवंटन 82000 से बढ़ा कर 88000 करोड़ किया गया है। देश में छिपे काले धन को बाहर निकालने की सरकार जो योजना लाई है उससे भी किसानों के हित जुड़े हैं। सामने आने वाले काले धन का 7.5 फीसद कृषि क्षेत्र को मिलेगा सेवा कर से भी 0.5 प्रतिशत सेस कृषि को मिलेगा। मा0 प्रधानमंत्री ने हर किसान के एक बच्चे को नौकरी दिलाने का वादा किया था। खाद्य प्रसंस्करण में 100 फीसद एफ.डी.आई. उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। सिंचाई के लिये 20000 करोड़ रू0 की भी घोषण की गयी है। इसी तरह गांव में संपर्क मार्गों के निर्माण को प्राथमिकता दी गयी है।

बजट में सामाजिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, दलितों को आगे लाने के लिये आरक्षण के सियासी दांव से यह सरकार आगे बड़ी है। 250000 दलित उद्यमियों की फौज खड़ा करने के लिये सरकार बड़े कदम उठा रही है। अनुसूचित जाति व जनजाति के उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने के

* Speech was laid on the Table.

लिये सरकार इकाई लगाने तक में मदद करेगी तथा उनके उत्पाद को खरीदेगी इसी तरह राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना को 30000 हजार से बड़ा कर 100000 रू0 कर दिया गया है। बुजुर्गों का इलाज होने पर 30000 हजार रू0 अलग से मिलेंगे। कई नवोदय विद्यालयों के खोले जाने की भी घोषण की गई है। लघ उद्योगों को राहत देने के लिये उनकी अनुमानित टैक्स की रकम 10000000 के स्थान पर 20000000 रू0 तक मुक्त कर दी गयी है। आर्थिक सुधारों के लिये उठाये गये कई छोटे छोटे कदम देश की विकास दर को दहाई अंग तक पहुंचाने का आधार बन सकते हैं। राजकोषीय संतुलन का ढांचा तैयार किया गया है। नेहरू युग की योजनागत और गैर योजनागत खर्च आवंटन की निशानी को भी वर्ष 2017 से अलविदा कहने की घोषणा कर दी गयी है। अब बजट में केवल राजस्व और पूंजी खाते की श्रेणियां ही रहेंगी। पंचवर्षीय योजना माडल को देश तिलांजली देने जा रहा है। कुल मिलाकर यह बजट प्रधानमंत्री जी की इस कथन को चरितार्थ करता है कि यह गांव गरीब और किसान का बजट है।

मैं बजट प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

SHRI K.H. MUNIYAPPA (KOLAR): Respected Madam Speaker, I beg to draw your kind attention to the salient features pertaining to the Budget presented by Shri Arun Jaitley.

I am not only a son of a farmer but also a son of a freedom fighter. I want to place on record that when India under the able leadership of Mahatma Gandhi got Independence, not only on religion, Hindus, Muslims, Christians, Sikhs, Buddhists, Jains and all others fought together to get freedom. Gandhiji wanted tolerance in this country. The whole world appreciated his leadership and his ideology. India wants that tolerance in this country.

Madam, there are more than 70 per cent farmers in this country. They are the backbone of this country. We have to appreciate the *Fasal Bima Yojana.* It is a good programme given to this country. So many such good programmes are required and I would like to suggest only one which is the mechanism to find out the production, consumption, export and import. There should be a mechanism at the State level as also at the district level. A corpus fund should be formed to protect the farmers.

Second important programme is linking of rivers. We are facing drought in 150 districts. You should find out a mechanism to implement this programme. I would like to place on record that it was started by Pandit Jawaharlal Nehru, Indira Ji and Atal Bihari Vajpayee Ji also fought for this programme. You may take all the States into confidence and you will see that this is the only way to solve the entire problems of this country.

The former Prime Minister Deve Gowda Ji also raised the issue concerning silk farmers. I would like to place on record that 5 crore population of our country living in Assam, Andhra Pradesh, Tamil Nadu, Kerala and Karnataka also people living in the Northern States are suffering. There are three categories; silk growers, reelers and weavers and you have to protect them by increasing the duty. That is the only way to protect the silk farmers.

Members on all sides have expressed concern over the jewellers' issue. When UPA Government was in power, Arun Jaitley Ji himself argued the case to increase the excise duty. You can double the indirect customs duty but excise duty is directly affecting the jewellers. All the Jewellers from two districts, around 100 people, came and met me last Sunday in my constituency. They said that Arun Jaitley Ji had pleaded their case when UPA Government was in power. UPA Government was kind enough to withdraw it. Now, you should take it up.

Finally, I would like to place on record that according to SC/ST population in the State, which is 24 per cent, the Karnataka Government has allocated Rs,16,000 crore for their welfare. At the State level as also at the Central level there are more than 30 per cent SC/ST population. In the same way, there are 70 per cent farmers in the country and according to their population you should give budgetary support to them. It will send a good message.

If you see the history, Madam, during Chandragupta's time Chanakya recorded a golden age. In Modern India Manmohan Singh Ji set a record. Now, you have to go to that level and give a good Budget for the welfare of the country.

Thank you, Madam.

*श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): मैं वित्तीय वर्ष 2016-17 के भारत सरकार के वित्त मंत्री माननीय अरुण जेटली जी के द्वारा प्रस्तुत बजट के पक्ष में अपनी बात रख रहा हूं। एन.डी.ए. सरकार का तीसरा बजट कई मायनों में ऐतिहासिक है। 8 प्रतिशत के आस-पास की आर्थिक विकास दर बनाए रखते हुए, कृषि क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र पर पुरजोर ध्यान देने वाला बजट है। भारत देश की आत्मा गांवों में, कृषि आधारित कामों में बसती है। इस बजट में माननीय वित्त मंत्री ने - (a) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से, (b) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से, (c) बीस हजार करोड़ के नाबार्ड के सिंचाई फंड के माध्यम से तथा (d) 6 हजार करोड़ के ग्राउंड वाटर प्रोजेक्ट के माध्यम से किसानों को मजबूत करने की योजना बनाई है। अध्यक्ष जी, किसान खुशहाल एवं मजबूत होगा तो देश की 70 प्रतिशत आबादी खुशहाल एवं मजबूत होगी। कुल 35,984 करोड़ की व्यवस्था कृषि एवं किसानों के लिए है, जो सराहनीय है। मनरेगा में बड़े बजट का प्रावधान एवं पांच लाख तालाब एवं कुएं खोदने की योजना जल-संसाधन एवं सिंचाई के लिए मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 19,000 करोड़ की व्यवस्था एवं किसान-लोन के लिए 15,000 करोड़ की व्यवस्था, सरकार की गांवों के प्रति, किसानों के प्रति, गरीबों के प्रति एवं पिछड़ों के प्रति कटिबद्धता दोहराता है।

पूरा विश्व आर्थिक मंदी की चपेट में है। ऐसे समय में विकसित देश भी भारत की ओर देख रहे हैं। भविष्य का समय भारत का है। ऐसे में वित्त मंत्री जी ने रेवेन्यु डेफिसिट एवं फिसकल डेफिसिट दोनों को कंट्रोल मे रखा है। भारत की रेटिंग दुनिया में बेहतर होती जा रही है। एल.पी.जी. में अमीर लोगों के द्वारा सब्सिडी छोड़ने की मुहिम प्रधानमंत्री जी के देश से आग्रह पर शुरू हुई थी। आज ये मुहिम अत्यधिक सफल हुई है। बी.पी.एल. परिवार को एल.पी.जी. से जोड़ने के लिए वित्त मंत्री ने 2000 करोड़ का प्रावधान रखा है, जो अति सराहनीय है। 38,500 करोड़ मनरेगा को आबंटित है। सरकार ने सभी गांवों में अप्रैल, 2018 तक बिजली पहुंचा देने का बीड़ा उठाया है। गांवों के विकास का काम, मूलभूत सुविधाओं का काम इस बजट का हाईलाइट है। सरकार शहरी विकास एवं ग्रामीण विकास दोनों के लिए कृतसंकल्प है, यह साबित हो गया है। माननीय प्रधानमंत्री जी का स्किल डेवलपमेंट पर शुरू से जोर रहा है। इस काम के लिए 1804 करोड़ का बजट इस मंत्रालय को ऊर्जा देगा एवं इससे देशव्यापी कार्य तेजी से बढ़ेगा। देश की 65 प्रतिशत आबादी नौजवान है। इसे रोजगार चाहिए। वित्त मंत्री जी ने कई उपाय इस बजट में किए हैं। मेक-इन-इंडिया की मुहिम इस कार्य में सहायक साबित होगी। अंत में मैं माननीय वित्त मंत्री जी

* Speech was laid on the Table.

को इस ऐतिहासिक बजट के लिए धन्यवाद देता हूं। 72,000 करोड़ के सातवें वेतन आयोग के अतिरिक्त बोझ के बावजूद उन्होंने हर क्षेत्र का पूरा ध्यान रखा है।

मैं इसके साथ-साथ यह भी कहना चाहता हूं कि बजट में तमाम उपलब्धियों के बावजूद कृषि सिंचाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाना चाहिए। मेरे संसदीय क्षेत्र गिरिडीह में सिंचाई के इक्युपमेंट एवं खेती के लिए ट्रेक्टर इत्यादि हेतु सस्ते लोन की व्यवस्था हो, सस्ती खाद्य की व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो। रोजगार के और अधिक अवसर हो जिससे गरीब जनता रोजगार हेतु पलायन न करे।

झारखंड में कृषि हेतु सिंचाई की अत्यधिक कठिनाई है। यदि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से सिंचाई की बेहतर व्यवस्था कर दी जाए तो मैं समझता हूं कि बहुत बड़ी मात्रा में खाद्य उत्पादन किया जा सकता है। मेरा क्षेत्र अति पिछड़ा क्षेत्र है यहां लोगों को अस्पताल की सुविधा प्राप्त होना अत्यधिक आवश्यक है। अस्पताल व्यय से बचाव हेतु नई स्वास्थ्य बीमा स्कीम झारखंड में चलायी जाएं। शिक्षा हेतु 62 नए नवोदय विद्यालय आरंभ किए जा रहे हैं, इसके अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र गिरिडीह को लाया जाए। ग्रामीण विकास हेतु 87700 करोड़ रूपये आवंटित किए गए हैं जो बहुत ही सराहनीय कदम है। इन तमाम स्कीमों, योजनाओं में झारखंड क्षेत्र जो अति पिछड़ा है, की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।

*श्री जुगल किशोर (जम्मू): मैं बजट का समर्थन करता हूं क्योंकि यह बजट गांव, गरीब और किसान का बजट है। जहां तक मुझे ज्ञात है कि देश में पहली बार ऐसा बजट वित्त मंत्री जी द्वारा लाया गया है। मा0 नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतत्व में इस बजट की सभी क्षेत्रों में प्रशंसा हुई है विशेषकर गांव और गरीबों में इस बजट को लेकर बहुत उत्साह है। क्योंक इस बजट में आदरणीय वित्त मंत्री जी ने वो हर प्रावधान रखा हुआ है जिससे गांव और गरीब का उत्थान होगा। गरीबों के लिए जो योजनाएं इस बजट में दी गई हैं उससे गरीबों का अवश्य भला होगा।

देश में पहली बार गरीबों के खाते बिना किसी पैसे के बैंकों में खुले। वो बैंक जो गरीबों को सीढ़ियां तक नहीं चढ़ने देते थे, उन्होंने, उनके घरों में जाकर बैंकों ने खाते खोलने का काम किया।

जन धन योजना का देशभर में स्वागत हुआ। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना गरीबों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना उसका भी भरपूर लाभ गरीबों को मिल रहा है।

देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि किसी गरीब की लड़की की शादी पर 5 ग्राम सोना और 25 हजार रूपया दिया जाये। देश भर में गरीब इसका लाभ ले रहे हैं। सुकन्या योजना की बात करें चाहे किसी अन्य की, लेकिन माँ-बहनों-बेटियों के लिए जितनी योजनाएं नरेन्द्र भाई मोदी जी की सरकार ने उनको अर्पित की है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। माँ-बहनों का मान-सम्मान अपने आप में एक मिसाल है।

माँ-बहनों के अलावा युवाओं के लिए भी इस सरकार ने कई कदम उठाये हैं। जिन नौजवानों के पास कुछ कौशल है और वे अपना काम आरंभ करना चाहते हैं उनके पास पैसा नहीं है तो इसके लिए मोदी सरकार ने मुद्रा बैंक की स्थापना की है। लोन आसानी से उपलब्ध हो ऐसा प्रावधान किया है। जिन नौजवानों के पास कोई कौशल नहीं है उनको कौशलयुक्त बनाने के लिए कौशल विकास योजना के तहत लोगों को प्रशिक्षित करने का कार्य आरंभ किया है।

गरीब आदमी ज्यादातर बीमारी से परेशान होते हैं, उनके लिए भी इस सरकार ने तीन हजार से ज्यादा सस्ती दवा की दुकाने खोलने का निर्णय लिया है एवं किडनी की बीमारी से निजात पाने के लिए कदम उठाये हैं।

यह देश के पहला बजट होगा जिसमें किसानो के उत्थान के लिए कई योजनाओं की घोषण की गई। जैसे प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना इत्यादि। अब सूखे खेतों में भी हरियाली आयेगी और किसान खुशहाल होगा। फसल का नुकसान होने पर बीमा योजना से अब उसके नुकसान की भरपाई होगी और उसको आत्महत्या करने पर मजबूर नहीं होना पड़ेगा। प्रधानमंत्री ग्रामीण

* Speech was laid on the Table.

सड़क योजना जो अटल बिहारी वाजपेयी के समय आरंभ की गई थी, रूक सी गई थी। इस बजट में मा0 वित्त मंत्री जी ने फिर से उसमें जान डाल दी और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तेजी से आगे बढ़े और ग्रामों को इसका फायदा मिलना आरंभ भी हो गया। पड़ोसियों के साथ अच्छे रिश्ते हों, इसका भरपूर प्रयास इस सरकार में हुआ। बांग्लादेश सीमा विवाद को हल करके एक मिसाल पैदा की। पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया। आज दुनिया में भारत का नाम इज्जत के साथ लिया जाता है। जम्मू कश्मीर के लिए भी इस सरकार ने काफी अच्छे कदम उठाये हैं। जम्मू कश्मीर की सड़कों, पुलों, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे स्टेशनों का काफी ध्यान इस बजट में रखा गया है। इसका सबसे बड़ा लाभ जम्मू लोकसभा क्षेत्र, जिससे मैं आता हूं, इस बजट में वहां की गरीब जनता को मिला है। जिसमें गरीबों के लिए शौचालयों की व्यवस्था करना और कौशल विकास के लिए कदम उठाना। सी.आर.एफ. के द्वारा कुछ सड़कों और पुलों के काम के लिए धन उपलब्ध करना। जम्मू से पूंछ तक नेशनल हाईवे के लिए 5 हजार करोड़ से भी ज्यादा धन उपलब्ध कराना अपने आप में एक मिसाल है। देश के आजाद होने के 60 वर्षों बाद भी जहां बिजली नहीं थी उसके लिए दीन दयाल उपाध्याय विद्युत योजना के तहत उन गांवों में बिजली पहुंचाना, एक ऐतिहासिक कदम है। मैं इस बजट का समर्थन करते हुए यह कहना चाहता हूं कि आदरणीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी ने यह बजट जो गांव, किसान और गरीब के हित में लाया है, मैं इसका समर्थन करता हूं।

*__प्रो. चिंतामणि मालवीय (उज्जैन)__: , मैं आपने ट्रांसफार्म इंडिया के संकल्प से सिंचित इस आम बजट का समर्थन करता हूं। अपने भाषण का प्रारंभ में माननीय वित्त मंत्री जी के भाषण की अंतिम पंक्तियों से करना चाहता हूं, बजट सदन को समर्पित करते हुए माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा था "हमारी इच्छा है कि प्रत्येक भारतीय खासकर किसानों, गरीबों और कमजोर वर्ग को सामाजिक, आर्थिक सुरक्षा दी जाए हमारा स्वप्न है अधिक समृद्ध भारत को देखने का और सपना है भारत को विकसित देखने का।" भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर ने भी यही सपना देखा था, उन्होंने कहा था कि गरीबों, दलितों, अनु. जाति और जनजाति के लिए केवल राजनैतिक लोकतंत्र पर्याप्त नहीं है जब तक आर्थिक लोकतंत्र की स्थापना न हो तब तक राजनैतिक लोकतंत्र का कोई लाभ नहीं है। भाजपा सरकार ने डॉ. बाबा साहेब के सपनों को हकीकत बनाने का ईमानदार प्रयास इस बजट के माध्यम से किया है। बजट और अर्थव्यवस्था का साधारण ज्ञान रखने वाला व्यक्ति भी यह कह सकता है कि यह बजट किसानों, गरीबों, अनु. जाति, जनजाति और युवाओं पर केन्द्रित है।

किसान दुनिया में सबसे ज्यादा दुःखी और परेशान हैं। वो परेशान है बाढ़ से, वो परेशान है सूखे मौसम की अनिश्चितता से, साहूकार से, गंदे ग्रामीण परिवेश से, वो दुःखी हैं मूलभूत सुविधाओं के अभाव में, सड़कों के अभाव में, आजादी के 68 साल बाद भी हमारे गांवों के स्वरूप में बहुत अधिक परिवर्तन नहीं आया है। लेकिन मोदी सरकार ने यह बजट गांवों की किसानों की सूरत बदलने के लिए समर्पित किया है। 87700 करोड़ रुपए ग्रामीण विकास पर खर्च करने का प्रावधान किया गया है। कृषि समृद्धि की कल्पना सिंचाई की सुविधा के बगैर नहीं की जा सकती लेकिन पूर्ववर्ती सरकारें देश की नदियों की विशाल सम्पदा के बावजूद खेत तक पानी पहुंचाने में असफल रही है। हमारे पास पानी बहुत है पर पानी का व्यवस्थापन वाटर मैनेजमेंट नहीं है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना प्रारंभ की गयी। 28.5 लाख हेक्टेयर जोत की सिंचाई 5 लाख कुओं और तालाबों से की जाएगी। लम्बे समय से लम्बित पड़ी 89 सिंचाई परियोजना को पूर्ण करने के लिए 17000 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गयी है, 20000 करोड़ रुपए से दीर्घावधि सिंचाई निधि बनाई गयी है, 19000 करोड़ रुपए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क हेतु दिए गए हैं, 38500 करोड़ रुपए मनरेगा में दिए गए हैं, मैं पूछना चाहता हूं, कहां हैं वो जो सरकार को सूट-बूट की सरकार कहते थे। एक चाय बेचने वाले ने सूट पहन लिया तो लाखों-करोड़ों के भ्रष्टाचार पर भारी हो गए? एक शेर मुझे याद आता है -

* Speech was laid on the Table.

हम आहे भी भरते हैं तो हो जाते हैं बदनाम।

वो कत्ल भी करते हैं तो चर्चा नहीं होती।।

हमारे किसानों ने हमें खाद्य की सुरक्षा दी लेकिन देश उन्हें आय की सुरक्षा न दे सका, किसान आत्महत्या को विवश हैं। सरकार ने 5500 करोड़ रुपए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हेतु आवंटित करके कृषिकारणों से आत्महत्या के रास्ते बंद कर दिए हैं। मात्र 2% और 1.5% की प्रीमियम पर किसानों को बोवनी से लेकर बिक्री तक की सुरक्षा इस योजना में दी गयी है।

हम जानते हैं कि हमारे देश में खेतों का आकार छोटा है और ज्यादातर सीमांत किसान हैं। सिंचाई और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भी शायद उनके जीवनस्तर में सुधार न ला सके, इसलिए वित्त मंत्री जी ने मनरेगा में 38500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, 19000 करोड़ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में दिए है। इन सबसे बढ़कर देश के 100% गांवों में 24 घंटे बिजली देने की योजना से गांवों में रोजगार बढ़ेगा, बिजली की उपलब्धतता से गांवों में छोटे कुटीर और लघु उद्योग पनप सकेंगे। 80 लाख रुपए प्रति पंचायत को आधारभूत विकास के लिए और किसानों को 9 लाख करोड़ के कृषि ऋण बाटने का लक्ष्य वास्तव में गांवों और किसानों के लिए अच्छे दिन की गारंटी है।

मैं अनुसूचित जाति वर्ग से आता हूं और मैं उन लोगों से जो डा. बाबा साहेब अम्बेडकर का चित्र लगाकर अपनी राष्ट्र विरोधी मानसिकता का आवरण बना रहे है वो जो झूठ बेच रहे हैं जैसे छिपकली जीव जंतु खाकर महात्मा गांधी के चित्र के पीछे छिप जाती है, अपने पापों को छुपा लेते हैं वैसे ही जिन्होंने बाबा साहेब को कभी स्वीकार नहीं किया कभी माना नहीं उन कम्यूनिस्टों और कांग्रेसियों को निराशा होगी। इस बजट में 38833 करोड़ रुपए अनु. जाति के लिए विभिन्न योजनाओं में दिए गए है, मुझे याद है पिछली यूपीए सरकार ने अनु. जाति के कम्पोनेंट प्लान की राशि विभिन्न मदो में खर्च की थी। भाजपा सरकार ने स्टेंड-अप स्कीम के तहत 500 करोड़ रुपए उपलब्ध करवाए हैं। निर्देश दिया है कि प्रति बैंक कम से कम 2 अनु. जाति, जनजाति वर्ग के व्यक्ति को उद्योग लगाने हेतु ऋण देगी, इससे देश में एक वर्ष में 2.5 लाख उद्यमी तैयार होंगे। उद्योग संघों की भागीदारी से राष्ट्रीय अनु. जाति, जनजाति हब की स्थापना की जाएगी। ये बात शायद मेरे विपक्षी मित्रों को रास न आए। क्योंकि हमेशा से कांग्रेस और कम्यूनिस्टों की रूचि अनु. जाति, जनजाति वर्ग को गरीब और पिछड़ा रखने में रही है। मनरेगा और खाद्य सुरक्षा जैसी योजनाएं केवल उन्हें गरीब रखने की मानसिकता से लाई गई थी, ताकि वे गरीब बने रहे और उनके पिछड़ेपन को गरीबों को हथियार बनाकर कभी उन्हें नक्सली बनाया जाए, कभी कन्हैया जैसे गरीब वर्ग से आए विद्यार्थी का ब्रेनवाश करके राष्ट्रविरोधी बना दिया जाए। भाजपा सरकार अनु. जाति, जनजाति वर्ग के जीवन में बदलाव लाना चाहती है, उन्हें जॉबसीकर नहीं जॉब प्रोवाईडर बनाना चाहती है, आर्थिक बराबरी पर

खड़ा करना चाहती है। कांग्रेस और कम्यूनिस्ट युवाओं को बेरोजगार रखना चाहते हैं ताकि उनमें राहुल वेमुला निकले। लेकिन सरकार उनमें उद्यमी देखना चाहती है, साहसी देखना चाहती है, युवा शक्ति को चारा, अपनी गंदी राजनीति का साधन बनाने वाली पार्टियों को बजट से निराशा है, निराशा होनी भी चाहिए क्योंकि मोदी सरकार 1500 नए ट्रेनिंग स्कूल खोलने जा रही है। उन्हें स्किल्ड बनाना चाहती है। पहले गरीब के पास विकास की संभावना कम थी, न प्रशिक्षण था न पैसा था न कोई ऋण सुविधा थी। माननीय वित्त मंत्री जी इन आवश्यकताओं को समझा और मुद्रा योजना में 1.80000 करोड़ रुपए के ऋण देने का लक्ष्य रखा है। मुझे उम्मीद थी कि देश में बेरोजगारी पर चिंता प्रकट करने वाले दल और नेता इसका स्वागत करेंगे, स्टार्ट-अप, स्टेंड-अप और मुद्रा योजना की प्रशंसा करेंगे लेकिन यह नहीं सुनाई दिया। वे परेशान हैं कि यदि युवाओं को रोजगार मिला तो अस्तित्व ही संकट में आ जाएगा।

गरीब वर्ग में गुर्दे की बीमारी किडनी फेल होने की बीमारी बहुत होने लगी है और जिस गरीब की किडनी बिगड़ जाए तो उसका पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। वो रोज मृत्यु की और बढ़ता है और परिवार उसे अपनी और खिंचता है। जब किडनी खराब हो तो आदमी एकदम नहीं मरता क्रमशः शनैः-शनैः मरता है, उसका परिवार बर्बाद हो जाता है, एक बार डायलैसिस का शुल्क 1000 रुपए होता है और यह हर सप्ताह में करवाना होता है। इस प्रकार परिवार को 5000 रुपए अलग से जिन्दा रहने की कीमत चुकानी होती है। भारत में प्रतिवर्ष 2 लाख 20 हजार मरीज नए जुड़ते हैं लेकिन केवल 4950 डायलिसिस सेंटर हैं। सरकार ने "राष्ट्रीय डायलिसिस सेवा कार्यक्रम" की शुरूआत करके सिद्ध किया है कि सरकार मानवीय है।

हम विकसित देशों में देखते हैं कि हर व्यक्ति का मेडिकल इंश्योरेंस होता है लेकिन भारत के सदंर्भ में यह कल्पना ही थी कि हर व्यक्ति का और खासकर गरीब व्यक्ति का स्वास्थ्य बीमा हो, सरकार ने नई "स्वास्थ्य सुरक्षा स्कीम" लाकर करोड़ों परिवारों को राहत देने का काम किया है जिसमें प्रति परिवार 1 लाख तक का बीमा है जिसमें 70-75 तक की सारी बीमारियां कवर होगी। वृद्धों के लिए 30 हजार अलग से बीमा राशि बढ़ाकर आम आदमी की तकलीफ को कम किया है।

अटल जी की सरकार के पूर्व गैस कनेक्शन के लिए एक दो साल और कभी-कभी तो इससे भी ज्यादा इंतजार करना पड़ता था जिसे 6 महीने में मिल जाए वो खुद को भाग्यवान समझता था। अटल जी ने एलपीजी गैस की लाइन और प्रतीक्षा खत्म की अब जो चाहे कनैक्शन ले सकता है। लेकिन पिछली यूपीए सरकार ने उसे आगे नहीं बढ़ाया और अभी भी 1.5 करोड़ परिवार उससे वंचित है। गरीबी का नारा देने वाली पार्टियों से इस दिशा में कुछ नहीं किया लेकिन मैं धन्यवाद करता हूं माननीय वित्त मंत्री जी का जिन्होंने 1.50 करोड़ बीपीएल परिवारों को एलपीजी कनैक्शन रियायती दर पर उपलब्ध करवाने के लिए 2000 करोड़ का प्रावधान किया।

जो अपना हाथ गरीबों के साथ होने का झूठा दावा करते आए हैं, गढ़ते आए हैं उनसे गरीबों का मोह भंग हो गया है। मोदी सरकार के इस जन-कल्याणकारी बजट ने उनकी आंखें खोल दी है उन्हें लगने लगा है कि अब तक जिसे हम हाथ समझकर पकड़े हुए थे वो दस्ताना था। उन्होंने दस्ताना छोड़ दिया है। हमारा किसान जी-तोड़ मेहनत करके अनाज उगाता है लेकिन असली उपज का 10% तक भाग बेकार चला जाता है, सब्जी और फल तो 25% तक बेकार हो जाता है लेकिन उनकी प्रोसेसिंग को लेकर कोई पुख्ता योजना पूर्व की सरकार ने नहीं बनाई। सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण में 100% एफडीआई की अनुमति दी है, इससे देश में भंडारण और खाद्य प्रोसेसिंग प्रणालियों की सुविधाओं में सुधार आएगा। उत्पादों का बेहतर लाभ किसानों को मिलेगा, रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, निर्यात बढ़ेगा। हमारा देश आत्मनिर्भर भी होगा और सम्पन्न भी होगा।

*SHRI P.R.SUNDARAM (NAMAKKAL) : Hon. Madam Speaker, Vanakkam. I thank Hon Chief Minister of Tamil Nadu Puratchithalaivi Amma for allowing me to take part in the discussion on General Budget for the year 2016-17, on behalf of All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam (AIADMK). Hoarding black money is a challenge to nation's development. Hon. Prime Minister before coming to power, said that black money stashed abroad would be brought back to India. There was no concrete action by the Union Government in this regard. On the contrary, the Union Government has now announced about voluntary disclosure of black money and paying tax for them. Time has also been extended by the Government for availing such benefit. This will only help the hoarders of black money. Labourers and employees save in Employees Provident Fund (EPF) and Insurance Schemes as it would help them at the time of their financial need. But tax on EPF and Insurance policies, as announced in the Budget, is a matter of worry. I welcome the announcement by the Union Government to withdraw imposition of tax on EPF. No change has been effected in raising the income tax exemption limit. This is also a matter of concern. These issues clearly reflect the fact that the Union Government has no concern towards the welfare of poor and middle class people.

In comparison to last year, additional funds of 10% have been allocated to Defence this year. This is just 1.74 % of the Gross Domestic Product (GDP). Even our neighbouring country China has allocated more funds to its Defence sector. This is a threat to India. At least 3% of GDP should be allocated to Defence forces of our country. Even though Government of India spearheads the programme called “Make in India”, 60% of defence equipment are imported from foreign countries. We have to domestically produce our defence equipment. Then only we can add weightage to the term, ‘Make in India’ in the true sense.

Due to the untiring efforts of Hon. Amma the Notification of Cauvery River Water Tribunal was published in the Union Gazette. As demanded by the

* English translation of the Speech originally delivered in Tamil.

Hon. Chief Minister *Puratchithalaivi* Amma, in a letter addressed to Hon. Prime Minister, the Cauvery River Water Management Authority should soon be set up.

Hon. Madam Speaker, Under the Saansad Adarsh Gram Yojana (Member of Parliament Model Village Scheme), a village is being adopted by every Hon. Member of Parliament. No funds are being allocated by the Union Government under this Scheme. How is it justifiable to ask the Hon. Member of Parliament to adopt a village under this Scheme without allocation of any fund?

Under MPLAD Scheme, Rs. 5 Crore is allocated every year to each parliamentary constituency. This amount should be increased as Rs.10 Crore per year.

Hon. Madam Speaker, Import duties on life saving drugs should be abolished. I urge that drugs for treatment of cancer should be included in the list of essential drugs. Due to the unseen and unprecedented heavy rains that devastated Tamil Nadu particularly Chennai and 7 districts were worst affected. To restore normalcy and to undertake rehabilitation work, Hon. Amma demanded Rs. 5000 Crore in the first phase and Rs. 25912.45 Crore subsequently. But only a meager amount of Rs.1900 Crore has been so far provided by Tamil Nadu. I, therefore, urge that the funds, as demanded by Hon. Amma, should be released immediately to Tamil Nadu.

The Fishermen of coastal districts of Tamil Nadu, while engaging in fishing in traditional sea waters, are time and again arrested by the neighbouring country. After the efforts of Hon. Amma, they were released in the past. This is becoming a continuous affair. The Union Government should act upon to stop this menace of fishermen being arrested by neighbouring country. As demanded by Hon. Amma, Katchaththeevu – an islet should also be taken back which was earlier ceded to Sri Lanka.

Hon. Madam Speaker, the Union Government has allocated Rs.72394 crore for education. During last 5 years, Hon. *Puratchithalaivi* Amma has allocated Rs. 85,000 Crore for education in Tamil Nadu. That is why Tamil Nadu

has been progressing too much in the field of education and continues to remain a *Numero Uno* State in the country in the field of education. Taking cue from Tamil Nadu, the Union Government should allocate more funds to the field of education. As regards power generation during previous minority DMK Government, Tamil Nadu faced acute power shortage. Now Hon. Amma has made Tamil Nadu self-sufficient in power generation. Power grid aimed at distribution of power to Tamil Nadu should be strengthened by the Union Government.

During the years 2011 to 2014 the then Finance Minister Shri P. Chidambaram of the UPA Government announced in the Budget that Rs.1000 Crore will be allocated for setting up of a desalination plant in Tamil Nadu. But not even a single paisa was allocated. The then Finance Minister had not allocated any money because of his political vendetta and his helplessness to digest Hon. Amma getting name and fame. Due to this, he did not even contest in his own Sivaganga parliamentary constituency but sought candidature for his son and thereafter the latter also could not secure his deposit in 2014 elections.

Another party, which was a partner of congress Party and involved in 2G Scam, had a damaging defeat. Hon. Amma has been implementing this desalination project for the welfare of the people of Tamil Nadu.

"Unworthy friendship will do more harm." As the saying goes, the DMK, which went away from the Congress led coalition during the 2014 Lok Sabha elections, has once again joined hands with the Congress party. During 2014 Lok Sabha elections, this coalition could not secure a single parliamentary seat in Tamil Nadu. This time also they will not be able to win any Assembly seat. Rs.1,76,000 Crore 2G Spectrum Scam, Rs.1,86,000 Crore mining scam and several scandals has brought defame to the DMK-Congress combine and that coalition will be defeated by the people of Tamil Nadu in the forthcoming Assembly Elections. The people of Tamil Nadu will teach them a lesson.

DMK leader, while expressing his wish to join hands with another party, said that there would be a fruitful result. But to his discomfort all ended in vain.

Another leader who glorified himself as king and kingmaker should know that he is only kingfisher. Their chapter is a closed one. Tamil Nadu will see a new beginning under the rule of Hon. *Puratchithalaivi* Amma once again. Thank you.

[*] DR. THOKCHOM MEINYA (INNER MANIPUR) : This year's Union Budget is a great disappointment for the Nation. The allocation to various Ministries has been minimal against the backdrop of huge promises made by the Prime Minister, Union Ministers amounting to tens of thousands of crores. This Budget is a testimony to all this.

It is no secret that the Finance Minister had to present this budget under the two silver lines; the falling oil price and the comfortable foreign exchange reserves at USA $351 billion. Further, the recent implementation of the 14th Finance Commission recommendation that has raised the share of states in the divisible pool of central taxes from 32% to 42% has to some extent squeezed the revenue and resource intervention base of the central government. This Budget has absolutely failed to exploit this advantageous situation.

We know that budget is neither the only economic policy paper nor the last word in economic policy making.

The next issue is: from where the money will come? The Finance Minister has stuck to his fiscal consolidation promise of maintaining fiscal deficit at 3.5% of the GDP. In the absence of the corporate growth, he heavily depends on indirect taxes.

In the absence of any visible benefits to the neo middle class, this class may hold back its income from spending. This makes the expected indirect tax realizations uncertain. The Government has to live with this uncertainty.

I come from the state of Manipur. My state Manipur was an independent kingdom till we lost our independence to the British in 1891. After this, Manipur remained as a princely state.

With the lapse of British suzerainty following the adoption of the Indian Independence Act, 1947, Manipur regained its sovereign independence. During this transition period the Manipur State Constitution Act, 1947 was passed. In early 1948, the first election was held in Manipur on the basis of adult franchise.

---

[*] Speech was laid on the Table.

Our Maharaja was called to Shillong and made to sign the Manipur Merger Agreement in 1949. On adoption of the Constitution of India on 26 January 1950, Manipur became a part C state and then a Chief Commissioner State, then the Territorial Council in 1957; then the Territorial Legislative Assembly in 1963; and Union Territory under the Union Territories Act, 1963. Manipur became a full-fledged State on 21 January 1972 by the North-Eastern (Reorganization) Act, 1971.

What is the position of the present Manipur in the country vis-a-vis the Constitution of India. We the people in Manipur feel that had Manipur been merged into the Union of India as a full-fledged state at the time of its merger in 1949, most of the problems the state is now facing might not have occurred.

In 1963, when the Naga Hills of Assam was granted Nagaland state, the two erstwhile princely states of Manipur and Tripura could have been granted statehood. Unfortunately, it did not happen. These demand-driven actions of the Government of India do more harm than good.

We know that till Manipur attained statehood, the people did have little say whatsoever. But in 1972, when Manipur attained full-fledged statehood, all that Manipur had before its merger into the Union of India could have been restored to Manipur by the Union Government.

These include, among others, the protection of territorial integrity of the state (including International boundary), the regulatory system of entry into and exit from Manipur by outsiders (abolished in 1950), the tribal status for all the indigenous people of the state, the redeeming of Rs.500 tax/tribute for Kabaw valley by the Burmese Government under Treaty of Yandaboo. Unfortunately, these things did not happen. Even the merger agreement had not been implemented at all and has been completely forgotten. Because of this, Manipur is now facing a huge demographic challenge.

The state of Manipur had been facing a serious insurgent movement from around the beginning of 60s, which in my opinion, requires a political solution.

Instead, Government of India promulgated Armed Forces (Special) Powers Act, 1958 (AFSPA).

This AFSPA is really draconian and a black law. Many Committees, Commissions, Conferences including most recent Justice Verma Committee and UN agencies recommended repeal of the Act. I have been always urging the Government of India for the immediate repeal of AFSPA, but of no avail till date.

In order to safeguard the territorial integrity of Manipur, I have moved a Constitutional Amendment Bill twice to insert an extra Article 371CC : that 'Article 3 of the Constitution of India shall not apply in respect of the state of Manipur. Till now, this Bill does not get the space for consideration.

At the moment, there are three Bills passed by the Manipur Assembly and waiting for the assent from the President of India. These are good Bills and will help protecting the indigenous people of Manipur for all time to come. I hope, very soon the President of India will give his assent.

We are all for a peaceful settlement of vexed Naga issues. Unfortunately in 2001, because of the three words 'beyond territorial limits in the Indo-NSCN(IM) cease fire agreement, there was a huge upsurge in the state of Manipur killing 18 innocent people and burning down the State Assembly building and many other government offices in 2002. That was during NDA regime.

Last year again, on August 3, a framework agreement was signed between Government of India and NSCN(IM). What are there in the framework, it appears nobody knows. Manipur, Assam and Arunachal Pradesh Governments are demanding the details of the framework agreement. Because NSCN (IM) does speak among others including their demand for some sort of integration of Naga people of the neighbouring states by expanding their territory and also of shared sovereignty with the Government of India.

Considering all these aspects, I do urge upon the Union Government to take all possible steps within the framework of our Constitution for a political solution of the age-old problem of insurgency in the state of Manipur and also a generous

special economic package for all round development of this erstwhile princely state of Manipur.

*श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा): माननीय प्रधानमंत्री जी की सोच के अनुरूप माननीय वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया है, मैं इसका समर्थन करता हूं। यह बजट गांव, गरीब, किसान और महिलाओं को समर्पित है। तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद हमारी विकास दर 7.6 प्रतिशत रही है। नई फसल बीमा योजना से किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी। कृषि और किसान कल्याण के लिए इस बार बजट को दुगुना कर दिया गया है। पिछली बार यह 22,958 करोड़ था जिसे बढ़ाकर इस बार 44,485 करोड़ कर दिया गया है। इसी प्रकार से कृषि एवं सिंचाई के बजट को 25,988 करोड़ से बढ़ाकर 54,212 करोड़ किया गया है। किसानों की आमदनी 5 वर्ष में दुगुनी करने का लक्ष्य रखा गया है। 1 मई, 2018 तक 100 प्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गरीब परिवारों को 1 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा दिया गया है। 60 साल के ऊपर के लोगों को 30 हजार का अतिरिक्त सुरक्षा कवर प्रदान किया गया है जिससे उनको 1 लाख 30 हज़ार रुपए स्वास्थ्य का बीमा मिलेगा। गुर्दे के मरीजों की संख्या को देखते हुए हर जिले में एक डायलेसिस केन्द्र खोलने का प्रस्ताव सराहनीय है। 5 करोड़ महिलाओं को निःशुल्क गैस कनैक्शन देने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उससे उन गरीब महिलाओं को लाभ होगा। जो धुएं से अपनी आंखों एवं फेफड़े को खराब करती थीं। आधार कार्ड से सब्सिडी सीधे उनके खातों में भेजने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उससे आम जनजीवन को बहुत ही लाभ होगा। सरकार ने 3 हजार जन औषधि केन्द्र खोलने का जो लक्ष्य निर्धारित किया है उससे गरीब लोगों को सस्ती दवाएं मिलेंगी। 300 कलस्टर बनाकर ग्रामों के समूहों को विकसित करने के लिए 5000 करोड़ रुपए का जो प्रावधान किया गया है उससे गांवों को विकसित करने में सुविधा मिलेगी। ग्राम पंचायतों के बजट को 228 प्रतिशत बढ़ाकर 2 लाख 87 हजार करोड़ रुपया देने का प्रस्ताव किया गया है। इससे हर ग्राम पंचायत को 80 लाख रुपया कम से कम मिलेगा। साथ ही प्रत्येक टाउन एरिया एवं नगरपालिका परिषदों को को भी 11 करोड़ से लेकर 21 करोड़ तक मिलेंगे। जिससे वहां के विकास में मदद मिलेगी। वर्ष 2016-17 में 10 हजार कि.मी. राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हर रेलवे क्रासिंग पर फ्लाईओवर बनाने की विशेष योजना शुरू की गई है जो सराहनीय है और एक क्रांतिकारी कदम है। छोटे घर खरीदने वालों को 50 हजार रुपए तक की कर कटौती छूट प्रदान की गई है। इससे आम लोगों का घर खरीदने का सपना पूरा हो सकेगा। किराएदारों को राहत देते हुए उनको आयकर कटौती में छूट की सीमा 24 हजार से बढ़ाकर 60 हजार कर दी गई है जो कि एक सराहनीय प्रयास है।

---

* Speech was laid on the Table.

मैं माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि जन भावनाओं को देखते हुए सर्राफा व्यवसाय पर जो अतिरिक्त कर लगाया गया है उसे वापस लेकर सर्राफा व्यवसायियों को विश्वास में लेकर उक्त कर की पूर्ति किसी दूसरे रुप में करने हेतु बजट में प्रावधान करने की कृपा करें। आयकर की छूट की सीमा जो पिछले वर्ष भी नहीं बढ़ाई गयी थी उसे ढ़ाई लाख से बढ़ाकर 3 लाख करने हेतु अपने जवाब में ऐसी घोषणा करेंगे, ऐसी मैं अपेक्षा करता हूं। सांसद क्षेत्र विकास निधि जो कई वर्ष पूर्व बढ़ाई गई थी उसमें रॉ मेटेरियल की मंहगाई की दर के अनुसार उसे बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। अतः इस विषय पर शीघ्र निर्णय लेकर उसे बढ़ाने हेतु इसी बजट में प्रावधान करने की कृपा की जाए। सांसद आदर्श ग्राम योजना के लिए विशेष अनुदान की इस बजट में व्यवस्था की जाए ऐसा मैं अनुरोध करता हूं।

मैं बुन्देलखंड क्षेत्र से आता हूं जहां पिछले 10 वर्ष से सूखा की वजह से विषम हालात है। किसान आत्महत्या कर रहा है। अतः बुन्देलखंड के प्रत्येक जिले को विशेषकर उत्तर प्रदेश के आठों जिलों को प्रधानमंत्री सिंचाई योजना में लेकर इसी वर्ष से काम शुरू करने का अनुरोध करता हूं। बुन्देलखंड क्षेत्र में सभी जिले के किसानों के कर्जे एवं ब्याज को माफ कर इस अनुदान को सीधे उनके खातों में जमा कराने हेतु इसी बजट में प्रावधान करने की प्रार्थना करता हूं। बुन्देलखंड क्षेत्र में गरीब लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु बांदा या महोबा में एक एम्स की स्थापना हेतु विशेषतौर से निवेदन करता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में बांदा जिले में कोई केन्द्रीय विद्यालय नहीं है। इसी सत्र में एक केन्द्रीय विद्यालय खोलने हेतु निवेदन करता हूं। मेरे क्षेत्र में कैंसर मरीज बहुतायत में हैं। आस-पास कई सौ कि.मी. में कोई हॉस्पिटल नहीं है। अस्तु चित्रकूटधाम में एक कैंसर अस्पताल खोलने हेतु मैं अनुरोध करता हूं।

इसी के साथ माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा लाए गए बजट का समर्थन करते हुए एक ऐतिहासिक बजट लाने के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए मैं अपनी बात को विराम देता हूं।

* PROF. RICHARD HAY (NOMINATED) : First of all, I compliment the hon. Finance Minister and the Government of India for presenting a pro-people budget which is for all purpose a pro-poor budget. I compliment the Government for keeping in control the fiscal deficit, which is the result of prudent fiscal planning and control.

The budget unequivocally supports the MGNREGA, Crop Insurance, and a host of such people friendly schemes to help the marginalised to be freed from the shackles of poverty which they have been undergoing for several decades.

Doubling farmers income is by itself a formidable task which the Government is committed to and this Budget shows the way for doubling the farmers income by 2022. The basic needs of the rural poor are taken care of by this Government which understand the pangs of the pain suffered by the poor all these years.

I urge upon the Finance Minister to provide more financial support to enable marketing of the farm products, value addition, augmenting the farmers income, constituting a Food Regulatory Authority by the Union Government to support the prices of all farm produce so as to ensure fair price for the farmers as well as fair price to the consumers which are most welcome and for which we look forward to.

Allocation of more budgetary provisions for the education sector is most welcome as this is the key method by which a nation can progress by providing educational opportunities, especially for the underprivileged. A concerted action is called for helping the weak and poor to be provided with educational facilities on a war footing from primary to higher education. The GER has to increase and catch up with other developed countries. More funds are to be used for research and innovative practices in the universities which would help industry and the society to progress at a greater speed. Simultaneously, this Government is laying emphasis on skill development which would ensure jobs to the youth who have

* Speech was laid on the Table.

registered their faith in a Government which fulfills the aspirations of its citizenry, especially the youth. The linguistic minority, Anglo-Indian seeks financial support for their socio-economic development.

Also the hon. Finance Minister has laid so much importance to the development of infrastructure by allocating huge outlays for infrastructure, including roads, rail, inland water way, ports, etc. The construction industry too will also develop by leaps and bounds due to fiscal policies and budgetary support. Providing homes for millions of people is yet another laudable achievement. The low cost housing scheme would fulfill the dreams of millions of homeless.

The Aadhar cards are going to help millions to obtain their legitimate claims and would make them enjoy the fruits of their hard earned labour.

The budgetary support for completing rural electrification is another admirable feat that would bring the joy of light to millions of homes throughout the country. The gas connections in the homes of millions of poor in our country will bring lot of relief to the poor - a result of the love and affection showered by the hon. Prime Minister to the common man by sending out a call to the fellow citizens to give up subsidy so as to help the needy.

The hon. Finance Minister has given an opportunity to the tax defaulters to pay up their tax which would necessarily help the poor as the Government would be able to bring out more welfare measures to save the poor from poverty. We hope the tax defaulters will show concern for the poor brethren and sisters and pay their tax as a true citizen of the nation.

The Mudra Bank, the Start Up and Stand Up, the several insurance schemes, etc. are bringing out positive results that needs the budgetary support and the support of every citizen who can also reap the benefits of such a pro-people budget. The ripple effect of such people-centric budget is the acceptance by the people who has immense faith in this Government economic policies.

The nation needs the backing of both PSU's and private sector to revitalize her economy to build a modern India where progress is achieved through equity,

justice and integrity. I once again pay my compliments to our hon. Visionary Finance Minister and the leader of the nation, the Prime Minister for bringing out a growth-oriented welfare budget that fulfills the dreams of her citizenry. Resurgence of India is a fact and reality.

*श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी): मैं माननीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत आम बजट 2016-17 का समर्थन करता हूं। अर्थव्यवस्था में एक नयी क्रांति की शुरूआत है। वर्तमान माहौल में गरीब, किसान, गांव, मध्यम वर्ग व इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण व उद्योग तथा व्यापार को बढ़ावा देने वाला एक संतुलित बजट है। विपक्षी दल (पूर्वाग्रह व राजनैतिक कारणों से) विरोध कर रहे हैं परन्तु उनको भी पता है कि कृषि, किसान, गांव, गरीब, स्वास्थ्य, सस्ती दवाओं, बिजली, पानी, सड़क, रोजगार की चिंता के साथ गांव व शहर के जीवनस्तर में अंतर को भी समाप्त करने के साथ अर्थव्यवस्था की गति बनाए रखने के प्रस्ताव किए गए हैं, जिनके परिणाम शीघ्र ही दिखायी देंगे। बजट दर्शाता है कि यह सरकार देश के सभी लोगों को रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार व सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। देश के सामान्य नागरिकों से लेकर उद्योग जगत, किसानों व युवाओं की अपेक्षायें पूरा करने वाला यह बजट माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा मुश्किल राजकोषीय चुनौतियों के दौर में अर्थशास्त्र व प्रबंधन का बेहतरीन उदाहरण है। हम जानते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार कृषि है। इस देश के 70 प्रतिशत लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर हैं। माननीय वित्त मंत्री जी ने 36000 करोड़ रुपए देकर व पांच वर्षों में किसानों की आमदनी दोगुनी करने का प्रशंसनीय प्रस्ताव किया है।

सरकार ने कृषि ऋण बढ़ाकर नौ लाख करोड़ करने के साथ प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि बाजार, डेरी, फूड प्रोसेसिंग जैसे सहयोगी कृषि व्यापारों सहित स्किल डेवलेपमेंट व 300 ग्रामीण कलस्टर (100 इस वर्ष) का विकास करके गांवों में आवासीय सुविधाएं बढ़ाने के प्रस्ताव करके गांव व किसानों को सुविधाएं देने के प्रस्ताव किए हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है। सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का 30 प्रतिशत योगदान है, वहीं कुल निर्यात में लगभग 50 प्रतिशत कृषि क्षेत्र का योगदान है। वहीं औद्योगिक क्षेत्र को कच्चा माल उपलब्ध कराने के अलावा उत्पादित अनेक वस्तुओं की खपत भी कृषि क्षेत्र में होती है। सरकार ने जमीन के स्वास्थ्य को ठीक रखने हेतु मार्च, 2017 तक सभी 14 करोड़ किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने का लक्ष्य तय किया है। देश में जैविक खेती पर भी जोर दिया गया है। सरकार निश्चित ही किसानों की आमदनी बढ़ाने का प्रयास कर रही है। देश ने दाल की कमी दूर करने व महाराष्ट्र तथा बुंदेलखंड के सूखे से निपटने की रणनीति भी बनायी है। सरकार 28.5 लाख हैक्टेयर जमीन 23 प्रोजेक्ट्स के, 2017 तक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत करने व दीर्घकालिक सिंचाई कोष बनाने का भी प्रस्ताव किया है।

---

* Speech was laid on the Table.

सरकार ने कृषि आधारित फूड प्रोसेसिंग में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश पर जोर देने के साथ मार्केटिंग के लिए ई-प्लेटफार्म उपलब्ध कराकर किसानों को फसल का पूरा दाम दिलाने का भी प्रस्ताव किया है।

इस बेहतरीन बजट में प्रधानमंत्री सड़क योजना, राष्ट्रीय राजमार्ग, एक लाख रुपए स्वास्थ्य कवर, एयरपोर्टों के विकास, कनेक्टिविटी बढ़ाने, कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर के राज्यों तक परिवहन सुविधाएं बढ़ाने, रोजगार के अवसर प्रदान करने, आम लोगों के जीवन स्तर में बेहतर परिवर्तन लाने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी, बिजली जैसी आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए बुनियादी ढांचा खड़ा करने पर जोर दिया है। देश को बेहतर सुरक्षा व सुविधापूर्ण रेल और मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए भी यह बजट स्वागत योग्य है। निश्चित ही देश सम्पूर्ण विकास की ओर बढ़ रहा है। मैं कह सकता हूं कि देश के स्थायी विकास के लिए 2016-17 का बजट एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मैं इस बजट का समर्थन करता हूं।

*श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) : माननीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी के द्वारा वर्ष 2016-17 के लिए देश के किसानों, ग्रामीण भारत की तरक्की वाला एक ऐतिहासिक, शानदार बजट पेश करने के लिए धन्यवाद देता हूं । साथ ही बजट का समर्थन करता हूं । इस बजट से देश के करोड़ो नौजवानों, छात्रों को बहुत आशाएं हैं ।

माननीय प्रधानमंत्री जी श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से, उनकी इच्छाओं के अनुरूप तैयार यह बजट, जिससे केन्द्र में किसानों की खुशहाली, गांव-गरीब के लिए कल्याणकारी योजनाएं, युवा को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार आदि अनेक ऐसी जनोपयोगी योजनाएं इस बजट में हैं जिनके कार्यान्वयन से निश्चित रूप से देश की प्रगति होगी, देशवासी खुशहाल होंगे और देश का विकास होगा । इस बेहतरीन बजट से केन्द्र में, गांव, गरीब और किसानों के लाभ, उनकी सुविधा से जुड़े विषयों के समावेश से विपक्ष की बोलती बंद है । विरोध करने को उन्हें मुद्दे नहीं मिल रहे हैं । इस बजट की सराहना करते हुए कहना चाहूंगा कि मेरे प्रदेश बिहार में किसानों की स्थिति आर्थिक रूप से अच्छी नहीं है ।

जहां विगत चालीस वर्षो से एक अत्यंत महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना, जो बिहार-झारखंड के सवा लाख हेक्टेयर की भूमि की सिंचाई करने वाली अंतर्राज्जीय सिंचाई परियोजना, जिसका नाम उत्तर कोयला सिंचाई योजना है । इसके बांध, कटकु(मंडल) डैम में लोहे के फाटक के अभाव में योजना अधूरी हैं और लाखों हेक्टेयर भूमि असिंचित है ।

बिहार में पिछले कई वर्षो से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर राज्य सरकार द्वारा धान की सरकारी खरीद नहीं होने से किसानों की स्थिति और खराब होती जा रही है । कहना चाहूंगा कि यदि कोई राज्य सरकार अपने सूबे के करोड़ों किसानों की चिंता ना करे तो क्या केन्द्र सरकार भी उनको उनके हाल पर छोड़ देगा ? मैं समझता हूं किसानों की हितैशी मोदी सरकार निश्चित रूप से इस गंभीर विषय पर विचार करेगी और किसानों की माली हालत में सुधार के लिए अपने स्तर से कोई न कोई रास्ता निकालेगी जिससे सरकारी स्तर पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों के धान की खरीद हो साथ ही बढ़े हुए लागत खर्च को देखते हुए कम से कम 500 रू. प्रति क्विंटल की दर से बोनस भी मिलना चाहिए ।

अंत में इस अच्छे बजट को पेश करने के लिए मैं माननीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली को धन्यवाद देता हूं और साथ-साथ इस बजट का समर्थन करता हूं ।

---

* Speech was laid on the Table.

*__श्री बोध सिंह भगत (बालाघाट)__: मैं वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी द्वारा 2016-17 के लिए प्रस्तुत बजट के समर्थन हेतु खड़ा हूं। इस बजट को देखकर देश की जनता को लगने लगा है कि अब अच्छे दिन आना शुरू हो गए हैं। श्री नरेन्द्र मोदी जी ने लोक सभा चुनाव के दौरान जनता से अपील की थी, सबका साथ सबका विकास यह नारा अब सार्थक होते दिखाई दे रहा है। इस बजट में कृषि, सिंचाई, स्वास्थ्य, महिला और बाल विकास, अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों, अल्पसंख्यकों के कल्याण सहित सामाजिक क्षेत्र और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों पर विशेष बल दिया गया है। वर्ष 2015-16 में अर्थव्यवस्था की 7.6 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि हुई है। मुद्रास्फीति पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान 9.4 प्रतिशत थी, वर्तमान में 5.4 प्रतिशत पर आ गई है, जो कि 13 प्रतिशत मानसून की वर्षा की कमी तथा वैश्विक निर्यातों में 4.4 प्रतिशत कमी के बावजूद थी। राजकोषीय घाटा 3.5 प्रतिशत रखा गया है। इस बजट में पहली बार पिछली सरकारों की तुलना में सर्वाधिक राशि कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए आवंटित की गई है। चूंकि भारत कृषि प्रधान देश है, कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। करीब 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। सन् 2016-17 के बजट में कृषि क्षेत्र और किसानों के कल्याण के लिए 35,984 करोड़ राशि का प्रावधान किया गया है, जो पिछले बजट की तुलना में दोगुनी है। सिंचाई के लिए 20,000 करोड़ की लम्बी अवधि का फंड तैयार किया गया है तथा किसानों की आय अगले पांच वर्षों में दोगुनी करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रकृति के प्रतिकूल प्रभावों से किसानों की रक्षा करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हेतु 5,500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रति परिवार 1 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा दिए जाने का प्रावधान किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों को 30,000 रुपए का स्वास्थ्य बीमा देने का प्रावधान रखा गया है। प्रत्येक 1.5 करोड़ बी.पी.एल. परिवारों की महिलाओं के लिए रसोई गैस देने का प्रावधान 2016-17 के बजट में किया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकारी खर्च 22.5 फीसदी बढ़ाकर 2.21 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है। इससे 2019 तक 2.23 लाख किलोमीटर सड़कें बनाई जा सकेंगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत 2012-13 के मुकाबले खर्च दोगुना बढ़ाकर 19,000 करोड़ रुपए किया गया है। मनरेगा के लिए 38,500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। 1 मई, 2018 तक शत-प्रतिशत ग्रामों में बिजली पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है जिसके लिए 8,500 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। स्वच्छ भारत अभियान के लिए 900 करोड़ का प्रावधान किया गया है। समग्र ग्रामीण विकास हेतु 87,765 करोड़ की राशि रखी गयी है। प्रधानमंत्री जनऔषधि योजनान्तर्गत 3,000 स्टोर खोलने का प्रावधान किया गया है। राष्ट्रीय डायलिसिस सेवा कार्यक्रम शुरू करने का प्रावधान

* Speech was laid on the Table.

किया गया है। अनु. जाति एवं अनु. जनजाति के उद्यमियों हेतु स्टेंड-अप इंडिया स्कीम को मंजूरी दी गई है। इसके लिए 500 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए गए हैं। जिससे 2.5 लाख उद्यमी लाभान्वित होंगे। अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु बहुक्षेत्रीय विकास कार्यक्रम तथा उस्ताद स्कीम का कारगर क्रियान्वयन करने का प्रावधान किया गया है। 72 नए नवोदय विद्यालय खोलने का प्रावधान किया गया है। कौशल विकास हेतु 1700 करोड़ का प्रावधान किया गया है। राजमार्गों के निर्माण हेतु 5,500 करोड़ की राशि रखी गयी है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना हेतु 1,80,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जिससे युवा बेरोजारों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। 14वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार ग्राम पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के विकास के लिए वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार ग्राम पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के विकास के लिए 2,87,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है जिससे प्रत्येक ग्राम पंचायत को 80 लाख एवं स्थानीय निकायों को 21 करोड़ की राशि प्राप्त होगी। इस बजट में मध्यम वर्ग के हितों का भी ध्यान रखा गया है। होम लोन के लिए 50,000 तक के अतिरिक्त ब्याज पर छूट तथा दालों की कीमतों में स्थिरता के लिए प्राइज स्टेबलाइजेशन फंड 500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। आयकर की धारा 87ए के तहत छूट की सीमा 2000 से बढ़ाकर 5000 की गई है। मकान किराए संबंधी आयकर की धारा 87ए के तहत छूट की सीमा 24,000 से बढ़ाकर प्रतिवर्ष 60,000 की गई है। उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 1,000 करोड़ रुपए हायर एजुकेशन फाइनेंसिंग एजेंसी स्थापित की गई है। इस प्रकार 2016-17 के बजट में सभी वर्गों के कल्याण हेतु उपाय किए हैं। आज तक जितने बजट आजादी के बाद प्रस्तुत किए हैं उसमें यह सबसे अच्छा बजट है। हमारे प्रधानमंत्री जी का संकल्प है, एक ऐसे भारत का निर्माण करना जो वैभवशाली हो, अखंड हो, विकसित हो, सुन्दर हो, स्वच्छ हो। निश्चित हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का सपना साकार होगा। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी एवं श्री जेटली जी को धन्यवाद देता हूं तथा इस बजट का समर्थन करता हूं।

* DR. P. VENUGOPAL (TIRUVALLUR) **:** On behalf of our AIADMK party, I strongly oppose the Union Government's proposal to bring about a lesser interest on the hard-earned and prudently saved provident fund savings of the salaried class. This would cause great hardship especially to senior citizens. This would also discourage the habit of savings affecting our economy in a big way.

Even before moving an amendment in the Finance Bill, the Prime Minister who was all in praise for this year's Union Budget has reportedly promised and the Finance Minister has also announced about partly rolling back the stringent tax proposal on withdrawal from the PF savings.

The Centre's insistence to invest 40% of PF in bonds and imposition of income tax on the remaining 60% of PF has been felt as harsh a measure. This amounts to double taxation and hence deplored. The balancing act of budget becomes an imbalanced one due to this tinkering. In its eagerness to please the corporate sector as a fore-thought and to woo the rural population as an after-thought, the Union Government is losing sight of the middle class. Therefore, our leader hon. Amma urged upon the Centre to have a relook. As per the proxym, 'better late than never' the Centre has considered the plea of our leader hon. Puratchi Thalaivi made on behalf of the salaried class. It must not be a half hearted move.

The statement of the hon. Finance Minister with regard to paragraph 138 and 139 of his budget speech is not fully convincing. So, I still urge upon the Centre to drop your proposal entirely.

The people of Tamil Nadu especially those who live in the capital city of Chennai and the coastal districts were seriously affected by the deluge-like rain-floods that inundated and submerged many places. Hon. President of India described it to be a huge loss and an unprecedented havoc. But still, when the hon. Chief Minister of Tamil Nadu asked for a minimum of Rs.25,000 crore to offset the heavy loss, only Rs.2150 crore was announced by the Centre.

---

* Speech was laid on the Table.

There again the second installment came very late, much delayed after the assessment of damages by the Central team. When the Centre is in a delaying mood, hopefully not a denial mood, we are still waiting for a package for rebuilding the lives, livelihood and the vastly affected infrastructure. When we are yet to be come out of the shock and pain, it is like adding insult to the injury, irresponsible statements are made by some Union Ministers like Mr. Prakash Javedakar.

Our Chief Minister of Tamil Nadu hon. Amma extended whatever possible assistance to begin the relief measures immediately. Union Finance Minister is still expected to extend assistance further. But in the meantime, the Union Environment Minister who is neither directly connected with the Union Budget nor associated with the allocation of funds, made derisive comments about the measures of our Government of Tamil Nadu. He made a tall claim that whatever that was extended by the Tamil Nadu Government to the flood affected people came only from the Centre. He lost sight of the fact that the Government of Tamil Nadu was fully geared up to address the grievances of the people even at the time of managing a difficult financial situation. When generous help came from various states and even individuals, what was announced by the Centre did not meet our expectation.

Where does the Centre get its revenue to apportion funds to various states? All the money that Centre gets is coming only from the people living in various States. The Central revenue is at the cost of the needs and the interests of the State Governments. Though the Centre is not having its own dominion, it gets a lot of money through income tax and customs duties apart from the non-shareable excise duties and cess under various heads. The shares the states get are far from satisfying. Federal spirit is very much lacking. Should we call Federalism is in peril?

As it is, the Centre has washed off its hands from many social welfare schemes and rural development programmes. The Centre must treat disasters of

high-magnitude like the recent rain-floods in Tamil Nadu as national calamity with suitable compensation. At this juncture, the comment made by Shri Javadekar is too much. Instead of rushing with a helping hand, such Union Ministers must not rush to Tamil Nadu and rush away making sweeping comments.

I wish such irresponsible Ministers learn niceties from diplomatic and cultured Ministers like Minister of Parliamentary Affairs, Shri Venkaiah Naidu. He even went to the extent of helping the people of Chennai city at the time of natural calamity that affected us in last December.

[*] DR. A. SAMPATH (ATTINGAL) : I would like to express my strong reservations on the tendency of the Government of India to by-pass the supremacy of the Parliament. The role of the various departmentally related Standing Committees are being reduced to near organs to look into the Demands for Grants, whose recommendations are not at all seriously considered by the executive.

The Finance Minister is trying to generate a set of numbers for projected revenues that are unlikely to be met. Then they find it as an excuse for reducing certain expenditure below the allocated amounts. The end result is that every succeeding year, the Parliamentary discussions on General Budget as well as discussions on the Demands for Grants for various Ministries become a futile exercise. The centralized and secretive manner for the eventual spending below the budgeted amount is not at all a healthy practice for a developing nation like India.

Despite the Global decline in commodity crisis and the Chinese downturn, government is heavily counting on the external sector for growth. Is it possible? The Budget has kept the capital expenditure same as that in the previous Budget. How has the GOI kept the revenue deficit at 3.5%. It is counting on two things, a favourable growth in the economy, and low oil prices. Neither of this likely to continue then what would Government do, it will cut down on the now increased NREGA, because by that time the elections in Bengal, Kerala and UP would be over.

Why is the Government reluctant to raise the tax GDP ratios, our country has one of the lowest compared to different OECD countries. We are making subsidy as if it a big issue. Compared to the subsidy transfers done by the US farm bill and European common agricultural policy, our transfers to farmers is far less. Does the Budget address the decline in the price of agricultural commodities which is affecting Kerala badly.

---

[*] Speech was laid on the Table.

Preoccupied with further reduction of the fiscal deficit, the Finance Minister has proposed to reduce the Central Government expenditure to GDP ratio further. Notwithstanding claims of increases on certain heads of expenditure, there is a parallel slashing on other heads. In agriculture the main increase which the budget shows are by way of transfer to banks and insurance companies that has no real benefit to the farmers. Despite tall claims of a big push in infrastructure, capital expenditure in 2015-16 was lower than budgeted and is proposed to be kept at almost the same level in 2016-17 - implying a reduction in real terms and as a share of GDP from 1.8% to 1.6%. Both food and fertilizer subsidies have been cut by Rs.5000 crores and Rs.2000 crores respectively. The expenditure on Tribal Sub Plan, which is supposed to be 8.6% of the total plan expenditure, is only 4.4% - a shortfall of Rs.24000 crores. Allocations for Minority Welfare have fallen in real terms. The allocation for the ICDS has been slashed by Rs.1500 crores despite the direction of the Supreme Court for its universalisation, which would have required an additional Rs.10,000 crores. Similarly, in the case of the SC sub-plan, the expenditure is pegged at 7% of the total when it should be 16.6.% - ashortfall of Rs.52,470 crores. The Finance Minister also proposes that, for the first time, 60 per cent of all pension and provident fund withdrawals will be taxed! Therefore, if the workers and salaried middle class withdraw their own savings, they will have to bear the burden of this proposed tax.

The lofty claim of highest ever allocation for MNREGA is patently false because it was higher in the year 2010-11. Maintaining 2010-11 levels in real terms would have required an expenditure of over Rs.65,000 crore in 2016-17. What is even more shocking is a concealment of the fact that in 2015-16, despite it being a drought year and the promise of doubling the number of days of work from 100 to 200, the actual level of expenditure was so low to generate only an average of 38 days of work.

The budget is, therefore, distorted without any vision. It is once again a blatant attack on the poor and the oppressed. This is a budget to appease the rich accentuating the problems of unemployment and rising inequality.

If we implement Aadhar Card, will each and every Indian be able to receive the "promised sum" of Rs.15/- lakh in their respective bank accounts? Many of the Budget proposals are detrimental to the economic growth of states like Kerala. Justice is not shown to the five million Indians working abroad and the millions of poor farmers, many of them in the path of committing suicide.

***श्रीमती रक्षाताई खाडसे (रावेर):** मैं आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी व वित्त मंत्री माननीय श्री अरुण जेटली जी को बधाई देना चाहती हूँ और इस जनरल बजट का समर्थन करती हूँ कि विश्व जो प्रतिकूल परिस्थितयों का सामना कर रहा है भारत ऐसे समय भी अपनी जीडीपी को ऊँचा ले जाने में सफल हो रहा है वह इस आम बजट से हुई जीडीपी दर की वृद्धि से दिखता है। हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी लगातार भारत देश को मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत जैसी नई-नई योजना के माध्यम से देश को और ज्यादा ऊँचाई पर ले जाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

यह आम बजट हमारे आदरणीय प्रधानमंत्रीजी व माननीय वत्त मंत्री ने खास आम जनता तथा किसानों के कल्याण व उन्नति को केंद्र बनाते हुए भारी निधि उपलब्ध कराते हुए किसानों के आय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बनाया है जो किसान हम सब भारत वासियों के लिए खाद्य सुरक्षा देता है। किसानों का और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने हेतु किसानों के समक्ष आने वाली कठिनाइयों को जैसे जल संसाधनों का इटतम प्रयोग, इरीगेशन के नए संसाधन जुटाना (देश में विभिन्न कारण से धीमी गति से या रुके हुए इरीगेशन के 89 प्रोजेक्ट्स जल्द से जल्द एआयबीपी के माध्यम से पूरा करने के लिए विशेष निधि का आवंटन), इरीगेशन प्रोजेक्ट्स के लिए 20,000करोड़ की लंबी अवधि की व्यवस्था, और जमीन की उपजाऊ क्षमता कायम रखने तथा बढ़ाने हेतु संतुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग के लिए आने वाले तीन वर्ष के भीतर 2000 मॉडल खाद बिक्री केंद्र का निर्माण करना और इस केंद्र में जमीन (मृदा) तथा बीज टेस्टिंग मशीन/लैब व्यवस्था होगी। मनरेगा योजना के अंतर्गत 5 लाख फार्म पॉन्ड्स व रिचार्ज वेल तथा 90 लाख कंपोस्ट पिट्स जिसमें आर्गेनिक खाद डेवेलप करने की योजना है जिससे किसान अपने ही खेतों में इस व्यवस्था का निर्माण कर सकें। अध्यक्ष महोदया, किसान भाइयों को अपनी कृषि उपज जैसे अनाज, फल एवं वेजटेबल्स को पूरी व उचित कीमत मिलने हेतु ई-मार्केट जो कि ब्लॉक के दायरे में काम करने वाली एपीएमसी (कृषि उत्पादन बाजार समिति) से संलग्न किया जायेगा जिससे किसान को यूनिफाइड एग्रीकल्चर मार्केटिंग मिलेगा। प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के लिए किसान को अल्प राशि प्रीमियम के साथ उपलब्ध होगी इसके साथ ही प्राकृतिक आपदा में हुए नुकसान के लिए ज्यादा भरपाई राशि मिलने की व्यवस्था भी की गई है। नुकसान क्लेम करने में अधिक सरलता, फसल बीमा नियमों में भी राहत जिससे किसानों को प्राकृतिक आपदा में ज्यादा से ज्यादा फायदा कम समय के अंदर मिले। इससे कृषि और किसानों के लिए की गयी योजनाओं के साथ किसानों की आय आने वाले पांच साल में दोगुनी होने के

* Speech was laid on the Table.

अनुमान से सरकार ने यह कदम उठाएं हैं और यहाँ न रुकते हुए इन सब योजनाओं की पूर्ति के लिए भारी मात्रा में राशि उपलब्ध कराई है। किसानों द्वारा उगाये हुए फल व सब्जी जो मार्केट जल्दी न पहुँचने के कारण खराब हो जाती है। अगर खाद्य संस्करण से वैल्यू एडिशन करने से न ही केवल यह लंबे समय तक अच्छे रहेंगे बल्कि किसानों को उसका लाभ भी होगा। इसलिए ऐसे उद्योगों को बनाने तथा सुदृढ़ बनाने के लिए 100 प्रतिशत एफडीआई की स्वीकृति की जायेगी। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने किसानों के लिए उठाये हुयी योजनाओं का, जब विश्व आर्थिक दृटि से कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहा है, ऐसे विपरीत माहौल में माननीय वित्त मंत्री ने बड़ी कुशलतापूर्वक इन सब योजनाओं का मेलजोल बनाया, उसका मैं स्वागत करती हूँ और धन्यवाद भी देना चाहती हूँ।

हमारे ग्रामीण क्षेत्र विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 19000 करोड़ की आज तक की सबसे अधिक राशि का आवंटन जिसमें राज्य की राशि मिलाकर 27000 हो जाएगी से अब तक के देश भर में बाकी 65000 बस्तियों को पक्की सड़क से जोड़ने का प्रावधान 2021 के बजाय 2019 तक पूरा करने की व्यवस्था है। किसानों एवं ग्रामीणों के लिए और दुग्ध विकास के लिए पशुधन को बढ़ावा देने तथा उनके स्वास्थ्य देखभाल के लिए चार नई दुग्ध उद्योग योजना पशुधन संजीवनी, नकुल स्वास्थ्य पत्र, पशुधन हाट और राट्रीय जीनोमिक केंद्र जो भारत की अपनी ब्रीडर को बढ़ाने हेतु प्रजनन केंद्र होगा। आम आदमी की रोजाना जरूरत के लिए हर गाम पंचायत व हर नगरपालिका क्षेत्र विकसित करने के लिए निधि का आवंटन बढ़ाकर अब 80 लाख व 21 करोड़ प्रति साल का प्रावधान जो पिछले पांच साल से बढ़ कर आज तक किये जाने वाले आवंटन से सबसे अधिक है। हर बीपीएल कार्ड धारक को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान करने हेतु 2016-17 वर्ष में 1.5 करोड़ बीपीएल परिवार के महिला के नाम पर रसोई गैस कनेक्शन दिए जायेंगे जिसमें आनेवाले तीन साल तक 5 करोड़ बीपीएल परिवार तक पहुँचाने का प्रावधान है। ग्रामीण भारत को डिजिटल साक्षरता बनाने तथा आनेवाले 3 वर्षों के भीतर 6 करोड़ और परिवारों को इस स्कीम में शामिल किया जाएगा। ऐसी व्यवस्था प्रस्तावित करना सामान्य जनता के लिए किफायती कीमतों पर औाधियां मिलने के लिए नये 3000 जन औषधि स्टोर्स इस साल में खोलने की योजना किडनी के बढ़ते हुए मरीजों को डायलिसिस के साइकिल को आनेवाले खर्चे जिनकी संख्या कम होने खर्चे को एवं लंबी दूरी का सफर को देखते हुए "राष्ट्रीय डायलिसिस सेवा कार्यक्रम " जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत हर जिले में डायलिसिस केंद्र को प्रस्तावित करने के उपाय सराहनीय है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा महिला के बीच उद्यमिता बढ़ाने हेतु "स्टैंड अप इंडिया स्कीम" की घोषणा, इस स्कीम में हर श्रेणी के एक उद्यमी को एवं हर बैंक ब्रांच से कम से कम दो प्रोजेक्ट्स कराने के लिए प्रस्तावित करने से रोजगार उपलब्ध होने, इस क्षेत्र के उद्यमी को बढ़ावा व नई ऊर्जा देने के उपाय, अल्पसंख्यक के कल्याण

हेतु कौशल विकास कार्यक्रम उस्ताद स्कीम का कार्यान्वयन, प्राथमिक शिक्षा का स्तर ऊँचा व सर्वसुलभ (यूनिवर्सलायजेशन) करने के लिए सर्व शिक्षा अभियान को ज्यादा फंडिंग की व्यवस्था तथा नये 62 नवोदय विद्यालय का प्रस्ताव। उच्च शिक्षा संस्थानों को शिक्षण व अनुसंधान क्षेत्र में विश्व व्यापी बनाने हेतु 10 सरकारी व 10 प्राइवेट संस्थानों को इस क्षेत्र में अधिक संरचना मुहैया करना जिसके चलते आम परिवार के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण लेने में सुविधा मिल सके, विद्यार्थियों के सर्टिफिकेट्स जैसे स्कूल लिव्हिंग, डिग्री सर्टिफिकेट्स मार्क्स शीट तथा आकादमिक अवार्ड देना उल्लेखनीय हैं। अब डिजिटल डिपाजिटरी योजना शुरू की जाएगी, जिसमें दस्तावेज सुरक्षित तो रहेंगे ही व गुम एवं खराब (डैमेज) होने से बच जाएंगे और इन्हें अपने साथ लेने की जरूरत नहीं होगी। स्मॉल व मीडियम उद्योग सेक्टर में ज्यादा कर्मचारी रिकॉर्ड पर लेने पर उन सब का फैमिली पेंशन रजिस्ट्रेशन इएफपीओ में करने हेतु ऐसे सबका फैमिली पेंशन हिस्सा पहले तीन साल तक सरकार अदा करेंगी जिससे नये रोजगार निर्माण के होंगे। रोजगार सृजन हेतु इस वर्ष 100 नये मॉडल करियर सेंटस खालने व राज्य एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज में जोड़ने का प्रावधान है।

रोड व राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए 70000 करोड़ रुपये का प्रावधान जिसके अंतर्गत पुराने 70 प्रोजेक्ट्स का कार्य 75 प्रतिशत पूरा करने के लिए इस बजट में प्रस्तावित है। हालाँकि में माननीय मंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग नम्बर 6 का फोर लेन का कार्य शुरू करने का आदेश भी पारित किया। जलगांव शहर में तीन जगह पर रेलवे ऊपरी पुल का भी काम करने के लिए अधिकारियों को सूचित किया। मैं यह काम बिना रुकावट से जल्द पूरा हो और इसके लिए आवश्यक निधि सरकार आवंटित करे, यह निवेदन करती हूँ। नए प्रस्तावित प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र के तहत देशभर में बहु विकास कौशल केंद्र मेरे हर ब्लॉक में हो जिसके चलते हमारे यहाँ के किसान अपने बच्चों को खती के जुड़े हुए व्यवसायों के बारे में ट्रेनिंग देने से यह हमारे केले की फसल लेने वाले किसान जो भारत में करीब करीब 34 प्रतिशत सप्लाई करता है वह और अधिक सशक्त बनेगा। और आखिर इस वर्ष 2016-17 का जनरल बजट जो किसान, ग्रामीण जनता, पिछले वर्ग व अल्पसंख्यक तथा महिला की सुविधा, स्वास्थ्य, फसल एवं फसल बीमा, शिक्षा, उच्च शिक्षण व्यवस्था, रोजगार सृजन, इन पर केंद्रित रखते हुए और दुनिया भर में विपरीत परिस्थिति होते हुए भी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत तथा सशक्त बनाते हुए भारत को एक नई उन्नति की दिशा में ले जानेवाला है जिससे भारत विश्व में एक बार फिर अपना स्थान बनाने के लिए तैयार है यह दिखाता हुआ बजट देने के लिए मैं हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी व माननीय वित्त मंत्री जी को फिर से धन्यवाद दे कर जनरल बजट का समर्थन करती हूँ।

*SHRI ARJUN RAM MEGHWAL (BIKANER):The General Budget is pro-farmer and focuses to strengthen the Rural Development of the Country. It is a very welcome Budget for Rural India. In this context, I would like that Budget provided for PMKSY should be increased so that Agriculture growth can take place properly at the rate of 4% which is very much required for the overall development.

Thanks.

* Speech was laid on the Table.

***श्री अजय टम्टा (अल्मोड़ा):** मैं आपका हृदय से आभारी हूं कि आपने सामान्य बजट 2016-17 पर मुझे अपने विचार रखने का अवसर प्रदान किया है। इस बजट द्वारा स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार समृद्ध, श्रेष्ठ, गौरवमयी, भारत के निर्माण की प्रक्रिया में देश के प्रत्येक वर्ग के नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने का भरसक प्रयास किया गया है। वर्तमान समय में हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में हमारी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा अत्यधिक बढ़ी है, बल्कि हर देशवासी के मन में नए उत्साह नई स्फूर्ति का संचार हुआ है, इसके लिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी श्री अरूण जेटली व वित्त राज्य मंत्री श्री जयन्त सिन्हा जी को हार्दिक बधाई देता हूं।

मेरा पूरा विश्वास है कि सुशासन गरीबी उन्मूलन सामाजिक आर्थिक परिवर्तन, रोजगार सृजन और कृषि क्षेत्र में उन्नत नया अध्याय लिखने में यह बजट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

'सबका साथ सबका विकास' का जो आवाहन हमारे प्रधानमंत्री जी ने किया है, इस बजट से भारत के चहुमुखी विकास को चार चांद लगेंगे। बजट में ग्रामीण भारत की चिन्ताओं और समस्याओं को विशेष तौर पर ध्यान में रखा गया है, ऐसा इतिहास में पहली बार है जब किसी वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कृषि क्षेत्र व किसानों पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया और एक तय सीमा समय अवधि में किसानों की आय को न सिर्फ बढ़ाने बल्कि उसे दुगना करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

वर्तमान बजट ग्रामीण भारत के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है और यह सही भी है क्योंकि आज भी हमारी एक बड़ी आबादी गांवों में निवास करती है। आर्थिक विकास को और अधिक गति देने के लिए यह जरूरी है कि हम शहरी भारत व ग्रामीण भारत के बीच की दूरियों को निरन्तर कम करें। इस दिशा में कदम उठाते हुए सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं, गांवों में रोजगार का एक बड़ा जरिया बनकर उभरे मनरेगा कार्यक्रम के लिए भी सरकार ने अच्छा-खासा धन उपलब्ध कराया है और इस योजना को ग्रामीण ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश की गई है। इसके अलावा सिंचाई योजना पर भी ध्यान केन्द्रित किया गया है लगातार गिर रहे भूमिगत जल के स्तर को देखते हुए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। इससे न सिर्फ असिंचित खेतों को पानी मिल सकेगा बल्कि जल का बेहतर प्रबंधन भी किया जा सकेगा जिसके दूरगामी परिणाम अच्छे होंगे।

वित्त मंत्री जी द्वारा पेश किए गए बजट में तमाम छोटी-छोटी बातों का भी ध्यान रख गया है जो दीर्घकालिक दृष्टि से बेहद अहम है। ऐसी एक योजना सभी घरों में एलपीजी उपलब्ध कराने की है इससे

---

* Speech was laid on the Table.

पर्यावरण को तो फायदा होगा ही साथ ही गरीब महिलाओं को ईंधन के रूप में लकड़ी का इस्तेमाल करने से होने वाले तमाम रोगों से भी निजात मिलेगी। इसी तरह देश के 18,500 गांवों में एक मई 2018 तक बिजली पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जो स्वागत योग्य है।

इसी तरह रोजगार सृजन की गति को तेज करने के लिए स्टार्टअप इंडिया पर बल दिया गया है जो एक सही कदम है इस समय सरकार की प्राथमिकता युवाओं के लिए रोजगार के सृजन की बेसब्री से प्रतीक्षा की जा रही है और इस कारण बजट पर युवाओं का बहुत ध्यान रखा गया है। इस दिशा में केन्द्र सरकार ने निजी उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नव उद्यमियों को तमाम वित्तीय सुविधाएं के साथ कर में छूट देने का निर्णय लिया गया है उम्मीद है कि सरकार इस पहल से देश में रोजगार सृजन में तेजी आएगी और युवाओं की अपेक्षाएं पूरी होगी। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति तथा महिलाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्टैण्ड अप इंडिया योजना बनाई गया है।

सरकार ने युवाओं को रोजगार दिलाने के मकसद से देश भर में 1550 कौशल प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना करने के लिए 1700 करोड़ रुपए का प्रावधान कर इस योजना से 2.5 लाख उद्यमियों का लाभ मिलेगा। इसके लिए जहां अनुसूचित वर्ग के कल्याण के तहत 388833 करोड़ रुपए रखे गए हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत सरकार ने प्रस्तावित बजट में गत वर्ष 6580 करोड़ रुपए की तुलना में इस साल 7350 करोड़ रुपए दिए हैं इसमें अनुसूचित जाति स्कॉलरशिप के लिए 2791 करोड़ रुपए और अनुसूचित जनजाति बच्चों के लिए 1200 करोड़ रुपए वन बंधुओं के लिए 600 करोड़ रुपए रखे गए हैं। इस बजटीय आवंटन से यह तबका किसी के यहां नौकरी करने के बजाए खुद लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने में सफल हो सकेगा। यह एक बहुत उपयोगी कोशिश इस बजट में नजर आ रही है।

जिंदगी की बदलती चाल ढाल को देखते हुए आज हमें लगभग सभी क्षेत्रों में सभी क्षेत्रों में कुछ बदलाव की गुंजाइश दिख रही है जो समस्त दिशाओं की ओर अनुकूलता का ही परिणाम है यही कारण है कि हम आज शहर सहित तमाम क्षेत्रों में डीजिटलाइजेशन का भी पड़ाव आता है। इस दिशा में माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कई महत्व पूर्ण कदम भी बढ़ाए गए है आज हम ई-बैंकिंग ई-टिकटिंग, ई कामर्स जैसी तमाम डीजिटल सेवा का लाभ ले रहे हैं। जहां अब गांव-गांव में इंटरनेट की पहुंच को आसान बनाने के लिए आप्टिकल फाइवर केबल बिछाई जा रही है जो कहीं न कहीं मौजूदा सरकार की डीजिटल सोच और उस ओर बढ़ाए गए आवश्यक कदमों के परिणाम हैं। इस क्रान्तिकारी बजट में ई-हास्पिटल भी एक क्रान्तिकारी कदम है। जिससे स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के परिणाम तथा प्रभाव की गति तेज करने के लिए भारत में स्वास्थ्य संचार प्रयासों को मजबूत करने के लिए डायलिसिस के एक देश व्यापी

योजना शुरू की गई है। आज देश में किडनी संबंधी विकारों के बढ़ने से ऐसे लोगों की तादाद बढने लगी हैं जिनके लिए डायलिसिस कराना एक मजबूरी बन जाता है। इस बजट में सरकार ने देश के हर परिवार को एक लाख रुपए तक का हेल्थ कवर देने का फैसला किया है परिवार में अगर कोई सीनियर सिटीजन है तो यह राशि 1.30 लाख रुपए होगी। वित्त मंत्री जी के इस कदम से बहुत जरूरतमंदो को अपना इलाज कराने में मदद मिलेगी, इस मद में सरकार ने 30 हजार करोड़ रुपए देने का प्रस्ताव रखा है। जिससे देश में गरीबों के लिए सस्ती जैनरिक दवाइयां मुहैया कराने के लिए 2016-17 में तीन हजार जन औषधी केन्द्र खेलने व संक्रामक असंक्रामक रोगों, एड्स, टीवी, अंधता निवारण परिवार नियोजन और अन्य मदों के लिए भी पैसे का इंतजाम इस बजट में किया गया है। हेल्थ बजट गत वर्षों से कहीं बेहतर है, मुझे खुशी है कि सरकार के डायरेक्ट और इनडायरेक्ट दोनों तरीकों से मरीजों का ख्याल रखा गया है। इस बजट में डायरेक्ट रूप से डायलिसिस फ्री कर दिया गया है। राष्ट्रीय डायलिसिस का फायदा देश भर के 2.5 लाख लोगों को होगा।

वित्त मंत्री जी ने अपने इस बजट में हाइवे और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर फोकस करके देश की इकोनॉमी की रफ्तार देने की कोशिश की है, रोड ट्रान्सपोर्ट सेक्टर के लिए मंत्री जी ने खुले दिल से खजाने के दरवाजे खोले हैं1 दरअसल रोड हाइवे बढ़ाने से कनेक्टिविटी बेहतर होने के साथ ही रोजगार के मौके पैदा होंगे और साथ ही साथ इकोनॉमी पर इसका पोजिटिव असर पड़ेगा। सरकार ने बंद पड़े हवाई अड्डे को दोबारा चालू करने के लिए भी अर्थ का प्रावधान किया है। रोड ट्रान्पोर्ट सेक्टर में अटके पड़े 70 में से 65 फीसदी प्रोजेक्ट ट्रैक पर लौट आए हैं। इस बजट में सड़क परिवहन मंत्रालय को 45 हजार 500 करोड़ रुपए मिले हैं इसका मुख्य कारण हमारे सड़क परिवहन मंत्री जी श्री नितिन गडकरी जी की कर्त्तव्यनिष्ठ कार्यशैली का जीता जागता उदाहरण है। इसके लिए मैं गडकरी जी को भी धन्यवाद देता हूं।

2016 के बजट में प्रधानमंत्री जी का आर्थिक दृष्टिकोण अब और ज्यादा स्पष्ट होने लगा है। दरअसल यह भारत की तस्बीर बदलने के लिए युवा भारत को सशक्त करने वाला बजट है। यह बजट इस मान्यता को आगे बढ़ाता है कि युवा और उद्यमी अर्थव्यवस्था और देश की तकदीर बदलने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इतना ही नहीं इससे निवेश और नौकरियों के लिए केवल कुछ बड़े कारपोरेट समूहों पर निर्भरता के परम्परागत आर्थिक मॉडल का विकल्प भी तैयार होगा। लिहाजा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत अगले 3 साल में एक करोड़ से अधिक युवाओं की कार्यकशुलता में सुधार के मद में निवेश पर मुख्य जोर है। इसके जरिए यह भी सुनिश्चित किया गया है कि ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमियों की पूंजी तक पहुंच के रास्ते में आने वाली बाधाएं दूर की जा सके। राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन के तहत 76 लाख युवा पहले से ही प्रशिक्षित हो चुके हैं और इस बजट प्रस्तावों के अनुसार 1500 बहुकौशल प्रशिक्षण संस्थानों

की स्थापना से इस तादाद में और वृद्धि होगी। जो कम्पनियां बेरोजगारों को 25000 रुपए तक के वेतन पर काम देगी उन्हें टैक्स में छूट देने के निर्णय से भी देश में रोजगार के सृजन बढ़ने में मदद मिलेगी। यह बजट गांव गरीब किसानों और नौजवानों के लिए है इससे उनकी आर्थिक सामाजिक स्थिति में सुधार आएगा। खास बात यह है कि इस बार बजट में 0.5 फीसदी कृषि कल्याण शेष और सरकार के खजाने में जमा होने वाले काला धन पर 7.5 प्रतिशत शेष के प्रावधान से कृषि योजनाओं को अधिक गति मिलेगी। आजादी के बाद पहली बार आम बजट में 36 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान कर कृषि क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। सिंचाई के लिए 5717 करोड़ रुपए दिए गए हैं। जिससे पूरे देश में 5 लाख तालाब व कुओं का निर्माण किया जाएगा। मिट्टी की सुधारने के लिए 362 करोड़ रुपए दिए गए हैं। मार्च 2017 तक सभी 14 करोड़ किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड मुहैया करा दिए जाने का प्रावधान है तथा जैविक खेती के लिए बजट में 297 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है जो कि गत वर्ष की अपेक्षा 19 प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन को सफल बनाने के लिए उत्पादकता बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इस मद में 1700 करोड़ रुपए दिए गए हैं, दलहन उत्पादन के लिए 500 करोड़ रुपए का आवंटन कर इस बजट से सर्वे भवन्तु सुखिना सर्वे सन्तु निरामया को सफल बनाया गया है।

इस वर्ष के बजट में किसानों पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया है। यह बजट ग्रामीण भारत के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है और सही भी है क्योंकि आज भी हमारी एक बड़ी आबादी गांवों में निवास करती है। गांव की सड़कें अब हिचकोले नहीं लेंगे। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का क्रियान्वयन जिस तरह से अब हो रहा है वैसा पहले नहीं था। 27 हजार करोड़ इस योजना के तहत खर्च किया जाना है व साथ ही 65 हजार नई बस्तियों को सड़क से जोड़ना गांवों के लिए एक सुनहरा उपहार है। बजट में किसानों, गरीबों और वंचित लोगों का ध्यान रखा गया है। मैं प्रधानमंत्री जी और अपने दोनों वित्त मंत्री को उनकी दूरदर्शिता के लिए बधाई देता हूं। इस बजट में सामाजिक क्षेत्र कौशल विकास व रोजगार सृजन पर जोर दिया गया है। यह बजट आम जनता की अपेक्षाएं पूरी करेगा।

जय जवान जय किसान जय विज्ञान

आओ मिलकर बनाएं मेरा भारत महान।

*श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर): मैं सर्वप्रथम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली द्वारा पेश दूरगामी प्रभावशाली 2016-17 आम बजट के लिए उन्हें बधाई देता हूं साथ ही वित्त राज्य मंत्री श्री जयंत सिन्हा जी को भी बधाई देता हूं।

मेरा मानना है कि "जलबिन्दुनिपोतन क्रमशः पूर्यते घटः। स हेतु सर्वविद्यानां धर्मस्य च।।" जिस प्रकार पानी की एक-एक बूंद से घड़ा भरता है उसी प्रकार समय के साथ ज्ञान में भी वृद्धि होती है और आज मैं बड़े हर्ष से यह कहना चाहता हूं कि बीते वर्ष के साथ हमारे वित्त मंत्री जी ने जो पूर्व सरकार द्वारा विफल नीतियों का अध्ययन करते हुए विकासशील नीति के तहत इस आम बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा है, जिसमें कृषि और किसान कल्याण के लिए 35984 करोड़ रुपयों का आवंटन, 28.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई के लिए "प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना" को मिशन मोड़ में लागू करने, मनरेगा के तहत वर्षोंपोषित क्षेत्रों में 5 लाख फार्म तालाबों और कुओं तथा जैविक खाद के उत्पादन के लिए 10 लाख कम्पोस्टगड्डों का निर्माण, जैविक खेती को बढ़ावा, थोक बाजारों के लिए सांझे ई-बाजार की व्यवस्था, वर्ष 2019 तक शेष 65,000 पात्र बस्तियों का सड़कों से जुड़ाव, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 5,500 करोड़ का आवंटन, श्यामा प्रसाद मुखर्जी ग्रामीण शहरी मिशन के तहत 300 ग्रामीण शहरी कलस्टर का विकास, 1 मई 2018 तक 100 प्रतिशत ग्रामीण विद्युतीकरण, साथ ही इसमें स्वास्थ्य देखभाल सहित सामाजिक क्षेत्र को भी प्राथमिकता देते हुए- बीपीएल परिवारों को एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के लिए 2000 करोड़ रुपयों का प्रावधान, नई स्वास्थ्य रक्षा स्कीम के तहत प्रत्येक परिवार को एक लाख रुपए तक स्वास्थ्य सुरक्षा एवं वरिष्ठ नागरिकों को 30000 रुपए तक अतिरिक्त टॉप-अप पैकेज, 2016-17 के दौरान प्रधानमंत्री जी की जन-औषधि योजना के तहत 3,000 स्टोर का प्रावधान, पीपीपी मोड के माध्यम से राष्ट्रीय डायलिसिस सेवा कार्यक्रम, उद्योग धंधों की भागीदारी से राष्ट्रीय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति हब की स्थापना, शिक्षा के क्षेत्र में 62 नए नवोदय विद्यालय, 10 सरकारी और 10 निजी संस्थाओं को विश्वस्तरीय शिक्षण और अनुसंधान प्रशिक्षण संस्थाओं में विकसित करने, साथ ही कौशल विकास के लिए 1500 बहु-कौशल प्रशिक्षण संस्थाओं की स्थापना, उद्योग और अकादमी की भागीदारी से राष्ट्रीय कौशल विकास प्रमाणन बोर्ड की स्थापना, साथ ही 2016-17 में लगभग 10,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग को मंजूरी, सड़क परिवहन क्षेत्र को खोलने के लिए मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन, राज्य सरकारों की भागीदारी से उपर्युक्त और कम प्रयुक्त विमान पतनों के पुनरूत्थान हेतु कार्रवाई योजना, गहरे पानी, अत्यंत गहरे पानी और उच्च दाब उच्च तापमान वाले क्षेत्रों से गैस के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उचित विपणन स्वतंत्रता, बीमा और

* Speech was laid on the Table.

पेंशन आदि पुननिर्माण कंपनी, स्टॉक एक्सजेंज के क्षेत्रों में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) नीति में सुधार वित्तीय क्षेत्र में सुधार, छोटे करदाताओं को राहत, रोजगार और विकास को बढ़ावा, मेक इन इंडिया को बढ़ावा, पेंशन प्राप्त समाज की ओर बढ़ाने, सस्ते आवास निर्माण को बढ़ाने, कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा स्वच्छ पर्यावरण हेतु अतिरिक्त संसाधन जुटाने, कराधान में निधित्ता पैदा करने, करों का सरलीकरण और यौक्तिकरण करने, जवाबदेही निहित करने के लिए प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने का प्रावधान रखा गया है। मैं इस बजट की जितनी प्रशंसा करूं उतनी कम है।

केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट काफी सकारात्मक एवं संतुलित बजट है। इसमें विकास और वित्तीय समझदारी का संतुलन है। सबसे बड़ी बात कि वित्त मंत्री वित्तीय घाटे के संदर्भ में अपने वायदे पर दृढ़ रहे। पिछले बजट में वित्तीय घाटा 3.9 प्रतिशत था और यह वायदा था कि अगले बजट में यह घाटा 3.5 फीसदी ही रहेगा। साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण क्षेत्रों के धन आवंटन में कोई कटौती भी नहीं की है। उन्होंने आधारभूत संरचनाओं और कृषि पर होने वाले निवेश को काफी बढ़ावा दिया है। पिछले दो साल मानसून काफी कमजोर रहा इसकी वजह से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तनाव इस हद तक बढ़ा कि कई जगह किसान आत्महत्या तक करने को मजबूर हुए हैं। खराब उपज के चलते ग्रामीण बाजारों में मांग काफी घटी है। इसका बुरा असर उन उद्योगों पर भी पड़ा है जो ग्रामीण क्षेत्र की मांग को पूरा करते हैं। मसलन ट्रैक्टर और दुपहिया वाहनों का बाजार। वित्त मंत्री ग्रामीण बाजार की इस हालत को बड़े स्तर पर बदलना चाहते हैं इसलिए उन्होंने घोषणा की है कि अगले पांच साल में किसानों की आय को दुगुना कर दिया जाएगा। खासकर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और प्रधानमंत्री सिंचाई योजना पर होने वाले खर्च को विशेष महत्व दिया गया है। फसल बीमा जैसी योजनाओं की घोषणा तो सरकार पहले ही कर चुकी है। ग्रामीण क्षेत्र की स्थिति को ध्यान में रखते हुए मनरेगा के प्रावधान को काफी बढ़ाया गया है। बजट में ग्रामीण क्षेत्र को सबसे बड़ी प्राथमिकता दी गई है।

बजट में दूसरी प्राथमिकता शिक्षा और कौशल विकास को दी गई है। शिक्षा के अधिकार ने शिक्षा को सब लोगों तक जरूर पहुंचाया लेकिन इसकी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। इसकी गुणवत्ता पर सरकार द्वारा बजट में विशेष ध्यान दिया गया है। कौशल विकास के लिए दस विश्वस्तरीय संस्थान विकसित करने का प्रावधान भी है जिसके तहत एक करोड़ लोगों को नए कौशल से लैस किया जाएगा। उच्च शिक्षा के लिए प्रावधान भी बढ़ा दिया गया है। बजट में शिक्षा के साथ ही पूरे सामाजिक क्षेत्र को भी उतनी ही प्राथमिकता मिली है खास कर जन स्वास्थ्य सेवाओं को, जिसके प्रावधान को काफी बढ़ाया गया है।

केन्द्रीय बजट में सड़क, नागरिक उड्डयन और बंदरगाहों के विकास के लिए काफी प्रावधान किया गया है। भूतल परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी ने कई लम्बित सड़क परियोजनाओं को फिर से शुरू कराया है। देश में 160 ऐसी हवाई पट्टियां हैं जहां से नियमित उड़ान नहीं होती। वित्त मंत्री जी ने इन्हें वायु यातायात के क्षेत्रीय केन्द्र के रूप में विकसित करने की बात कही है।

पिछले कुछ समय से बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति काफी चिन्ताजनक बनी हुई है। इसके लिए 25000 करोड़ रुपए का एक एसेट रिकन्स्ट्रक्शन फंड बनाया गया है। साथ ही बैंकों के रिकैपिटलाइजेशन के लिए इन्द्रधनुष योजना भी है। इसके अलावा बैंकों के डूबे कर्जों को वसूलने के लिए डेट रिकवरी ट्रिब्यूनल्स की भी घोषणा की गई है। रसोई गैस को आधार से जोड़कर सीधे उपभोक्ताओं के खाते में पैसा पहुंचाने की योजना काफी कामयाब रही है, अब इसे उर्वरक तक बढ़ाने की कोशिश हो रही है। बजट का एक महत्वपूर्ण पक्ष कारोबार को आसान बनाने की कोशिशें हैं। इसके तहत एक डिस्प्यूट रिड्रेसेल सेल बनाया गया है जो एक सीमित समय में वाद का निपटारा करेगा। सरकार ने काले धन को सामने लोने के लिए बजट में कई प्रावधानों की घोषणा की है। यह काफी कुछ 1997 में बनाई गई आय की स्वैच्छिक घोषणा योजना यानि वीडीआईएस की तरह ही है।

सच कहा जाए तो यह गाँव, गरीब और किसानों की दशा और दिशा सुधारने का बजट है। इस बजट से गांव की तस्वीरें बदलने के साथ-साथ् सुशासन की नई बयार भी बहेंगी। आयकर छूट में सीमा भले नहीं बढ़ी हो लेकिन 5 लाख रुपए तक आमदनी वाले लोगों को 3000 तक कर में छूट देकर राहत देने का प्रयास जरूर किया गया है। ईपीएफ और पेंशन योजना में सर्विस टैक्स में छूट देना भी आम लोगों के लिए ठीक कदम माना जा सकता है।

मैं केन्द्रीय वित्त मंत्री, भारत सरकार से आग्रहपूर्वक निवेदन करना चाहता हूं कि निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर ध्यान देते हुए इसे 2016-17 के बजट में प्रमुखता दी जाए। विश्वामित्र की तपोभूमि बक्सर, जो मेरा संसदीय क्षेत्र "लघु (मिनी) काशी " के रूप में सुप्रसिद्ध है, प्राचीन संस्कृति एवं प्रमुख आध्यात्मिक केन्द्र रहा है। वहां भारत सरकार द्वारा "राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान केन्द्र" तथा महामना पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित "काशी हिन्दू विश्वविद्यालय" की शाखा के रूप् में स्थापित किया जाए। साथ ही बक्सर स्थित पुराना सदर अस्पताल परिसर में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत एक "केन्द्रीय अस्पताल-सह-ट्रॉमा सेन्टर" जो अत्याधुनिक संयंत्रों के साथ सुसज्जित हो, को स्थापित किया जाए, जिससे दुर्घटनाग्रस्त एवं हजारों गंभीर रोगों से ग्रसित लोगों की प्राणरक्षा संभव हो पाएगी। महर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि एवं भगवान श्रीराम की प्रशिक्षण भूमि, जहां मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने ताड़िका का वध किया था। इसे तीर्थाटन सर्किट के रूप् में अयोध्या से "लघु (मिनी) काशी " के रूप में सुविख्यादित बक्सर होते हुए माँ

जानकी की जन्मभूमि सीतामढी-जनकपुर धाम तक "रामायण सर्किट" के रूप में घोषित कर विकसित किया जाए। जैसाकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी द्वारा यहां शुभागमन पर अपने भाषण में बक्सर को मिनी काशी के रूप में सम्बोधित करते हुए काशी के साथ-साथ बक्सर का भी विकास करने पर जोर दिया था। साथ ही बक्सर में "राम दरबार" सहित विश्वामित्र की भव्य ऊंची कद की मूर्ति, अहिरौली, बक्सर में माता अहिल्या (जो शापित होकर शिला बन गई थी, पुनः वहां भगवान राम के चरणों की धूली के स्पर्श मात्र से उनका उद्धार हुआ एवं वो अवतरित हुई) की शिला सहित भव्य मूर्ति स्थापित की जाए। साथ ही यह बामन भगवान की भी अवतरित भूमि है। इसके अतरिक्त भगवान राम द्वारा इस क्षेत्र में प्रारम्भ की गई "पंचकोशी यात्रा" के सभी स्थानों को तीथ्र केन्द्र के रूप में विकसित किया जाए, जिससे प्रतिवर्ष आने वाले लाखों यात्री इससे लाभान्वित होंगे।

बक्सर स्थित रामरेखा गंगा तट पर भगवान श्री राम द्वारा स्थापित प्राचीन रामेश्वरनाथ मंदिर एवं ब्रह्मपुर में ब्रहमेश्वरनाथ मंदिर तथा गौरीशंकर मंदिर को आध्यात्मिक एवं तीर्थाटन केन्द्र के रूप में विकसित करते हुए इसे (बक्सर को) "रेल आस्था सर्किट" से जोड़कर राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर प्रतिस्थापित किया जाए। बक्सर जिला अंतर्गत नया भोजपुर स्थित राजा भोज के नवरत्न किले का भारतीय पुरातत्व विभाग से सर्वेक्षण एवं इसकी खुदाई कर, इस धरोहर का संरक्षण किया जाए, जिससे लाखों पर्यटकों के लिए यह दर्शनीय केन्द्र बन सके। हमारा संसदीय क्षेत्र बक्सर सहित शाहाबाद "धान का कटोरा" कहलाने वाले क्षेत्र में एफसीआई द्वारा सभी जिलों में कम से कम दो-दो बड़ा केन्द्रीय अन्न भंडारण का निर्माण कर उक्त क्षेत्र में कृषि आधारित नए उद्योग क्षेत्र स्थापित किए जाए। साथ ही बक्सर में कृषि विभाग द्वारा "चावल शोध उपकेन्द्र" की भी स्थापना की जाए। राज्य के पुराने सभी बंद पड़े उद्योग धंधों यथा भागलपुर, सीवान एवं पंडौल कॉपरेटिव स्पीनिंग मिलों, बहादुरपुर स्पन सिल्क मिल, सबौर (भागलपुर) का डी.पी.आर. तैयार कर यथाशीघ्र चालू करने हेतु विशेष सहायता राशि प्रदान की जाए, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। भागलपुर, पूर्णियां, कोसी प्रमंडल सहित बक्सर, रोहतास, कैमूर,भोजपुर के नहरी क्षेत्रों के किनारे खाली जमीन पर मलबरी/तसर शहतूत का पौधा व्यापक पैमाने पर लगाया जाए, जिससे बेरोजगारी भी दूर होगी एवं किसानों को उसका अधिकाधिक लाभ मिल पाएगा।

सुल्तानगंज (अजगैवीनाथ धाम, भागलपुर) से बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर, झारखंड) बांसुकीनाथ धाम (झारखंड), मधुसूदन-मन्दार (बांका, बिहार) होते हुए बाबा बृद्धेश्वरनाथ धाम (भागलपुर) तक विश्वप्रसिद्ध श्रावणी कांवरिया मेला को "कांवरिया सर्किट" के रूप में घोषित कर विकसित किया जाए। प्राचीन विश्वविख्यात अंग जनपद, कहलगांव (भागलपुर) स्थित विक्रमशिला विश्वविद्यालय को नालंदा विश्वविद्यालय के तर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया जाए। केन्द्र सरकार ने पिछले दिनों यहां केन्द्रीय

विश्वविद्यालय बनाने की घोषणा की है। रेशमी शहर भागलपुर में केन्द्रीय सिल्क बोर्ड, बैंगलोर की इकाई अत्याधुनिक संयंत्रों के साथ स्थापित किया जाए, जिससे यहां के सिल्क निर्यातकों को सिल्क वस्त्र प्रत्यक्ष रूप से निर्यात करने का अवसर प्रदान हो सके। साथ ही भागलपुर के रेशम संस्थान में "राष्ट्रीय बुनकर कौशल विकास संस्थान " की भी स्थापना की जाए। बिहार के कोसी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर का "डिजास्टर मैनेजमेंट संस्थान " स्थापित किया जाए। इसके अतिरिक्त भागलपुर में "कतरनी धान " की खेती को प्रोत्साहित करते हुए "कतरनी चूड़ा " का देश-विदेश में व्यापार को बढ़ावा देने भागलपुर के जरदालू आम, मुजफ्फरपुर की लीची, नौगछिया एवं हाजीपुर में केले की खेती को प्रोत्साहित करते हुए बड़े पैमाने पर कृषि आधारित उद्योग के साथ-साथ "फ्रूटपार्क " की स्थापना की जाए। चम्पानगर, भागलपुर में प्राचीन बिहुला-बाला पर आधारित "मजूषा कला पेंटिंग " को (मुधबनी पेंटिंग के तर्ज पर) भागलपुर स्टेशन सहित वहां से खुलने वाली सभी गाड़ियों में पेंटिंग प्रदर्शित की जाए, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर इस कला को सम्मान एवं प्रसिद्धि मिल सके।

बुद्ध-जैन सर्किट के रूप में सारनाथ काशी से लघु काशी के रूप में विख्यादित बक्सर, बोध गया नालन्दा होते हुए मंदार पर्वत जैन शिखर, जैन तीर्थांकर वासुपूज्य महाराज की जन्म एवं अवसान भूमि चम्पापुरी, भागलपुर, विक्रमशिला (कहलगांव) केसरिया, चम्पारण आदि जगहों से होते हुए पार्श्वनाथ पर्वत (गिरिडीह,झारखण्ड) तक बुद्ध-जैन सर्किट घोषित कर तीर्थाटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाय। मक्का एवं मखाना की खेती को प्रोत्साहित करते हुए कोसी, दरभंगा, भागलपुर, खगड़िया, मुंगेर आदि क्षेत्र में इसे बढ़ावा देने हेतु कृषि आधारित उद्योग केन्द्र स्थापित किया जाए। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स बिहार में खोलने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा विगत वर्ष के बजट में घोषित की गयी है। इसके लिए बिहार में मेरे स्वास्थ्यमंत्रित्वकाल में तत्कालीन केन्द्र सरकार को प्रेषित प्रस्ताव भागलपुर स्थित जवाहर मेडिकल कालेज की खाली पड़ी जमीन पर (जो बिहार के पूर्वी क्षेत्र का अंतिम छोर झारखण्ड, पश्चिम बंगाल से सटी हुई है तथा वर्षों से उपेक्षित अति पिछड़ा क्षेत्र रहा है) खोलना सर्वश्रेष्ठ होगा।

विपक्ष के हमारे साथी द्वारा इस बजट का विरोध एवं सरकार का उपहास करने पर मुझे कहना है कि

"मेरा यही अंदाज जमाने को खलता है कि
मेरा चिराग हवा के खिलाफ क्यों जलता है।"

हमारी अपील है कि विपक्ष के लोग सरकार के इस बजट का समर्थन करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी द्वारा "सबका साथ सबका विकास " को अमलीजामा पहनाने का सार्थक सहयोग करें,

जिससे आजाद भारत का सपना साकार हो सके, जो भारत के स्वतंत्रता-सेनानियों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

देश को आजादी के नए अफसानों की जरूरत है,
गांधी, सुभाष, भगत, आजाद, मंगल पांडेय, खुदीराम बोस जैसे
दीवानों की जरूरत है, भारत को फिर देशभक्त परवानों की जरूरत है।"
जय भारत-जय हिन्द
"वन्दे मातरम"

HON. SPEAKER : Yes, Mr. Minister.

वित्त मंत्री, कॉर्पोरेट कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री अरुण जेटली) : माननीय अध्यक्ष जी, सदन के बहुत सारे सदस्यों ने बजट की चर्चा में भाग लिया है, इसके लिए मैं आभारी हूँ। मैं एक प्रारंभिक टिप्पणी करना चाहूंगा। मैंने बजट की बहुत चर्चाएँ देखी हैं, लेकिन पिछले तीन दिनों में जितने सांसद बोले, लगभग सब लोग बहुत ही तैयारी के साथ बोले। इस बहस का एक और महत्त्व भी था कि इस पर जितनी महिला सदस्य बोलीं, उनका स्तर बहुत ही अच्छा था। It was exceptionally good.

बहस का आरंभ मेरे मित्र शशि थरूर ने किया था। स्वाभाविक है कि वह हमेशा अच्छा बोलते हैं। मेरा सौभाग्य है कि मैं उन्हें 40-45 वर्षों से जानता हूँ, जब से हम लोग विद्यार्थी थे। उन्होंने सरकार की आलोचना भी की, बजट की आलोचना भी की, लेकिन उस आलोचना में अर्थ-शास्त्र कम था और कविता ज्यादा थी। अर्थ-शास्त्र की दृष्टि से जो तर्क था कि टैक्स लगाना अपने आप में गलत है, इसे सरकार को कम कर देना चाहिए। 20 लाख करोड़ रुपये के बजट में यदि 20 हजार करोड़ रुपये के करीब टैक्स लगता है, तो यह एक फीसदी भी नहीं होता। जो अर्थ-शास्त्र थरूर साहब का था कि टैक्स मत लगाइए, खर्चे को बढ़ा दीजिए, पर वित्तीय घाटे को मेनटेन करके रखिए। So there should be no tax increase but expenditure must increase. Now this *Shashinomics* is something which I found myself unable to understand how without levying tax, you can spend more.

जिस परिस्थिति में यह बजट दिया गया है, उसकी तरफ हम लोग एक बार देख लें। शायद इतनी गंभीर आर्थिक परिस्थिति पूरे विश्व की पिछले कई वर्षों में नहीं दिखी। यह चिन्ता की परिस्थिति है, चुनौती की परिस्थिति है और लगभग यह एक संकट की दिशा में जा रही है। विश्व की अर्थ-व्यवस्थाएँ एक-दूसरे के साथ इतनी जुड़ गयी हैं कि विश्व के किसी कोने में कुछ होता है, तो स्वाभाविक है कि उसका असर पूरी दुनिया में जाएगा। अगर हम देखें तो इस वक्त दुनिया में सबसे बड़ी चिन्ता यह है कि चाइना की अर्थ-व्यवस्था में मंदी आयी है। चाइना वह देश है, जो लगभग 30 वर्षों तक 9 और 10 फीसदी की औसत के साथ बढ़ा है। It was unprecedented to grow for 30 years at an average of nine per cent plus. Fifty per cent of global growth came only from China. उसके बाद अचानक चाइना का ग्रोथ-रेट कम हो जाए, तो स्वाभाविक है कि उसका असर पूरी दुनिया पर पड़ता है। Global currencies are impacted. Global trade is impacted. In fact, global trade has shrunk. I mentioned in my Budget Speech that when the UPA was in power global trade was increasing by seven per cent a year. Today, it is shrinking by

four per cent. यह टिप्पणी करना बड़ा सरल है कि एक्सपोर्ट कम हो गये हैं। स्वाभाविक है, यह कम होंगे। Export will come down because trade is shrinking and it is shrinking because of two reasons. जो लोग हमसे खरीददारी करते थे, उनकी जेब में पैसा कम है। दूसरा कारण यह है कि जब तेल की कीमत कम हो गयी, कमोडिटीज़ की कीमत कम हो गयी, अगर एक्सपोर्ट की मात्रा उतनी ही रही, लेकिन कीमत कम हो गयी, तो स्वाभाविक है कि उसकी वैल्यू कम हो जाती है। Shrinkage can be in volumes and it can also be in value. Eighteen per cent of India's export is refined oil. Crude oil gets treated and then it is sent out and it goes back. जब आयल की कीमत कम होगी तो उसका इम्पोर्ट पर भी असर पड़ता है, एक्सपोर्ट पर असर पड़ता है, इसलिए हम केवल उस आंकड़े को न देखें, बल्कि उस परिस्थिति को देखें। जो दुनिया के विकसित देश थे, यूरोप बहुत धीमी प्रगति कर रहा है, एक या डेढ़ फीसदी से ज्यादा नहीं है। अमेरिका में ग्रोथ होती है, लेकिन एक तिमाही में होती है, दूसरी तिमाही में रुक जाती है, अभी पैची है। जिनके साथ हमारी प्रतिस्पर्धा थी, जिनको ब्रिक्स देश कहते हैं, उनमें ब्राजील की स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। वहां की अर्थव्यवस्था सिकुड़ रही है। रशिया की अर्थव्यवस्था सिकुड़ रही है। दक्षिण अफ्रीका की अर्थव्यवस्था थोड़ा बढ़ी है, लेकिन कमजोर है, चाइना नीचे आ रहा है। इस परिस्थिति में हम अगर देखें जो राजनीतिक परिस्थिति है, उसका भी असर पड़ता है। सउदी अरेबिया और ईरान के बीच क्या स्थिति बनती है, तेल की पैदावार को लेकर क्या नीति अन्य तेल उत्पादक देशों में बनती है, उसका असर होगा।

आने वाले साल में, जिस साल में हम जा रहे हैं, जिस प्रकार की चर्चा अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में हो रही है, उसका परिणाम क्या होगा और वह बहस एवं नीति को किस दिशा में ले जाएगा, वह भी अपने आप में विश्व की आर्थिक परिस्थिति के ऊपर असर डालने वाला है। इस परिस्थिति में आईएमएफ, जो पूरे यह देखता है कि पूरे विश्व में हर देश की और विश्व की आर्थिक परिस्थिति कैसे बढ़ रही है, वह हर तिमाही बाद विश्व की अर्थव्यवस्था कैसे नीचे आती जा रही है, global growth is declining and they repeatedly come out with figures. इस परिस्थिति में हम कहां हैं? Where do we stand? The challenge really is, how do we build firewalls around ourselves that we are least impacted by the global situation? China impacts us only partly. We are not a part of China's production chain or their distribution chain. But then China does impact us because the volatility that it creates impacts our markets and it impacts our currency. Oil fortunately is an advantage for us. The oil prices coming

down actually have amounted to transfer of wealth from producing countries to the consuming countries. Therefore, oil is an advantage for India. We are net buyers and it is therefore helping us. But then globally the export markets have shrunk. Job market all over the world is shrinking. Under these circumstances we did about 7.2, 7.3 per cent growth last year and this year it is expected that it will be about 7.5 to 7.6 per cent. That was the figure which was indicated by the experts. Despite this our basic economic parameters, our macro data seems to be reasonably good. Current Account Deficit would be below 1.5 per cent.

Some comments were made on inflation. I have the data and I need not go into the details. We inherited an economy near double digit inflation. When we came into power 22 months ago it was double digit inflation. Over that time it has gradually been under control, never crossed 6 per cent. In fact, for the 15th month or 16th month in a row the Wholesale Price Index is in the negative. Even today the data which has come out shows that the Wholesale Price Index is in the negative and the Consumer Price Index has come down again today. Foreign Exchange reserves are fortunately good. It is now accepted that last year and in this year and hopefully next year India has, in this atmosphere of global slow down, the distinction of being the fastest growing major economy in the world. But then we have our own areas of worry. हमारा जो सात-साढ़े सात फीसदी का विकास हो रहा है, यह किस ताकत पर हो रहा है? इस अर्थव्यवस्था को चलाने वाले इंजन कौन से हैं? निजी क्षेत्र का जो निवेश होता है, वह आज भी कमजोर है और कमजोर इसलिए है, मैं इस बारे में कोई राजनैतिक टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं, लेकिन प्राइवेट सेक्टर ने अपने आपको काफी ओवर स्ट्रेच कर लिया था। उनको बैंकों से खूब पैसा मिला था। आज उनमें से कई उसको लौटा नहीं पा रहे हैं। इसके पीछे एक मूल कारण यह भी है कि जिन सेक्टर्स में काम करने के लिए उन्होंने पैसा लिया था, उन सेक्टर्स में ग्लोबल स्लो डाउन का या डोमेस्टिक स्लो डाउन का प्रभाव है।

जैसा कि माननीय सदस्यों ने कहा कि दो वर्ष लगातार बारिश 13 फीसदी तक कम हुई है। कृषि पैदावार की चिंता नहीं है, क्योंकि यह आज भी सरप्लस है। लेकिन गांव में जो खरीदारी करने की क्षमता है, वह कमजोर हो जाती है। इसके अतिरिक्त विश्व बाजार में जो सामान भेजना है, क्योंकि विश्व की

अर्थव्यवस्था में मंदी है तो उसमें भी कमी आयी है। इस परिस्थिति में पिछले वर्ष हम लोगों ने यह तय किया था कि जो सरकारी खर्च है जिसको हम पब्लिक एक्सपेंडिचर कहते हैं public expenditure will be the key driver of India's economic growth. पिछले साल इनफ्रास्ट्रक्चर और अन्य क्षेत्रों में पब्लिक एक्सपेंडिचर हमने बढ़ाया था, जिसकी वजह से अर्थव्यवस्था ने कुछ तेजी पकड़ी। दूसरा, देश में विदेशी निवेश खूब आया, उसकी मात्रा बढ़ी तो एफडीआई आने से अर्थव्यवस्था को एक प्रकार से लाभ हुआ है। निवेश नहीं होगा तो आर्थिक गतिविधि नहीं होगी और रोजगार नहीं होगा। शहरी क्षेत्रों में डिमांड बढ़ी है, इसलिए वे चीजें जिनका शहरी क्षेत्रों में ज्यादा प्रयोग होता है, उनकी बिक्री और व्यवसाय बढ़ा है। इसके साथ ही साथ इनकी बढ़ोतरी से एक अच्छे स्तर की अर्थव्यस्था हम लोग बढ़ा पाए हैं।

लेकिन मैं आज भी मानता हूं कि इस देश की जो क्षमता है, आज इस मंदी की दौर में बाकी दुनिया की तरफ हम देखें if we compare ourselves to the rest of the world, we are doing well. If we compare ourselves with our own standards, we can probably do better and in a more helpful environment. When I say helpful environment, I mean both globally a helpful environment and domestically, at least, absence of an obstructive environment. Therefore, what was the philosophy behind the Budget? Obviously, the philosophy was जिन क्षेत्रों में इस मंदी के दौर में कमजोरी दिखाई दे रही है, वहां अधिक से अधिक सरकारी संसाधन डाले जाएं। इसलिए इस बजट के बारे में कोई कहे कि ग्रामीण क्षेत्रों की दृष्टि से है, किसान की दृष्टि से है, it is a realistic budget. पहला कारण यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से कृषि में एक अपने आप में कमजोरी थी, क्योंकि दो वर्ष तक सही से बारिश नहीं हुई। गांव की खरीदारी करने की क्षमता कम हुई। इसलिए अधिक से अधिक साधन गांव के अंदर डालने की आज आर्थिक आवश्यकता भी है। कोई अर्थशास्त्री आपको यह नहीं कह सकता कि वहां कम पैसा डालिए। This was economic logic, this was social logic and this is also the political logic. तीनों तर्क यही कहते हैं कि वहां डालिए। अब ग्रामीण सड़के हैं, पहले आठ-नौ हजार करोड़ रुपये खर्च होता था, यह तर्क देना कि राज्यों को हिस्सा देना पड़ रहा है, राज्यों को जो साधन जाता है, वह भी इस देश के लिए ही जाता है, राज्य के लिए ही जाता है और केन्द्र की बजाय राज्य की सरकारें लोगों के ज्यादा नजदीक होती हैं। इसलिए कई योजनाएं ऐसी हैं, जिनमें केवल केन्द्र देता है। मैं आपको आज आंकड़े दूंगा कि हमने राज्यों की आर्थिक परिस्थिति कैसे खड़ी की है और जो कमजोर राज्य हैं, उनके लिए हम आगे क्या करने वाले हैं? जहां तक राज्यों की परिस्थिति की बात है, ग्रामीण सड़कों के लिए 60 फीसदी केन्द्र देता है और

यह मुख्यमंत्रियों ने तय किया है। उनकी कमेटी की रिकमण्डेशन थी कि 40 फीसदी अब राज्य देंगे, क्योंकि फाइनेंस कमीशन के बाद राज्यों के पास भी साधन अधिक हो गए हैं।

19.00 hours

हम लोगों का जो आठ हजार, नौ हजार करोड़ रुपया साल का जाता था, हमारा हिस्सा लगभग 18 हजार करोड़ हो गया और राज्य का नौ हजार करोड़ हो गया और अब इस वर्ष 27 हजार करोड़ रुपया ग्रामीण सड़कों में जायेगा। यानी कि पहले की तुलना में तीन गुणा ज्यादा जायेगा। हर गांव में बिजली पहुंचे, परंतु यह जो चुनौती है कि 2018 तक पहुंचे, कल श्री पीयूष गोयल ने मुझे बताया कि 18 हजार में से लगभग छः, साढ़े छः हजार गांव हम कवर कर चुके हैं और इसलिए जो टारगेट डेट है, हम उससे आगे तेज गति में चल रहे हैं।

माननीय अध्यक्ष : हमने हाउस शायद सात बजे तक बढ़ाया था, इसलिए जब तक बजट का काम पूरा नहीं होता है, आप सबकी सहमति से तब तक के लिए हाउस का समय एक्सटेंड कर लेते हैं।

श्री अरुण जेटली : सिंचाई के संबंध में यह स्वाभाविक है कि हम अगर इंफ्रास्ट्रक्चर में पैसा लगाते हैं और उद्योग के लिए लगाते हैं तो इंफ्रास्ट्रक्चर बनेगा, उद्योग लगेगा, उद्योग मुनाफे में आएगा, उसमें रोजगार मिलेगा तो पांच-सात या आठ साल उसका प्रभाव आने में लग जाते हैं। जो सिंचाई में पैसा खर्च होता है, उसका परिणाम आपको अगले साल नजर आ जाता है। इसलिए गुजरात, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश के कुछ क्षेत्रों का जो पुराना अनुभव आया है कि जहां-जहां सिंचाई में साधन लगे हैं, उसका वहां की अर्थव्यवस्था को लाभ हुआ है। हम केवल आंकड़ा देखें तो बजट में तीन-चार अलग-अलग हैड्स में एक्सपेंडीचर है। सिंचाई स्टेट लिस्ट में हैं, जिम्मेवारी राज्यों की है और राज्य इस पर जो खर्चेंगे, वह अलग है। केन्द्र ने चार-पांच हैड्स में सिंचाई के लिए अलग-अलग साधन दिये, एक्सट्रा बजटरी रिसोर्सेज लगाये और उसके साथ-साथ नाबार्ड भी उसमें योगदान देगा और विशेष रूप से एक Irrigation Fund is going to be created. Whatever commitments are required by some special States – the Polavaram project, for instance – we are going to make sure that special funds are created so that those areas can get water and the funds go from this expanded resources as far as the irrigation is concerned. … (*Interruptions*) You will get the particulars. Once the Rs. 20,000 crore Fund is created several States will be benefited. I have just given this example because that issue is part of the Centre's commitment. So, I just referred to it. But it applies to all the States.

इसके अलावा इंटरेस्ट-सबवेंशन छः-सात हजार करोड़ रुपये मिलता था। इस बार हमने 15 हजार करोड़ रुपये दिया है। मुझे परसों एक विशेष बैठक में किसी ने एक सुझाव दिया कि जो कानून हमने पास किया है, हम लोग जो ब्याज की भी सहायता करते हैं, वह भी डायरेक्ट किसान के खाते में भेजो, इस तरह के सुझाव अब आने शुरू हो गये हैं। इस बार जो इंटरेस्ट-सबवेंशन किसान का होगा, वह सबसे अधिक होगा। मनरेगा का मैंने उदाहरण दिया, सदस्यों ने कहा कि इस बार साढ़े 38 करोड़ रुपये अगर हम खर्च करते हैं तो किसी वर्ष में खर्च हुआ मनरेगा का सबसे अधिक खर्चा होगा।

महोदया, प्रधान मंत्री जी के बयान को लेकर बहुत कुछ कहा जाता है, उन्होंने ठीक बयान दिया। अगर 65 वर्ष बाद भी हमें कानून चाहिए कि किसान की जेब में एक रोजगार डालना है, क्योंकि उसके पास साधन नहीं हैं तो यह हमारी विफलता की निशानी है, यह कहने में क्या गलत है। इसलिए वह विफलता की निशानी होते हुए अगर एक योजना है तो ग्रामीण क्षेत्रों में उसके माध्यम से हम अधिक साधन पहुंचायेंगे - चाहे सड़क के माध्यम से, सिंचाई के माध्यम से, ब्याज के माध्यम से, मनरेगा के माध्यम से, स्वच्छ भारत के माध्यम से, बीमा योजना के माध्यम से, रुरल हाउसिंग के माध्यम से, हर पंचायत को जो साधन जाने वाले हैं, उसके माध्यम से तो एक-एक हैड में हम लोगों की जो योजना बनी है कि अधिक से अधिक साधन ग्रामीण क्षेत्रों में जाएं, क्योंकि अर्थव्यवस्था का जो सबसे कमजोर सैक्टर है, आज वह है और इसलिए उस सैक्टर के अंदर ताकत देने की आवश्यकता है।

आज इंफ्रास्ट्रक्चर की हम लोग स्थिति देखें। हाइवेज एक प्रकार से रूकावट पर आ गए थे, स्टैन्ड स्टिल थे। वाजपेयी जी ने शुरू किए थे, फ्लैगशिप प्रोजेक्ट माना जाता था और एक प्रकार से धीरे-धीरे आते-आते दो-तीन-चार किलोमीटर प्रतिदिन की स्थिति पर आ गए। पहले 17 टेन्डर, जो गड़करी जी के मंत्रालय ने निकाले, एक व्यक्ति ने उस टेन्डर का जवाब नहीं दिया, क्योंकि जिस तरह से संचालन हो रहा था, हर टेन्डर को लेकर, हर कान्ट्रेक्ट को लेकर कान्ट्रेक्टर से झगड़ा है। सारे ठेकेदार जो बनाते हैं, वे एक प्रकार से बैंक करप्ट हो गए। हमारे आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना के जो मित्र यहाँ हैं, वे जानते होंगे कि बहुत सारे लोग बनाने वाले उनके राज्यों से आते थे। यह परिस्थिति हो गई कि कोई बैंक उनको छूने को तैयार नहीं था। यह परिस्थिति हाइवेज की हो गई और इसकी वजह से हाइवेज पैरालाइज हो गए। हमने पिछले साल के बजट में अधिक साधन दिए। इस साल 55 हजार करोड़ रूपए एक, 15 हजार करोड़ रूपए एक, 70 हजार करोड़ रूपए, 27 हजार करोड़ रूपए ग्रामीण सड़क और जब 97 हजार करोड़ रूपए हाइवेज और सड़कों में जाएंगे सरकारी साधनों से तो फिर निजी क्षेत्र भी अपनी रकम लगाता है, क्योंकि यह क्षेत्र घूमने वाला है और हाइवे सेक्टर जो था, वह अपने आपमें दोबारा इस देश का रिवाइव हुआ है। ग्रामीण सड़कों का मैं जिक्र कर चुका हूँ। एयरपोर्ट्स हैं, हर राज्य में ऐसी एयर स्ट्रिप्स हैं, छोटे शहरों में भी हैं, दूसरे महायुद्ध में

अंग्रेजों ने 160 एयर स्ट्रिप ऐसी बनाई थीं, जो अन्यूज्ड हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी के 25 एयरपोर्ट ऐसे हैं, जहाँ एक जहाज नहीं उड़ता। इस बार हम लोगों ने कहा कि राज्य सरकारों से बात करकर, कोई आरम्भ तो करे, दस-पाँच नए एयरपोर्ट्स में हर साल पैसा लगाएं, एक मॉडल बनाया है, जिसमें 50 से 100 करोड़ रूपए तक वहाँ एक छोटा एयरपोर्ट बनाने के लिए, जहाँ एक-दो फ्लाइट रोज की आ सकें और जो एयरपोर्ट अथॉरिटी के हैं, क्योंकि एयरपोर्ट अथॉरिटी के पास अब साधन हैं, श्री अशोक गजपति राजू साहब का मंत्रालय इसमें योजना बना रहा है कि उन एयरपोर्ट्स को, एयरपोर्ट अथॉरिटी के माध्यम से कम से कम दस को इस बार ये डेवलप करेंगे। सी पोर्ट्स क्लॉक्ड हैं, उसमें निजी क्षेत्र कुछ सरकारी साधन के माध्यम से अब कोरपोरेटाइज्ड पोर्ट्स आएंगे। इसका हम लोग प्रयास करें।

पावर सेक्टर की यह स्थिति थी कि आज अगर हम बैंक एनपीएज देखते हैं, बहुत से सदस्यों ने उसका जिक्र किया है। बैंक्स की क्या क्षमता है? Banks are supposed to support growth. बैंक पैसा देगा तो उससे उद्योग खड़ा होगा, बैंक पैसा देगा तो किसान खेती कर पाएगा, बैंक पैसा देगा तो उसमें कोई व्यक्ति मुद्रा योजना से खड़ा कर पाएगा। अगर बैंक की ऋण देने की क्षमता समाप्त हो जाएगी तो बैंक की क्षमता उस विकास को समर्थन करने में, सपोर्ट करने में अपने आपमें समाप्त हो जाएगी। आज बैंक्स की यह स्थिति थी, यह कोई एनपीएज अब नहीं आए, पिछली बार 31 दिसम्बर को संख्या क्यों बढ़ी? एक अखबार ने अभियान चलाया कि बैंक्स ने लोन राइट ऑफ कर दिए हैं। एक रूपया किसी ने राइट ऑफ नहीं किया। एनपीए का अर्थ है कि जब तक अकाउन्ट फंक्शनल है तो बैंक को यह उम्मीद रहती है कि यह व्यक्ति पैसा वापस करेगा। एनपीए जब होता है तो उसको लगता है कि नॉन परफार्मिंग अकाउन्ट है, यह न ब्याज वापस कर पा रहा है, न मूल वापस कर पा रहा है और इसलिए उसका जो कॉलम है, जो श्रेणी है, उसको एनपीए में डाल देते हैं तो the categorisation is changed. इसमें किसी की ऋण माफी नहीं होती है। किसी समाचार पत्र ने इस रीक्लासिफिकेशन, जिसे बैंक की भाषा में प्रोविजनिंग कहते हैं, इस प्रोविजनिंग को ऋण माफी मान लिया। किसी ने पीआईएल डाल दी, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह ऋण माफी कैसे हुई? कोई एक रूपया भी ऋण माफी नहीं हुई है। It is only a re-provisioning from one category you go to another category. अब बैंक की असली परिस्थिति को हम छिपाकर रखें। You indefinitely cannot clean up the room by sweeping the dust below the carpet. कारपेट के नीचे गन्दगी डाल दें तो उसका यह मतलब नहीं कि कमरा साफ हो गया है तो आपको स्पष्ट बताना चाहिए कि ताकत क्या है?

इन एनपीएज के पीछे दो कारण हैं। एक कारण यह हो सकता है कि गलत व्यक्ति को बैंक ने ऋण दे दिया और वह व्यक्ति वापस नहीं कर पाया, उसकी नीयत में खोट था, वह तो फ्रॉड केस है। दूसरा कारण यह रहता है कि बिजनेस फेल्योर है, इकॉनामिक फेल्योर है उस सेक्टर का और मैं आपको स्पष्ट बताऊं कि हमारे देश की क्या परिस्थिति थी। मैं चाहूंगा कि अन्य दलों, विशेष रूप से कांग्रेस के लोग भी, मैं इसमें राजनीतिक दृष्टि से इसकी टिप्पणी नहीं करूंगा, लेकिन वास्तविक स्थिति समझें। हमारे देश में सबसे अधिक एनपीए हुआ है स्टील में, स्टील में क्यों हुआ? हमारी जो क्षमता स्टील बनाने की है, देश में जितनी स्टील चाहिए, उतनी हमारी क्षमता है। चाइना के पास सरप्लस कैपेसिटी है। चाइना ने जिस कीमत पर स्टील बनता था, उससे आधी-अधूरी कीमत पर, जब वहां मंदी आई, तो अपने उद्योग को जीवित रखने के लिए दुनिया के बाकी देशों में सस्ते दामों पर स्टील बेचना शुरू कर दिया। They flooded the global market with their steel. यह कुछ समय से चल रहा था। इसका असर यह हुआ कि हमारी स्टील बनाने वाली कंपनियां स्टील बनाती थी, उनका स्टील कोई खरीदता नहीं था, क्योंकि चाइना से सस्ता मिलता था। यह केवल हिंदुस्तान के साथ नहीं हुआ, पूरे यूरोप के साथ हुआ और अमेरिका के साथ हुआ। इसलिए स्टील की कंपनियां, मैं चाहूंगा कि लोग इकॉनामिक सर्वे को पढ़े, एक बहुत अच्छा चैप्टर है उनका इस पर, उन्होंने कहा कि it is a twin balance-sheet problem. ट्विन बैलेंस शीट की दोहरी समस्या यह है कि स्टील मिल्स की अपनी बैलेंस शीट खराब हुई और वह बैंक्स को पैसा नहीं दे पाए और बैंक्स की बैलेंस शीट खराब हो गई। अब इसमें कोई आवश्यक नहीं है कि इसमें किसी ने फ्रॉड किया हो। यह एक इंटरनेशनल इकॉनामिक फैक्टर था, जिसकी वजह से यह हुआ। अब सरकार क्या चुप बैठी रही? इस पर कार्रवाई पिछले तीन-चार साल से होनी चाहिए थी, जब यह स्थिति बिगड़ रही थी। हमने स्टील की कस्टम ड्यूटी बढ़ाई। इसके अलावा इस तरह का स्टील का अटैक हो जाए, उसको रोकने के लिए और ड्यूटीज बढ़ाईं। हम बढ़ाते गए, चीन दाम कम करता गया और यह खेल चलता रहा। फिर हमने मिनिमम इंपोर्ट प्राइस तय कर दिया कि इस इंपोर्ट प्राइस के नीचे बाहर से स्टील नहीं आएगा। अब ये तीनों कदम उठाने के बाद आज हमारे मिलों की स्थिति में पिछले कुछ महीनों में सुधार आया है, अगले दो-तीन तिमाहियों में स्टील दोबारा से खड़ा हो सकता है और उसकी एक उम्मीद है।

चीनी मिलें, गन्ना किसानों को पेमेंट नहीं हो रही थी। दुनिया में चीनी का दाम गिर गया। ब्राजील की चीनी तो 18 रूपए प्रति किलो मिल रही थी। सबसे अधिक पैदावार वे लोग करते हैं। इसलिए हमारे यहां जो मिनिमम सपोर्ट प्राइस जो स्टेट एडवाइज प्राइस होता है, वह अधिक था शुगरकेन का, उससे मिलें घाटे

में चली गईं, मिलों ने पैसा देना बंद कर दिया। सरकार ने दो-तीन योजनाएं बनाईं, बैंकों से पैसा दिया ताकि स्पष्ट रूप से सीधा किसान के पास जाए और 21 हजार करोड़ रूपए जो किसानों को देना था, आज वह घटाते-घटाते 18 सौ करोड़ पर आ गया है। अब दुनिया के बाजार में चीनी का दाम थोड़ा सा बढ़ा है, इसके बढ़ने से चीनी मिलों को भी राहत मिली है और इस परिस्थिति में भी इस क्षेत्र में भी सुधार आया है।

तीसरा, हाइवेज का क्षेत्र था। हाइवेज का मैंने जिक्र किया कि एकदम ठप्प पड़े थे, अब दोबारा पिछले साल भर से हाइवेज रिवाइव हुए हैं। इसलिए हाइवे बनाने वाली कंपनियों की बैलेंस शीट सुधरेगी तो उसका बैंक की बैलेंस शीट पर असर पड़ेगा। इन तीन क्षेत्रों में सुधार आया है।

चौथा, जो सबसे गभीर था, वह था बिजली। कोल माइंस दे दी गईं, बिजली के हमने कांट्रैक्ट्स किए। बीच में कोल माइंस का झगड़ा हुआ, उसका स्पष्ट हल ढूंढा। हमने बिजली की पैदावार बढ़ा दी। पैदावार बढ़ाने के बाद पूरे राज्यों तक बिजली पहुंचा दी, ग्रिड भी बन गए। लेकिन कुछ राज्यों ने यह सोचा और यह हम सबके लिए यह सबक है, कुछ राज्यों ने यह सोचा कि राजनीति यह कहती है कि बिजली कीमत से सस्ते दाम पर मिले। अगर एक दाम पर बिजली मिलती थी, खरीदते थे या उसकी पैदावार की कीमत थी, तो उससे सस्ते दाम पर देनी शुरू कर दी। अब यह घाटा कौन उठाएगा? इस घाटे को उठाने का, बिजली के कानून में इलेक्ट्रसिटी एक्ट में लिखा है कि सरकार अपने बजट में से दे। राज्य सरकारों के पास बजट से धन देने की क्षमता नहीं थी। इसलिए राज्य सरकारों ने बैंको कहा कि उधार देना शुरू कर दो, बिजली कंपनियों ने बैंकों से उधार लेना शुरू कर दिया और यह लगा कि बिजली सस्ती देंगे तो चुनाव जीत जायेंगे। राजस्थान से जो सांसद चुन कर आयें हैं, वे जानते हैं कि वर्ष 2008 में जब सरकार बदली तो बिजली कंपनी का घाटा 15,000 करोड़ रुपये थे, बिजली कंपनी को वह देना था। जब वर्ष 2013 में राजस्थान की सरकार गयी तो वह 70,000 करोड़ रुपये हो चुके थे। उस 70,000 करोड़ रुपये का यह असर हुआ। ऐसे कई राज्य थे, जो बैंक से पैसा लेकर सस्ती बिजली देते थे और बैंक का पैसा कौन लौटायेगा, इसका कोई उत्तर नहीं। इस परिस्थिति में केन्द्र ने कुछ कदम नहीं उठाये। बिजली कंपनियों के जो स्टेट डिसकॉम्स हैं, उनके घाटे बैंकों के ऊपर रिफ्लैक्ट होने शुरू हो गये।

अब राजस्थान मे यह स्पष्ट हो गया कि इतिहास में सबसे अधिक घाटा भी बिजली कंपनी का कर दिया और इतिहास में सबसे कम सीटें भी आयी तो दोनों का आपस में कोई संबंध नहीं था। अब नयी सरकार आयी तो उसने कहा कि मैं इसका क्या हल ढूंढूं। अभी पावर मिनस्ट्री ने जो 'उदय स्कीम' निकाली है कि सारे के सारे राज्य सरकारें इस घाटे को अपने बजट में लें, तीन चौथाई घाटे को, फिर बैंक्स को बॉन्ड्स दें, बैंक्स उन कारपोरेट बॉन्ड्स को बेचेंगी, ब्याज की वजह से जो बिजली की दर बढ़ती है, उससे वह कम होगी। फिर, फीडर के संबंध में जो इनिशिएटिव्स हैं, उनकी सुविधा दी। आज 15-16 राज्यों ने जो

एमओयू है, उसको साइन कर दिया है। धीरे-धीरे लोगों को भी अभ्यास हो कि जो सुविधा आप लेते हैं, उस सुविधा के लिए आपको पैसे देने पड़ेंगे। अगर किसी कमजोर वर्ग को सरकार मदद करना चाहती है तो सरकार अपने बजट में से वह दे। बैंक्स से उधार ले कर पैसा दे दे और बैंक्स का पैसा वापस न करे, यह परिस्थिति चल नहीं सकती है।

मैडम, इसी प्रकार की समस्या टेक्सटाइल्स, इंफ्रास्ट्रक्चर एग्रीमेंट्स, इंफ्रास्ट्रक्चर कॉन्ट्रैक्ट्स और कई ऐसे जो स्टॉल्ड प्रोजैक्ट्स हम कहते हैं, उनको हल कैसे करेंगे। इस देश में एक वास्तविक समस्या है और खड़गे साहब, मैं चाहूंगा कि आप भी अपनी पार्टी में इसकी चर्चा कीजिए। हम लोग राजनीति से ऊपर उठ कर बात करें। कभी आप भी सरकार में थे, यह समस्या आती थी। आप इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजैक्ट में कोई समझौता या सेटलमेंट करना चाहते हैं, मान लीजिए प्रोजैक्ट विलंब हो गया और उसकी कीमत बढ़ गयी। आपने कहा कि दुनिया में कीमत बढ़ गयी है इसलिए हम पैसा ज्यादा देंगे। फिर, डर लगता है कि सीबीआई आ जायेगी, सीएजी भी आ जायेगी और पीआईएल भी दायर हो जायेगी तो इसलिए इस झगड़े को चलने दें। 15-16 लाख करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट्स ठप पड़े हैं, जब आप शासन से बाहर गये, क्योंकि कोई व्यवस्था नहीं है उन समस्याओं का हल ढूंढने के लिए। हम लोगों ने आर्बिट्रेशन एक्ट बदला है और आपने उसका समर्थन किया है कि साल-छः महीने में फास्ट ट्रैक आर्बिट्रेशन से डिसप्यूट को हल करो। हर हाई कोर्ट ने इसका हल ढूंढने के लिए एक कॉमर्शियल डिविजन बनाया है कि एक कॉमर्शियल डिविजन बने, वह उसका हल ढूंढे। उसके बाद मैंने बजट में प्रस्तावना की है कि रेजोल्यूशन ऑफ पब्लिक कॉन्ट्रैक्ट्स, कानून बने जिसमें एक स्टैचुअरी मेकैनिज्म हो, जो पब्लिक कॉन्ट्रैक्ट्स हैं, वे राज्य सरकारों के हैं या केन्द्र के हैं, वे ठप न पड़े रहें। वे रोजगार भी देंगे, अर्थव्यवस्था से राज्य को भी लाभ होगा, इसलिए उसका हल हम लोग ढूंढे़। जहां प्राइस एसक्लेशन होता है, उसका भी एक स्टैचुअरी मेकैनिज्म का मैंने बजट में जिक्र किया है, ताकि हम लोग इन समस्याओं को हल करें और जो इसका हल करने जा रहा है, उसको शक की नजर से देखेंगे कि यह सरकार भ्रष्ट है, बेइमान है, यह राज्य सरकार की है, केन्द्र की है, या कोई अधिकारी है, इसलिए इसका हल ढूंढ रहे हैं। आज कोई कानूनी प्रोटैक्टशन नहीं है, वह उसको मिले। इसलिए अगर इस दिशा में हम लोग जाते हैं तो उसका अर्थव्यस्था को भी अपने-आप में लाभ होगा।

गरीबी की वजह से सामाजिक चिंता इस देश में स्वभाविक है। पहले वर्ष में हमारी प्राथमिकता फाइनैंशियल इंक्लूजन थी कि हर व्यक्ति को बैंक एकाउंट के साथ जोड़ दिया जाये। नए खाते खुलें। उन खातों को ऑपरेशनलाइज़ किया जाए। आज 70-75 प्रतिशत ऑपरेशनलाइज़्ड हैं। उसके बाद हमारी योजना थी कि जो समाज अनइंश्योर्ड है, अनपैंशन्ड है, उस पर हम पिछले साल 12 रुपये और 300 रुपये वाली आकर्षक योजना लाए। अटल पैंशन योजना लाए ताकि 60-65 साल की आयु के बाद लोगों के पास थोड़े

साधन हों। पूरी दुनिया में यह होता है कि जैसे ही अर्थव्यवस्थाएं बढ़ती हैं, बीमा और पैंशन आप जीवनभर कमाएं और रिटायर होने के बाद आपको सरकारी पैंशन की सुविधा मिल जाए। कभी न कभी समाज को उस दिशा में जाना पड़ेगा। हमने उस इरादे से कुछ घोषणा की थी। उसका कुछ लोगों को एतराज था तो हमने छोड़ दिया। लेकिन नैशनल पैंशन स्कीम में हमने जो रियायत दी है, वह इसी दिशा में है। जो लोग उसमें जाएंगे, उन्हें लाभ होगा। ये निजी लोग हैं, उसमें सरकारी लोग तो हैं, पब्लिक सैक्टर इम्प्लाइज हैं, प्राइवेट सिटिजन्स भी हैं। हम में से भी कोई चाहे, जिस आयु में हम कमाते हैं, हर महीने थोड़ा सा उसमें डाल दें, रिटायरमैंट के बाद मंथली पैंशन मिलती रहेगी। हमारे बाद बच्चों को मिलेगी और टैक्स रिबेट भी अपने आप मिलेगी। इस बार हम और आगे बढ़े। मैंने पहली योजना क्रॉप इंश्योरैंस का जिक्र किया। दूसरी सोशल सैक्टर स्कीम बनाई जिसे स्वास्थ्य मंत्रालय बना रहा है कि 33 फीसदी लोग, इस देश की एक-तिहाई गरीब जनता को एक लाख रुपये परिवार हरेक के पास कार्ड होगा। वे किसी भी प्राइवेट या पब्लिक अस्पताल में जाकर अपना इलाज करवा सकते हैं। अगर वहां कोई सीनियर सिटीजन होगा, उसके लिए 30 हजार रुपये और मिलेंगे। 30 हजार रुपये कहां से आए। पिछले साल बजट के साथ जो कानून पास किया था कि जिन सरकारी योजनाओं, स्कीम्स में लोग पैसे जमा करवाते हैं और बीस-बीस, तीस-तीस साल से वापिस लेने नहीं आए, वह व्यर्थ पड़ा है। उसे टेक-ओवर करके उसके प्रिमियम के माध्यम से बीपीएल के सीनियर सिटिजन्स को 30 हजार रुपये एक्सट्रा मिलेंगे।

हमने 'आधार' कानून पारित किया। लगभग सभी दलों ने उसका समर्थन किया। पहले वर्ष में एलपीजी में डायरैक्ट बैनिफिट ट्रांसफर से 25 फीसदी का लाभ हुआ है। सब्सिडी सही व्यक्ति को मिले, गरीब आदमी को मिले और कोई नाजायज व्यक्ति उसका लाभ न उठा पाए, यह उसका उद्देश्य था। इसमें गिव इट अप और जो लाभ हुआ है, क्योंकि सब्सिडी टारगैट करनी है, इसलिए गैस कनैक्शन का लाभ गरीब आदमी को मिले। पांच करोड़ परिवारों को तीन वर्ष में, कुछ को इस साल और कुछ को अगले दो सालों में, पहला गैस कनैक्शन, स्टोव सारा सरकार देगी। उसके बाद उसे अभ्यास डालेंगे। उसके एकाउंट में भी पैसा जाएगा। यह पर्यावरण की दृष्टि से अच्छा है और सामाजिक दृष्टि से भी अपने आप में अच्छी योजना है। मैं चाहूंगा कि हमने आधार का जो कानून बनाया है, उसके तहत केवल केन्द्र सरकार नहीं, राज्य सरकारें भी उसका भरपूर लाभ उठाएंगी जिसमें सब्सिडी का पैसा बचेगा ताकि उसे गरीब वर्ग के लिए और तीव्रता से डाल सकें।

मुद्रा योजना एक बहुत सफल योजना है। 50 हजार, 5 लाख, 10 लाख तक के छोटे ऋण लोगों को मिलते हैं। ये समाज के गरीब लोग हैं लेकिन ईमानदार हैं। इसमें रिकवरी रेट 99 फीसदी से भी ज्यादा

है। वह कोई पैसा नहीं मार रहा है। वह रात को बारह बजे से पहले आकर एटीएम मशीन में पैसे वापिस जमा करवा देते हैं ताकि उस दिन का ब्याज बच जाए।

मैं उनके कुछ कार्यक्रमों में गया जहां उन्हें टैक्स भरने थे। स्लम्स में महिलाओं से पूछा आप किसके लिए प्रयोग करेंगी। उन्होंने कहा कि मैं वहां ब्यूटी पार्लर चलाऊंगी। आप किसलिए करेंगी। मैं बॉटिक चलाऊंगी। उनकी उम्मीद भी बढ़ रही है। इसमें अधिकतर व्यक्ति, 70 फीसदी से ज्यादा लोग जो इसका लाभ उठा रहे हैं, वे महिलाएं हैं जो घर के अंदर एक सैकिंड इनकम बनाने का प्रयास कर रही हैं। इसका अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों, एससी, एसटी को भरपूर लाभ मिलेगा। सरकार या निजी क्षेत्र हरेक को इस देश में रोजगार नहीं दे सकता। इसलिए लोग अपने पांवों पर खड़े हो जाएं, यह उसका प्रयास है। उसी दिशा में हमारा स्टार्ट अप या स्टैंड अप है उनके लिए साधनों की कमी नहीं होगी।

स्टैंड अप में योजना ही महिलाओं और एससी/एसटी के लिए है, हर बैंक का ब्रांच इन वर्गों से दो-दो व्यक्तियों को लेगी, एक-एक करोड़ रुपये तक ऋण देगी। एक एससी व एसटी और महिला वर्ग से इन्टरप्रिन्यूर को खड़ा करेगी। इस देश में डेढ़ लाख से ज्यादा ब्रांचेज हैं, एक साल में हम लोग ढ़ाई-तीन लाख इन्टरप्रिन्यूर को ऋण देकर व्यवसाय के लिए खड़े कर सकेंगे और यह अपने आप आगे बढ़ेगा। हमारा बजटरी अकाऊंटिंग डिफरेंट है। यह पहला बजट है जितना हमने कहा था उससे ज्यादा किया है। हमने लाख-डेढ़ लाख फिसिकल डेफिसिट को मेन्टेन करने के लिए काटा नहीं है। आर्थिक सुधार की प्रक्रिया में देश में जो कृषि पैदावार होती है उसमें कहीं से भी निवेश आए, बाहर से आए लेकिन इस देश की पैदावार प्रोसेस हो, व्यर्थ न जाए उसका किसान को लाभ होगा। ट्रांसपोर्ट सेक्टर को हमने खोला है। 'आधार' अपने आप में एक क्रांतिकारी योजना है। राज्यों को हमने कितना दिया। पिछले वर्ष 6,68,000 करोड़ रुपये राज्यों को दिए। गत वर्ष में 8.11 लाख करोड़ रुपये मिल रहे हैं। अगले साल 9.11 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे, यह तीनों वर्षों का हिस्टोरिक एक के बाद एक राज्यों का शेयर बढ़ता जा रहा है। मैं शिकायत की दृष्टि से नहीं कह रहा हूं। जब जीएसटी लागू होगा सेसेज अपने आप समाप्त हो जाएंगे।

एक चीज स्पष्ट याद रखिए केन्द्र को भी सर्वाइव करना है। I am sure Shri Shashi Tharoor will appreciate that India is the union of States. The Union has to survive. Therefore, it has to financially survive. Having given 42 per cent to the States through various Schemes to the States, obviously the Union needs some money. These are methods of keeping some resource with the Union so that you need for the Union funding itself plus others. You cannot have the Union which is penniless and which is then dependent on the States for its survival. आप टैक्सेशन के

संबंध में कल्पना कीजिए, इसके लिए हम लोगों की क्या नीति रही? डॉयरेक्ट टैक्स, पहले बजट में मैंने दो लाख की छूट को ढ़ाई लाख किया। 80 सी में जो छूट एक लाख रुपये मिलती थी उसे डेढ़ लाख किया। घर के लिए जो उधार लिया उसमें जो छूट मिलती थी उसे 50,000 रुपये बढ़ा दिया। पिछले साल मेडिकल के नाम पर बढ़ाया, ट्रांसपोर्ट के नाम पर बढ़ाया जिससे ये छूट बढ़ती जा रही है। इसका उद्देश्य यह था कि टैक्स पेयर बेस भी छोटा न हो। इसके साथ-साथ लोगों के हाथ में ऐसी आमदनी रहे जिसे वह खर्च कर सके, यह सब छोटे टैक्सपेयर के हित में थे। इस बार किरायेदार को हम लोगों ने 60,000 रुपये की छूट दे दी। हर छोटे टैक्स पेयर को 5000 रुपये की छूट दे दी। इसके अंदर दो करोड़ टैक्स पेयर आते हैं। दो ऐसे प्रावधान जिसकी चर्चा किसी ने नहीं की कि हमने टैक्स व्यवस्था को कितना सरल किया। जितने भी छोटे दुकानदार और व्यावसायिक इस देश में हैं, जिनकी टर्न ओवर दो करोड़ रुपये साल की है, दो करोड़ में अधिकतर दुकानदार, वर्कर्शाप ऑनर, सारे छोटे लोग आते हैं, उसे कोई किताब मेन्टेन नहीं करना है कोई बुक्स ऑफ अकाउन्ट नहीं चाहिए, हमने इसे प्रिजम्टिव इनकम मान लिया है। हम अंदाजे से मान रहे हैं कि जितनी उसकी टर्न ओवर है, उसका आठ परसेंट उसकी आमदनी होगी, उस आठ परसेंट की छूट 80 सी वगैरह वह ले ले और बकाया पर टैक्स दे दे, वह जो टैक्स भरेगा वह स्वीकार हो जाएगा। वह ऑनलाइन टैक्स भरेगा, ऑन लाइन आर्डर मिलेगा और ऑन लाइन रिफंड आएगा। उसे कोई किताब मेन्टेन नहीं करना है। कोई उसे कुछ नहीं कह सकता। इसमें लाखों लाख लोग प्रिज्मटिव इनकम में आने वाले हैं और छोटे आदमी का सिरदर्द एकदम समाप्त हो जाएगा। जितने प्रोफेशनल हैं जैसे चाटर्ड अकाउन्टेंट, एडवोकेट, डॉक्टर के क्लीनिक में जाते हैं और बाहर पैसा देते हैं। उसमें लोगों को लगता है कि कितना टैक्स देते होंगे, कितना नहीं देते होंगे। हमने सारे प्रोफेशनल्ज को एज ए क्लास कह दिया कि आप अपनी जितनी भी इनकम डिसक्लोज करेंगे, उसमें से आपकी इनकम 50 फीसदी मानी जायेगी और 50 फीसदी आपका खर्चा माना जायेगा। आपको कोई किताब लाने की जरूरत नहीं है। आप असेसमैंट भरिए और उसे स्वीकार कर लिया जायेगा। जो नौकरीपेशा हैं, सैलरीड हैं, उन्हें वैसे ही तकलीफ नहीं होती। हमारी अधिक से अधिक असेसमैंट ऑन लाइन होंगी। जो प्रश्न पूछे जायेंगे, वे ऑन लाइन होंगे और डिपार्टमैंट को एक प्रकार से फेस लैस बना दिया गया है। जितने आइटम्स में हमने छूट दी है, उसके पीछे उद्देश्य यह था कि कुछ की ड्यूटी बढ़ायी, ताकि विदेशों से सामान आता है, तो उसकी तुलना में भारत में बढ़ जाये। यह सारा हमने उस दृष्टि से इसे रखा है।

हमने सबसे अधिक लाभ हाउसिंग सैक्टर को दिया। स्वाभाविक है कि इस सैक्टर के अंदर लाभ हो और धीरे-धीरे हमारे टैक्सेज, कारपोरेट टैक्सेज ग्लोबल लैवल पर आ जायें, ताकि निवेश आने पर हमें उसमें

भी आपने आप लाभ हो पाये। अब सदन में और सदन के बाहर टिप्पणी की गयी कि काले धन का क्या हुआ?

अध्यक्षा जी, मैं आपको इसका जिक्र कर दूं कि मैंने इस बजट में तीन सैटलमैंट स्कीम्स बनायी है। वैसे चार स्कीम्स हैं। पहली यह है कि किसी के पास कोई पैसा है, जो असेसमैंट से छूटा हुआ है, तो 30 परसेंट टैक्स और 15 परसेंट पैनल्टी, यानी 45 परसेंट देकर उसे सैटल कर सकता है। दूसरा यह है कि जिसकी अपील डायरेक्ट टैक्स या इनडायरेक्ट टैक्स में पैंडिंग है, वह टैक्स प्लस इंटरस्ट देकर बिना पैनल्टी के टिल दी डेट ऑफ असेसमैंट, कुछ केटेगिरीज तक उसे सैटल कर सकता है। तीसरा, जिन पर रेट्रोस्पेक्टिव टैक्स लागू होता है, क्योंकि उन्हें मालूम नहीं था कि भविष्य की तारीख में टैक्स लगेगा, तो वह केवल मूल अमाउंट देकर सैटल कर लें, तो टैक्सेशन को क्लीन अप किया जाये। अब यह कहा गया कि आपने 30 प्लस 15 परसेंट लगा दिया। I heard a phrase.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): 'Fair and Lovely'.

SHRI ARUN JAITLEY: I have no problem with this phrase. But this phrase is politically incorrect. It shows a racist mindset that what is not fair is not lovely… (*Interruptions*) World over, people frown on the use of such a phrase. In any case, I will pass it off as ignorance. But let me come to economics. I have, now, gone through every scheme, which came out when other Governments were in power.

You came out, let us say, with bearer bonds, which were called the black bonds – if you have cash, just deposit Rs. 10,000 of cash in a bond, you will get Rs. 12,000 back; no tax, no penalty. Very fair. Black money converted into white; no tax, no penalty. That is why I say, that such a phrase is politically incorrect; and it is also borne out of ignorance of your own history.

When the United Front was in power and Mr. Chidambaram was the Finance Minister, the last such scheme came out. It was called the VDIS scheme. That VDIS scheme was that if you have any asset, which you have not declared, you can, now, declare. But you can value it at the value of 1987. आपने वर्ष 1997 में योजना बनायी और कहा कि वर्ष 1987 की वैल्यूएशन दे दो। आप पर कोई इंटरस्ट नहीं लगेगा, कोई पैनल्टी नहीं लगेगी। आप आज की तारीख का टैक्स दे दो। आप लोग उस सरकार का समर्थन कर रहे थे।

खड़गे साहब, आप उसका असर देखिये। वह स्कीम, अगर मैं एक बात कहूं, कई लोगों का कहना है कि अनैतिक थी। इसलिए अनैतिक थी, it was immoral and improper अगर एक व्यक्ति ईमानदार टैक्स पेयर है और उसने दस लाख रुपया टैक्स 1987 में दिया। डिसऑनेस्ट टैक्स पेयर ने 1997 में दस लाख रुपया दिया। ऑनेस्ट आदमी का 1987 का दस लाख रुपया 1997 तक 25 लाख हो चुका था और डिसऑनेस्ट दस लाख रुपए देकर चला गया, कोई पेनल्टी नहीं, कोई ब्याज नहीं। ...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : अभी भी वही होने वाला है।

श्री अरुण जेटली : अभी नहीं हो रहा है। The 1997 scheme was commented upon as being discriminatory against an honest tax payer because there was no penalty and it was valued at a ten year old value and the effect of ten year old value was that most of the declarants were either housewives or minor children. So, what business people did was that in the name of their wives or children, they started saying मैंने 1987 में गोल्ड खरीदा था, कैश तो सिस्टम में नहीं आया या मैंने 1987 में बिजनेस, लैंड या प्रापर्टी में इन्वेस्टमेंट किया था, 1987 की वैल्यु पर मैं आज टैक्स दे रहा हूं, नो पेनल्टी, नो इंटरस्ट। किसी ने सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज कर दिया, सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दे दिया क्योंकि कुछ लोग मांगते थे after me the deluge सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दे दिया कि यह हमारी अंतिम स्कीम है, इसके बाद कभी भारत सरकार नहीं लाएगी। अरे भई, सरकार तो चली गई लेकिन भारत तो जीवित रहने वाला था। What was the need for any Government to bind all the future Governments? Now, the position is that this is not an amnesty or VDIS. If you have got any income today, which you have not declared, at today's market value you must declare and pay fifty per cent over and above the tax. So, 30 plus 15 is equal to 45 per cent. That is why, it is neither VDIS nor any form of amnesty or a concession.

There are several issues which Members have raised. Many Members across have raised the issue of one per cent on jewellery. Sir, let me just make it clear. मैं माननीय सदस्यों को स्पष्ट कर दूं, आपकी जिस दिन कृपा होगी और जीएसटी आएगा, तब हर वस्तु जीएसटी में आएगी तो स्वाभाविक है कि गोल्ड भी आएगा। यह उसकी तैयारी है। पहले भी सरकारें करती रही हैं और अब भी कर रही हैं। अब लगता है कि शायद जल्दी आएगा। उस परिस्थिति में यह किसी छोटे उद्योगी पर नहीं लग रहा है, जिसकी पिछले वर्ष 12 करोड़ रुपए की टर्न ओवर है और आने वाले वर्ष में हर साल छः करोड़ या उससे ज्यादा होगी। यह केवल प्रिंसीपल ट्रेडर पर लगेगा, बनाने वाले पर नहीं लगेगा। यह स्पष्ट इंस्ट्रक्शन हैं।

तीसरी बात, माननीय सदस्य श्री गोपाल शेट्टी और अन्य माननीय सदस्यों ने कहा, इसकी स्पष्ट इंस्ट्रक्शन भी दे दी गई है कि कोई इंस्पेक्टर नहीं जाएगा क्योंकि इसमें सैल्फ सर्टिफिकेशन है। राज्यों में जो जिस वैल्यु पर वैट देते हैं या सीए का जो सर्टिफिकेट होगा, केवल उसी के बेस पर होगा। सैल्फ सर्टिफिकेशन से होगा क्योंकि हर वस्तु जीएसटी के दायरे में आती है इसलिए यह उसकी तैयारी है। किसी

का ह्रासमेंट नहीं होगा, कोई इंस्पेक्शन के लिए नहीं जाएगा, सिर्फ सर्टिफिकेशन होगा, इसकी क्लियर इंस्ट्रक्शन हम लोगों ने दे दी है।

माननीय सदस्यों ने कुछ राज्यों के इश्यु उठाए हैं। स्वाभाविक है कि जम्मू-कश्मीर के संबंध में माननीय प्रधानमंत्री जी ने पैकेज की घोषणा की हुई है। हम चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर और उसके तीनों क्षेत्रों का अत्यधिक जल्दी से जल्दी विकास हो। हमने जितने इंस्टीट्युशन्स, जितने प्रोजेक्ट्स पिछले दो-तीन सालों में अलग-अलग क्षेत्रों में सैंक्शन किए हैं, हम चाहेंगे कि जल्दी से जल्दी लागू हों।उसमें जितनी कमिटमेंट्स दी गई हैं, We stand by them. जो बिहार के संबंध में की गई हैं, उसमें एक-एक को निभाया जाएगा। जो आन्ध्र प्रदेश के साथ माननीय सदस्यों का कहना सही है कि जब बंटवारा हुआ, हैदराबाद चूंकि तेलंगाना में आया, इसलिए एक कानून आन्ध्र प्रदेश रीऑरगेनाइजेशन एक्ट में दिया गया है। पिछले वर्ष लगभग जितनी कमिटमेंट्स थी, उसके अलावा चार साढ़े चार हजार करोड़ हमने एक्सट्रा उसी कमिटमेंट्स को पूरा करने के लिए दिया गया। उन कमिटमेंट्स को पूरा करने के लिए पैसे की आवश्यकता है। कैपिटल के लिए है। रेवेन्यू डैफिसिट जो फाइनेंस कमीशन ने दिया, वह हम पूरा दे रहे हैं। जो पहले वर्ष का जो फाइनेंस कमीशन के पहले का था, उसको लेकर चर्चा राज्यों से चल रही है। कुछ हमने पिछले साल दिया था, कुछ इस साल भी देंगे। इसमें कोई कठिनाई नहीं है। इसके अतिरिक्त जो उनकी सबसे बड़ी चुनौती है, कैपिटल आगे बढ़ रहे हैं। धीरे धीरे हम उनकी योजनाओं में मदद कर रहे हैं और पोलावरम के संबंध में मैंने पहले कहा क्योंकि आपकी अर्थव्यवस्था कृषि उसके ऊपर निर्भर करती है। उसके लिए सरकारी साधनों से भी और नाबार्ड के माध्यम से भी जो फंड हमने बनाया है, इसी प्रकार की सहायता करने की दृष्टि से बनाया है। जितने भी उस कानून में हम लोगों की कमिटमेंट्स हैं, एक एक कमिटमेंट हम लोग पूरा करने वाले हैं।

माननीय अध्यक्ष जी, अभी चर्चा हुई। एससीएसटी सब प्लान- एससी प्लान 12 प्रतिशत इस बार बढ़ाया है और एसटी 14.5 प्रतिशत बढ़ाया है। इसके बाद यह कहा गया कि स्किल्ड डवलपमेंट के लिए कम कर दिया। पिछले साल 1000 करोड़ रुपये था। इस बार 1700 करोड़ रुपये दे दिया। आपने कहा कि जो पहले प्रधान मंत्री आवास योजना जिसको कहते हैं, 54 प्रतिशत घटा दिया। एक गलती हो गई, 54 प्रतिशत बढ़ाया है। यू.पी.ए. के दौरान और पिछले वर्ष 10004 करोड़ रुपये था, इस बार उसको 15000 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

इसलिए एक एक आइटम जो है, ...(व्यवधान) मैं माननीय सदस्यों की जो भावनाएं हैं, मुझे स्पष्ट रूप से समझ में आ गई हैं और सरकार के साधन मुझे जब भी अनुमति देंगे, निश्चित रूप से हम इस पर

विचार करेंगे। यह मैं इसलिए कह रहा हूं कि इस बजट में राज्यों के लिए, किसानों के लिए, गरीबों के लिए, ग्रामीण क्षेत्रों के लिए, आर्थिक सुधार के लिए और जिस परिस्थिति में अर्थव्यवस्था आई है, उसको और तेजी से हम लोग बढ़ा पाएं, यह एक प्रयास किया गया है। मैं सभी माननीय सदस्यों से आग्रह करूंगा कि इन प्रस्तावों को वे स्वीकार करें और विशेष रूप से जितने हमारे सुधार के कदम आते हैं, मैं खड़गे जी से विशेष रूप से अनुरोध करूंगा कि आपने इतने साल देश पर राज्य किया है, कम से कम दुनिया के सामने देश इस परिस्थिति में कमज़ोर न पड़े, उसमें सरकार आपके सहयोग और सहायता की अपेक्षा करती है। मुझे उम्मीद है कि वह सहायता और सहयोग आप देंगे। धन्यवाद।

SHRI ANTO ANTONY (PATHANAMTHITTA): Please do something for the rubber farmers. The farmers are struggling.… (*Interruptions*)

SHRI M.K. RAGHAVAN (KOZHIKODE): You do justice for the rubber farmers.… (*Interruptions*)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: माननीय अध्यक्ष जी, जेटली साहब ने बहुत लम्बी तकरीर दी है, जवाब दिये हैं, डेढ़ घंटे तक उनकी तकरीर हमने बड़ी शांति के साथ सुनी है लेकिन देश को यह बताने में वह भूल गये कि उनको जो फायदा क्रूड ऑयल, पेट्रोल से जो भी पैसे आए थे, 1,50000 करोड़ आए थे। आज के प्रश्न में ही आपके मंत्री ने यह स्वीकार किया है कि जो पैसा हमें एक्साइज ड्यूटी के तहत आया है, वह आधे से ज्यादा हमने इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए खर्च किया है। उपभोक्ताओं के लिए इस पैसे का यूज नहीं किया गया। इसका मतलब यह है कि आपको जो भी फायदा हुआ उसका एक चौथाई भी उपभोक्ता को ट्रांसफर नहीं किया और आप कह रहे हैं कि आपने सारी चीजें की हैं। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप दोबारा भाषण मत दीजिए।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : महोदया, प्रधानमंत्री जी के इकोनोमिक एडवाइजर का कहना है कि वर्ष 2004 से वर्ष 2014 तक जो गरीबी रेखा से नीचे के लोग हैं, उनमें से 30 परसेंट लोगों को यूपीए सरकार के बहुत सारे इन्क्लुसिव ग्रोथ प्रोग्राम्स के तहत ऊपर उठाया गया है। यह सरकार के लोगों का ही कहना है।

HON. SPEAKER: Do you have any clarification to seek?

… (*Interruptions*)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : यह बात प्रधानमंत्री जी के एडवाइजर ने ही कही है। यूपीए सरकार के प्रोग्राम गरीबों को आगे बढ़ाने के लिए शुरू किए गए थे। मोदी साहब ने जो कहा था उसका फिर आपने समर्थन किया है कि मनरेगा स्मारक है। आपने अप्रत्यक्ष रूप से फिर कहा है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : महताब जी, आप बोलिए। सिर्फ एक क्लैरिफिकेशन पूछिए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपने फिर भाषण शुरू कर दिया है।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : जो बातें मंत्री जी ने कही हैं, वे सत्य से दूर हैं और ठीक नहीं है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : क्या आप कोई क्लैरिफिकेशन चाहते हैं?

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : जब दुनिया में फाइनेंशियल क्राइसिस था, वर्ष 2008 में ग्लोबल क्राइसिस था लेकिन फिर भी भारत की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ और मजबूत थी, यह सभी का कहना था लेकिन आप उसे नहीं मान रहे हैं।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing will go in record except what Shri Mahtab speaks.

... (*Interruptions*)...*

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Madam Speaker, I have patiently heard what the hon. Finance Minister has said. Today morning while going through the newspaper, I also read the statement of the Finance Minister relating to NPAs. Along with that statement, the SEBI Chairman has come out with a statement that those defaulting corporate bodies, which have large amount of NPAs will not be allowed to participate in the share market. These two opinions are there before the public. I was anxiously waiting for the Finance Minister to spell out what steps are going to be taken against the derelict corporate bodies or persons who have actually bungled.

I had quoted the statement of the RBI Governor who has come out very openly that those who have bungled should be punished and penalized. But the Finance Minister in his statement has categorically mentioned that there are two types of NPAs. I would like the hon. Finance Minister to come out with a full White Paper against those corporate people, who have actually bungled.

* Not recorded.

My second point is regarding Polavaram Project. He has repeatedly mentioned it. I have said it very clearly that Odisha is not against the Polavaram Project. But there has been a tripartite agreement and the matter is before the Supreme Court. Yet, repeatedly the Government of India is saying that we are going to provide money for it and the Andhra Government is also proceeding with that. I want the Government to get it finalized before the Court and have a settlement and then provide the money. … (*Interruptions*) The matter is before the Supreme Court. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Now, it is not allowed. It is okay.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: He will answer.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Please sit down.

Nothing will go on record. Only Minister's statement will go on record.

… (*Interruptions*)... *

HON. SPEAKER: Mr. Minister, you start. Only your version will go on record.

… (*Interruptions*)... *

श्री अरूण जेटली : माननीय अध्यक्ष जी, माननीय खड़गे साहब ने दो-तीन विषय उठाये हैं। उनका एक विषय यह है कि तेल के दाम कम होने से जो पैसे बचते हैं, उन सारे पैसों का क्या हुआ? खड़गे साहब! आप पूरी अर्थ-व्यवस्था को देखिए। तेल के दाम कम होने से जो लाभ हुआ, वह लाभ का पैसा तीन हिस्सों में बंटता है। आपने दो हिस्सों का जिक्र किया है, लेकिन ये तीन हैं। जो पब्लिक सेक्टर की तेल कम्पनियाँ हैं, वे दुनिया के बाज़ार से कच्चा तेल खरीदती हैं, तो उन फ्युचर परचेज में आरंभ में ऐसी कल्पना नहीं की गयी थी कि यह कितना घटेगा, उनका घाटा हुआ। किस प्रकार का घाटा हुआ? उन्होंने 80 डालर के हिसाब से तेल बुक किया और खरीदा और जब तक बेचना शुरू किया तो वह 60 डालर की कीमत तक आ गयी। एक स्थिति ऐसी थी कि इन कंपनियों का लगभग 30 हजार करोड़ रुपये का घाटा हुआ। उसे इनकम बढ़ाने से या कोई और टैक्स लगाने से पूरा करना है क्या? स्वाभाविक है कि कोई भी कम्पनी जो दाम तय करती है, वह अपना घाटा उसमें से पूरा करेगी। उस घाटे को हटाया गया और वे लिस्टेड कम्पनीज हैं।

* Not recorded.

उनमें सरकार भी शेयर होल्डर है और प्राइवेट शेयर होल्डर्स भी हैं। उसका एक बड़ा हिस्सा, हर 15 दिनों के बाद तेल कम्पनियाँ उसकी समीक्षा करती हैं। हर महीने की अंतिम डेट को और मध्य में हर 15 दिनों के बाद उसकी नयी कीमत की घोषणा करती हैं। बढ़ता है तो बढ़ी हुई कीमत का लाभ मिलता है और घटता है ...(व्यवधान) तो वह उपभोक्ता को जाता है। तो जो 80-82 रुपये तक था, वह 58-57 रुपये आया। कुछ राज्य सरकारों ने भी, जिसमें हर राजनीतिक दल की सरकार है क्योंकि राज्यों को एक नुकसान भी हुआ। मैं राज्यों की तरफ से यह कह रहा हूँ। लेकिन राज्य ऐड वेलोरम पर्सेंटेज़ के हिसाब से वैट लेते थे। जब दाम घटा तो उनका पर्सेंटेज कलेक्शन कम हो गया। कई राज्यों ने, जहाँ आपकी पार्टी की भी सरकारें हैं, उन्होंने अपना वैट बढ़ाया। तो उन्होंने भी इसका लाभ उठाया। कम से कम राज्य सरकारें भी उस पैसे का प्रयोग, किसी व्यक्ति के जेब में नहीं डालतीं, वे भी जनता के हित के लिए इसका प्रयोग करती हैं। जो केन्द्र सरकार के पास उसका एक छोटा-सा हिस्सा सेस या एक्साइज के रूप में आया, उन सारे पैसों को, जो हम लोगों को इंफ्रास्ट्रक्चर में ज्यादा खर्चना था, क्योंकि इंफ्रास्ट्रक्चर में खर्चने से रोजगार भी बढ़ता है, अर्थ-व्यवस्था भी बढ़ती है और जीडीपी भी बढ़ती है। इसलिए जो आदमी स्कूटर, कार या ट्रक चलाने के लिए तेल खरीदता है, वह सड़क का भी प्रयोग करता है। इसलिए उसका यह योगदना सड़क के निर्माण में लगा। आप व्यापक अर्थ-व्यवस्था को देखिए।

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): What is the consumer getting?

SHRI ARUN JAITLEY: Sir, the consumer is also getting a road. … (*Interruptions*) I think, there is something wrong in my effort to explain because the simple explanation is that the consumer is entitled to pay less for petrol; he is also entitled to a good road. Therefore, the consumer gets a good road. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Why are you answering? Nothing is going on record. This is not fair.

… (*Interruptions*)…*

SHRI ARUN JAITLEY: I think, when we are in power, you allow us to run it our way.

* Not recorded.

Secondly, I do not think that the statement, which you are attributing to the Chief Economic Adviser, appears to be accurate, but I do not join issue on this. … (*Interruptions*)

Now again, your argument is that these are your schemes. Very well, you want to take the credit. That day during discussion on Aadhaar Bill, I said 'you want to keep the copyright. Please keep it.' But at least, then stand up and support the Budget because it is your scheme. The very fact that you say that you will still oppose it, it means that you have some doubts or you have changed your views or where you stand on issues, it depends on which side you sit on. … (*Interruptions*)

Shri Mahtab wanted to know about the SEBI Chief's statement. That statement is with regard to wilful defaulters. Now, wilful defaulter is a phrase under the RBI guidelines where a defaulter is declared as a wilful defaulter. Now, if you are a wilful defaulter, then you are barred from the rest of the financial system from either taking loans in any name, your name or any other company. Other companies that you are associated with are debarred. So, he has made a statement that they will debar him from financial dealings so that he cannot get money from the banks. So, he will start raising it from the market by misleading people. This is a facility, which is to be denied to a wilful defaulter.

What steps are the Government taking? Now, the first step is that the balance sheets must be clean. We must know where we stand. We cannot function under concealed balance sheets. This is a process, which is on. You take legal action where recoveries are to be made. Here, I must tell you that it is a big challenge to the legal system. I have got a briefing and if necessary and there is time, I can and the House also shares it that the most visible of defaulters who are managing to even escape out of the country, a question that we have to ask ourselves is this. Did the legal system also act as a hurdle in the recovery? How many cases, the banks, in the last three years have had to fight against such people? This is for every institution now to really look within.

Besides that, these tough measures like declaration of wilful defaulters, you have a very strong SDR mechanism with the banks whereby the banks can take over the share holding of the company, they can compel you to sell the asset, or they can bring a new promoter on it. So, the pressure is on some of these people who have not succeeded to induct in more liquid managements.

These days, you must be reading in the newspaper that some of the companies are being sold to persons who are in a position to induct money so that the banks itself could be returned.

As regards sectoral concerns, that I have just explained that for highway, steel, sugar, and power you have to address the cause of the illness as far as the sectors are concerned.

Lastly, my appeal to this House is that this country desperately needs the Bankruptcy and Insolvency Law. It is intended to deal with these situations. The earlier we are able to deal with it in this House, the better. I hope that the Joint Committee, which is working on it, will soon give its Report and in the second-half of the Budget Session we will pass it as that gives you the power, when the company is sinking, to take over the management or even transfer the management so that the incompetent and the failed can exit, the jobs can be saved and the more competent can come in and run the company. So, you need a mechanism of this kind. These are steps, which we have taken.

With these observations, Madam, I commend the Bill.

SHRI ANTO ANTONY: Mr. Minister, say something about the farmers. … (*Interruptions*) You have not said anything about them. … (*Interruptions*) The poor people are committing suicide. … (*Interruptions*)

DR. P. VENUGOPAL (TIRUVALLUR): Madam, kindly allow me to ask a clarification. … (*Interruptions*)

SHRI ANTO ANTONY: Mr. Minister, do something about the farmers. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I shall now put the Demands for Grants on Account (General) for 2016-2017 to the vote of the House.

The question is:

"That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third column of the Order Paper be granted to the President of India, out of the Consolidated Fund of India, on account, for or towards defraying the charges during the year ending the 31st day of March, 2017, in respect of the heads of Demands entered in the second column thereof against Demand Nos. 1 to 30, 32, 34 to 56, 58 to 64, 66 to 68, 70, 71 and 73 to 98."

DEMANDS FOR GRANTS

The Motion was adopted.

HON. SPEAKER : The damands for Grants on Account (General) for 2016-17 are passed.

I shall now put the Supplementary Demands for Grants – Third Batch (General) for 2015-2016 to the vote of the House.

The question is:

"That the respective supplementary sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third column of the Order Paper be granted to the President of India, out of the Consolidated Fund of India, to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2016, in respect of the heads of Demands entered in the second column thereof against Demand Nos. 1 to 6, 9, 10, 12 to 16, 18 to 20, 23 to 26, 28, 30, 32, 34, 35, 37, 41, 43, 47, 48, 50, 51, 53, 55 to 57, 59 to 64, 66, 68, 69, 72, 73, 75, 80, 82 to 89, 91, 92, 94, 96, 99 to 101, 103 to 105, 107, 108 and 109."

SUPPLEMENTARY DEMANDS FOR GRANTS

The motion was adopted.

HON. SPEAKER: The Supplementary Demands for Grants – Third Batch (General) for 2015-2016 are passed.

20.00 hours

HON. SPEAKER: Item No. 23, Shri Arun Jaitley.

APPROPRIATION (VOTE ON ACCOUNT) BILL, 2016*

THE MINISTER OF FINANCE, MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI ARUN JAITLEY): Madam, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the withdrawal of certain sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of a part of the financial year 2016-17.

HON. SPEAKER: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for the withdrawal of certain sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of a part of the financial year 2016-17."

The motion was adopted.

SHRI ARUN JAITLEY: Madam, I introduce** the Bill.

HON. SPEAKER: Item No. 24, Shri Arun Jaitley.

SHRI ARUN JAITLEY : Madam, I beg to move:

> "That the Bill to provide for the withdrawal of certain sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of a part of the financial year 2016-17, be taken into consideration."

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 14.03.2016.
** Introduced with the recommendation of the President.